हमारा देश-भारत

शिक्षक संस्करण

पाठ्य-पुस्तक समिति के सदस्य

प्रो. विमल घोष (भूतपूर्व विभागाध्यक्ष)

डा. रवीन्द्र दवे (विभागाध्यक्ष)

प्रो. त्रिभुवन शंकर मेहता (अध्यक्ष)

डा. अल्बर्ट जौन पैरेली

श्रीमती आदर्श खन्ना

श्री शान्तिस्वरूप रस्तोगी

श्री चन्द्रप्रकाश राय भटनागर

श्री चन्द्र भूषण

सम्पादन सलाहकार

श्रीमती लौरा टिबेट्स

श्री सरदारीलाल बजाज

श्री श्याम मोहन त्रिवेदी

मानचित्रकार

कार्टोग्राफिक न्यूज़ सर्विस, नई दिल्ली

चित्रकार

श्री बी. एम. आनन्द

कृतज्ञता ज्ञापन

इस पुस्तक में प्रयुक्त फोटोग्राफ प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो, नई दिल्ली के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग इस सहायता के लिए आभार प्रकट करता है।

सामाजिक अध्ययन

हमारा देश-भारत

चौथी कक्षा के लिए

शिक्षक संस्करण

पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्

अध्यापकों से दो शब्द

पाठशाला समाज की एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसे वह एक विशेष ध्येय लेकर स्थापित करता है। वह उसे जागरूक भावी नागरिकों को तैयार करने के एक प्रमुख साधन के रूप में देखता है। अस्तु बालकों को भावी जीवन के लिए तैयार करना पाठशाला का परम कर्तव्य हो जाता है, यद्यपि समाज के अन्य अंग, जैसे परिवार, समुदाय, धार्मिक संस्थाओं आदि पर भी इस कार्य की ज़िम्मेदारी बनी रहती है। यह स्वाभाविक ही है कि समाज अपने अन्य अंगों की तुलना में शिक्षण संस्थाओं से कुछ अधिक आशाएँ रखे।

पाठशाला का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम और शिक्षण क्रियाएँ, वहाँ का वातावरण और जीवन, छात्रों और अध्यापकों के पारस्परिक सम्बन्ध आदि सभी इस उत्तरदायित्व को निभाने में सहयोग देते हैं। स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले सभी विषय बालक के सर्वांगीण विकास में मदद करते हैं, पर नागरिकता के विकास में सामाजिक अध्ययन का विशेष हाथ होता है, क्योंकि इस विषय का तो केन्द्रबिन्दु ही 'मनुष्य और समाज' है।

सामाजिक अध्ययन की पाठ्यवस्तु क्या हो? वह कैसे चुनी जाए? उसे पाठशाला के विभिन्न स्तरों के लिए कैसे व्यवस्थित किया जाए? उसे कक्षा में कैसे पढ़ाया जाए? उसे ठीक से पढ़ाने के लिये अध्यापकों को किस प्रकार प्रशिक्षित किया जाए? आदि प्रश्नों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के पाठ्यक्रम, पद्धति और पाठ्यपुस्तक विभाग (जिसका वर्तमान नाम पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन विभाग है) ने लगभग तीन वर्ष पूर्व एक बहुउद्देशीय सामाजिक अध्ययन प्रोजेक्ट का सूत्रपात किया है, जो इन प्रश्नों पर विधिवत् शोधकार्य और विचार कर रहा है। इसी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सामाजिक अध्ययन का कक्षा १ से ११ तक का एक विस्तृत पाठ्यक्रम बनाया गया है। यह पाठ्यक्रम जिस मौलिक बात पर आधारित है वह है हमारा देश और उसकी एकता। साथ ही इसमें हमारी भावी आशाओं और कर्तव्यों पर भी बल दिया गया है।

इस पाठ्यक्रम के कक्षा १ से ५ तक के भाग पर इस पुस्तकमाला की रचना की गई है। इस माला में कक्षा १ और २ के लिए अध्यापकदर्शिका है, पाठ्यपुस्तक नहीं। कक्षा ३, ४ और ५ के लिए पाठ्यपुस्तकें हैं और साथ में इन पर अध्यापकों के लिए दर्शिकाएँ भी।

पाठशाला के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों की कुछ सीमाएँ होती हैं। सभी बातें उनमें शामिल नहीं की जा सकतीं। इन सीमाओं के अन्दर पुस्तकों को नए ढंग से लिखने का प्रयत्न किया गया है। अच्छे उपकरणों जैसे चित्र, मानचित्र, अभ्यास आदि का प्रचुर मात्रा में प्रयोग किया गया है, जिससे कि अधिक-से-अधिक जानकारी बच्चों को रोचक ढंग से मिल सके तथा उपयुक्त क्रियाओं की सहायता से उनमें उचित भावनाओं और आदतों की बुनियाद डाली जा सके। सही ढंग से स्वस्थ भावनाओं, विचारों और आदतों की नींव प्रारम्भिक कक्षाओं में ही पड़ जानी चाहिए। अतः सभी कक्षाओं की पुस्तकों में पाठ्यक्रम के आधार-भूत सिद्धान्तों पर विभिन्न पहलुओं में बल दिया गया है। प्रत्येक कक्षा की मुख्य विषय-वस्तु मनोविज्ञानिक आधार पर चुनी गई है, उद्देश्य है बच्चों के ज्ञान का क्रमबद्ध विकास। यह क्रम इस प्रकार है:

कक्षा १ में : हमारा घर और पाठशाला; कक्षा २ में : हमारा पास-पड़ोस; कक्षा ३ में : हमारा प्रदेश (दिल्ली क्षेत्र); कक्षा ४ में : हमारा देश—भारत; कक्षा ५ में : भारत और संसार

इस कार्य में कई अनुभवी लोगों ने विभाग को सहायता दी है। हम उन सभी के आभारी हैं।

यह पुस्तकमाला अब आपके हाथों में है। आशा है कि बच्चे इसे रुचि से पढ़ेंगे और सामाजिक अध्ययन के सफल शिक्षण में यह आपकी सहायता कर सकेगी।

नई दिल्ली
जनवरी २६, १९६७

एल. एस. चन्द्रकान्त

पाठ-सूची

पृष्ठ संख्या

भारत में यातायात

हम सब भारतवासी हैं

इतिहास की कहानियाँ

कुछ जानने योग्य बातें

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में दिये गये नामों का अक्षर विन्यास विभिन्न सूत्रों से लिया गया है।

सीख लो

यदि भारत के मानचित्र को दीवार पर लटकाया जाए और तुम इसकी ओर मुँह करके खड़े हो तो तुम्हारे सिर की ओर मानचित्र का उत्तर और पैरों की ओर दक्षिण होगा। इसी प्रकार तुम्हारे दाएं हाथ की तरफ पूर्व और बाएं हाथ की तरफ पश्चिम होगा। जहाँ दो देशों के बीच एक सीमा होती है उसे अन्तर्राष्ट्रीय सीमा कहते हैं। पृष्ठ ८ पर मानचित्र में देखो अन्तर्राष्ट्रीय सीमा इस प्रकार(-·-·-)दिखाई गई है। तुम देखोगे कि पश्चिमी पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, ब्रह्मा और पूर्वी पाकिस्तान हमारे पड़ौसी देश हैं। हमारे देश और इन देशों के बीच की सीमा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। देश की शेष सीमा समुद्र के साथ लगती है इसे तट रेखा कहते हैं। मानचित्र में देखो तट रेखा इस प्रकार(——)दिखाई गई है। भारत देश में कई राज्य हैं। राज्यों की सीमा को मानचित्र में इस प्रकार(-----)दिखाया गया है।

भारत एक बहुत विशाल देश है। इसकी लम्बाई-चौड़ाई कागज़ पर नहीं दिखाई जा सकती। इसलिए मानचित्र में पैमाने की सहायता से इसे छोटा करके दिखाया जाता है। यह पैमाना लगभग सभी मानचित्रों में लिखा रहता है। इस पैमाने की सहायता से तुम किन्हीं दो स्थानों की सीधी दूरी मालूम कर सकते हो। आओ, पृष्ठ

चित्र–१

८ पर मानचित्र के पैमाने की सहायता से दिल्ली और मद्रास के बीच की सीधी दूरी मालूम करें।

कागज़ की एक पट्टी लो। इस कागज़ की पट्टी का एक सिरा दिल्ली के स्थान (बिन्दु) पर रखो। पट्टी को खींच कर मद्रास (बिन्दु) से मिलाओ। कागज़ की पट्टी पर मद्रास के सामने एक निशान लगाओ। चित्र—१ : अब इस पट्टी को मानचित्र में दिए गए पैमाने पर इस प्रकार रखो कि पट्टी का एक सिरा जो दिल्ली के साथ मिला था पैमाने के शून्य वाले सिरे से मिल जाये। पट्टी को सीधा खींच कर पैमाने की रेखा के साथ रखो और पैमाने पर दूरी पढ़ो। यदि पट्टी पर मद्रास के लिए लगाया निशान

चित्र—२

पैमाने पर नहीं आया है तो कागज़ की पट्टी पर उस जगह निशान लगाओ जहाँ पैमाने का अन्तिम सिरा है। चित्र—२ : अब पहिले की भाँति इस निशान से मद्रास बिन्दु तक की दूरी पैमाने पर नापो। इस प्रकार सब नापी गई दूरी जोड़ने से दिल्ली और मद्रास के बीच की सीधी दूरी मालूम हो जाएगी। इस तरह तुम मानचित्र पर किन्हीं दो स्थानों के बीच की सीधी दूरी मालूम कर सकते हो। इस पैमाने की सहायता से भारत की लम्बाई और चौड़ाई भी मालूम कर सकते हो।

पानी के बहुत बड़े भाण्डार को समुद्र कहते हैं। बहुत बड़े समुद्र को महासागर कहा जाता है। यह बहुत गहरे होते हैं। इनका पानी खारा होता है। मानचित्र में समुद्र नीले रंग से दिखाये जाते हैं। अब पृष्ठ ४० पर भारत के मानचित्र में देखो, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में समुद्र हैं। मानचित्र में देखकर समुद्रों के नाम मालूम करो।

जहाँ भूमि और समुद्र मिलते हैं उसे 'समुद्र तट' कहते हैं। तट कहीं-कहीं कटा-फटा और टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। ऐसे ही कटे-फटे तट के कुछ स्थानों के पास जहाँ समुद्र गहरा होता है जहाज़ आकर रुकते हैं और वहाँ से ही विदेशों को जाते हैं। ऐसे स्थान को 'बन्दरगाह' कहते हैं। पृष्ठ ८ पर मानचित्र में बन्दरगाहों के नाम मालूम करो।

चित्र–५: कहीं-कहीं समुद्र अपने तट को काट कर भूमि के अन्दर घुस गया है और तीन ओर धरती से घिरा है। समुद्र के ऐसे भाग को 'खाड़ी' कहते हैं। तुम यह भी देखोगे कि कहीं भूमि का कोई भाग एक ओर को छोड़कर शेष सब तरफ समुद्र से घिरा रहता है। भूमि के ऐसे भाग को प्रायद्वीप कहते हैं। इसी प्रकार कहीं-कहीं भूमि का एक पतला नुकीला भाग भी तीन ओर समुद्र से घिरा होता है। इसे 'अन्तरीप' कहते हैं। भूमि के कुछ ऐसे छोटे-बड़े टुकड़े हैं जिनके चारों ओर समुद्र है। ऐसे भूखण्डों को 'द्वीप' कहते हैं। पृष्ठ ४० पर भारत के मानचित्र में देखकर खाड़ी, प्रायद्वीप, अन्तरीप, तथा द्वीपों के नाम मालूम करो।

आगे दिए गए चित्र–६ को देखो। भूमि के भाग अधिकतर समुद्र के धरातल से ऊँचे हैं। भूमि के भिन्न-भिन्न भागों की ऊँचाई समुद्रतल को आधार मानकर नापी जाती है। इसे ही समुद्रतल से ऊँचाई कहते हैं। भारत की राजधानी दिल्ली की ऊँचाई समुद्रतल से लगभग २३९ मीटर है।

भूमि का वह भाग जो बहुत समतल है और उतार चढ़ाव बिल्कुल नहीं है मैदान कहलाता है। कहीं-कहीं भूमि का कुछ भाग आस-पास की भूमि से ऊँचा लेकिन लगभग समतल दिखाई देता है, पठार कहलाता है। पहाड़ी भाग आस-पास की भूमि से बहुत ऊँचे उठे हुए हैं। इनकी ऊँचाई सब जगह एक सी नहीं है। समुद्रतल से बहुत ऊँचे उठे भागों को ही पर्वत या पहाड़ कहते हैं। जिन पहाड़ों की ऊँचाई बहुत अधिक नहीं है वे पहाड़ियाँ कहलाती हैं। पर्वत के सबसे ऊँचे भाग को "शिखर" या पर्वत की चोटी कहते हैं।

चित्र–५: बहुत से पर्वतों की पंक्ति को "पर्वतमाला" अथवा पर्वतश्रेणी कहते हैं। एक पर्वतमाला में भिन्न-भिन्न ऊँचाई वाले पर्वत अथवा पहाड़ होते हैं। एक पहाड़ की ढलान और दूसरे पहाड़ की ढलान के बीच में गहराई वाले भाग को 'घाटी' कहते हैं। घाटी में अक्सर नदी बहती है। चित्र–४: कहीं-कहीं पहाड़ों की ऊँचाई कम होती है ऐसे ही स्थानों से पहाड़ों को पार करना आसान होता है। यह रास्ते अधिकतर तंग हुआ करते हैं। ऐसे रास्तों को दर्रा कहते हैं।

तुम जानते हो मैदानों की अपेक्षा पहाड़ी भागों में ठंड अधिक होती है। जैसे जैसे तुम मैदानों से ऊँचाई की ओर चलते जाओगे ठंड अधिक होती जाएगी। बहुत अधिक

चित्र– ३

चित्र– ४

ऊँचाई पर बर्फ मिलती है। इसीलिए अधिक ऊँचे पर्वत सदैव बर्फ से ढके रहते हैं। संसार प्रसिद्ध हिमालय की चोटियाँ सदैव बर्फ से ढकी रहती हैं।

ऊँचे पर्वतों पर बर्फ की वर्षा होती है। इन पर्वतों की ऊँची घाटियों में बर्फ के ढेर जमा हो जाते हैं। अधिक भार के कारण बर्फ के ये ढेर नीचे की ओर बहुत धीरे-धीरे खिसकने लगते हैं। इसे ही "हिम-नदी" कहते हैं। हिम-नदी इतनी धीरे खिसकती है कि देखने में स्थिर मालूम पड़ती है (चित्र–३)

जब हिम नदियाँ निचले भागों में पहुँचती हैं तो बर्फ पिघलकर पानी बन जाती है। इससे नदियाँ बनती हैं। हिमालय पर्वतमाला में कई हिम-नदियाँ हैं इनसे हमारे देश की अनेकों नदियाँ निकली हैं। चित्र–५ : जो नदी किसी दूसरी बड़ी नदी में मिल जाती है उसे सहायक नदी कहते हैं। जिस स्थान पर नदियाँ आपस में मिलती हैं उसे संगम कहते हैं। कहीं-कहीं भूमि के निचले भाग में पानी जमा हो जाने से झील बन जाती है। चित्र में देखो झील के चारों ओर भूमि है।

नदियाँ पहाड़ों में होती हुई मैदान की ओर बहती हैं। मार्ग में पहाड़ों की कोमल चट्टानों को घिस कर अपने साथ बहा लाती हैं। कहीं इनके मार्ग में कठोर चट्टानें आ जाती हैं। नदियों का पानी इनके ऊपर से गिरकर झरने बनाता है। ऐसे अनेकों झरने हिमालय पर्वतमाला में देखने को मिलते हैं।

भारत-भूमि

हमारा देश भारत एक विशाल देश है। लम्बाई-चौड़ाई में यह संसार का सातवाँ बड़ा देश है। हमारा देश कितना बड़ा है इसे मालूम करने के लिए पृष्ठ ८ पर मानचित्र में दिए गए पैमाने की सहायता से भारत की उत्तरी सीमा से दक्षिणी सीमा तक की दूरी नापो। इसी प्रकार पश्चिमी सीमा से पूर्वी सीमा तक की दूरी मालूम करो।

साथ में दिए गए मानचित्र में भारत का आकार देखो। तुम देखोगे कि यह बीच में अधिक चौड़ा है। दक्षिण में इसकी चौड़ाई कम होती जाती है और धुर दक्षिणी सिरा तो बिल्कुल नुकीला है।

इस मानचित्र में तुम यह भी देखोगे कि पश्चिमी पाकिस्तान, चीन, नेपाल, ब्रह्मा और पूर्वी पाकिस्तान, हमारे पड़ौसी देश हैं। ये हमारी पश्चिमी, उत्तरी और पूर्वी सीमाएँ बनाते हैं। दक्षिण में हमारा देश समुद्र से घिरा हुआ है। दक्षिण-पश्चिम में अरब सागर, दक्षिण में हिन्द महासागर और दक्षिणपूर्व में बंगाल की खाड़ी है।

इस विशाल देश में हमें विभिन्न प्रकार के सुन्दर दृश्य देखने को मिलते हैं। देश के उत्तर में हिमालय पर्वतमाला है और इस पर्वतमाला के दक्षिण में एक लम्बा-चौड़ा समतल उपजाऊ मैदान है। इस मैदान के दक्षिण-पश्चिम में सूखा मरुस्थली मैदान है और दक्षिण में बड़ा पठार क्षेत्र है। इस पठार में न तो हिमालय जैसे ऊँचे पर्वत हैं और न उत्तरी मैदान की तरह समतल भूमि। यहाँ की भूमि ऊँची-नीची है। पठार के पश्चिम और पूर्व में समुद्र के साथ-साथ सकरे समुद्रतटीय मैदान हैं।

तुम अगले पाठों में पढ़ोगे कि देश के इन विभिन्न भागों की भूमि कैसी है; वहाँ गर्मी, सर्दी और वर्षा कैसी होती है; वहाँ पर कौनसी चीज़ें पैदा होती हैं; और वहाँ के लोगों का जीवन कैसा है।

१. हिमालय-पर्वतमाला

पृष्ठ १३ के सामने दिए भारत के मानचित्र को देखो। देश की उत्तरी सीमा पर हिमालय पर्वतमाला है। लोग इसको देश का मुकुट कहते हैं और इसका नाम बहुत आदर से लेते हैं। कहते हैं कि पुराने समय में हमारे ऋषि-मुनि यहाँ तपस्या करने जाते थे। आज भी इन पर्वतमालाओं में हमारे कितने ही तीर्थस्थान हैं।

प्रकृति ने इसे सुन्दरता दी है। कहीं बर्फ है तो कहीं बड़े-बड़े पेड़ हैं। कहीं जल-प्रपात हैं तो कहीं झीलें। इस सुन्दरता को देखने सैकड़ों लोग दुनिया के विभिन्न भागों से आते हैं। आओ, हम इसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए हिमालय से ही उसकी कहानी सुनें।

बच्चो, मेरा जन्म कब और कैसे हुआ, यह एक लम्बी कहानी है। तुम इसको अगली कक्षाओं में पढ़ोगे। मैं भारत की उत्तरी सीमा पर पश्चिम में कश्मीर और पूर्व में असम राज्यों के बीच फैला हूँ। मेरी लम्बाई लगभग २५०० किलोमीटर है। मुझमें कई पर्वतश्रेणियाँ हैं। ये एक-दूसरे के पीछे पश्चिम से पूर्व को फैली हैं। मेरी चौड़ाई सब जगह एक-समान नहीं है। चौड़ाई कहीं १५० किलोमीटर है तो कहीं ४०० किलोमीटर। पूर्व में मेरी चौड़ाई पश्चिम की अपेक्षा कम है। मेरी ऊँचाई

भी सब जगह एक-जैसी नहीं।

मेरी सबसे दक्षिण की ओर फैली पर्वतश्रेणी को **शिवालिक** की पहाड़ियाँ कहते हैं। ये मिट्टी, बालू और कंकड़ों से बनी हैं और अधिक ऊँची नहीं हैं। इनकी ढलानों पर घने जंगल मिलते हैं जिनकी लकड़ी तुम्हारे बहुत काम आती है।

शिवालिक की पहाड़ियों के दक्षिण में पानी अधिक बरसता है। इसलिए कहीं-कहीं पर दलदल मिलती है। इस क्षेत्र को तराई कहते हैं। यहाँ वर्षा अधिक होती है और ऊँची घास और घने पेड़ों के जंगल पाए जाते हैं।

तराई का अधिक भाग उत्तर प्रदेश में है। अब यहाँ कहीं-कहीं पर जंगल काट कर बड़े-बड़े खेत बनाए जा रहे हैं। गन्ना इन खेतों की मुख्य उपज है।

तराई के क्षेत्र में कई प्रकार के जंगली जानवर जैसे जंगली हाथी, शेर, चीते, गैंडे, हिरन आदि पशु मिलते हैं। इन जंगली पशुओं को कार्बेट पार्क के सुरक्षित वन में देखा जा सकता है। कार्बेट पार्क उत्तर प्रदेश में नैनीताल के दक्षिण में है।

शिवालिक की पहाड़ियों के उत्तर में मेरी श्रेणियों को **लघु हिमालय** कहते हैं। इन पर चीड़ और देवदार के पेड़ बहुत पाए जाते हैं। मेरी शिवालिक की पहाड़ियों और लघु हिमालय की श्रेणियों के बीच में कई छोटी-बड़ी घाटियाँ हैं। देहरादून का नाम तुमने सुना होगा। यह नगर ऐसी ही एक घाटी में है। लघु हिमालय के निचले भागों में शिमला, अल्मोड़ा, मसूरी, नैनीताल और दार्जिलिंग जैसे सुन्दर पहाड़ी स्थान हैं। इन्हीं स्थानों पर बहुतसे लोग गर्मी के दिनों में सैर करने आते हैं।

इन पहाड़ों की ढलानों और घाटियों में कुछ मेहनती लोग धान की खेती करते हैं और फलों के बाग लगाते हैं। यहाँ के खेत सीढ़ीदार होते हैं। मकानों की छतें ढालदार होती हैं। क्या तुम बता सकते हो कि यहाँ पर ऐसी छतें

माउँट एवरेस्ट

क्यों बनाई जाती हैं? ढालों पर खेती करना कठिन है, इसलिए यहाँ लोग भेड़ बकरियाँ पालते हैं। पशुओं की रक्षा के लिए कुत्ते भी पाले जाते हैं।

लघु हिमालय के उत्तर में महाहिमालय पर्वतश्रेणी है। इसकी ऊँचाई के कारण मैं संसार भर में प्रसिद्ध हूँ। मेरा पश्चिमी और पूर्वी हिस्सा तो तुम्हारे देश में है परन्तु बीच का एक बड़ा भाग नेपाल देश में है। मेरी दो सबसे ऊँची चोटियाँ—माउँट एवरेस्ट और कनचिनजुंगा—इसी भाग में हैं। माउँट एवरेस्ट संसार की सबसे ऊँची चोटी है। भारत में स्थित मेरी चोटियों में नन्दादेवी, नंगापर्वत, चोमोल्हारी आदि प्रसिद्ध हैं। मेरा यह भाग सदा बर्फ से ढका रहता है। बर्फ धीरे-धीरे नीचे को खिसक-खिसक कर घाटियों में आगे बढ़ती है। इन्हें हिम-नदियाँ कहते हैं। मेरी ऊँची-ऊँची चोटियों पर चढ़ कर विजय प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से लोग आते रहे हैं। भारतवासी तेनसिंह शेरपा और न्यूज़ीलैंड के हिलेरी १९५३ में पहली बार माउँट एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचे थे।

कहीं-कहीं पर मेरे इन ऊँचे पहाड़ों में घाटियाँ और उनके निचले भागों में तंग सकरे रास्ते हैं। इन तंग सकरे रास्तों को दर्रा कहते हैं। इन्हीं रास्तों से लोग दूसरी पर्वतमालाओं में पहुँचते हैं। ऐसे ही एक दर्रे से होकर तुम कश्मीर की घाटी में पहुँच सकते हो। इसे बनिहाल का दर्रा कहते हैं। इन तंग पहाड़ी रास्तों की चढ़ाई बहुत कठिन होती है। कभी-कभी ऐसे बहुत तंग रास्तों पर से गुज़रना पड़ता है जिनके एक ओर ऊँचे पहाड़ और दूसरी ओर हज़ारों मीटर गहरे गड्ढे होते हैं। इसलिए इन पर बहुत ही सम्भल कर चलना पड़ता है। फिर भी घाटियों में रहनेवाले लोग इन मार्गों से ही अनाज, ऊन, नमक आदि चीज़ें दूर-दूर से अपनी और जानवरों की पीठ पर लाद कर आते-जाते हैं।

मानचित्र में ध्यान से देखो। पश्चिम में हिन्दूकुश

और सुलेमान पर्वत की मेरी दो शाखाएँ अफगानिस्तान और पाकिस्तान में फैली हैं। पूर्व में मेरी शाखाएँ पटकोई, नागा और लुशाई पहाड़ियाँ हैं। इनके पास ही गारो, खासी की पहाड़ियाँ भी हैं। मेरे उत्तर-पश्चिम में लद्दाख का पठारी प्रदेश भारत का ही भाग है। पास ही कराकोरम की ऊँची पर्वतमालाएँ हैं जो वहाँ पर भारत की उत्तरी सीमा बनाती हैं।

मैं सदियों से कई प्रकार से भारत की सेवा कर रहा हूँ। मैं दक्षिण में समुद्र से उठनेवाले भापभरे बादलों को रोकता हूँ जिससे उत्तर भारत में वर्षा होती है। इसके साथ ही उत्तर से आनेवाली ठंडी हवाओं को भारत में आने से रोकता हूँ।

मैं भारत की उत्तरी सीमा पर अडिग खड़ा हूँ। पुराने समय में मुझे पार करना बहुत ही कठिन था। आज भी मुझको ज़मीन के रास्ते से पार करना आसान नहीं है। हाँ, अब हवाई जहाज़ ने इसको ज़रूर आसान कर दिया है।

गंगा, यमुना, सतलुज, ब्रह्मपुत्र आदि नदियों का उद्गम-स्थान मेरी ही गोद में है। इन नदियों में पूरे वर्ष पानी रहता है। मेरे क्षेत्र में ये कहीं ऊँचाई से गिर कर जलप्रपात बनाती हैं और कहीं नीची तंग घाटियों में तेज़ी से बहती हैं। मेरे पत्थर तेज़ बहाव से घिसते हैं और टूट कर पानी के साथ बह जाते हैं। ये पत्थर आपस में टकराकर चूर-चूर हो जाते हैं और मिट्टी बन जाते हैं। यही मिट्टी नदियों में बाढ़ आने से मैदानी भाग पर फैल जाती है। ऐसी ही मिट्टी से उत्तर का उपजाऊ मैदान बना है।

अब बताओ

१. मानचित्र में देखकर बताओ कि हिमालय की शाखाएँ भारत के अतिरिक्त किन-किन देशों में फैली हुई हैं?
२. हिमालय पर्वत से हमें क्या लाभ हैं?
३. हिमालय से निकलनेवाली नदियों में पूरे वर्ष पानी क्यों रहता है?
४. गर्मी के दिनों में लोग पहाड़ी स्थानों पर क्यों जाते हैं?
५. यदि भारतवर्ष के उत्तर में हिमालय पर्वत न होता तो भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता?

कुछ करने को

१. अपनी पुस्तक में पृष्ठ १६९ पर देखकर माउँट एवरेस्ट, धौलगिरि, कनचिनजुंगा, नन्दादेवी और के-द्वितीय की ऊँचाई लिखो।
२. मानचित्र को देखकर हिमालय से निकलनेवाली मुख्य नदियों के नाम लिखो।

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में दिये गये नामों का अक्षर विन्यास विभिन्न सूत्रों से लिया गया है। © भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1961.

२. उत्तर का उपजाऊ मैदान

हमारे देश के उत्तर में हिमालय पर्वतमाला है। इस पर्वतमाला और पठारी प्रदेश के बीच में एक बहुत लम्बा-चौड़ा समतल उपजाऊ मैदान है। पृष्ठ १३ के सामने दिए भारत के मानचित्र में देखो यह मैदान किस रंग से दिखाया गया है। इसके पूर्व में पटकोई, नागा तथा लुशाई की पहाड़ियाँ हैं और पश्चिम में मरुस्थली भाग है।

इस मैदान में बहुत-सी नदियाँ बहती हैं। ऊपर दिए मानचित्र में देखकर इन नदियों के नाम लिखो। ये नदियाँ लाखों सालों से अपने साथ मिट्टी बहाकर लाती रही हैं और आज भी ला रही हैं। कभी-कभी वर्षा के दिनों में इन नदियों का पानी दोनों ओर दूर-दूर तक फैल जाता है। इसे बाढ़ कहते हैं। इस प्रकार बाढ़ के समय नदियों द्वारा लाई हुई मिट्टी सारी भूमि पर फैल जाती हैं। ऐसी ही मिट्टी के जमाव से यह मैदान बना है और इसी कारण यह बहुत उपजाऊ है।

पुराने समय में देश के इस भाग में ही अशोक, चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य, अकबर जैसे महान सम्राट हुए। रामायण और महाभारत की कहानियों का भी यही क्षेत्र है।

यहीं पर सबसे पहले महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेशों का प्रचार किया। इन्हीं कारणों से इस मैदान में हमारे बहुत से प्राचीन नगर और तीर्थस्थान हैं।

लगभग यह सारा मैदान समतल है। केवल दिल्ली के समीप कुछ पहाड़ियाँ हैं। हिमालय पर्वतमाला से निकलनेवाली नदियाँ अधिकतर पूर्व की ओर बहती हैं। मैदान इतना समतल है कि देखने से पता ही नहीं चलता कि ढलान किधर है। तुम जानते हो कि पानी सदैव ढलान की ओर बहता है। इसलिए नदियों के बहाव से ही मैदान के ढाल का पता चलता है। क्या तुम बता सकते हो कि इस मैदान का ढाल किस ओर है?

मानचित्र में ध्यान से देखो, मैदान के पश्चिमी भाग में सतलुज और व्यास नदियाँ दक्षिण-पश्चिम की ओर बहती हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियाँ दक्षिण-पूर्व की ओर बहती हैं। पूर्वी भाग में ब्रह्मपुत्र नदी दक्षिण-पश्चिम की ओर बहती है। नदियों के आधार पर यह मैदान तीन भागों में बट गया है।

पहला भाग सतलुज नदी का क्षेत्र है। यह क्षेत्र मैदान का पश्चिमी भाग है और सतलुज-व्यास नदियों की मिट्टी के जमाव से बना है। इस भाग में पंजाब और हरियाणा राज्य हैं। यहाँ की भूमि खेती के लिए बहुत अच्छी है। वर्षा अधिक नहीं होती है। इसलिए इस भाग के रहनेवाले सिंचाई करके मुख्य रूप में गेहूँ की खेती करते हैं।

दूसरा भाग गंगा और उसकी सहायक नदियों का क्षेत्र है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल राज्य इस क्षेत्र में हैं। वर्षा एक-जैसी नहीं है। कहीं अधिक वर्षा होती है और कहीं कम। इस भाग में गेहूँ, चावल, गन्ना और पटसन की खेती की जाती है।

तीसरा भाग ब्रह्मपुत्र का क्षेत्र है। यह छोटा-सा मैदान असम राज्य में है। इस मैदान के तीन ओर पर्वत हैं। उत्तर में हिमालय पर्वतमाला है दक्षिण में गारो, खासी,

हरिद्वार में हर की पौड़ी का एक दृश्य

जयन्तिया की पहाड़ियाँ और दक्षिण-पूर्व में पटकोई तथा नागा पहाड़ियाँ हैं। इस भाग में वर्षा बहुत होती है। यहाँ के रहनेवाले चाय और चावल की खेती मुख्य रूप में करते हैं।

गंगा इस मैदान की सबसे प्रमुख नदी है और इस मैदान का अधिक भाग बनाती है। आओ, इस मैदान को जानने के लिए गंगा से ही उसकी कहानी सुनें। गंगा अपनी कहानी सुनाती है, सुनो!

बच्चो, मैं नहीं जानती कि मेरा जन्म कब हुआ, परन्तु मुझे इतना मालूम है कि मेरी यात्रा हिमालय पर्वत में गंगोत्री हिमनदी से आरम्भ होती है। इस स्थान को गोमुख कहते हैं। यहाँ मेरा आकार नाले के समान छोटा है। यहाँ की पहाड़ी यात्रा में मुझे बड़ा आनन्द आता है। मैं बड़े-बड़े पहाड़ों के बीच कूदती-फाँदती आगे बढ़ती हूँ। पहाड़ों से टकराती हूँ और जलप्रपात बनाती हूँ। जिन पहाड़ों से मैं टकराती हूँ वे धीरे-धीरे घिसने लगते हैं कुछ टूट भी जाते हैं। टूटे हुए पत्थर मेरे वेग के साथ बहने लगते हैं। ये ही पत्थर धीरे-धीरे बालू तथा रेत बन जाते हैं।

मार्ग में स्थान-स्थान पर बहुत से पहाड़ी नदी-नाले मुझ में आ मिलते हैं। इनमें सबसे प्रमुख अलकनन्दा है। हरिद्वार पहुँचते-पहुँचते मेरा आकार काफी चौड़ा हो जाता है। यहाँ मैं पहली बार मैदान देखती हूँ। मैदान की समतल भूमि के कारण मेरी चाल धीमी होने लगती है।

हरिद्वार में मुझ में से एक बड़ी नहर निकाली गई है। मेरी इस नहर से उत्तर प्रदेश के कई भागों में सिंचाई की जाती है।

मैं धीमी चाल से आगे बढ़ती हुई कानपुर पहुँचती हूँ। यह एक बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक नगर है। कानपुर से आगे मैं इलाहाबाद पहुँचती हूँ। इसका पुराना नाम प्रयाग है। यह एक पवित्र तीर्थस्थान है। यहीं पर मेरी बड़ी सहायक नदी यमुना मुझ से मिलती है। यमुना मुझे मिलने से पहले दक्षिण के पठार से आनेवाली नदियों का पानी अपने साथ ले आती है। यमुना नदी के किनारे पर भारत की राजधानी दिल्ली स्थित है। इसी नदी के किनारे मथुरा नामका तीर्थस्थान और संसार-प्रसिद्ध ताजमहल का नगर आगरा बसा है।

मैं यमुना का पानी अपने साथ लेकर इलाहाबाद से आगे और भी धीमी चाल से वाराणसी पहुँचती हूँ। यह एक प्रसिद्ध तीर्थस्थान और व्यापारिक नगर है। मेरे और मेरी सहायक नदियों के दोनों ओर गेहूँ, चावल आदि के दूर-दूर तक हरे-भरे खेत दिखाई देते हैं। इन खेतों के समीप गाँव हैं। इन गाँवों में अधिकतर छप्पर की छतोंवाले कच्चे मकान हैं। यहाँ भी वर्षा अधिक नहीं होती है। इसलिए पानी की कमी सिंचाई द्वारा पूरी की जाती है।

वाराणसी से आगे उत्तर की ओर से गोमती और घाघरा नदियाँ मुझ में मिलती हैं। पृष्ठ १८ पर मानचित्र में देखो, गोमती नदी के किनारे लखनऊ है। यह नगर उत्तर प्रदेश की राजधानी है। घाघरा नदी के किनारे पर राम की जन्म-भूमि अयोध्या है। घाघरा को सरयू भी कहते हैं।

इन नदियों का पानी लेकर मैं बिहार राज्य में प्रवेश करती हूँ। बिहार राज्य में पटना के समीप उत्तर से गंडक और दक्षिण से सोन नदियाँ मुझ में मिलती हैं। पटना बहुत ही पुराना नगर है। पहले इसे पाटलिपुत्र कहते थे। आज भी यह बिहार राज्य की राजधानी है। पूर्व की ओर आगे चलकर कोसी नदी भी मुझ में मिल जाती है।

मेरे इस भाग में पानी गहरा है। यहाँ वर्षा अधिक होती है। खेती के लिए सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती। इस क्षेत्र की जलवायु और भूमि चावल की खेती के लिए अच्छी है। अधिक वर्षा के कारण मुझ में बाढ़ आती है और मेरा पानी अक्सर दोनों ओर दूर तक फैल जाता है। बाढ़ से गाँवों और खेतों को बचाने के

कलकत्ता बन्दरगाह

लिए लोगों ने मुझ पर बाँध बनाए हैं। परन्तु फिर भी कभी-कभी बाढ़ आने पर मैं उन्हें तोड़कर गाँव और खेतों में घुस जाती हूँ।

बिहार राज्य की पूर्वी सीमा पर राजमहल की पहाड़ियाँ हैं। इन पहाड़ियों के समीप होती हुई मैं बंगाल राज्य में प्रवेश करती हूँ। यहाँ आते-आते मेरी चाल काफी धीमी हो जाती है और समुद्र के समीप आकर तो मेरी चाल रुक-सी जाती है। मैं अपने रेत-मिट्टी के भार को सम्भाल नहीं पाती, इसलिए रेत-मिट्टी जम कर मेरे ही पानी में टापू बन जाते हैं। इन टापुओं का रूप तिकोना होता है। इन टापुओं के कारण मेरा पानी कई धाराओं में बट जाता है। इस प्रकार कई धाराओं में बट कर मैं बंगाल की खाड़ी में मिलने के लिए आगे बढ़ती हूँ। इस क्षेत्र को डेल्टा-क्षेत्र कहते हैं। डेल्टा-क्षेत्र में चावल और पटसन की खेती मुख्य रूप में होती है।

डेल्टा-क्षेत्र में मेरी एक प्रसिद्ध शाखा हुगली पर समुद्र के पास कलकत्ता नगर बसा है। यह नगर एक व्यापारिक केन्द्र और प्रसिद्ध बन्दरगाह है। देश-विदेश से समुद्री जहाज़ यहाँ आकर रुकते हैं। यहाँ से ये जहाज़ पटसन, चाय आदि वस्तुएँ विदेशों को ले जाते हैं। डेल्टा-क्षेत्र के निचले भागों में कहीं-कहीं दलदल भी है।

इस दलदली भाग में घने वन हैं जिन्हें सुन्दरबन कहते हैं। इससे बढ़कर मैं बंगाल की खाड़ी में मिल जाती हूँ और मेरी कहानी समाप्त हो जाती है।

अब तुम जान गए कि यह सारा उत्तरी मैदान बहुत उपजाऊ है। यह जाड़े के कुछ महीनों को छोड़कर लगभग वर्षभर गरम रहता है। वर्षा सब जगह समान नहीं होती। पूर्वी भाग की अपेक्षा पश्चिमी भाग में वर्षा कम होती है। कम वर्षा-वाले क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा है। इसलिए यहाँ थोड़ी-सी मेहनत से अनेक प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। यह क्षेत्र सदा से ही अनाज का प्रमुख केन्द्र रहा है।

मैदान की लगभग सभी नदियाँ माल ढोने के लिए उपयोगी हैं। प्राचीन काल में इन नदियों से लोग आते-जाते थे और माल भी ढोया जाता था। आज सड़कें और रेलें तो बन गई हैं, फिर भी नदियों को थोड़ा-बहुत माल ढोने के काम में लाया ही जाता है। आने-जाने की सुविधाएँ इस भाग में देश के दूसरे भागों से अधिक हैं। भोजन, जलवायु और आने-जाने की सुविधाओं के कारण इस भाग में आबादी घनी है।

अब बताओ

१. उत्तर के उपजाऊ मैदान के मुख्य तीन भाग कौन-कौनसे हैं?
२. यह मैदान उपजाऊ क्यों है? यहाँ कौनसी मुख्य फसलें होती हैं?
३. इस मैदान के रहनेवालों का मुख्य धन्धा क्या है? क्यों?
४. देश के अन्य भागों से उत्तर के उपजाऊ मैदान में अधिक लोग क्यों रहते हैं?
५. डेल्टा-क्षेत्र किसे कहते हैं? यह कैसे बनता है?
६. गंगा और उसकी सहायक नदियों से इस मैदानी क्षेत्र को क्या लाभ हैं?

कुछ करने को

१. भारत के मानचित्र में देखकर उत्तर के उपजाऊ मैदान की नदियों की सूची बनाओ
    (क) जो नदियाँ हिमालय पर्वत से निकली हैं।
    (ख) जो नदियाँ दक्षिण के पठार से निकली हैं।
२. अपने अध्यापक से भगीरथ और गंगा की पौराणिक कहानी सुनो।

३. भारत का मरुस्थल

उत्तर के उपजाऊ मैदान के दक्षिण-पश्चिम में अरावली की पहाड़ियाँ हैं। इन पहाड़ियों से आरम्भ होकर पश्चिमी पाकिस्तान तक एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें दूर-दूर तक रेत ही रेत है। इसमें कहीं-कहीं रेत के ऊँचे टीले भी हैं। दक्षिणी-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं छोटी-छोटी पहाड़ियाँ भी मिलती हैं। इस क्षेत्र में दूर-दूर तक पानी नहीं मिलता। वर्षा यहाँ बहुत कम होती है। गंगा-जैसी यहाँ एक भी नदी नहीं है। गंगा के मैदान की तुलना में यहाँ बहुत कम आबादी है। इस क्षेत्र को ही भारत का मरुस्थल कहते हैं। यह क्षेत्र राजस्थान राज्य का पश्चिमी भाग है। पृष्ठ १३ के सामने भारत के मानचित्र में देखो कि यह किस रंग से दिखाया गया है।

इस मरुस्थल के पश्चिम में पाकिस्तान है। दक्षिण-पूर्व में पश्चिमी तटीय मैदान और दक्षिण का पठार हैं। उत्तर में उपजाऊ मैदान है।

इस मरुस्थली भाग में गर्मी के मौसम में बहुत कड़ी धूप और तेज़ गर्मी होती है। दिन में सुबह नौ बजे के बाद तो घर से निकलना कठिन हो जाता है। कड़ी धूप से रेत बहुत गरम हो जाता है और दिन में बहुत गर्मी पड़ती है, परन्तु रातें ठण्डी होती हैं। जानते हो दिन में गर्मी और रात को ठण्ड क्यों होती है? रेत जल्दी गरम होता है और जल्दी ठण्डा भी हो जाता है। अक्सर तेज़ आँधियाँ चलती हैं। आँधियों के साथ रेत उड़ता है और उस समय कुछ भी दिखाई नहीं देता। सर्दी के मौसम में दिन सुहावने होते हैं परन्तु रात बहुत ठण्डी होती है।

इस रेतीले और सूखे मरुस्थली भाग में दूर-दूर तक कोई पेड़ नहीं दिखाई देता। कहीं-कहीं काँटेदार झाड़ियाँ अवश्य मिलती हैं। पानी की कमी के कारण यह सारा क्षेत्र खेती के लिए बेकार है।

इस भाग में खाने के लिए अनाज पैदा नहीं होता। पीने के लिए पानी दूर-दूर से लाना पड़ता है। कुएँ बनाना आसान नहीं है क्योंकि पानी बहुत गहराई पर मिलता है। इन्हीं कारणों से इस भाग में नगर और गाँव कम हैं और वे दूर-दूर बसे हैं।

मरुस्थल में रेत की अधिकता के कारण सड़कें बनाना कठिन है। इसी प्रकार इस भाग में रेलवे लाइन डालना भी मँहगा पड़ता है। यदि परिश्रम करके सड़कें बना ली जाएँ अथवा रेलवे लाइन बिछा ली जाएँ तो वे रेत से ढक जाती हैं। इसलिए इस भाग में रहनेवाले अपनी यात्रा और अपनी आवश्यकता की चीज़ों को ढोने के लिए अधिकतर ऊँट का प्रयोग करते हैं। ऊँट ही एक ऐसा पशु है जो कई-कई दिन बिना पानी के रह सकता है। उसके पैर गद्दीदार होते हैं जिससे इसे रेतीले भाग में चलने में कोई कठिनाई नहीं होती। इसकी पीठ पर लाद कर चीज़े बाज़ार ले जाते हैं और वहाँ से लाते हैं। इसलिए इसे 'रेगिस्तान का जहाज़' कहते हैं।

मरुस्थल में कभी-कभी लोग इकट्ठे होकर ऊँटों पर यात्रा करते हैं। इस सामूहिक यात्रा को 'काफिला' कहते हैं।

मरुस्थल में पानी कहीं-कहीं ही मिलता है। जहाँ पानी होता है उसके आसपास कुछ हरियाली और खजूर के पेड़ मिलते हैं। मरुस्थल में ऐसे स्थानों को 'मरूद्यान' कहते हैं। इन मरूद्यानों में लोग मकान बनाकर रहते हैं और ज्वार-बाजरे की खेती भी कर लेते हैं।

इस मरुस्थल में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो मकान बनाकर एक ही स्थान पर नहीं रहते, सदैव घूमते-फिरते रहते हैं। ये लोग अधिकतर भेड़-बकरियाँ आदि पशु पालते हैं। जहाँ कहीं पशुओं के लिए घास मिल जाती है ये लोग वहीं रुक जाते हैं। फिर नए स्थान की खोज में चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को 'खानाबदोश' कहते हैं। गर्मी के दिनों में इनके यहाँ घास-पात मिलना कठिन हो जाता है। इसलिए ये लोग घूमते हुए पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में भी चले जाते हैं। बरसात के आरम्भ होते ही अपने राज्य को लौट पड़ते हैं। 'गाड़िया लुहार' यहाँ के घूमते-फिरते दस्तकार हैं। इन्हें तुमने दिल्ली में भी देखा होगा। ये लोग अधिकतर लोहे की चीजें बनाकर बेचते और अपना पेट भरते हैं। आगे दिए गए चित्र में इनका चलता-फिरता घर और पहनावा देखो।

सतलुज नहर

मरुस्थल की भूमि खेती के लिए अच्छी है परन्तु पानी की कमी के कारण यहाँ खेती नहीं हो पाती थी। सतलुज की नहर द्वारा इस भाग में पानी पहुँचाया गया है जिससे खेती होने लगी है। गंगानगर का इलाका तो गेहूँ पैदा करने का एक बड़ा केन्द्र बन गया है। सूरतगढ़ फार्म भी यहीं पर है।

मरुस्थल के कठोर जीवन ने यहाँ के रहनेवालों को साहसी और परिश्रमी बना दिया है। पुराने समय में इन लोगों ने अपने परिश्रम से जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर जैसी रियासतों की नींव डाली थी। अब ये सभी राजस्थान राज्य का अंग हैं।

अब बताओ

१. मरुस्थल और उत्तर का उपजाऊ मैदान किन-किन बातों में भिन्न हैं?
२. मरुस्थल की भूमि उपजाऊ है फिर भी यहाँ खेती क्यों नहीं हो पाती?
३. मरुस्थल में जन-संख्या क्यों कम है?
४. मरूद्यान किसे कहते हैं? मरुस्थल में अधिकतर लोग यहाँ क्यों रहते हैं?
५. मरुस्थल में दिन में गरमी और रात को ठण्ड क्यों होती है।

कुछ करने को

१. भारत के मानचित्र में दिखाओ:
   (क) भारत का मरुस्थल
   (ख) जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, गंगानगर और बाड़मेर
   (ग) सतलुज की नहर

४. पठारी प्रदेश

उत्तरी मैदान के दक्षिण में भारत का एक बहुत बड़ा भाग है जो न तो इस मैदान की भाँति समतल है और न वहाँ हिमालय-जैसे ऊँचे पर्वत हैं। इस भाग की भूमि अधिकतर पथरीली और ऊँची-नीची है। कहीं-कहीं पहाड़ियाँ हैं परन्तु उनकी ऊँचाई अधिक नहीं है। इस क्षेत्र को दक्षिण भारत का पठार कहते हैं।

ऊपर मानचित्र में इसका तिकोना फैलाव देखो। इस तिकोन का एक सिरा राजस्थान में अरावली की पहाड़ियाँ हैं, दूसरा सिरा है बिहार में राजमहल की पहाड़ियाँ और

तीसरा सिरा कुमारी अन्तरीप के पास केरल राज्य में नीलगिरि की पहाड़ियाँ हैं। इसके उत्तर में गंगा का मैदान, पश्चिम में पश्चिमी तटीय मैदान और पूर्व में पूर्वी तटीय मैदान हैं।

यह पठार कड़ी चट्टानों का बना है। करोड़ों वर्षों से इसकी चट्टानें वर्षा, जाड़ा, गर्मी और हवा के प्रभाव से घिसती रही हैं। नदियों ने स्थान-स्थान पर घाटियाँ बना ली हैं। बीच-बीच में तथा किनारों पर जो भाग उठे रह गए हैं, वे पहाड़ियों की श्रेणियाँ बन गए हैं।

यह पठार पूरे देश का एक बहुत बड़ा भाग घेरे हुए है। इतना बड़ा होने के कारण इस पठार में कई प्रकार की विभिन्नताएँ पाई जाती हैं। हम इस पठार का अध्ययन चार भागों में बाँट कर करेंगे।

१. पठार का उत्तर-पश्चिमी भाग
२. पठार का उत्तर-पूर्वी भाग
३. पठार का मध्य भाग
४. पठार का धुर-दक्षिणी भाग

उत्तर-पश्चिमी भाग

यह भाग अरावली पहाड़ियों से लेकर चम्बल और बेतवा नदी की घाटी तक फैला है। कुछ ऊँचे भागों को छोड़कर इस प्रदेश में गर्मी लगभग दिल्ली जैसी ही पड़ती है। सर्दी भी काफी होती है। वर्षा साधारण होती है, पश्चिम की ओर कम होती जाती है। जंगल घने नहीं हैं।

यहाँ पेड़-पौधों की कमी है और भूमि ऊँची-नीची है। इसलिए नदियों में पानी का बहाव बहुत तेज़ होता है। कहीं-कहीं तो पानी बरसने के दो-चार घंटों में ही सारा

पानी सिमट कर नदी में जा पहुँचता है। पठारी नदियों के तेज़ बहाव के कारण भूमि में जगह-जगह खड्ड बन गए हैं। यह खड्ड कहीं-कहीं तो इतने गहरे और दूर-दूर तक फैले हैं कि इनमें छिप जानेवाले डाकुओं को पकड़ना कठिन हो जाता है।

यहाँ के प्रमुख नगरों में इन्दौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, झाँसी और जबलपुर हैं। दिल्ली से मद्रास और बम्बई जानेवाले रेल-मार्ग इसी क्षेत्र में होकर जाते हैं।

हमारे देश के इतिहास में इस प्रदेश का बहुत बड़ा नाम है। मेवाड़ के राणा प्रताप, उज्जैन के विक्रमादित्य, ग्वालियर के महादजी सिंधिया, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, बुन्देलखंड के छत्रसाल को कौन नहीं जानता? पृष्ठ २८ पर मानचित्र में देखो मालवा का पठार भी इसी प्रदेश का एक भाग है। यह बहुत ही उपजाऊ है। यहाँ की मिट्टी काली है। कपास, गेहूँ और तिलहन यहाँ की मुख्य उपज हैं।

उत्तर-पूर्वी भाग

मानचित्र में महानदी को देखो। इसकी ऊपरी घाटी पहाड़ियों से घिरी हुई है। यह नीचासा मैदान है। क्या तुम जानते हो यह मैदान कैसे बना? नदी ने करोड़ों वर्षों में घिस-घिस कर इसे नीचा बनाया है। यह गंगा के मैदान की भांति बाढ़ की मिट्टी जमा होकर नहीं बना है। इसे छत्तीसगढ़ का मैदान कहते हैं।

महानदी की घाटी में चावल खूब पैदा होता है। वर्षा तो इस पूरे क्षेत्र में काफी होती है। परन्तु बरसात के बाद पानी की कमी हो जाती है। बाढ़ का भारी भय रहता है। इसीलिए इस नदी पर बाँध बनाकर सिंचाई करने और बाढ़ रोकने की कोशिश की गई है। साथ ही साथ बिजली भी पैदा की जा रही है। इस बाँध का नाम हीराकुड है।

हीराकुड बाँध

छत्तीसगढ़ के मैदान के उत्तर का भाग छोटानागपुर का पठार कहलाता है। यह तो हमारे देश में खनिज पदार्थों का सबसे बड़ा भाण्डार है। अब यहाँ से हमें सबसे अधिक कोयला, लोहा, ताँबा और अभ्रक खनिज पदार्थों के रुप में और तरह-तरह की लकड़ी, लाख और गोंद वन की पैदावार के रुप में मिलता है। हमारे देश का अधिकांश लोहा और इस्पात इसी क्षेत्र में तैयार होता है। मानचित्र में जमशेदपुर और दुर्गापुर को देखो।

छत्तीसगढ़ के मैदान के दक्षिण में बस्तर की पहाड़ियाँ हैं। यहाँ पर घने वन हैं। इनमें सागौन, साल आदि के वृक्ष और बाँस मिलते हैं। बाँस कागज़ बनाने के काम आता है। इस इलाके के भिलाई में इस्पात का कारखाना बनाया गया है।

पठार का मध्य भाग

नर्मदा और कृष्णा नदी के बीच के पठारी भाग को मानचित्र में देखो। यह पठार का मध्य भाग है।

नर्मदा, ताप्ती, गोदावरी और कृष्णा इस भाग की बड़ी नदियाँ हैं। मानचित्र में देखो यह किस ओर बहती हैं। इस भाग की मिट्टी काली है। करोड़ों वर्ष हुए इस क्षेत्र की भूमि में लम्बी-लम्बी गहरी दरारें पड़ गईं। इन दरारों में से भभकता हुआ पतला लावा निकला जो इस क्षेत्र में फैल गया। धीरे-धीरे यह लावा ठंडा हुआ। वर्षा, पानी, धूप आदि ने इसे घिसकर और तोड़कर इसकी ऊपरी परतों को मिट्टी में मिला दिया। यही है वह काली मिट्टी जो खेती के रूप में सोना उगलती है।

इस क्षेत्र में भारत की सबसे अधिक कपास होती है। काली मिट्टी कपास की खेती के लिए बहुत उपयोगी है। यह उपजाऊ तो होती ही है, साथ ही देर से सूखती है और इसमें उगनेवाले पौधों को नमी मिलती रहती है। पूना और नागपुर को मानचित्र में देखो। पूना के पास खडकवासला में सैनिक शिक्षा का राष्ट्रीय विद्यालय है।

पश्चिमीघाट पर बहुत अधिक वर्षा होती है। वर्षा पूर्व की ओर कम होती जाती है। यहाँ पर गर्मी तो पड़ती है पर दिल्ली जैसी लू नहीं चलती है। सर्दी तो इतनी भी नहीं पड़ती कि स्वेटर भी पहनने की ज़रूरत पड़े।

पठार का धुर-दक्षिणी भाग

आओ अब कुछ और दक्षिण की ओर चलें।

पश्चिमी और पूर्वीघाट के बीच पठार काफी सकरा है। दक्षिण में नीलगिरि की पहाड़ियों पर तो पूर्वी और पश्चिमीघाट दोनों मिल जाते हैं। नीलगिरि इस पूरे पठार का सबसे ऊँचा भाग है। पश्चिमीघाट में नीलगिरि के दक्षिण में एक चौड़ा दर्रा है। इसे पालघाट कहते हैं। पूर्व और पश्चिम की ओर आने-जानेवाले अधिकतर मार्ग यहीं होकर गुजरते हैं।

नदियों ने इस पठार में गहरी घाटियाँ बना ली हैं। कड़ी चट्टानों के कारण स्थान-स्थान पर जलप्रपात बन गए हैं। इनमें जोगप्रपात सबसे प्रसिद्ध है। मानचित्र में कावेरी नदी को देखो। इस नदी पर बाँध बनाकर सिंचाई के लिए पानी लिया जाता है और बिजली पैदा की जाती है।

यहाँ पर जाड़े और गर्मी की ऋतु में बहुत अन्तर नहीं है। सालभर एक समान सूती कपड़े पहिने जाते हैं। ऊनी कपड़े को तो यहाँ के पहाड़ी स्थानों पर ही कभी-कभी पहिनने की ज़रूरत पड़ती है। शिमला, मसूरी की भाँति यहाँ के पहाड़ों पर भी ओत्तकमंदु (उटकमंड), कोडेक्कानल (कोडईकैनल) आदि सैर के स्थान हैं। पश्चिमी-घाट के पहाड़ों पर बहुत अधिक वर्षा होती है। इसलिए यहाँ अत्यन्त घने वन पाए जाते हैं। कहीं-कहीं तो ये वन इतने घने हैं कि नीचे दिन में भी अंधेरा-सा रहता है। यहाँ बाघ, चीता, हाथी आदि जंगली पशु मिलते हैं। इन वनों से हमें सागौन, चन्दन, साल की लकड़ियाँ भी मिलती हैं। पूर्व की ओर वर्षा कम होती जाती है और वन भी कम होते जाते हैं।

यहाँ पानी की कमी है। अधिकतर भूमि कड़ी चट्टानी है। इसलिए खेती के योग्य भूमि कम है और यहाँ पर कम लोग रहते हैं। फिर भी तालाबों से सिंचाई करके

जोग प्रपात

यहाँ कपास, मूंगफली, गन्ना और ज्वार की खेती की जाती है। पहाड़ों की ढालों पर चाय, कहवा और रबड़ पैदा करते हैं।

इस क्षेत्र के प्रसिद्ध नगर बंगलौर, मैसूर और कोयंबतूर हैं। यहाँ सूती, रेशमी और ऊनी कपड़ों के कारखाने हैं।

अब बताओ

१. भारत के पठार का आकार कैसा है? इस आकार को बनानेवाले सिरों के नाम बताओ।

२. नीचे पठार की कुछ नदियों के नाम दिए गए हैं और उनके बहने की दिशा बताई गई है। प्रत्येक नदी के बराबर खाली जगह में उसके बहने की सही दिशा लिखो :

सही दिशा	नदी	दिशा
________	चम्बल	पूर्व
________	सोन	पश्चिम
________	महानदी	पूर्व
________	नर्मदा	पूर्व
________	गोदावरी	उत्तर
________	ताप्ती	उत्तर
________	कावेरी	पश्चिम

३. पठारी नदियों में बाढ़ अधिक क्यों आती है?

४. छत्तीसगढ़ का मैदान गंगा के मैदान से किस तरह भिन्न है?

५. पठारी क्षेत्र गंगा के मैदान की तरह घना क्यों नहीं बसा हुआ है?

६. पठार के उत्तर-पूर्वी भाग का महत्व क्यों बढ़ रहा है?

कुछ करने को

१. भारत के पठार का रेत से एक माडल बना कर उसमें प्रमुख पहाड़ियाँ तथा नदियाँ दिखाओ।

२. अपने अध्यापक की सहायता से छत्तीसगढ़ प्रदेश में रहनेवाले कुछ आदिवासियों के जीवन के सम्बन्ध में मालूम करो।

५. समुद्रतटीय मैदान

दक्षिण के पठार की पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं पर पहाड़ियों की श्रेणियाँ हैं। इन्हें पश्चिम में पश्चिमी घाट और पूर्व में पूर्वी घाट कहते हैं।

यदि हम पश्चिमी घाट से पश्चिम में अरब सागर के तट तक चलते जाएँ तो गंगा के मैदान जैसा हरियाली वाला मैदान मिलता है। परन्तु यह गंगा के मैदान की भाँति लम्बा-चौड़ा और समतल नहीं है। इसी प्रकार पूर्वी घाट और बंगाल की खाड़ी के बीच सकरा मैदान है। ये समुद्रतटीय मैदान कहलाते हैं। पूर्वी तटीय मैदान की तुलना में पश्चिमी तटीय मैदान में अधिक हरियाली दिखाई देती है।

समुद्रतट पर बन्दरगाह का एक दृश्य

समुद्र हमारे दिल्ली क्षेत्र से बहुत दूर है। हम इसे नहीं देख सकते, परन्तु तट पर रहनेवाले लोग इसे प्रतिदिन देखते हैं। वास्तव में उनका जीवन ही समुद्र पर निर्भर है। चलो, इन सबकी जानकारी करने के लिए दोनों तटों के किनारे-किनारे समुद्र-यात्रा करें। हमारी यात्रा पश्चिम में अरब सागर के तट पर स्थित ओखा नगर से शुरू होगी। अपनी पुस्तक के पृष्ठ ११५ पर मानचित्र में देखो दिल्ली से ओखा किस दिशा में है। हम दिल्ली से रेल में बैठकर जयपुर, अजमेर और अहमदाबाद होते हुए ओखा पहुंचेंगे। रेलों के मानचित्र में इस मार्ग को देखो।

ओखा स्टेशन से हम समुद्रतट पर चलेंगे और तुम पहली बार समुद्र के दर्शन करोगे। उसे देख कर तुम्हें लगेगा कि नदी अथवा झील से समुद्र का अनुमान लगाना कितना कठिन है। समुद्रतट पर खड़े होकर जहाँ तक तुम्हारी नज़र जाएगी पानी ही पानी दिखाई देगा। बड़ी-बड़ी लहरें तट की ओर आती हुई दिखाई देंगी और इसके साथ पानी का एक अजीब शोर सुनाई देगा। सारा दृश्य तुम्हें कुछ समय के लिए अचम्भे में डाल देगा।

समुद्रतट पर तुम्हें एक स्थान पर कई जहाज समुद्र में खड़े मिलेंगे। इनमें से कुछ तो बाहर से आए हैं और कुछ दूसरे स्थानों को जानेवाले हैं। कुछ जहाज बड़े हैं, कुछ

छोटे। इस स्थान को बन्दरगाह कहते हैं। हमारी यात्रा यहीं से आरम्भ होगी।

पाल का जहाज

हमारा जहाज़ बहुत बड़ा नहीं है। यह बहुत लम्बी समुद्र-यात्रा नहीं करता। यह तो केवल पश्चिमी और पूर्वी तट के बन्दरगाहों तक आताजाता है।

देखो, हमारा जहाज़ बन्दरगाह छोड़ चुका है और गहरे समुद्र की ओर बढ़ रहा है। लहरें अब काफ़ी ऊँची हो गई हैं परन्तु जहाज़ उन्हें चीरता हुआ आगे बढ़ता जा रहा है। भाप से चलनेवाले इंजन की आवाज़ तेज़ हो गई है। पुराने समय में जब पाल के जहाज़ चलते थे तो इन लहरों पर काबू पाना कठिन था। जहाज़ की चाल अब तेज़ हो गई है और अब हमारा जहाज़ 'काठियावाड़ प्राय:द्वीप' का चक्कर लगाकर खम्बात की ओर बढ़ रहा है। प्राय:द्वीप ऐसे भूखण्ड को कहते हैं जिसके तीन ओर समुद्र होता है। पृष्ठ ३४ पर मानचित्र में काठियावाड़ प्राय:द्वीप को देखो।

अब हमारा जहाज़ खम्बात की खाड़ी में आ गया। इसके किनारे मैदानी भाग में अधिकतर कपास की खेती होती है। इसी भाग में समुद्र से दूर अहमदाबाद नगर है। इस नगर में सूती कपड़ा बनाने के कई कारखाने हैं।

खम्बात से हमारा जहाज़ पश्चिमी तट के साथ-साथ दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। अब हम बम्बई के बन्दरगाह पर पहुँच गए हैं। यह पश्चिमी तट पर भारत का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध बन्दरगाह है। यहाँ पर बड़े-बड़े जहाज़ विदेशों से आकर माल उतारते हैं और हमारे देश से कई प्रकार की चीजें विदेशों को ले जाते हैं। इसी कारण बम्बई एक बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक नगर बन गया है।

अब हमारा जहाज़ बम्बई से गोआ की ओर बढ़ रहा है। यह तट कोनकन कहलाता है। मार्ग में तुम ऐसे भूखण्ड देखोगे जिनके चारों ओर समुद्र है। ये द्वीप या टापू कहलाते हैं। इन भूखण्डों में तुम खम्बे देखोगे। ये खम्बे प्रकाश-स्तम्भ हैं। इन खम्बों पर रात को प्रकाश रहता है। इनके

प्रकाश में जहाज़ चट्टानों को देख सकते हैं और उनसे टकराने से बच जाते हैं। ये ही प्रकाश-स्तम्भ रात के समय नाविकों का मार्ग दर्शन करते हैं।

देखो, हमारा जहाज़ गोआ से और दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। यह तट मालाबार कहलाता है। अब तुम तट के साथ-साथ रेत के टीले देखोगे। ये टीले समुद्र की लहरों के साथ आई मिट्टी के जमाव से बने हैं। समुद्र के समीप मैदानों में ऊँचे-ऊँचे नारियल के पेड़ दिखाई देते हैं। ये पेड़ इस भाग में रहनेवालों के लिए बहुत काम के हैं। इसके पत्तों से यहाँ के लोग मकानों की छत बनाते हैं, पंखे बनाते हैं। इसके रेशे से रस्सी और चटाई बनाते हैं। नारियल खाने के काम आता है। तुम जो नारियल दिल्ली में खाते हो वह भी शायद यहाँ से ही जाता है।

इस क्षेत्र में तुम एक और विशेष बात देखोगे। रेत के टीलों और तटीय मैदान के बीच में झील-सी दिखाई पड़ती हैं। वास्तव में ये झील नहीं हैं। समुद्र का पानी है जो निचले भागों में रुक गया है। इन्हें यहाँ के लोग **अनूप** कहते हैं। अनूप एक-दूसरे से नहरों द्वारा मिले हुए है। एक अनूप से दूसरे अनूप को नाव द्वारा जाते हैं। अनूपों के समीप की भूमि पर नारियल और केला बहुत पैदा होता है। इस क्षेत्र में चावल की भी खूब खेती होती है।

इस भाग में पहाड़ों की तलहटी में जंगल बहुत मिलते हैं। इनमें कई प्रकार की लकड़ी मिलती है जो हमारे बहुत काम आती है। यहाँ रबर के पेड़ भी लगाए गए हैं। रबर से मोटर और साइकिल के टायर, ट्यूब, गेंद, जूते आदि बनाए जाते हैं। आसपास की भूमि में लौंग, काली मिर्च, काजू भी पैदा किए जाते हैं।

मालाबार तट पर हरियाली बहुत है। तुम सोचते होगे कि इस भाग में हरियाली इतनी अधिक क्यों है? समुद्र से उठकर भाप-भरे बादल यहाँ वर्षा करते हैं। मुश्किल से साल में एक या दो महीने ही ऐसे होते हैं जब यहाँ वर्षा नहीं

होती। देखो, अब हम कोचीन के बन्दरगाह पर आ गए। आजकल हमारी सरकार इस बन्दरगाह का विकास कर रही है। इसे अधिक गहरा और बड़ा बनाया जा रहा है जिससे यहाँ बड़े-बड़े जहाज़ आ-जा सकें।

अब हमारा जहाज़ कन्याकुमारी की ओर बढ़ रहा है। लो, हम कन्याकुमारी आ पहुँचे। यहाँ पर भूमि का नुकीला भाग दूर तक समुद्र में चला गया है। मानचित्र में देखो यह भाग तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है। ऐसे ही भूभाग को अन्तरीप कहते हैं। आँधी हो या तूफान, यहाँ के लोग हमेशा मछली पकड़ने का काम करते रहते हैं।

अब हम कन्याकुमारी से पूर्वी तट के साथ-साथ उत्तर की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज़ अब मनार की खाड़ी में पहुँच गया है। इस खाड़ी में लोग गोता लगा कर मोती निकालने का काम करते हैं। यही खाड़ी हमारे देश को श्रीलंका द्वीप से अलग करती है। यहाँ और भी कई छोटे-छोटे द्वीप हैं। इन्हीं में से एक पर रामेश्वरम का प्रसिद्ध मन्दिर है। खाड़ी से निकलते ही वह स्थान आ जाता है जहाँ कावेरी नदी पूर्वी तट पर डेल्टा बना कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इस डेल्टे के उत्तर में मद्रास का बन्दरगाह है।

समुद्र में दीवारें दिखाई देने लगी हैं। ऐसा मालूम पड़ता है कि हम मद्रास आ गए। मद्रास का बन्दरगाह बम्बई और कोचीन जैसा नहीं है। कटा-फटा न होने के कारण तट पर कोई ऐसा स्थान नहीं है जहाँ जहाज़ लहरों से बच सकें। जहाज़ों को समुद्र की लहरों से बचाने के लिए यहाँ दीवारें बनाई गई हैं। दीवारें बन जाने से बन्दरगाह का उपयोग बढ़ गया है। मद्रास एक बड़ा नगर है। कन्याकुमारी से मद्रास तक का तट 'कोरोमण्डल' कहलाता है। इस भाग में वर्षा सर्दी के दिनों में होती है।

३४ पृष्ठ के मानचित्र में देखो। मद्रास के उत्तर में कृष्णा और गोदावरी नदियाँ समुद्र में आ मिलती हैं। यहाँ तटीय मैदान चौड़ा है। यह तट 'उत्तरी सरकार' कहलाता है। इन नदियों के कारण मैदान उपजाऊ बन गया है। यहाँ मुख्य रूप में धान की खेती होती है। कहीं-कहीं तिलहन और गन्ना भी पैदा किया जाता है। इस भाग में सिंचाई के लिए नहरें और तालाब बनाए गए हैं।

गोदावरी नदी के उत्तर में तटीय मैदान सकरे हैं। मानचित्र को ध्यान से देखो और सकरे होने का कारण बताओ। अब हम विशाखापट्टम बन्दरगाह पर आ गये। यहाँ पर समुद्र बहुत गहरा है। विशाखापट्टम में जहाज़ बनते हैं।

यहाँ से हम महानदी के डेल्टे की ओर चल रहे हैं। यहाँ तटीय मैदान फिर चौड़े हो गए हैं। इस भाग में वर्षा गर्मी के दिनों में होती है। यहाँ की भूमि धान की खेती के लिए अच्छी है। महानदी के डेल्टे से उत्तर की ओर चलने पर गंगा का डेल्टा आ जाता है और यहीं हमारी समुद्र-तटीय यात्रा समाप्त हो जाती है।

अब बताओ

१. समुद्रतटीय मैदान में रहनेवालों का मुख्य भोजन क्या है। क्यों?
२. इन मैदानों में रहनेवालों के मुख्य-मुख्य धन्धे बताओ।
३. कोरोमण्डल और मालाबार समुद्रतटीय मैदानों में कौन-कौनसी भिन्नताएँ हैं?
४. समुद्रतटीय मैदान और गंगा के मैदान के विषय में कुछ बातें नीचे दी गई हैं। जो बातें दोनों के लिए सही हैं उनके आगे कोष्ठक में (द) लिखो। जो बात गंगा के मैदान के लिए सही है उनके सामने (ग) लिखो। जो बात तटीय मैदानों के लिए सही है उनके आगे (त) लिखो :

( ) बहुत लम्बा-चौड़ा है।
( ) बहुत समतल है।
( ) भूमि उपजाऊ है।
( ) गेहूँ और चावल मुख्य भोजन हैं।
( ) भूमि ढालू है।
( ) मछली और चावल मुख्य भोजन हैं।
( ) सिंचाई की आवश्यकता होती है।

५. नीचे खाड़ी, अन्तरीप, प्रायःद्वीप और बन्दरगाह की परिभाषा दी गई है। प्रत्येक परिभाषा के सामने सही नाम लिखो :

_______ समुद्र का वह भाग जो तीन ओर भूमि से घिरा है।
_______ भूमि का वह भाग जो तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है।
_______ भूमि का वह नुकीला भाग जो तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है।
_______ वह स्थान जहाँ से जहाज़ आते जाते हैं।

कुछ करने को

१. मानचित्र में देखकर
(क) भारत में समुद्रतटीय मैदानों पर स्थित बन्दरगाहों के नाम लिखो।
(ख) खाड़ियों के नाम लिखो।
२. रामेश्वरम, बम्बई, मद्रास, विशाखापट्टम, कन्याकुमारी और गोआ के चित्र इकट्ठे करो।

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में दिये गये नामों का अक्षर विन्यास विभिन्न सूत्रों से लिया गया है।

भारत के लोग

हमारा देश भारत एक बहुत पुराना और विशाल देश है। सब जगह भूमि की बनावट एक-जैसी नहीं है। कहीं हिमालय-जैसे पर्वत हैं, कहीं नदियों का उपजाऊ मैदान। कहीं मरुस्थल है, कहीं ऊँचा-नीचा पठार। धरातल की विभिन्नता के साथ-साथ सब जगह जलवायु और वर्षा भी अलग-अलग हैं।

क्षेत्रीय भाषा के आधार पर और शासन की सुविधा के लिए हमारा यह विशाल देश १७ राज्यों में बटा है। इनके अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, अन्दमान और निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, मिनिकाय और अमीनदीवी द्वीपसमूह, दादरा और नागर हवेली; गोआ, दमन और दीव तथा पांडिचेरी संघीय क्षेत्र हैं। भारत के मानचित्र में विभिन्न राज्यों और संघीय क्षेत्रों को देखो।

धरातल की बनावट और जलवायु की भिन्नता के कारण देश के सभी बड़े-छोटे राज्यों में रहनेवाले लोगों का खाना-पीना और पहनावा भी भिन्न हैं। इतना ही नहीं, इन लोगों के काम-धन्धे और रीति-रिवाज़ भी अलग-अलग हैं।

इस खंड में तुम देश के कुछ राज्यों—जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, असम और गुजरात के विषय में पढ़ोगे तो तुम्हें यह विभिन्नता साफ दिखाई देगी। तुम देखोगे कि बर्फ से ढके पर्वतों के बीच कश्मीर में, दूर समुद्र के किनारे हरे भरे केरल में, भारत के पठारी भाग मध्य प्रदेश में, लोग कैसा जीवन व्यतीत करते हैं। तुम्हें इन लोगों के और अपने जीवन में काफी अन्तर मालूम होगा। हमारा देश विशाल है। इसमें अन्तर होना स्वाभाविक है। परन्तु हममें कुछ ऐसी बातें भी हैं जो एक-सी हैं। हम सब एक ही देश के निवासी हैं और सब आपस में प्रेम से रहते हैं।

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में दिये गये नामों का अक्षर विन्यास विभिन्न सूत्रों से लिया गया है।

६. कश्मीर

हमारे देश के उत्तर-पश्चिम में जम्मू-कश्मीर राज्य है। यह सारा राज्य हिमालय पर्वतमाला में स्थित है। इन पर्वतों के बीच में राज्य का सबसे सुन्दर भाग कश्मीर की घाटी है। इस घाटी को लोग पृथ्वी का स्वर्ग कहते हैं। इस घाटी में कहीं हिम-नदियाँ बहती हैं, तो कहीं झीलें हैं और कहीं झरने। समतल चौड़े मैदान में भिन्न-भिन्न प्रकार के वृक्ष हैं और चावल के लहलहाते खेत हैं। चारों ओर की हरियाली और रंग-बिरंगे फूलों ने इस घाटी को बहुत सुन्दर बना दिया है। हज़ारों लोग प्रतिवर्ष इसकी सैर करने जाते हैं। चलो, हम भी इसकी सैर करने चलें।

ऊपर मानचित्र में देखो। जम्मू-कश्मीर राज्य की सीमाएँ उत्तर-पश्चिम में अफ़गानिस्तान और उत्तर-पूर्व में चीन को छूती हैं। पश्चिम में इसकी सीमा पश्चिमी पाकिस्तान से लगती है। दक्षिण में इसकी सीमा पर हमारा हिमाचल प्रदेश है। इस प्रकार इस राज्य के तीन ओर दूसरे देश हैं।

कश्मीर जाने के लिए हम दिल्ली से पहले पठानकोट जाएँगे। पठानकोट तक की यात्रा हम रेल द्वारा करेंगे। ११५ पृष्ठ पर मानचित्र में देखो दिल्ली से पठानकोट किस दिशा में है। लो, हमारी यात्रा आरम्भ हो गई। हम दिल्ली से पठानकोट आ गए। यहाँ से हम जम्मू बस से जाएँगे। मार्ग पथरीला और टेढ़ा-मेढ़ा है। अभी हम पठानकोट से कुछ ही किलोमीटर आए हैं, छोटी-छोटी पहाड़ियाँ शुरू हो गई हैं। यहाँ के रहनेवाले अपनी भाषा में इन्हें **कुंडी** कहते हैं। इन पहाड़ियों की घाटियाँ बहुत उपजाऊ हैं। इनमें गेहूँ, ज्वार, बाजरे की खेती की जाती है। इस क्षेत्र में रहनेवाले लोग अधिकतर डोगरी भाषा बोलते हैं। यहाँ के लोग बहुत साहसी और मज़बूत होते हैं। बहुत-से लोग सेना में नौकरी करते हैं। सेना में इन लोगों ने बहुत नाम कमाया है।

अब हम जम्मू पहुँच गए हैं। यह पुराना पहाड़ी नगर है और जम्मू-कश्मीर राज्य की सर्दी की राजधानी है। इन दिनों बहुत-से सरकारी दफ्तर यहाँ आ जाते हैं। इस नगर के आस-पास कई देखने योग्य स्थान हैं। इनमें वैष्णोदेवी का मन्दिर प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष हज़ारों लोग इसके दर्शन करने आते हैं।

जम्मू से श्रीनगर भी हम बस से जाएँगे। इस यात्रा में हमारा पूरा डेढ़ दिन लग जाएगा। अब हम ऊँचे पहाड़ों की चढ़ाई शुरू करेंगे और चक्कर खाती सकरी पहाड़ी सड़क की यात्रा का आनन्द लेंगे। अब हमारी बस नदी के किनारे से होकर पहाड़ों के साथ-साथ चक्कर खाती हुई बहुत धीरे-धीरे चढ़ाई चढ़ रही है। धीरे चलने से हम आस-पास के दृश्य अच्छी तरह से देख सकते हैं।

सड़क के दोनों ओर ऊँचे-ऊँचे पेड़ हैं। वह देखो, सड़क के साथ बहती नदी झरने बनाती पहाड़ी खड्ड में गिर रही है। पानी गिरने का कितना शोर हो रहा है। अरे यह क्या? हमारी बस तो सड़क पर तेज़ी से भागी चली जा रही है। ऐसा मालूम होता है कि अब हमारी बस ऊपर चढ़ने के बजाय नीचे उतर रही है। पहाड़ी रास्ते में ऐसा अक्सर होता है। ऊँचे पहाड़ों को पार करने के लिए इसी प्रकार चक्करदार सड़कें बनाई जाती हैं। कभी नीचे उतरना पड़ता है और कभी ऊपर चढ़ना पड़ता है।

अब फिर चढ़ाई शुरू हो गई है। इसीलिए हमारी बस की चाल भी धीमी हो गई है। अब हम 'कुद' पहुँचने वाले हैं। यह एक सुन्दर पहाड़ी स्थान है। यहाँ ठण्ड लगने लगी है। कुछ यात्रियों ने अपने ऊनी स्वेटर निकाल-

कर पहन लिए है। कुछ लोग सड़क के किनारे बनी दुकानों पर चाय पी रहे हैं।

हमारी बस फिर चल दी है। अब यह 'बटोट' स्थान पर रुकेगी जहाँ हम रात को आराम करेंगे। रात को बस इस रास्ते पर नहीं चलती। क्या तुम बता सकते हो क्यों ?

कुद से बटोट तक का रास्ता बहुत ही सुन्दर है। ऊँचे चीड़ और वंजू आदि के पेड़ों से घिरे पहाड़ों के बीच घुमावदार सड़क बहुत ही अच्छी लगती है। जब बस ऊँचाई पर होती है तो देखने में नीचे सड़क ऐसी मालूम पड़ती है मानो पहाड़ पर कोई बल खाता साँप लेट रहा हो। कहीं पर सीढ़ीनुमा खेत दिखाई देते हैं और कहीं नीचे दूर पर बहती हुई पहाड़ी नदी। सारे रास्ते चढ़ाई हैं। इसलिए बस काफी धीरे चलती है। बटोट पहुँचते-पहुँचते रात के आठ बज गए हैं। यहीं सब लोग रात को सोएँगे, कोई सोएगा सरकारी डाक बंगले में और कोई सड़क के किनारे दुकानदार के कमरे में। सब लोगों ने अपने रज़ाई और कम्बलवाले बिस्तर ले लिए हैं और दूसरा सामान बस में ही छोड़ दिया है।

दिन अभी पूरी तरह निकला भी नहीं है और हमारी बस बटोट से चल पड़ी है। अब सड़क अधिक सकरी और घुमावदार हो गई है। सड़क के एक ओर हैं ऊँचे पहाड़ और दूसरी ओर गहरे खड्ड। कभी-कभी इनमें पतली-सी नदी का नीला पानी दिखाई देता है। जब सकरे मोड़ पर बस आगे बढ़ती है तो डर लगता है। उस समय ऐसा लगता है कि ज़रा बस-चालक असावधानी करे तो बस सैंकड़ों मीटर गहरे खड्ड में गिर जाएगी। परन्तु बस-चालक होशियार है। जब सड़क ठीक होती है तो वह बस तेज़ी से चलाता है। वह जल्दी से ऐसे स्थान पर पहुँचना चाहता है जहाँ सड़क चौड़ी है क्योंकि वह जानता है कि दूसरी तरफ से आता हुआ फ़ौजी गाड़ियों का काफिला उसे मिलेगा। उस समय सकरी सड़क पर बस रोकने में

कठिनाई होगी। यह फ़ौज़ी गाड़ियाँ कश्मीर में सड़कों पर गश्त लगाती रहती हैं।

तुम यह जानना चाहोगे कि यहाँ फ़ौजी गाड़ियों की क्यों आवश्यकता पड़ती है? अभी तुमने पढ़ा है कि इस राज्य की सीमाएँ पाकिस्तान और चीन को छूती हैं। ये हमारे पड़ौसी देश हैं परन्तु वे पड़ौसी जैसा व्यवहार नहीं करते। उनसे हमें सदा डर बना रहता है। दोनों ही देश हमारे ऊपर पिछले कुछ वर्षों में हमला कर चुके हैं। इसलिए हमें इस राज्य की सीमा पर फ़ौज रखनी पड़ती है। उन्हीं के लिए सामान एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के लिए गाड़ियों का काफिला चलता है। यह सड़क की देखभाल भी करते हैं। देखो, वह आ रहा है फ़ौजी गाड़ियों का काफिला, गिनो कितनी गाड़ियाँ हैं।

बस की चाल अब बहुत धीमी हो गई है। ऐसा मालूम पड़ता है बनिहाल दर्रा आने वाला है। यह दर्रा बहुत ऊँचाई पर है। यह समुद्रतल से लगभग तीन हज़ार मीटर ऊँचा है। परन्तु अब हमारी मोटर को इतनी ऊँचाई पर नहीं जाना होगा। अब बनिहाल दर्रे के नीचे सुरंग बना ली गई है। इस सुरंग का नाम है 'जवाहर सुरंग'।

अब सुरंग बन जाने से मार्ग छोटा हो गया है और मोटर को तीन हज़ार मीटर की ऊँचाई तक जाने की भी आवश्यकता नहीं रही। इस सुरंग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हम पूरे वर्ष कश्मीर की घाटी में आ-जा सकते हैं। सुरंग के बनने से पहले सर्दियों के दिनों में हम कश्मीर नहीं जा सकते थे क्योंकि दर्रा बर्फ के कारण बन्द हो जाता था।

अब हमने सुरंग पार कर लिया। देखो, सामने कश्मीर की घाटी नज़र आ रही है। घाटी का दृश्य कितना सुन्दर है। समतल मैदान ही मैदान है। ये मैदान घास तथा धान के खेतों के कारण हरे मखमल के समान लगते हैं। जहाँ हरियाली नहीं है वहाँ पानी ऐसा फैला हुआ है जैसे चाँदी की चादर बिछी हो। इस मैदान के चारों ओर पहाड़ अपना सिर उठाए खड़े हैं। इन पहाड़ों की ऊँची चोटियाँ बर्फ से ढकी हुई हैं। इन पहाड़ों की निचली ढालों पर बाग हैं। इन बागों में सेब, नाशपाती, बब्बूगोशे, बादाम और अखरोट अधिकता से पाए जाते हैं। पेड़ तो यहाँ चारों तरफ हैं। चारों तरफ देखो, ये कौन-कौनसे पेड़ हैं।

अब बस सपाटे से आगे बढ़ रही है। रास्ते में पाम्पुर के पास कुछ खेतों में केसर की क्यारियाँ दिखाई देंगी।

झेलम पर एक पुल

कश्मीर की केसर बहुत ही प्रसिद्ध है। कश्मीर के रहनेवालों को इनके फूलों से बहुत प्रेम है। जब वे खुश होते हैं तो अपनी भाषा में गाते हैं:

कुंगपोश पाम्पोर गछ्वई वेसिए।
गछ्वई वेसिए कुंगपोश पाम्पोर।।
कुंगपोश विलम्योन तबलावान।
गछ्वई वेसिए कुंगपोश पाम्पोर।।

इसका अर्थ है: आओ, केसर की क्यारियोंवाली भूमि पाम्पुर चलें। केसर की कली ने मेरे दिल में हलचल मचा दी है। चलो केसर की क्यारियोंवाली भूमि पाम्पुर को चलें।

अब सड़क के दोनों ओर ऊँचे-ऊँचे चिनार के पेड़ दिखाई देने लगे हैं। इसका मतलब है श्रीनगर पास आ गया है। श्रीनगर घाटी के मध्य में है। हमें कहीं भी जाना हो श्रीनगर आना पड़ता है। अब श्रीनगर आ गया। यहाँ से घाटी देखने में एक प्याले जैसी दिखाई देती है। जानते हो क्यों? चारों ओर पहाड़ घाटी के मैदान से उठे हुए हैं।

श्रीनगर कश्मीर की राजधानी है। कहते हैं कि सम्राट अशोक ने यह नगर बसाया था। जब भारत में मुगल बादशाहों का राज्य हुआ तो वे भी कश्मीर की

घाटी में आया करते थे। उनके समय में कश्मीर ने बहुत उन्नति की। मुगल बादशाह जहाँगीर और उसकी पत्नी नूरजहाँ भी यहाँ आया करते थे। उन्हीं के समय में निशात, नसीम और शालीमार जैसे सुन्दर बाग लगाए गए।

श्रीनगर झेलम नदी के दोनों ओर बसा हुआ है। शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों को मिलाने के लिए झेलम पर ९ पुल बनाए गए हैं। इन्हें कश्मीरी भाषा में 'कदल' कहते हैं। झेलम कश्मीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे एक जगह से दूसरी जगह नाव द्वारा जाने का आराम है। इससे ही सिंचाई के लिए नहरें निकाली गई हैं।

कश्मीर की पूरी घाटी में सर्दियों में बहुत ठण्ड पड़ती है। जाड़ों के दो-तीन महीने तो सारी घाटी बर्फ से ढक जाती है। जिधर देखो सफ़ेद चादर-सी बिछी दिखाई देती है। जून से अगस्त तक मौसम काफी अच्छा रहता है। इन दिनों लोग श्रीनगर से बाहर बस या टट्टू द्वारा गुलमर्ग, सोनमर्ग, खिलनमर्ग, पहलगाँव आदि ऊँचे स्थानों पर चले जाते हैं। यहाँ घास के बड़े-बड़े मैदान हैं। यहाँ यात्री डेरे लगाकर रहते हैं। पहाड़ों के ढालों पर घने जंगल हैं। इन जंगलों में फर और स्प्रूस के वृक्ष अधिक मिलते हैं।

कश्मीर की झीलें अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध हैं। यहाँ की 'वूलर' झील झेलम नदी से मिली हुई है। बहुत-से यात्री इस झील पर मछली, बत्तख आदि का शिकार खेलते हैं। श्रीनगर में डल और नगीन झीलें हैं। यह झीलें लोगों के मनोरंजन का साधन हैं। लोग हल्की नावों में सैर करते हैं। इन्हें शिकारे कहते हैं।

यह सामने पानी में जो बड़ा-सा घर खड़ा है, इसे 'हाउस-बोट' कहते हैं। पूरा चार-पांच कमरों का मकान नाव के ऊपर बना है और एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है।

डल झील के ऊपर तैरते हुए बगीचे हैं जिन्हें शिकारे द्वारा एक जगह से दूसरी जगह हटाया जा सकता है। इनमें बड़े-बड़े तरबूज़, ककड़ी आदि उगाए जाते हैं।

कश्मीर की घाटी के उत्तर-पूर्व में लद्दाख का पठार है। यहाँ बौद्ध लद्दाखी रहते हैं। इसकी उत्तरी सीमा कराकोरम की पर्वतश्रेणियाँ हैं और इनसे भी आगे अकसाई-चिन का पठार है। तुम इन सब स्थानों को मानचित्र में देख सकते हो।

हमारी इस सुन्दर घाटी के पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में कुछ भाग पर चीन ने ज़बरदस्ती अधिकार कर लिया है। इसलिए हमें बड़ी सावधानी से अपनी सीमाओं की रक्षा करनी है। पाकिस्तान ने १९६५ में हमारे इस राज्य पर हमला किया था परन्तु हमारी बहादुर फौजों ने उन्हें पीछे भगा दिया। यहाँ के सब लोगों ने बड़ी वीरता और साहस से हमारी फौजों का साथ दिया और हमलावरों को देश से निकालने में मदद दी।

अब बताओ

१. कश्मीर को किन प्राकृतिक वस्तुओं ने सुन्दर बनाया है?
२. नीचे दिए गए फलों में से कौन-कौनसे फल दिल्ली में कश्मीर से आते हैं? इन पर (✓) निशान लगाओ:
( ) खरबूज़े ( ) आम ( ) खजूर ( ) बादाम ( ) सेव
( ) नाशपाती ( ) बब्बूगोशे ( ) अखरोट ( ) अंगूर।
३. कश्मीर में पाए जानेवाले कुछ वृक्षों के नाम बताओ।
४. कश्मीर में पाए जानेवाले पेड़ दिल्ली में क्यों नहीं पाए जाते?
५. झेलम नदी से कश्मीर की घाटी को क्या लाभ है?

कुछ करने को

१. मानचित्र में देखकर कश्मीर राज्य की सीमाओं से लगे हुए देशों के नाम लिखो।
२. भारत के रेल मानचित्र में देखकर दिल्ली से श्रीनगर तक का मार्ग ढूंढो और मार्ग में आनेवाले प्रसिद्ध नगरों के नाम लिखो।

७. कश्मीर के लोग

तुमने अपनी कश्मीर-यात्रा में देखा होगा कि यहाँ के लोग गोरे रंग के और बहुत ही सुन्दर होते हैं। यहाँ स्त्री-पुरुष कुछ मिलते-जुलते से ही कपड़े पहनते हैं। वे सलवारनुमा पाजामा और ऊपर एक ढीली आस्तीनवाला लम्बा चोगा पहनते हैं। इस चोगे को ये लोग 'फिरन' कहते हैं। इनका फिरन घुटनों तक लम्बा होता है। स्त्रियों के फिरन पर कढ़ाई का काम बहुत होता है। टोपी यहाँ करीब-करीब सभी पहनते हैं। आजकल फर की टोपी का रिवाज़ भी हो गया है। यह टोपी सारे देश में कश्मीरी टोपी के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ लड़कियाँ भी विवाह से पहले टोपी पहनती हैं। इस टोपी से इनका दुपट्टा लटकता रहता है।

कश्मीरी स्त्रियाँ अधिकतर चाँदी के ज़ेवर पहनती हैं। इन ज़ेवरों पर बारीक खुदाई का काम बहुत ही सुन्दर होता है। इनके कानों का ज़ेवर कभी-कभी इतना भारी होता है कि इसे वे धागे से बालों के साथ बाँध लेती हैं।

सर्दी के दिनों में आमतौर से लोग गरम फिरन और ऊपर से ढीला कोट पहन लेते हैं। अधिक सर्दी पड़ने पर अपने को गरम रखने के लिए 'काँगड़ी' का प्रयोग करते हैं। काँगड़ी मिट्टी का एक छोटासा कटोरा होता है जिसके चारों ओर बेंत की टोकरी-सी बनी होती है। इसमें कोयले रखकर कश्मीरी लोग आग सेकते हैं।

जम्मू क्षेत्र में अधिकतर लोग थोड़ा खुला पाजामा, कुर्ता और कोट पहनते हैं और गोल पगड़ी बाँधते हैं। इनका भोजन मुख्य रूप में गेहूँ की रोटी, दाल-भात और दूध-घी है। अधिकतर लोग डोगरी भाषा बोलते हैं और सेना में नौकरी करते हैं। गाँवों में रहनेवाले खेतीबाड़ी का काम करते हैं। ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों की ढलानों पर गूजर लोग रहते हैं। गूजर बंजारों की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेड़-बकरियों के साथ घूमा करते हैं।

कश्मीर के उत्तरी भाग में लद्दाखी रहते हैं। ये बौद्ध धर्म मानते हैं। पहाड़ी भागों में खेती कम होती है। जहाँ कहीं खेती के योग्य भूमि मिलती है वहाँ पर लोग गेहूँ और जौ की खेती करते हैं। कुछ लोग भेड़-बकरियाँ पालते हैं। बहुत से लोग रेशम के कीड़े भी पालते हैं। लद्दाखी लोग अधिकतर जौ की मोटी रोटी खाते हैं और नमकीन चाय बहुत पसन्द करते हैं। पुराने समय से यहाँ के लोग रेशम और ऊन का व्यापार करते आए हैं।

कश्मीर की घाटी में चावल की बड़ी फसल के अलावा मक्का की खेती होती है। यहाँ की झीलों में बहुत मछलियाँ मिलती हैं। यहाँ एक प्रकार का साग पूरे

वर्ष मिलता है। इस साग को ये लोग 'कड़म' का साग कहते हैं। इसलिए यहाँ के लोगों का मुख्य भोजन चावल, मछली और कड़म का साग है। सर्दी के दिनों में यहाँ कुछ भी पैदा नहीं होता। लोग सब्ज़ियाँ सुखाकर रख लेते हैं और उन्हें सर्दी के मौसम में काम में लाते हैं।

कश्मीर में एक विशेष प्रकार की हरी चाय होती है। इसी चाय को यहाँ के लोग दो प्रकार से बनाकर पीते हैं। एक तो हरी चाय की पत्तियाँ पानी में चीनी डालकर उबालते हैं। फिर इसमें दूध और मलाई मिलाकर पीते हैं। इसे यह लोग 'कहवा' कहते हैं। दूसरी चाय नमक के पानी में पत्तियाँ उबालकर तैयार की जाती है। इसे यहाँ के लोग नमकीन चाय कहते हैं। नमकीन चाय में भी दूध डाला जाता है। हर समय गरम चाय तैयार रखने के लिए एक बर्तन होता है जिसको 'समोवर' कहते हैं।

सर्दी के दिनों में जब कश्मीर में बर्फ पड़ती है लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते। उस समय ये अपने घरों में बैठकर कई प्रकार की दस्तकारी का काम करते हैं। यहाँ के जंगलों में पाई जानेवाली लकड़ी की ये सुन्दर वस्तुएँ बनाते हैं और उस पर सुन्दर तथा बारीक खुदाई का काम करते हैं। अखरोट की लकड़ी पर तो यह खुदाई बहुत ही अच्छी लगती है। कागज़ की लुगदी से बहुत-सी चीज़ें तैयार कर उन पर रंग-बिरंगी चित्रकारी करते हैं। चाँदी के बर्तन और जेवर भी बहुत सुन्दर बनाते हैं। इन पर भी सुन्दर खुदाई का काम होता है।

कश्मीर रेशमी और ऊनी कपड़ों के लिए सारी दुनिया में प्रसिद्ध है। अब रेशमी कपड़ा बनाने के लिए कई कारखाने भी खोले गए हैं। यहाँ के कम्बल, कालीन, पट्टू और शाल तुमने भी देखे होंगे। पश्मीने पर तो बहुत ही बारीक और सुन्दर कढ़ाई की जाती है।

कश्मीर में भी देश के अन्य भागों की भाँति सभी धर्मों के लोग बड़े प्रेम से रहते हैं। सभी लोग कश्मीरी बोलते हैं, इसके अलावा डोगरी और उर्दू भी बोली जाती है। यहाँ के लोगों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अलग-अलग धर्मों को मानते हुए भी फसल काटने के समय सभी लोग एक ही पूजा के स्थान पर चढ़ावा चढ़ाते हैं। हिन्दू और मुसलमान, दोनों ही के कश्मीर में कई तीर्थस्थान हैं। अमरनाथ का नाम तो तुमने सुना होगा। हर साल हज़ारों लोग पहाड़ों पर बने अमरनाथ मन्दिर के दर्शन करने जाते हैं। इसी प्रकार यहाँ की प्रसिद्ध हज़रतबल मस्जिद में नमाज़ पढ़ने जाते हैं। इस पवित्र मस्जिद में हज़रत मोहम्मद साहब का 'बाल' रखा है। उसकी ज़ियारत के लिए हर साल एक बड़ा मेला लगता है।

हमारी भाँति कश्मीर के लोग भी त्योहार मनाते हैं। इनके धार्मिक त्योहार वे ही हैं जो सारे देश में मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार हिन्दू-मुस्लिम दोनों मनाते हैं। इनमें 'बसन्त' और 'नवरे' बहुत प्रसिद्ध हैं। बसन्त को यहाँ लोग 'सौंत' कहते हैं।

नाच-गाने का भी इन लोगों को शौक है। इनके लोकगीत बहुत प्रसिद्ध हैं। वैसे तो खुशी के अवसर पर सभी लोग नाचते हैं, परन्तु इनका 'रोफ' नृत्य बहुत प्रसिद्ध है। रात को खाना खाने के बाद यह नाच अक्सर किया जाता है। स्त्रियाँ दो लाइनों में कुछ दूरी रखकर खड़ी हो जाती हैं। नाचते हुए ये स्त्रियाँ एक दूसरे की ओर बढ़ती हैं। अब यह नाच धार्मिक नृत्य बन गया है।

अब बताओ

१. कश्मीरी लोगों का पहनावा तुम्हारे यहाँ के पहनावे से किस प्रकार भिन्न है?
२. कश्मीर में इतनी अधिक दस्तकारियों की वस्तुएँ क्यों बनती हैं?
३. यहाँ के लोग अधिक सर्दी से बचने के लिए क्या करते हैं?
४. कश्मीरी लोगों का मुख्य भोजन क्या है?
५. हम कैसे कहते हैं कि कश्मीर में सभी धर्मों के लोग प्रेम से रहते हैं?

कुछ करने को

१. कश्मीर के कुछ चित्र इकट्ठे करो और इन्हें चिपका कर एक अलबम बनाओ।
२. दिल्ली में कश्मीर ऐम्पोरियम में जाओ और कश्मीर की बनी वस्तुओं की सूची बनाओ।

८. केरल

देश के उत्तरी राज्य कश्मीर की हमने यात्रा की थी। वैसा ही एक सुन्दर और हरियाला प्रदेश भारत के दक्षिण में भी है। यह है दूर दक्षिण में अरब सागर से लगा हुआ हमारा केरल राज्य।

केरल राज्य प्राकृतिक सुन्दरता में कश्मीर से कुछ कम नहीं है। यहाँ की पहाड़ियाँ,

अनूप का एक दृश्य

घाटियों, झीलों तथा समुद्रतट ने इसे बहुत सुन्दर बनाया है। हरियाली तो सभी जगह दिखाई देती है। तुम सोचते होगे कि यहाँ का जीवन भी कश्मीर जैसा होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। दोनों राज्यों के जीवन में बड़ा अन्तर है। तुम अवश्य जानना चाहोगे कि ऐसा क्यों है।

आओ, आज हम केरल में रहनेवाले एक बालक से तुम्हारा परिचय कराएँ। तुम्हारे इस मित्र का नाम है कृष्णन नायर। मेरे पत्र के उत्तर में कृष्णन नायर ने अपने दैनिक जीवन के बारे में तुम्हें एक पत्र लिखा है इससे तुम्हें पता चलेगा कि उसके जीवन में और तुम्हारे जीवन में कितनी समानता और कितनी भिन्नता है। लो, यह पत्र पढ़ो।

चीनी जाल

प्रिय मित्रो,

मेरा नाम कृष्णन नायर है। मैं केरल राज्य में रहता हूँ। यह राज्य अन्य राज्यों की तुलना में छोटा है। यह छोटा-सा राज्य अरब सागर और पश्चिमी घाट के पहाड़ों के बीच है। हमारे इस राज्य में कोचीन से त्रिवेन्द्रम तक

तट के पास जगह-जगह पर रुका हुआ पानी दिखाई देगा। देखने में यह झीलों की कतार मालूम पड़ती है। वास्तव में ये झीलें नहीं हैं। यह समुद्र का पानी है। हम इन्हें 'अनूप' कहते हैं। ये अनूप नहरों द्वारा आपस में मिले हुए हैं। अनूपों का पानी खारा है इस कारण यह पीने के काम नहीं आता। परन्तु अनूपों से हमें बहुत लाभ हैं। ये तो मछली के खज़ाने हैं। बहुत-से लोग इनमें मछली पकड़ कर बाज़ार में बेचते हैं और अपना जीवन-निर्वाह करते हैं। ये लोग मछली पकड़ने के लिए एक विशेष प्रकार का जाल काम में लाते हैं। इस जाल को हम 'चीनी जाल' कहते हैं। मैं एक चित्र भेज रहा हूं। इस चित्र में मछली पकड़ते हुए लोग दिखाए गए हैं।

अनूपों के दोनों ओर नारियल के पेड़ों की कतारें हैं। कहीं-कहीं तो पेड़ एक-दूसरे की ओर इतने झुके हुए हैं कि मानो गले मिल रहे हों। मेरा मकान भी ऐसे ही नारियल के पेड़ों के बीच बना है। मकान कच्चा है। इसकी छत ढालदार छप्पर की है। छप्पर नारियल के पत्तों से बना है। मकान में एक बरामदा है और इसी बरामदे के एक भाग में खाना बनता है। घर के आँगन में तुलसी का पौधा और केले के पेड़ हैं। अधिकतर यहाँ ऐसे ही मकान बनते हैं।

मेरा घर छोटा है। हम झाड़-पोंछ कर अपने घर को साफ़ रखते हैं। हमारे घरों में मेज़-कुर्सी आदि नहीं होती। यहाँ गर्मी खूब पड़ती है, ठण्डा फर्श अच्छा लगता है। हम फर्श पर बैठकर भोजन करते हैं और फर्श पर ही चटाई बिछा कर सोते हैं।

हमलोग सफाई बहुत पसन्द करते हैं। अधिकतर लोग दिन में दो बार नहाते हैं। नहाते समय हम कपड़े भी धोते हैं। हमलोग अधिकतर सफ़ेद कपड़े पहनना पसन्द करते हैं। मेरी माताजी सफ़ेद धोती और ब्लाउज़ पहनती हैं। कभी-कभी रंगीन धोती भी पहनती हैं।

उनको गहने पहनने का शौक नहीं है। वे बालों के जूड़े में फूल अवश्य लगाती हैं। मेरे पिताजी लुंगी की तरह छोटी धोती पहनते हैं। इसे हम 'मुंडु' कहते हैं। जब पिताजी शहर जाते हैं तो धोती और कुर्ता पहनते हैं। मैं तुम्हारी तरह नेकर और कमीज़ पहनता हूँ। मैं तुम्हें अपने यहाँ की वेश-भूषा का भी चित्र भेज रहा हूँ। इस चित्र को देखकर तुम समझ जाओगे कि तुम्हारी दिल्ली की वेश-भूषा में और हमारी वेश-भूषा में कितना अन्तर है।

सवेरे मैं नहा-धोकर और नाश्ता करके स्कूल चला जाता हूँ। मेरे बड़े-छोटे भाई-बहन भी स्कूल चले जाते हैं। घर पर माताजी और मेरी बड़ी बहन भात, साँभर, रसम, इडली, दोसा आदि बनाती हैं। स्कूल से आते ही मुँह हाथ धोकर खाने के लिए तैयार हो जाता हूँ। माताजी मुझे केले के पत्ते पर मछली, चावल आदि चीज़ें देती हैं। ये मुझे बहुत अच्छे लगते हैं। नारियल का प्रयोग तो हम सभी भोजनों में करते हैं। नारियल के तेल में मछली बनती है। कभी-कभी माताजी नारियल के दूध में चावल-मेवा आदि डाल कर खीर बनाती हैं। यह खाने में बहुत अच्छी लगती है। इसे हम 'पायसम' कहते हैं। खाने के बाद मुझे आम अथवा गन्ना चूसने को मिल जाता है। गन्ना और आम यहाँ के बागों में खूब होता है। केला तो हम कई प्रकार से खाते हैं। पके हुए केले को भाप में भून कर खाने में तो बड़ा आनन्द आता है। पानी भी हम उबाल कर पीते हैं। मैं सोडा-लैमन नहीं पीता। मुझे 'नीरा' पसन्द है। यह खजूर के पेड़ से मिलता है।

हमारे यहाँ अधिकतर लोग चावल की खेती करते हैं। चावल की खेती के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है। पानी की यहाँ कमी नहीं क्योंकि वर्षा तो पूरे साल होती है। रुके हुए पानी में धान बोया जाता है। जब धान का पौधा थोड़ा-सा पानी के ऊपर दिखाई देने लगता है, तब उसे दूसरे स्थान पर लगा दिया जाता है।

मेरे गाँव में कालीमिर्च, इलायची, लौंग, अदरक, सुपारी और काजू के बाग हैं। मेरे चाचा इन बागों में काम करते हैं। अन्य लोग भी इन बागों में काम करने आते हैं। बागों में पैदा होनेवाली चीज़ें नाव द्वारा बड़े-बड़े शहरों तक पहुँचाई जाती हैं। वहाँ से ये चीज़ें देश के अन्य भागों को भेजी जाती हैं। तुम जो काजू दिल्ली

में खाते हो वह हमारे यहाँ से ही जाता है।

हमारे राज्य में रबर के पेड़ों के बाग लगाए गए हैं। रबर के पेड़ के तने को चाकू से काट देने पर रस निकलता है। इस रस को बर्तनों में इकट्ठा करते हैं। फिर इस रस को कारखाने में भेज देते हैं। कारखाने में इस रस से रबर तैयार की जाती है। रबर से बनी बहुत-सी चीज़ों का तुम रोज़ इस्तेमाल करते हो। रबर के काम में हज़ारों लोग लगे हैं। अब हमारे राज्य में सरकार ने कागज़ और खाद के बड़े कारखाने भी खोल दिए हैं।

हमारे यहाँ नारियल बहुत पैदा होता है। हमारा कच्चा नारियल और गोला देश के सभी बाज़ारों में बिकता है। नारियल के रेशे से रस्सी, चटाई, टोकरी आदि बनाते हैं। अब तो नारियल के रेशे से कारखानों में मैटिंग बनाई जाती है। बहुत-से लोग अपनी रोज़ी नारियल से ही कमाते हैं। तुम ने अपने स्कूल और सरकारी दफ्तरों में मैटिंग देखी होगी। वह शायद हमारे यहाँ की ही बनी है।

कुछ पहाड़ों की निचली ढलानों पर काफी और ऊँची ढलानों पर चाय की खेती करते हैं।

काफी

हमारे राज्य में शुरू से ही शिक्षा का प्रचार रहा है। इसलिए यहाँ के अधिकतर लोग शिक्षित हैं। हमारे यहाँ सभी लोग 'मलयालम' बोलते हैं। यहाँ पर अंग्रेजी का भी खूब प्रचार है। आजकल तो हमारे स्कूलों में हिन्दी भी पढ़ाई जाती है। मैंने भी हिन्दी सीखना शुरू कर दिया है; इसीलिए अपना पत्र हिन्दी में लिखा है।

हमारे राज्य की राजधानी त्रिवेन्द्रम समुद्र के किनारे पहाड़ी पर स्थित है। इस नगर में बहुत-सी शानदार इमारतें हैं। इनमें सरकारी दफ्तर हैं जिनमें हज़ारों लोग काम करते हैं। यहाँ का चित्रालय, अजायबघर और चिड़ियाघर तो देखने योग्य हैं।

जिस प्रकार तुम होली, दिवाली, दशहरा आदि त्योहार मनाते हो उसी प्रकार हम भी त्योहार मनाते हैं। हमारा

सबसे प्रसिद्ध त्योहार 'ओणम' है। ओणम का त्योहार कई दिन चलता है। इस त्योहार को मनाने के लिए मैं और मेरे छोटे बहन-भाई फूल इकट्ठे करते हैं। अगले दिन लक्ष्मी की पूजा करने के लिए घर के बाहर गोबर से लीपते हैं। मेरी बहनें फूलों से रंगोली बनाती हैं। फूलों से बनी रंगोली बहुत सुन्दर लगती है।

त्योहार के दिन हम सब नए-नए कपड़े पहनते हैं और नौका की दौड़ देखने जाते हैं। अनूप के किनारे खड़े होकर साँप की आकृति की नावों को दौड़ते हुए देखने में बड़ा आनन्द आता है। सायंकाल मेरी बहनें ताली बजाकर नाचती हैं और गाती हैं। तुम्हारी तरह हम भी दशहरा मनाते हैं। इस दिन हम सरस्वती की पूजा करते हैं। कहीं-कहीं लोग नागपूजा भी करते हैं।

नाचना-गाना तो हमारे जीवन का अंग है। इसे लगभग सभी लोग जानते हैं। हमारे लोकगीतों में प्रकृति की सुन्दरता का वर्णन होता है। कथकली के विषय में तुमने सुना ही होगा। यह हमारे यहाँ का मुख्य नृत्य है और सारे भारत में प्रसिद्ध है। इस नाच में नाचनेवाले नकली चेहरा लगाते हैं।

मुझे तुम लिखना कि क्या तुम केरल राज्य देखना चाहोगे ?

तुम्हारा मित्र,
कृष्णन नायर

अब बताओ

१. केरल को नारियल का प्रदेश क्यों कहते हैं ?

२. अनूप किसे कहते हैं ? केरलवासियों को अनूप से क्या लाभ हैं ?

३. केरल में अधिकतर मकान किस चीज़ के बनाए जाते हैं ? क्यों ?

४. केरल के लोगों के मुख्य-मुख्य धन्धे बताओ ?

५. जम्मू-कश्मीर और केरल राज्यों के सम्बन्ध में नीचे कुछ बातें दी गई हैं। इनमें से जो केरल के लिए सही हैं उनके बांई तरफ दिए स्थान में 'केरल' लिखो और जो कश्मीर के लिए सही हों उनके सामने 'कश्मीर' लिखो। जो दोनों के लिए सही हों उनके सामने 'दोनों' लिखो :

———— यहाँ मीठे पानी की झीलें हैं।

———— यहाँ नारियल के पेड़ होते हैं।

———— यहाँ के पहाड़ों पर बर्फ जमी रहती है।

———— यहाँ मछली पकड़ने का धन्धा होता है।

———— यहाँ प्रकृति का सौन्दर्य देखने को मिलता है।

———— यहाँ केले और उससे बनी चीज़ें बहुत खाई जाती हैं।

कुछ करने को

१. दिल्ली में केरल राज्य के इम्पोरियम में जाओ और केरल में बनी चीज़ों की एक सूची बनाओ।

२. केरल राज्य के जीवन से सम्बन्धित चित्र इकट्ठे करो।

९. असम

ऊपर मानचित्र में देखो, भारत के पूर्व में असम राज्य है। इस राज्य की सीमाएँ उत्तर-पश्चिम में भूटान तथा उत्तर और उत्तर-पूर्व में चीन से मिलती हैं। इसकी पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर पूर्वी पाकिस्तान तथा पूर्व और दक्षिण में ब्रह्मा है। इस प्रकार इस राज्य के तीन ओर दूसरे देश हैं।

असम हिमालय पर्वतमाला की छोटी-बड़ी पहाड़ियों से घिरा है। इसका उत्तर-पूर्व का पहाड़ी भाग उत्तर पूर्व सीमान्त अंचल कहलाता है। इसे नेफा भी कहते हैं।

मध्य भाग में पहाड़ों के बीच से ब्रह्मपुत्र नदी बहती है। इसने पहाड़ियों को घिसकर और काटकर ब्रह्मपुत्र घाटी बनाई है। इसी में अधिकतर लोग रहते हैं।

इस राज्य में वर्षा बहुत होती है। इसका चेरापूँजी नाम का स्थान बहुत अधिक वर्षा के लिए संसारभर में प्रसिद्ध है। यह न तो दिल्ली की भाँति गरम है और न ठण्डा।

अधिक वर्षा के कारण पहाड़ियाँ घास के मैदानों और घने जंगलों से ढकी रहती हैं। कहीं-कहीं दलदल भी है। पूर्व में तो जंगल इतने घने है कि सूर्य की किरणें ज़मीन तक पहुँच ही नहीं पातीं। इन घने जंगलों में मनुष्य का पहुँचना तो बहुत ही कठिन है। हाँ, बाघ, चीते, गैंडे, हाथी और भयंकर साँप इन जंगलों और दलदलों में अवश्य रहते हैं। दिल्ली के चिड़ियाघर में जो गैंडा तुम देखते हो वह यहाँ के ही जंगल के किसी दलदलवाले भाग से लाया गया है। यहाँ के जंगलों में लोग हाथी पकड़ते हैं और उन्हें पालतू बनाकर उनसे बहुत-सा काम करवाते हैं। जंगलों में कुछ ऐसे भाग हैं जहाँ बाँस, साल, शहतूत, बैत आदि के पेड़ मिलते हैं जिनसे यहाँ के रहनेवाले कई प्रकार की चीज़ें बनाते हैं।

वर्षा के दिनों में ब्रह्मपुत्र नदी में पानी बहुत बढ़ जाता है। इसका रूप समुद्र जैसा हो जाता है। अक्सर इसमें बाढ़ आ जाती है, पानी दोनों ओर बहुत दूर तक फैल जाता है। नदी द्वारा लाई गई मिट्टी सारी घाटी में फैल जाती है। नदी ने सारी घाटी को उपजाऊ बना दिया है। घाटी में रहनेवाले लोग चावल और पटसन की खेती करते हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी की बाढ़ से राज्य को अक्सर नुकसान पहुँचता है, लेकिन इससे राज्य को बहुत लाभ है। तुम अभी पढ़ चुके हो कि इस राज्य का अधिक भाग पहाड़ी है और घने जंगलों से घिरा हुआ है। इन पहाड़ों को काटकर, जंगलों को साफ करके सड़कें बनाना अथवा रेल-लाइन बिछाना कठिन काम है। इसलिए यहाँ सड़क और रेल-मार्ग कम हैं। ब्रह्मपुत्र नदी आने-जाने का एक मुख्य साधन है। इस नदी में नाव और स्टीमर चलते हैं। इसीलिए अधिकतर नगर इसी नदी के किनारे पर बसे हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी में नाव

नदी के किनारे के नगरों को मानचित्र में देखो।

असम बहुत बड़ा राज्य है। इसमें दिल्ली-जैसे १३७ क्षेत्र बन सकते हैं, परन्तु यहाँ आबादी दिल्ली क्षेत्र से पाँचगुना से भी कुछ कम है। क्या तुम यहाँ कम आबादी होने का कारण बता सकते हो?

शिलांग असम की राजधानी है। यह ब्रह्मपुत्र नदी से कुछ दूर पहाड़ों पर बसा है। इस नगर के आसपास खूब हरियाली है। अधिकतर चीड़ के पेड़ हैं। इससे यह नगर सुन्दर बन गया है। गोहाटी राज्य का दूसरा बड़ा नगर है।

असम के रहनेवाले लोग 'असमी' भाषा बोलते हैं। ये लोग तुम्हारी तरह ईंट-पत्थर और चूने-सीमेंट से बने मकानों में नहीं रहते। चित्र में दिए गए मकान को ध्यान से देखो। इसमें अधिकतर मकान भूमि से कुछ ऊँचे और लकड़ी के बने हैं। इन मकानों की दीवारें लकड़ी की हैं; उनके ऊपर ढालदार टीन की छतें हैं। तुम सोचते होगे ये लोग ऐसे मकान क्यों बनाते हैं। यहाँ वर्षा बहुत होती है और अक्सर बाढ़ आती है। इससे जगह-जगह पानी भर जाता है और बहुत हानि होती है। इसलिए ये अपने मकान भूमि से ऊँचे बनाते है।

बाढ़ से भी अधिक हानि भूचालों से होती है। यहाँ अक्सर भूचाल आते हैं, मकान गिर जाते हैं, ज़मीन नीचे धस जाती है, बहुत से लोग मर जाते हैं और सामान नष्ट हो जाता है। लकड़ी के मकान हल्के होते हैं। भूचाल से मकानों के गिरने पर मनुष्यों के दबने का डर कम होता है और सामान भी अधिक नष्ट नहीं होता। इसलिए ये लोग मकान लकड़ी के बनाते हैं।

यहाँ के लोग भी तुम्हारी तरह दाल चावल और सब्ज़ियाँ खाते हैं। ये मछली और माँस भी खाते हैं। बत्तख, मुर्गाबी आदि यहाँ की झीलों में खूब मिलती हैं। बहुत-से लोग बत्तख और मुर्गियाँ घर में भी पालते हैं। यहाँ स्त्रियाँ ऊँचा घाघरा और सीनाबन्द कमीज़ पहनती हैं। इन्हें 'मेखला' और 'रिहा' कहते हैं। पुरुष धोती और कुरता पहनते हैं। सर्दी के दिनों में कंधे पर चादर डालते हैं।

असम के लोगों का मुख्य धंधा चाय की खेती है। देश के कुल चाय के बागों का लगभग आधा भाग इसी राज्य में है। इस धन्धे में लाखों स्त्री-पुरुष लगे हुए हैं। इन बागों में काम करने के लिए हज़ारों स्त्री-पुरुष भारत के दूसरे राज्यों से भी आते हैं।

यहाँ पहाड़ों के ढालों पर चारों ओर चाय ही चाय के बाग हैं। इन बागों में स्त्रियाँ चाय की पत्तियाँ तोड़-तोड़कर अपनी पीठ पर बंधी टोकरियों में इकट्ठी करती हैं। इकट्ठी की गई चाय की पत्तियाँ मशीनों से सुखाई जाती हैं। फिर ये पत्तियाँ डिब्बों और लकड़ी के बक्सों में भरी जाती हैं। चाय के ये बक्स कलकत्ता पहुँचाए जाते हैं और वहाँ से देश-विदेश को भेजे जाते हैं।

असम राज्य में अरंडी और शहतूत के पत्तों पर रेशम के कीड़े पाले जाते हैं। घरों में स्त्रियाँ इस रेशम को कातकर तथा बुनकर कपड़ा बनाती हैं। 'मुंगा' रेशम के लिए असम देशभर में प्रसिद्ध है।

तुम सोचते होगे इस राज्य का अधिक भाग पहाड़ी है इसलिए बेकार होगा, परन्तु ऐसी बात नहीं है। यहाँ बहुत से खनिज मिलते हैं। पृष्ठ ६० पर मानचित्र में देखो, उत्तर-पूर्व में डिग्बोई नगर है। इसके आसपास मिट्टी का तेल मिलता है। इस समय मिट्टी के तेल का यह हमारे देश का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यहाँ तेल के बहुत से कूएँ हैं। नलों द्वारा कुओं से तेल ऊपर लाया जाता है। इस तेल को कारखानों में मशीनों से साफ किया जाता है। साफ तेल को पैट्रोल कहते हैं। मिट्टी के तेल के अलावा यहाँ कुछ स्थानों पर कोयला भी मिलता है।

यहाँ के लोग तुम्हारी तरह बहुत से त्योहार मनाते हैं। त्योहारों को 'बिहु' कहते हैं। बैशाख के महीने में फ़सल काटने के बाद यह लोग 'बैशाखी बिहु' मनाते हैं। इस त्योहार पर लड़के-लड़कियाँ रातभर नाचते हैं। इनके नाच को 'बिहु नृत्य' कहते हैं, और गाने को 'बिहु गीत'।

असम की पहाड़ियों पर जन-जातियाँ रहती हैं। इनमें गारो, खसिया, जयन्तिया, लुशाई, मोंपा, आबोर और दफला मुख्य हैं। हर एक जन-जाति के लोगों की भाषा, रहन-सहन और रीति-रिवाज़ अलग-अलग हैं, परन्तु सभी लोग अधिकतर नदी, साँप, सूर्य, चन्द्रमा, पेड़ आदि प्राकृतिक चीज़ों की पूजा करते हैं। ये भूत-प्रेत पर भी विश्वास करते हैं। इन जन-जातियों की शिक्षा और दूसरी सुविधाओं का अब अच्छा प्रबन्ध किया जा रहा है।

अब बताओ

१. असम राज्य की अधिकतर भूमि खेती के योग्य क्यों नहीं है ?
२. इस राज्य में मुख्य नगर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे क्यों बसे हैं ?
३. यहाँ लोग लकड़ी के मकान क्यों बनाते हैं ?
४. असम के लोगों के मुख्य-मुख्य धन्धे कौनसे हैं ?
५. असम राज्य की आबादी इतनी कम क्यों है ?

कुछ करने को

१. असम राज्य के मानचित्र में निम्नलिखित दिखाओ :
   (क) असम राज्य की सीमाएँ।
   (ख) ब्रह्मपुत्र नदी।
   (ग) शिलांग, डिग्बोई, गोहाटी, और चेरापूंजी।
२. अपने अध्यापक से कहानी सुनो कि असम में हाथी कैसे पकड़े जाते हैं।

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में दिये गये नामों का अक्षर विन्यास विभिन्न सूत्रों से लिया गया है। © भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1961.

१०. गुजरात

ऊपर मानचित्र में देखो। पश्चिम में अरब सागर से लगा हुआ गुजरात राज्य है। इस की उत्तरी सीमा पश्चिमी पाकिस्तान को छूती है, उत्तर-पूर्व में राजस्थान, पूर्व में मध्यप्रदेश और दक्षिण-पूर्व में महाराष्ट्र राज्य हैं। गुजरात के उत्तर-पश्चिमी भाग में कच्छ का प्रदेश है। यह बहुत सूखा और रेतीला है। गुजराती में मरुस्थल के लिए 'रन' शब्द का प्रयोग करते हैं। इसलिए इसे 'कच्छ के रन' के नाम से पुकारते हैं। बरसात में यहाँ दलदल हो जाता है। यह भूमि खेती के लिए बेकार है।

गुजरात राज्य का दक्षिण-पश्चिमी भाग काठियावाड़ प्रायःद्वीप है। इसे सौराष्ट्र भी कहते हैं। दक्षिणी भाग में गिरनार की पहाड़ियाँ हैं। ये पहाड़ियाँ जंगलों से ढकी हैं। इन जंगलों में शीशम, सागौन, बाँस के पेड़ अधिक मिलते हैं। इनकी लकड़ी हमारे बहुत काम आती है। जंगलों से प्राप्त सैमल की लकड़ी से दियासलाई

की तीलियाँ बनाई जाती हैं। इन्हीं जंगलों में बबर शेर मिलता है, जिसकी गरदन पर बड़े-बड़े बाल होते हैं। ऐसा शेर देश के किसी दूसरे भाग में नहीं पाया जाता। इसे तुमने दिल्ली के चिड़ियाघर में अवश्य देखा होगा।

इस राज्य का उत्तर-पूर्वी भाग कुछ ऊँचा है। यह भाग अरावली और विंध्याचल पर्वतमाला का अंग है। यहाँ की भूमि अधिकतर जंगलों से ढकी है।

गुजरात राज्य में गंगा के मैदान की तरह न तो गरमी पड़ती है और न सर्दी। इसकी पश्चिमी सीमा अरब सागर से लगी है। इसलिए यहाँ की जलवायु इस प्रकार की है। यहाँ सब जगह एकसी वर्षा भी नहीं होती। राज्य के उत्तरी भाग में वर्षा बहुत कम होती है लेकिन दक्षिणी भाग में काफी वर्षा होती है।

इस राज्य की अधिकांश भूमि खेती के योग्य है। नर्मदा और ताप्ती की घाटियों में अधिकतर लोग धान की खेती करते हैं। शेष भूमि में गेहूँ, ज्वार, बाजरा, मूंगफली, तम्बाकू और कपास की खेती की जाती है।

यहाँ के रहनेवाले गुजराती भाषा बोलते हैं। आजकल लोगों में हिन्दी का भी प्रचार हो रहा है।

गुजरात के लोग उद्योग और व्यापार में काफी रुचि रखते हैं। देश के विभिन्न

भागों में गुजरातियों ने तरह-तरह के उद्योग खोले हैं।

गुजरात में रहनेवालों का पहनावा धोती कुर्ता है। सिर पर गोल अथवा नुकीली टोपी पहनते हैं। आजकल लोग अधिकतर गांधी टोपी पहनने लगे हैं। पारसी लोग अधिकतर गुजरात में रहते हैं। ये सफेद कपड़े पहनते हैं। इनकी तंग पाँयचेवाली पतलून और टोपी अथवा सफ़ेद पगड़ी आसानी से पहचानी जा सकती है। इसी प्रकार खोजा मुसलमान अपनी बँधी-बधाई सुनहरी पगड़ी से पहचाने जाते हैं। सौराष्ट्र के किसान चूड़ीदार पाजामा और मगज़ी लगी हुई जाकेट पहनते हैं। सिर पर रंगीन पगड़ी बाँधते हैं।

शहरों में रहनेवाली स्त्रियाँ अधिकतर साड़ी पहनती हैं। गाँव में स्त्रियाँ फूला हुआ लहँगा और चोली पहनती हैं।

गुजरात के लोग उरद की तली दाल, चिड़वा और बेसन के गाँठिए चाय के साथ खाते हैं। दाल, रोटी, चावल, पूरी, सब्ज़ी इनका मनभाता भोजन है। इनके भोजन में पापड़

दही, अचार, मुरब्बे अवश्य होते हैं। भोजन में तेल,घी और शक्कर का प्रयोग अधिक होता है। बेसन की बनी 'मगज' और 'खामनी' यहाँ की प्रसिद्ध मिठाई है। परन्तु गाँव के लोग अधिकतर ज्वार-बाजरे आदि मोटे अनाज की रोटी खाते हैं।

दूसरे राज्यों की भाँति ये लोग भी होली, दिवाली, दशहरा, ईद आदि त्योहार मनाते हैं। राम और कृष्ण के जीवन से सम्बन्धित त्योहार तो यहाँ विशेष रूप से प्रचलित हैं। इनके लोकनृत्य तो बहुत ही सुन्दर होते हैं। सौराष्ट्र का 'दांडिया रास' प्रसिद्ध है। लेकिन सारे गुजरात में सबसे अधिक प्रसिद्ध नृत्य 'गरबा' है। इस नृत्य में स्त्रियाँ सिर पर गड़वे रखकर नाचती हैं। इन गड़वों में छोटे-छोटे छेद होते हैं और भीतर दिया जलता है। स्त्री और पुरुष नाचते समय अम्बा देवी का चित्र अथवा अन्न का पौधा रख लेते हैं और उसके ही चारों ओर दायरे में नाचते हैं।

अहमदाबाद इस राज्य का सबसे प्रसिद्ध नगर है। यही गुजरात की इस समय राजधानी है। नई राजधानी गांधीनगर साबरमती नदी के किनारे बनाई जा रही है। इस नगर के समीप ही आणन्द में 'अमुल' नाम की एक बहुत बड़ी सहकारी डेरी है। यहाँ दूध से बहुत-सी वस्तुएँ बनाई जाती हैं।

अहमदाबाद सूती कपड़े के लिए सारे देश में प्रसिद्ध है। यहाँ कपड़ा बनाने की कई मिलें हैं। इनमें लाखों मज़दूर काम करते हैं। अहमदाबाद के अलावा सूती कपड़ा बनाने की मिलें पोरबन्दर, राजकोट और सूरत में भी हैं। ऊनी कपड़े के लिए जामनगर प्रसिद्ध है। यहाँ पर चीनी मिट्टी के बर्तन बनाने के भी कारखाने हैं। मूंगफली यहाँ बहुत पैदा होती है। वनस्पति घी बनाने के भी कारखाने कई स्थानों पर हैं। बड़ौदा नगर में दवाई बनाने का बहुत बड़ा कारखाना है। क़ारखानों से

सोमनाथ मन्दिर

सम्बन्धित नगरों को गुजरात के मानचित्र में देखो।

अभी कुछ समय पहले ही इस राज्य में मिट्टी का तेल मिला है। इसे निकालने के लिए कुँए खोदे गए हैं। इसका केन्द्र अंकलेश्वर है।

कच्छ के रन के दक्षिणी भाग में काण्डला नाम का एक बड़ा बन्दरगाह बनाया जा रहा है। इसके बन जाने से व्यापार की सुविधा बढ़ गई है। काण्डला दिल्ली से बम्बई की अपेक्षा निकट है।

आज का गुजरात पुराने समय में गुर्जर-राष्ट्र कहलाता था। यहाँ पर हिन्दुओं के द्वारका और सोमनाथ के पवित्र मन्दिर हैं। जैनियों का पवित्र तीर्थ शत्रुंजय भी इसी राज्य में है। आज भी हज़ारों देशवासी इन तीर्थों की यात्रा करने जाते हैं।

हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी इसी राज्य के पोरबन्दर नगर में पैदा हुए थे।

अब बताओ

१. कच्छ के रन की भूमि कैसी है?
२. गुजरात राज्य की मुख्य उपज के नाम बताओ।
३. अहमदाबाद, बड़ौदा, आणन्द और अंकलेश्वर क्यों प्रसिद्ध हैं?
४. गिरनार के जंगल किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं?
५. नीचे कुछ लोकनृत्यों के नाम लिखे हैं। प्रत्येक के सामने लिखो वह किस राज्य का लोकनृत्य है:

गरवा ________

कथकली ________

बिहु ________

दांडिया रास ________

कुछ करने को

१. मानचित्र में देखकर गुजरात के बन्दरगाहों की सूची बनाओ।
२. अपने अध्यापक से सोमनाथ के विषय में जानकारी प्राप्त करो।

११. मध्य प्रदेश

ऊपर मानचित्र में देखो। पठार के उत्तरी भाग में मध्य प्रदेश राज्य है। यह लम्बाई-चौड़ाई में हमारे देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसके उत्तर में उत्तर प्रदेश, दक्षिण में महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश, पूर्व में बिहार और उड़ीसा, पश्चिम में राजस्थान तथा गुजरात राज्य हैं। तुम देखोगे कि इस राज्य की सीमाएँ हमारे देश के अन्य सात राज्यों को छूती हैं।

इस राज्य में धरातल सब जगह एक-जैसा नहीं है। कहीं भूमि समतल है, कहीं पहाड़ी। इसके उत्तर-पश्चिम में मालवा का पठार है। इसकी बनावट और नदियों के बारे में तुम पढ़ चुके हो। इस भाग की नदियों ने अपने तेज़ बहाव से पठार की चट्टानों को काट दिया है जिसके कारण बड़े-बड़े खड्ड बन गए हैं। यह खड्ड बहुत गहरे हैं। इनमें मनुष्य का आना-जाना बहुत कठिन है। यह भूमि खेती के लिए

बीड़ी बनाते हुए

अच्छी नहीं है। बाकी भूमि उपजाऊ है और वहाँ गेहूँ, कपास, तिलहन, ज्वार और बाजरा पैदा किया जाता है।

राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग की भूमि पथरीली है। यहाँ खेती कम होती है परन्तु यहाँ पर कई प्रकार के खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। इनमें कोयला, लोहा तथा मैंगनीज़ मुख्य हैं।

मध्य प्रदेश के दक्षिणी भाग में दो पहाड़ियों की श्रेणियाँ हैं। ये पश्चिम से पूर्व की ओर फैली हुई हैं। इनके बारे में तुम अपने पिछले पाठों में पढ़ चुके हो। दोनो श्रेणियों के बीच नर्मदा की सकरी घाटी है। इसे नर्मदा नदी ने उपजाऊ बना दिया है। दक्षिण-पूर्वी भाग में 'छत्तीसगढ़' का मैदान है। इस मैदान को महानदी ने उपजाऊ बना दिया है। यह चावल की खेती के लिए प्रसिद्ध है। मानचित्र में देखो इस नदी का बहाव किस ओर है।

मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में भी गंगा के मैदान की भाँति गरमी के दिनों में गरमी और सर्दी के मौसम में ठण्ड पड़ती है। परन्तु दक्षिणी भाग में सर्दी बहुत कम पड़ती है। वर्षा भी यहाँ एक-जैसी नहीं है।

इस राज्य का लगभग एक-तिहाई भाग जंगलों से ढका है। पश्चिमी भाग में जंगल घने नहीं हैं, परन्तु पूर्व की ओर ये बहुत घने होते जाते हैं। इनमें साल, सागोन, हड़, बहेड़ा, आँवला के पेड़ और बाँस मिलते हैं। इनकी लकड़ी हमारे बहुत काम आती है। जंगलों में पाए ज़ानेवाले 'तेंदू' नाम के पेड़ के पत्तों से लोग बीड़ी बनाते हैं। इसी प्रकार 'खैर' की लकड़ी से पान में खानेवाला कत्था बनाते हैं।

मैदानी भाग में अधिकतर खेती होती है। नर्मदा की घाटी और पूर्वी भाग में चावल और पश्चिमी भाग में लोग ज्वार, गेहूँ, मक्का, गन्ना, मूंगफली और कपास की खेती करते हैं। इस भाग में वर्षा कम होती है। इसलिए सिंचाई की ज़रूरत पड़ती है। तुम पढ़ चुके हो कि इस भाग की नदियाँ अधिकतर बरसाती हैं। इनमें बरसात के दिनों में पानी बहुत होता है। सिंचाई के लिए इस पानी को बाँध बनाकर रोका जाता है। चम्बल नदी पर एक बड़ा बाँध बनाया गया है। इससे केवल सिंचाई के लिये पानी ही नहीं मिलता, बल्कि बिजली भी बनाई जाती है।

मैदानी भाग में रहनेवाले लोग ईंट, पत्थर, चूने और सीमेंट के पक्के मकान बनाते हैं। मकान की छत पर जाने के लिए सीढ़ियाँ होती हैं। जानते हो क्यों? ये लोग भी तुम्हारी तरह गरमी के दिनों में छत पर सोते हैं और सर्दी के दिनों में धूप

का लाभ उठाते हैं। पठारी भाग में रहने वाले अपने मकानों की दीवारें मिट्टी अथवा पत्थर की बनाते हैं और इनकी ढलवाँ छत खपरैल की होती है।

यहाँ के पुरुष धोती और पूरी बाँह की कमीज़ पहनते हैं। गाँव में स्त्रियाँ घाघरा और रंग-बिरंगे लुगड़े पहनती हैं, परन्तु शहरों में स्त्रियाँ दूसरे स्थानों की तरह साड़ी पहनती हैं।

इस राज्य में रहनेवाले हिन्दी बोलते हैं। इन लोगों का भोजन भी तुम्हारे जैसे दाल, रोटी, चावल और सब्ज़ी है। ये लोग भी तुम्हारी तरह होली, दिवाली, दशहरा, ईद आदि त्योहार मनाते हैं। इन्हें नाच-गाने का भी शौक है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में आदिवासी लोग रहते हैं। ये शरीर से मज़बूत, निडर और अच्छे शिकारी होते हैं। अधिकतर तीर-कमान से शिकार करते हैं। छोटी-सी झोंपड़ी में रहते हैं और बहुत ही कम कपड़े पहनते हैं। ये लकड़ी काटकर अथवा मज़दूरी करके अपना पेट भरते हैं। इन लोगों का भोजन सादा है। ये ज्वार-बाजरे की मोटी रोटी खाते हैं। नाच-गाने का भी बहुत शौक है। ये अक्सर अपने सिर पर पशुओं के सींग आदि बाँधकर दायरे में नाचते हैं। देखने में इनका नाच बहुत ही सुन्दर लगता है। हमारी सरकार आदिवासियों के रहन-सहन को सुधारने के लिए कई प्रकार के काम कर रही है।

मानचित्र में भोपाल नगर देखो। यह एक बड़े तालाब के किनारे बसा है। यह मध्य प्रदेश की राजधानी है। यहाँ सचिवालय की बड़ी शानदार इमारत बनी है। इस नगर के समीप बिजली के सामान बनाने का एक बहुत बड़ा कारखाना है। इसका नाम 'हैवी इलेक्ट्रिकल्स' है।

मानचित्र में उज्जैन और इन्दौर नगर देखो। उज्जैन भोपाल के पश्चिम में

ग्वालियर का किला

और इन्दौर दक्षिण-पश्चिम में है। उज्जैन पुराने समय में 'उज्जयिनी' कहलाता था। कहते हैं चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के दरबार में नौ रत्न थे। उनमें से एक थे कालिदास। वे इसी नगर में रहते थे। उज्जैन अब भी हिन्दुओं का एक प्रसिद्ध तीर्थ है। यहाँ महाकालेश्वर का पुराना मन्दिर है। उज्जैन और इन्दौर में सूती कपड़ा बनाने के कई कारखाने हैं। इनमें हज़ारों लोग काम करते हैं। मध्य प्रदेश के नेपानगर में कागज़ बनाने का एक बड़ा कारखाना है।

भोपाल के उत्तर में ग्वालियर नगर है। इसे भी मानचित्र में देखो। यह एक पुराना नगर है। यहाँ का किला तथा रानी झाँसी की समाधि देखने योग्य हैं। अब यह एक बड़ा औद्योगिक नगर बन गया है। यहाँ पर सूती और नकली रेशम का कपड़ा बनाने के कई कारखाने हैं। इनके अलावा चीनी मिट्टी के बर्तन और बिस्कुट बनाने के भी कई कारखाने हैं। चन्देरी की साड़ियों के बारे में तुमने सुना होगा। ये साड़ियाँ चन्देरी नगर में हाथ-करघे से बनाई जाती हैं।

मध्य प्रदेश में बालाघाट के आस-पास खनिज प्रदेश है। भिलाई में प्रसिद्ध

सांची का स्तूप

इस्पात का कारखाना है। इस कारखाने में लोहा बड़ी-बड़ी मशीनों और भट्टियों से पिघलाया जाता है। इसमें काम में आनेवाला कच्चा लोहा और कोयला राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग से आता है। इसी भाग में पन्ना नाम के स्थान पर हीरे की खानें हैं। कई और खनिज पदार्थ भी इस क्षेत्र में मिलते हैं। इनके बारे में तुम अपने खनिज पदार्थ के पाठ में पढ़ोगे।

इस राज्य में प्राचीन समय के कई प्रसिद्ध स्थान हैं। साँची के स्तूप और खजुराहो के मन्दिर और विदिशा की गुफाओं का नाम प्रसिद्ध है। आज भी इन स्मारकों को देखकर लोग चकित हो जाते हैं।

अब बताओ

१. मध्य प्रदेश राज्य की सीमाओं को छूनेवाले कौन-कौन से राज्य हैं ?
२. मध्य प्रदेश की मुख्य-मुख्य उपज के नाम बताओ।
३. यहाँ कौन-कौन से खनिज पदार्थ पाए जाते हैं ?
४. इस राज्य के चार प्रसिद्ध उद्योगों के नाम लिखो।
५. मध्य प्रदेश के सम्बन्ध में कुछ बातें नीचे लिखी गई हैं जो इसके लिए सही हैं उन पर (✓) निशान लगाओ :

( ) मध्य प्रदेश की भूमि अधिकतर समतल है।
( ) यहाँ की नदियों का बहाव तेज़ है।
( ) मध्य प्रदेश में चीड़ और देवदार के वन मिलते हैं।
( ) मध्य प्रदेश खनिज पदार्थों के लिए प्रसिद्ध है।
( ) इस राज्य की अधिकांश भूमि वनों से ढकी है।

कुछ करने को

१. मध्य प्रदेश के मानचित्र में दिखाओ :
   (क) प्रदेश की सीमाएँ
   (ख) प्रदेश की प्रमुख नदियाँ
   (ग) ग्वालियर, इन्दौर, उज्जैन, नेपानगर, भोपाल, भिलाई, जबलपुर और पचमढ़ी।
२. अपने अध्यापक की सहायता से मध्य प्रदेश के मुख्य ऐतिहासिक स्मारकों के विषय में जानकारी प्राप्त करो और उनके चित्र इकट्ठे करो।

सिक्किम
भूटान
अ र ब
सा ग र
बं गा ल
की
खा ड़ी
हि न्द म हा सा ग र

भारत को प्रकृति की देन

भारत एक बड़ा देश है। इसमें कई प्रकार की उपजाऊ मिट्टी है। इस मिट्टी में गेहूँ, चावल, कपास, पटसन, गन्ना, दालें, फल, सब्ज़ियाँ आदि तरह-तरह की वस्तुएँ पैदा होती हैं। देश के विभिन्न वनों में कई प्रकार की लकड़ी, पशुओं का चारा, जड़ी बूटियाँ आदि उपयोगी चीज़ें मिलती हैं। नदियों का जाल सारे देश में बिछा है। इनसे खेतों की सिंचाई के लिए पानी और घरों तथा कारखानों के लिए बिजली प्राप्त हो सकती है। इतना ही नहीं, भूमि की तहों में नीचे लोहा, कोयला, मैंगनीज़ आदि उपयोगी खनिज दबे हैं।

उपजाऊ मिट्टी, वन, नदियाँ, खनिज पदार्थ आदि सब हमारे देश की प्राकृतिक सम्पत्ति हैं। प्रकृति की दी हुई यह सम्पत्ति देश में काफी है। हमारे पास लगभग वे सभी साधन हैं जो देश को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक हैं। प्राकृतिक सम्पत्ति का पूरा उपयोग करने पर देश के लोगों का जीवन अच्छा और सुखी हो सकता है। इस खण्ड के अगले पाठों में तुम देश में पाई जानेवाली इस प्राकृतिक सम्पत्ति के बारे में पढ़ोगे। तुम यह भी जानोगे कि इस सम्पत्ति का हम किस तरह से उपयोग कर रहे हैं।

१२. हमारी खेती की मिट्टी

मिट्टी प्रकृति की देन है। वृक्ष और घास मिट्टी में ही उगते हैं। मिट्टी के बिना खेती नहीं हो सकती। जरा सोचो, खेती नहीं हो तो हमारे खाने के लिए अनाज कैसे पैदा हो? हमारे कपड़ों के लिए कपास कहाँ से आए? पशुओं को चारा कहाँ से मिले? चीनी के कारखानों को गन्ना कैसे प्राप्त हो? मिट्टी मनुष्य के लिए बहुत ही जरुरी है।

तुमने कुआँ खुदते हुए देखा होगा। भूमि में अक्सर भिन्न-भिन्न मिट्टी की परतें होती हैं। ऊपर नरम मिट्टी मिलेगी, फिर कंकड़ और उसके नीचे पत्थर। ऊपर की नरम मिट्टी की परत में ही खेती की जाती है। हमारे देश में यह मिट्टी कई प्रकार की है। विभिन्न स्थानों में मिट्टी की बनावट और रंग में अन्तर है। कहीं मिट्टी गहरे भूरे रंग की है, और कहीं हल्के पीले रंग की। दक्षिण के पठार में मिट्टी कहीं काली है और कहीं लाल।

रंग के अलावा मिट्टी की बनावट भी भिन्न-भिन्न है। कुछ के कण मोटे और कुछ के महीन होते हैं।

'पथरीली' मिट्टी में बजरी का भाग ज्यादा होता है। यह अधिक उपजाऊ नहीं होती। इस में पौधों की जड़ें ठीक तरह जम नहीं पातीं। दूसरी तरह की मिट्टी 'भूड़' कहलाती है। यह मोटी तथा बारीक रेत से बनती है। इसमें मामूली-सा अंश चिकनी मिट्टी का भी होता है। यह पानी को शीघ्र सोख लेती है। यह मिट्टी हल्की मानी जाती है। यह मिट्टी कम उपजाऊ होती है। परन्तु ठीक तरह की खाद और सिंचाई से हम इसे अधिक उपजाऊ बना सकते हैं।

तीसरी प्रकार की मिट्टी 'दोमट' है। दोमट मिट्टी में रेत और चिकनी मिट्टी दोनों ही मिले होते हैं। इसलिए यह खेती के लिए अच्छी है। चौथे प्रकार की मिट्टी 'मटियार' में चिकनी मिट्टी का भाग अधिक होता है। यह पानी को काफी समय तक रोक सकती है। यदि मिट्टी बहुत चिकनी हो तो खेती के काम की नहीं। क्या तुम जानते हो कि कुम्हार किस मिट्टी से बर्तन बनाता है? ईंट बनाने के लिए कैसी

मिट्टी का प्रयोग होता है ? 'रेतीली' मिट्टी भी खेतो के काम की नहीं होती। इसका प्रयोग तुमने नए बनते पक्के मकान में देखा होगा।

हमारे देश में और देशों की तरह भिन्न-भिन्न प्रकार की मिट्टी पाई जाती है। तुम पढ़ चुके हो कि उत्तर का उपजाऊ मैदान नदियों द्वारा लाई हुई मिट्टी से बना है। यहाँ की सूखी और भुरभुरी मिट्टी खेती के लिए अच्छी है। नहरों द्वारा सिंचाई करके गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा और मक्का की खेती की जाती है। गंगा के डेल्टे और पूर्वी समुद्रतटीय मैदान में नदियों के डेल्टे की भूमि चिकनी है। यहाँ मिट्टी के कण बारीक हैं। इस क्षेत्र की उपज गन्ना, पटसन, और चावल हैं। दक्षिण में नर्मदा, ताप्ती, गोदावरी और कृष्णा नदी की घाटियों, काठियावाड़ तथा मध्य प्रदेश के कुछ भागों और बम्बई के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में काली चिकनी मिट्टी मिलती हैं। इस क्षेत्र की मुख्य उपज कपास और ज्वार है। पहाड़ों की तलहटी में पथरीली मिट्टी मिलती है। रेतीली मिट्टी राजस्थान तथा मरुस्थल में पाई जाती है।

मिट्टी के अलावा जलवायु और पानी पर भी पैदावार निर्भर होती है। हमारे देश में मिट्टी और जलवायु की विभिन्नता के कारण बहुत प्रकार के अनाज, फल और सब्जियाँ पैदा होते हैं। तुम्हारे राज्य में कौन-कौनसे अनाज, फल और सब्जियाँ पैदा होते हैं ?

तुम जानते हो कि हमारा देश कितना विशाल है ? लेकिन देश की कुल भूमि के केवल आधे से कुछ कम भाग में ही खेती की जाती है। शेष भाग अभी खेती करने के योग्य नहीं है।

अपने देश के अधिक लोग खेतों में ही काम करते हैं। खेती करना ही उनका पेशा है। तुम अपने किसान को तो पहचानते ही हो।

यदि देश के दस भारतवासियों को एक पंक्ति में खड़ा करें तो तुम देखोगे कि इनमें से सात तो हमारे किसान हैं।

इतनी भूमि पर खेती की जाती है, इतने अधिक लोग खेतों में काम करते हैं फिर भी हमारे देश में अनाज की कमी है। तुमने सुना होगा हम अमरीका तथा अन्य दूसरे देशों से गेहूँ, चावल आदि मंगाते हैं।

आजकल हम भी अपने खेतों की पैदावार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। खेती

खाद बनाने का कारखाना
सिन्दरी

के तरीकों में सुधार हो रहा है। इसके बारे में तुम आगे पढ़ोगे। जो खाली जमीन खेती के काम आ सकती है उसमें भी खेती करने की कोशिश हो रही है। लेकिन देश की कुल भूमि को तो बढ़ाया नहीं जा सकता। इसलिए भूमि की उपजशक्ति की रक्षा करना तथा उसको बढ़ाना आवश्यक है।

कई बार लगातार एक ही फसल उगाते रहने से उस फसल के लिए मिट्टी की उपजशक्ति कम हो जाती है। किसान खाद के प्रयोग से इस कमी को पूरा करते हैं। आमतौर पर गोबर, पत्तों आदि की खाद डाली जाती है। अब ऐसे खाद का भी प्रयोग होने लगा है जो कारखानों में तैयार किया जाता है। इसके प्रयोग से मिट्टी की उपज बढ़ जाती है। हमारे देश में खाद बनाने के कई कारखाने खोले गए हैं। तुमने सिन्दरी, नंगल, और गोरखपुर के खाद के कारखानों के बारे में सुना होगा। अपने शहर या गाँव के पास खेतों में जाकर

भारत
उपज

भूटान
बंगाल की खाड़ी
श्री लंका
हिन्द महासागर

गेहूं | गन्ना
चावल | पटसन
बाजरा | कपास
ज्वार | चाय
मक्का | नारियल

किसान से मालूम करो कि वह मिट्टी की उपजशक्ति को बढाने के क्या उपाय करता है।

जब काफी देर तक ज़ोर से बारिश होती है तो खेतों के ऊपर की मिट्टी पानी के साथ बह जाती है। ढलानों पर मिट्टी का बहाव अधिक होता है। ज़ोर की आँधी भी मिट्टी को अपने स्थान से उड़ा कर ले जाती है। हवा या पानी द्वारा मिट्टी की इस हानि को 'मिट्टी का कटाव' कहते हैं। मिट्टी के कटाव से भूमि की उपजशक्ति कम हो जाती है। बहुत अधिक मिट्टी का कटाव हो जाने से भूमि खेती के काम की नहीं रह जाती। इस कटाव के कारण हमारे देश की भूमि का एक बड़ा भाग खेती के काम में नहीं लाया जा रहा। इस भाग में ५०० से भी अधिक दिल्ली क्षेत्र निकल सकते हैं।

कटाव से मिट्टी की रक्षा करना आवश्यक है। तुमने देखा होगा जहाँ घास या पेड़-पौधे लगे रहते हैं, उस स्थान की मिट्टी हवा या पानी से नहीं बहती। घास और पौधों की जड़ें मिट्टी को बाँधती हैं और अपने स्थान से हटने नहीं देतीं। मुँडेरें भी पानी के बहाव की गति को कम कर देती हैं। खेत के चारों ओर ऊँची मुँडेर बनाकर भी मिट्टी के कटाव को रोका जा सकता है।

अब बताओ

१. खेती की मिट्टी हमारे लिए बहुत जरूरी क्यों है?
२. किस प्रकार की मिट्टी उपजाऊ होती है?
३. मिट्टी की उपजशक्ति को कैसे बढ़ाया जा सकता है?
४. यदि मिट्टी के कटाव को रोका न जाए तो क्या हानि होगी?
५. मिट्टी के कटाव को कैसे रोका जा सकता है?

कुछ करने को

१. अपने गाँव के किसानों से पूछो :
   (क) वह किस प्रकार की खाद का प्रयोग करते हैं।
   (ख) वह मिट्टी के कटाव को रोकने के क्या उपाय करते हैं।
२. मानचित्र में देखो भारत के विभिन्न भागों में क्या पैदा होता है। उपज की सूची बनाओ।

१३. हमारे वन

ज़रा सोचो। यदि पेड़ न हों तो क्या हो? तुम कहोगे कि आम, अमरूद, बेर, केला, सेब जैसे फल खाने को नहीं मिलेंगे। पर पेड़ों से केवल फल ही तो नहीं मिलते। अपने विद्यालय में देखो। दरवाज़े, खिड़की, अलमारी, बोर्ड, कुर्सी, मेज़ सभी पेड़ों की लकड़ी से ही बने हैं। तुम्हारे लिखने की तख्ती, कलम और स्लेट की चौखट भी पेड़ की लकड़ी से बनी है। लकड़ी के बिना तुम्हें खेलने के लिए गुल्ली-डंडा और बल्ला कैसे मिलते?

यह लकड़ी हमें देश के वनों से मिलती है। देश की कुल भूमि का लगभग पाँचवाँ भाग वनों से ढका है। यह वन किसी एक जगह पर नहीं पाए जाते। देश के भिन्न-भिन्न भागों में वर्षा, जलवायु और मिट्टी भी भिन्न है। इसलिए वन भी कई प्रकार के हैं। असम की पहाड़ियों और पश्चिमी घाट में बहुत अधिक वर्षा होती है और गर्मी भी काफी पड़ती है। इसलिए यहाँ के कुछ भागों में बहुत घने वन पाए जाते हैं। यहाँ के पेड़ सदा हरे रहते हैं इसलिए इन्हें सदाबहार वन कहते हैं। पेड़ों की ऊँचाई ५० या ६० मीटर तक चली जाती है। इन वनों में पाए जानेवाले मुख्य वृक्ष मेहगिनी, आबनूस, रोज़वुड, बेंत और ऊँचे बाँस हैं। बहुत घने होने के कारण इन वनों के अन्दर प्रवेश करना कठिन है।

देश में कई जगह ऐसे वन हैं जिनके पत्ते गर्मी के आरम्भ में झड़ जाते हैं और वर्षा होने पर फिर आ जाते हैं। इसलिए इन वनों को मानसून-वन कहते हैं। ये उत्तर प्रदेश के तराई भाग, बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और पूर्वी घाट तथा पश्चिमी घाट के कुछ भागों में पाए जाते हैं। ये वन बहुत घने नहीं हैं। इन वनों से हमें सागौन, शीशम, साल आदि की मुख्य इमारती लकड़ी प्राप्त होती है। यदि तुम किसी इमारती लकड़ी की दुकान पर देखो तो तुम्हें इन्हीं वृक्षों की लकड़ी के शहतीर दिखाई देंगे। इन के अलावा खैर, हर्र, बहेड़ा, नीम, आँवला, महुआ आदि के भी वृक्ष इन वनों में मिलते हैं। मैसूर के पठार पर चन्दन के वृक्ष भी पाए जाते हैं।

कम वर्षावाले भागों में कम और छितरे वन पाए जाते हैं। पूर्वी राजस्थान और दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ ऐसे वन हैं। यहाँ पेड़ छोटे-छोटे हैं। आमतौर पर काँटेदार वृक्ष और झाड़ियाँ हैं। इनकी जड़ें लम्बी होती हैं और भूमि के नीचे से पानी चूसती हैं। बबूल यहाँ का मुख्य वृक्ष है।

हिमालय पर्वत के अधिक ऊँचे भागों की ढलान पर देवदार, चीड़ और दयार के पेड़ पाए जाते हैं। दक्षिण में नीलगिरि पर्वत पर रबर के वृक्ष हैं।

गंगा नदी के मुहाने पर भी वन हैं। इन्हें 'सुन्दरवन' कहते हैं। यहाँ का मुख्य वृक्ष सुन्दरी है।

वनों से हमें केवल लकड़ी ही नहीं और भी कई पदार्थ मिलते हैं जिनसे हम बहुत-सी चीज़ें बना सकते हैं। वनों में कितनी ही जड़ी-बूटियाँ मिलती हैं जिनसे दवाइयाँ बनती हैं।

क्या तुम जानते हो कागज़ भी बाँस की लकड़ी और घास से बनाया जाता है? बाँस की लाठी तो घर-घर में पाई जाती है। तुमने लाख के बने खिलौने, चूड़ी आदि देखे होंगे। किवाड़ों की वारनिश में जो चपड़ा मिलाया जाता है, वह लाख अथवा चपड़ा हमें छोटानागपुर के पठार तथा पूर्वी मध्य प्रदेश के वनों से प्राप्त होता है।

खैर के पेड़ की लकड़ी से कत्था प्राप्त होता है। बीड़ी मध्य प्रदेश के वनों में पाए जानेवाले तेंदू वृक्ष के पत्तों से बनती है।

ये तो तुम पढ़ ही चुके हो कि वन मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वृक्ष मैदानी भाग में हवा के वेग को रोक लेते हैं और पहाड़ी भागों में बारिश के पानी के प्रवाह की तेज़ी को कम कर देते हैं।

वन मरुस्थल को फैलने से भी रोकते हैं। आँधियाँ मरुस्थल की रेत को उड़ाकर

वनों के सहारे प्राप्त वस्तुएँ

पास के उपजाऊ मैदानों पर बिछा देती हैं। यदि मरुस्थल के किनारे सब ओर वन लगा दिए जाएँ तो मरुस्थल आगे नहीं बढ़ पाता और भूमि उपजाऊ बनी रहती है। इसलिए हमारी सरकार मरुस्थल के किनारे वन लगा रही है। भारतवर्ष के मानचित्र में देखो कौन-कौनसे राज्यों में मरुस्थल के बढ़ आने का खतरा है। क्या तुम्हारे दिल्ली क्षेत्र को भी इसका खतरा है?

तुमने देखा वन हमारे कितने काम के हैं। इसीलिए हम इन्हें देश की सम्पत्ति या देश का धन कहते हैं। लेकिन हमारे वन देश के सब लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काफी नहीं हैं। हमें और वन लगाने की आवश्यकता है। इसीलिए आजकल हमारी सरकार नए वन लगा रही है। जितने वन हमारे पास हैं उनको यदि हम काट काटकर प्रयोग करते रहेंगे तो क्या होगा? कुछ समय के बाद सब वन नष्ट हो जाएँगे। इसलिए ज़रुरी है कि जिन जँगलों में से हम वृक्ष काटें वहाँ साथ ही साथ नए वृक्ष भी लगाते जाएँ।

हमारे देश में जलाने की लकड़ी की कमी है। गाँव में अधिक लोग गोबर के उपले जलाते हैं। गोबर की खाद से खेतों की उपज बढ़ाई जा सकती है। बताओ दोनों में से गोबर का कौनसा उपयोग उचित है। आजकल कहीं-कहीं गाँव के सब लोगों ने मिलकर गाँव के पास कुछ भूमि में पेड़ लगाए हैं। इन पेड़ों से वे जलाने और हल आदि बनाने के लिए लकड़ी प्राप्त करते हैं। इस तरह के पेड़ सभी गाँवों में लगाने चाहिए। 'वन-महोत्सव' के दिन हर शहर और गाँव में नए पौधे लगाए जाते हैं।

अब बताओ

१. वनों से प्राप्त मुख्य लकड़ियों के नाम लिखो।

२. वनों की लकड़ी किस-किस काम आती है? सूची बनाओ।

३. लकड़ी के अतिरिक्त वनों से हमें और क्या-क्या वस्तुएँ प्राप्त होती हैं?

४. खेती को वनो से क्या लाभ होता है?

५. नीचे कुछ उद्योगों अथवा कारखानों के नाम लिखे हैं। इनमें से वनों के सहारे चलनेवाले उद्योगों के सामने (√) निशान लगाओ:

रेल के डिब्बे बनाने का कारखाना

सूती कपड़े का कारखाना

कागज़ का कारखाना

रबर के जूते बनाने का कारखाना

दियासलाई का कारखाना

चीनी का कारखाना

खेल का सामान

६. भारतवर्ष में भोजन की कमी को दूर करने के लिए नीचे कुछ उपाय सुझाए गए हैं। सही उपायों के सामने (√) निशान लगाओ।

( ) ट्रैक्टर द्वारा खेती करनी चाहिए।

( ) खेतों में खाद डालनी चाहिए।

( ) सारे वन काटकर अधिक भूमि पर खेती करनी चाहिए।

( ) अच्छे बीजों का प्रयोग करना चाहिए।

कुछ करने को

१. वनमहोत्सव के समय अपने विद्यालय तथा घर के आस-पास पेड़ लगाओ। चित्र में बच्चे पेड़ों की देख-रेख कर रहे हैं। इसी प्रकार तुम भी अपने लगाए पेड़ों की देख-रेख करो।

२. पृष्ठ ८२ पर दिये गये चार्ट को देखकर—वनों के सहारे प्राप्त होने वाली वस्तुओं की सूची बनाओ।

१४. हमारे खनिज

भूमि को यदि धन की खान कहा जाए तो गलत न होगा। एक ओर भूमि पर अनाज के खेत, पशुओं के चरागाह, हरे-भरे वन, पानी से भरी नदियाँ हैं, तो दूसरी ओर इसके अन्दर सोना, चाँदी, लोहा, कोयला आदि बहुत-से पदार्थ दबे मिलते हैं। इन्हें हम खनिज-पदार्थ कहते हैं। इन खनिज-पदार्थों की देश को बड़ी आवश्यकता होती है। इन्हीं से हमारे उद्योग-धंधे चलते हैं। हमारे देश में तरह-तरह के खनिज-पदार्थ पाए जाते हैं।

कोयला : पत्थर का कोयला बहुत काम की वस्तु है। तुमने शायद अपने घरों में इसे जलते देखा होगा। हमारी रेल गाड़ियाँ कोयले के द्वारा बनी भाप से चलती हैं। लोहा, खाद, तारकोल, रंग तथा दवा बनाने में भी कोयला काम में लाया जाता है। क्या तुम जानते हो कि कोयला और हीरा एक ही पदार्थ के दो रूप हैं? हीरा बहुत कीमती माना जाता है, किन्तु हमारे आजकल के जीवन में कोयला हीरे से भी अधिक उपयोगी है।

अब तुम्हें एक और अजीब बात सुनाएँ। तुम तो जानते ही हो कि कपड़ा कपास

कोयले की खान

से बनता है। अब कोयले का भी कपड़ा बनाने में प्रयोग होने लगा है। यह कपड़ा रेशमी कपड़ों की तरह साफ और मुलायम होता है। इसे कहते हैं 'नाइलोन'। यह शहर के बाज़ारों में बहुत मिलता है।

कोयले के भाण्डार भूमि के नीचे दबे मिलते हैं। गहरा खोदकर कोयला निकाला जाता है। जहाँ से कोयला खोदकर निकाला जाता है उसे कोयले की खान कहते हैं। हज़ारों आदमी कोयले की खानों में काम करते हैं। कहीं-कहीं कोयले की खुदाई मशीनों द्वारा होती है। खानों में कोयले की ढुलाई के लिए छोटी-छोटी पट्टियाँ बिछी होती हैं जिन पर आदमी चौपहियों में कोयला भर कर खान के लिफ्ट तक दौड़ाते हुए ले जाते हैं। तुम सोचते होगे कि खान में हवा और रोशनी कहाँ से आती होगी। अच्छी खानों में बिजली की रोशनी होती है और खान को एक-दो ऐसे स्थानों पर खोल देते हैं जहाँ से ताज़ी हवा आती रहती है।

हमारे देश के बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, और आन्ध्र प्रदेश में कोयले की प्रमुख खानें हैं। इसके अलावा असम, मद्रास के समुद्रतट, जम्मू-कश्मीर तथा राजस्थान में भी कहीं-कहीं कोयला मिलता है। लेकिन सभी जगह का कोयला एक-सा नहीं है। कहीं-कहीं घटिया कोयला भी पाया जाता है। घटिया कोयला धुआँ अधिक देता है और गरमी कम।

लोहा : आजकल लोहे का युग है। तुम देखते ही हो कि रेल की पटरी, रेल के इंजन, मोटर, नदी के पुल जैसी बड़ी, और चाकू या कैंची जैसी छोटी चीज़ें लोहे से बनती हैं। मकान की छत बनाने में भी लोहे के शहतीर काम में लाए जाते हैं। छोटी-बड़ी सभी मशीनें और उनके पुर्ज़े लोहे से बनते हैं। तुम जिधर नज़र डालोगे उधर तुम्हें कुछ न कुछ लोहे से बनी चीजें दिखाई दे जाएंगी। चित्र में लोहे से बनी छोटी-बड़ी चीज़ें देखो।

हमारी लोहे की खानों में बहुत लोहा निकलता है। लोहे की किस्म भी अच्छी है। बंगाल, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में लोहे की खानें हैं। लेकिन देश का अधिक लोहा बिहार और उड़ीसा से ही प्राप्त होता है।

खानों से कच्चा लोहा निकाला जाता है। कच्चा लोहा आमतौर से खानों में मिट्टी और पत्थरों से मिला रहता है। कच्चे रूप में इसका प्रयोग नहीं किया जाता। इसे पिंघला कर साफ किया जाता है। पिघलाने के लिए कोयले की ज़रूरत पड़ती है। फिर अन्य खनिज पदार्थ जैसे मैंगनीज़ आदि को मिलाकर बड़ी-बड़ी भट्टियों में डालकर इसका इस्पात बनाया जाता है। इस्पात लोहे से अधिक मज़बूत होता है। हमारे देश के इस्पात के बड़े कारखाने बिहार में जमशेदपुर, उड़ीसा में राउरकेला,

बंगाल में दुर्गापुर तथा बर्नपुर, मध्यप्रदेश में भिलाई और मैसूर में भद्रावती के स्थान पर हैं। इन स्थानों के पास ही लोहा और कोयला, दोनों मिलते हैं।

मैंगनीज़ : यह हमारे बहुत काम का खनिज पदार्थ है। यह केवल इस्पात बनाने के काम में ही नहीं आता बल्कि इसका पाउडर किसी भी चीज़ का रंग हटाकर उसे सफ़ेद बना सकता है। कीटाणु नष्ट करने की दवाइयाँ और शीशे रंगने का रंग तैयार करने के लिए भी मैंगनीज़ का प्रयोग किया जाता है।

हमारा देश संसार के तीन प्रमुख मैंगनीज़ पाए जानेवाले देशों में से एक है। इसकी प्रमुख खानें मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और मैसूर राज्यों में हैं। हम बहुत-सा मैंगनीज़ बाहर के देशों को भेजते हैं।

अभ्रक : ललारी की दुकान पर रंगी हुई पगड़ी या चुन्नी देखो। इस पर चमकती हुई वस्तु क्या है? इसे अभ्रक कहते हैं। अभ्रक भी खनिज पदार्थ है। इसका सबसे महत्वपूर्ण उपयोग बिजली के सामान बनाने में होता है। इसके प्रयोग से हमें बिजली का धक्का नहीं लगता। पंखा, रेडियो, लैम्प, हीटर आदि सभी बिजली के सामान में अभ्रक का प्रयोग होता है। कहीं-कहीं शीशे के स्थान पर भी अभ्रक का प्रयोग हो सकता है।

हमारे देश में अभ्रक बहुत पाया जाता है। अभ्रक की कई किस्में होती हैं। श्वेत अभ्रक सबसे अच्छा माना जाता है। यह अभ्रक संसार में सबसे अधिक हमारे देश में ही पाया जाता है। अभ्रक की खानें बिहार, आंध्र प्रदेश, और राजस्थान में हैं।

पैट्रोलियम : बस में बैठकर थोड़े ही समय में तुम एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जाते हो। हवाई जहाज़ तो एक मिनट में कई किलोमीटर की दूरी पार कर लेता है। यह जिस ईंधन से चलते हैं, उसे पैट्रोल कहते हैं। यह पैट्रोलियम से बनता है। पैट्रोलियम भूमि के नीचे मिलता है। वहाँ से गहरे कुँए खोदकर निकाला जाता है। आज के युग में यह खनिज बहुत ज़रूरी है। इसके बिना मोटर, जीप, ट्रक, हवाई जहाज़ न चल सकेंगे। यदि ये न रहे तो जीवन कितना धीमा हो जाएगा? पैट्रोलियम आजकल इतना अधिक ज़रूरी है कि जिन देशों में यह नहीं पाया जाता वे इसको दूसरे देशों से खरीदते हैं।

हमारे देश में यह आवश्यक खनिज पाया तो जाता है, लेकिन बहुत कम। इस समय तेल के कुएँ असम और गुजरात में हैं। खोज के बाद जम्मू-कश्मीर, पंजाब उत्तर प्रदेश, मद्रास आदि स्थानों में भी तेल मिलने की आशा है। वर्तमान हमारे देश, के तेल के कुओं से प्राप्त होनेवाला तेल हमारी सब आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाता। इसलिए हम तेल दूसरे देशों से भी मंगाते हैं।

कुओं से निकले तेल को साफ करना पड़ता है। साफ करने के लिए हमारे यहाँ कई कारखाने हैं। इनमें पैट्रोलियम को साफ करके मिट्टी का तेल, पैट्रोल, डीज़ल, वेसलीन, आग जलाने की गैस, मोम आदि तैयार किए जाते हैं।

बाक्साइट : अल्मीनियम के बर्तन तो तुमने घरों में देखे होंगे। अल्मीनियम बहुत काम की वस्तु है। हवाई जहाज़ बनाने में इसका प्रयोग होता है।

तेल क्षेत्र का एक दृश्य

भारत
खनिज
भूटान
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
हिन्द महासागर
तेल
कोयला
लोहा
अभ्रक
मैंगनीज
बाक्साइट

अल्मीनियम बाक्साइट खनिज से प्राप्त होता है। बाक्साइट मध्य प्रदेश, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, मद्रास, मैसूर, महाराष्ट्र और गुजरात में मिलता है।

खेती की एक फसल कट जाने पर दूसरी बोई जाती है। वन भी काट कर साथ-साथ नए लगाए जा सकते हैं। लेकिन खनिज पदार्थों को चट्टानों से बनने में सैंकड़ों-हज़ारों साल लग जाते हैं। निकालते रहने से खनिजों का भाण्डार हर साल कम होता जाता है। इस भाण्डार को हम हर साल बढ़ा नहीं सकते। नए-नए भाण्डार बना भी नहीं सकते। इसलिए हमें खनिजों का सदुपयोग करना चाहिए।

अब बताओ

१. हमारे देश में पाए जानेवाले कुछ खनिज पदार्थों के नाम बताओ।
२. कौनसे खनिज पदार्थ हमारे देश में अधिक पाए जाते हैं और कौनसे कम?
३. नीचे लिखे खनिज पदार्थ किस-किस काम आते हैं? प्रत्येक के सामने चार उपयोग लिखो। कोयला, लोहा, पैट्रोलियम।
४. खनिज पदार्थों के उपयोग में सावधानी क्यों आवश्यक है?
५. निम्नलिखित खनिज पदार्थों के सामने उन उद्योगों के नाम लिखो जिनके विकास में ये सहायक हो सकते हैं:

कोयला	अभ्रक
लोहा	पैट्रोलियम
मैंगनीज़	बाक्साइट

कुछ करने को

१ मानचित्र में देखकर प्रत्येक राज्य के सामने वहाँ पाए जानेवाले खनिजों के नाम लिखो। अब देखो, देश के कौन-कौनसे राज्यों में सबसे अधिक खनिज पाए जाते हैं, और कौनसे राज्यों में खनिजों का अभाव है।
२ अपने घर के पास पैट्रोल-पम्प से मालूम करो वहाँ कौनसे कारखाने से तेल आता है।

भूटान
अरब
सागर
बंगाल
की
खाड़ी
हिन्द महासागर

भारत की उन्नति की योजनाएँ

तुम जानते हो कि हमारा देश कितना बड़ा है। यहाँ की धरती उपजाऊ है। यहाँ बहुत-से खनिज पदार्थ मिलते हैं और बड़े-बड़े वन हैं। गंगा, यमुना, कृष्णा, कावेरी जैसी बड़ी नदियाँ हैं जिनमें हमेशा पानी रहता है। लेकिन यह सब सम्पत्ति होते हुए भी देश में बहुत-से लोगों के पास भोजन, कपड़ा, मकान जैसी ज़रूरी चीज़ों की कमी है। घर में बिजली, रेडियो, पंखा, अच्छी पुस्तकें, टेलीफोन आदि तो करोड़ों लोगों के पास नहीं हैं। बहुत-से लोग पढ़े-लिखे ही नहीं हैं।

देश की गरीबी और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हमें अब क्या करना है? खेतों की पैदावार बढ़ानी है, खनिज पदार्थों से काम में आनेवाली वस्तुएँ बनानी हैं, कारखाने खोलने हैं, नदियों के पानी को सिंचाई करने और बिजली बनाने के काम में लाना है, सबको पढ़े-लिखे बनाना है, और इस प्रकार देश को आगे बढ़ाना है।

यह एक बहुत ही बड़ा काम है। यह आसानी से नहीं हो सकता। यही सोचकर हमारी अपनी सरकार ने यह काम १९५० में योजना बनाकर करना प्रारम्भ किया। प्रत्येक योजना पाँच वर्ष के लिए बनाई जाती है। इन पाँच वर्षों में खेती की उन्नति के लिए क्या काम होगा, कितने और किन कामों के लिए कारखाने खुलेंगे, कितने बाँध और बिजलीघर बनेंगे, कितने स्कूल, कालिज और अस्पताल खोले जाएँगे, यह सब करने के लिए धन कैसे आएगा आदि सबका कार्यक्रम इस योजना में बनाया जाता है। इसलिए इन्हें 'पंचवर्षीय योजना' कहते हैं। अभी तक हम तीन पंचवर्षीय योजनाएँ पूरी कर चुके हैं। अब चौथी योजना शुरू हो रही है। इस खण्ड के अगले पाठों में तुम यह जानोगे कि अभी तक हमने पिछली योजनाओं द्वारा क्या काम किया है और हम आगे क्या करने जा रहे हैं।

१५. हमारे खेतों की बढ़ती उपज

तुम जान चुके हो हमारे देश में भोजन की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए हमें दूसरे देशों से अनाज मंगाना पड़ता है। पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा हम अपने देश में अधिक भोजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली तीन योजनाओं में अनाज की पैदावार बढ़ी है। लेकिन फिर भी यह सारे देश के लोगों के लिए काफी नहीं है।

यदि तुम से देश की पैदावार बढ़ाने को कहा जाए, तो तुम क्या करोगे? शायद तुम में से कुछ बच्चे कहेंगे, अधिक भूमि पर खेती करेंगे। ठीक है, अधिक भूमि पर खेती करने से भी पैदावार बढ़ सकती है। लेकिन यह भी तुम जानते हो कि देश की कुल भूमि को बढ़ाया तो नहीं जा सकता और न देश की सारी भूमि पर खेती की जा सकती है। कहीं पहाड़ और वन हैं, कहीं मिट्टी खेती के लिए उपयोगी नहीं है। लेकिन फिर भी अभी हमारे देश में कुछ ऐसी भूमि बेकार पड़ी है जिस पर खेती की जा सकती है। पंचवर्षीय योजनाओं के शुरू होने से पहले तो ऐसी भूमि इतनी थी कि इसमें लगभग पाँच केरल राज्य निकल सकते थे। दिल्ली जैसे तो १५४ प्रदेश बन जाते। पंचवर्षीय योजनाओं में इस भूमि को खेती के प्रयोग में लाने की कोशिश की जा रही है। धीरे-धीरे सारी भूमि खेती के काम में लाई जाएगी। साथ ही खेती से पैदावार बढ़ाने के कई अन्य तरीके भी काम में लाए जा रहे हैं।

रामू एक पढ़ा-लिखा किसान है। उसने अपने खेतों की उपज को काफी बढ़ाया है। सोहन भी उसी के गाँव का किसान है। सोहन रामू से उसकी खेती के बारे में पूछने गया है। चलो, हम भी उनकी बातें सुनें।

सोहन : क्यों रामू भैय्या, तुमने अपने खेत में क्या जादू चलाया है। ज़रा हमें भी बताओ कि तुम्हारे खेत की पैदावार कैसे बढ़ रही है।

रामू : सोहन दादा ! जब से पंचवर्षीय योजनाएँ शुरू हुई हैं, मुझे अपने खेत की पैदावार बढ़ाने में सरकार से काफी सहायता मिली है। पहले मैं हर साल अपनी फसल में से कुछ गेहूँ और दूसरा अनाज बीज के लिए बचाकर रख लेता था। यह बीज इतना अच्छा नहीं होता था। गेहूँ का दाना छोटा और बारीक रह जाता था। अब सरकार की देख-रेख में कुछ खेतों में अच्छा बीज पैदा किया जाता है। इन्हें बीज-गोदामों में जमा किया जाता है। यह अच्छा बीज किसान खरीदकर अपने खेतों में डालते हैं। मैंने भी यह अच्छा बीज खरीदकर अपने खेतों में डाला। इससे मेरे खेतों में भी अब मोटा दाना पैदा होने लगा है।

सोहन : लेकिन, रामू, तुमने अपने खेत की पैदावार को बढ़ाने के लिए और कुछ भी किया होगा। केवल बीज डालने से तो फसल इतनी अच्छी नहीं होती।

रामू : जब कोई फसल बोई जाती है, वह मिट्टी के कुछ उपजाऊ गुणों को चूस लेती है और मिट्टी की उपजशक्ति कम हो जाती है। लेकिन खाद डालने से मिट्टी में फिर से यह शक्ति बढ़ जाती है। मुझे यह बात बहुत पहले से मालूम थी और मैं गोबर की कुछ खाद डाला करता था लेकिन मेरे खेतों के लिए शायद वह काफी नहीं होती थी। अब मैं गोबर की खाद के साथ-साथ कारखानों में बनी खाद भी डालता हूँ इससे अनाज अधिक पैदा होता है। ऐसी खाद के अब हमारे देश में कई कारखाने हैं।

लोहे का हल

फसल काटने की मशीन

बीज बोने की मशीन

तुम तो जानते हो, हमारे पड़ौसी किशनचन्द का खेत बड़ा है और उसके पास पैसा भी अधिक है। इसलिए उसके खेत में ट्रैक्टर चलता है। थोड़े ही समय में भूमि में गहरा हल फिर जाता है। मेरे पास ट्रैक्टर नहीं है, लेकिन मैंने भी कुछ ऐसे यंत्र ले लिए हैं जिनसे खेती के काम अच्छी तरह और जल्दी होते हैं। पहले मैं लकड़ी का हल प्रयोग करता था। अब मेरे पास लोहे का हल है। बीज बोने और फसल काटने की मशीनें हैं।

सोहन : रामू, इसमें योजना से तुम्हें क्या सहायता मिली है ?

रामू : तुम समझे नहीं। पहले हमारे देश में अच्छे बीजों के खेत, खाद के कारखाने और नए यन्त्रों के कारखाने नहीं थे। अब योजनाओं के कारण ये सब चीज़ें मिलने लगी हैं। इतना ही नहीं, सरकार ने और भी सहायता की है। हमें खेती के नए और अच्छे तरीके सिखाए हैं। कुछ सरकारी अधिकारी हमारे गाँव में आते हैं। उन्होंने हमें बताया, बार-बार ज़मीन में एक ही फसल बोने से उस फसल के लिए भूमि की उपजशक्ति कम हो जाती है, फसलों को सीधी पंक्ति में बोना चाहिए, खाद, पानी कब और कैसे देना चाहिए आदि। तुमको भी वैसा करना चाहिए।

खेती नए ढंग से करना बहुत आवश्यक है। जापान के लोग एक एकड़ भूमि में हम से तीन गुना चावल पैदा करते हैं। तरीकों में सुधार करने से हम भी अपने खेतों की उपज बहुत बढ़ा सकते हैं।

सरकार ने हमारी सबसे बड़ी मदद सिंचाई में की है। पहले मैं कितनी भी मेहनत करके फसल बोता, पर मन में डर लगा रहता था कि कहीं बारिश न हुई तो फसल सूख जाएगी। मेरा नलकूप तो सरकार की कृपा से बना है। सरकार से मैंने रुपया उधार लिया था। इससे मुझे जब चाहूँ और जितना चाहूँ, पानी मिल सकता है। अब मेहनत करना अच्छा लगता है।

सोहन : धन्यवाद! रामू भैय्या। तुमने हमें पैदावार बढ़ाने के तरीकों की अच्छी जानकारी करा दी है। अब मैं भी ऐसा ही करूँगा।

सोहन और रामू की बातचीत से तुम्हें यह मालूम हुआ होगा कि खेतों की उपज किस प्रकार बढ़ाई जा सकती है और उसके लिए क्या प्रयत्न किए जा रहे हैं। इन सब प्रयत्नों में शायद सिंचाई की सबसे अधिक ज़रूरत है।

अब बताओ

१. देश के खेतों की पैदावार बढ़ाना क्यों आवश्यक है?
२. पंचवर्षीय योजनाओं में खेतों की पैदावार बढ़ाने के लिए क्या किया जा रहा है?
३. अच्छी खेती करने के नए तरीके क्या हैं?
४. एक खेत में बारबार एक ही फसल बोने से क्या हानि होती है?
५. नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। उनमें से जो खेतों की पैदावार बढ़ाने से सम्बन्धित हों उन पर (√) का निशान लगाओ :
( ) साल में केवल एक ही फसल उगानी चाहिए।
( ) ट्रैक्टर से खेत को जोतना चाहिए।
( ) केवल गोबर की खाद डालनी चाहिए।
( ) ज़मीन में बारबार एक ही फसल बोनी चाहिए।
( ) अच्छा बीज डालना चाहिए।

कुछ करने को

१. किसी पास के गाँव में जाकर मालूम करो वहाँ के किसान खेतों की उपज बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं।
२. कृषि-विभाग के किसी अधिकारी को बुलाकर अच्छी खेती करने के तरीकों की जानकारी हासिल करो।

१६. सिंचाई और बिजली

हमारे देश में बहुत-सी नदियाँ हैं। इन नदियों के पानी से किसान अपने खेतों की सिंचाई करते आए हैं। लेकिन अपने खेतों की उपज बढ़ाने के लिए नदियों का पानी और भी अधिक प्रयोग करना ज़रूरी है। साथ ही साथ देश में बहुत-से कारखाने बन रहे हैं जिनके लिए बिजली की आवश्यकता है। सिंचाई के लिए और बिजली पैदा करने के लिए इन नदियों के पानी को बाँध बनाकर रोका जाता है। बाँध से नहरें निकाली जाती हैं और पानी से बिजली बनाने की मशीनें चलाई जाती हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में इस प्रकार के कई बाँध देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए हैं। हमारे पड़ौसी राज्य पंजाब में भी इस प्रकार का एक बाँध सतलुज नदी पर बनाया गया है। इसको भाखड़ा का बाँध कहते हैं। पास ही नंगल से नहर निकाली गई है। दिल्ली के एक स्कूल के बच्चे पिछली छुट्टियों में भाखड़ा और नंगल देख कर आए हैं। आओ, उनका लिखा वर्णन पढ़ें।

हम सब बच्चे और हमारे अध्यापक रात को दस बजे के लगभग दिल्ली स्टेशन से रेलगाड़ी में बैठकर नंगल के लिए चल पड़े। दूसरे दिन सुबह आठ बजे के लगभग हमारी गाड़ी नंगल स्टेशन पर पहुँची। पहले नंगल एक छोटा-सा गाँव था। अब बाँध पर काम करनेवाले बहुत-से लोग यहाँ रहने लगे हैं और नंगल एक अच्छा नगर बन गया है।

हमने नहा-धोकर बाज़ार में पूरी खाई और भाखड़ा जाने के लिए बस में बैठ गए। भाखड़ा नंगल से लगभग १३ किलोमीटर की दूरी पर है। रास्ता पहाड़ी है। ऊँची-नीची बलखाती हुई सड़क पर हमारी बस चलती है। नीचे साफ नीले पानी की धारा दिखाई देती है। यह सतलुज नदी है। इसके दोनों ओर पहाड़ियाँ हैं। जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं

भाखड़ा बाँध

इन पहाड़ियों के बीच की दूरी सकरी होती जाती है। थोड़ी देर में हमारी बस भाखड़ा पर आ पहुँची। यहाँ पर दोनों ओर के पहाड़ों में दूरी सबसे कम है। इस विशाल बाँध को देखते ही हम अचरज में पड़ गए। बहुत ऊँचे से सफेद पानी की दो धाराएँ नीचे गिर रही थीं। शोर तो बहुत दूर से सुनाई पड़ रहा था। अब पानी की फुहारों से बना बादल भी दिखाई देने लगा। हम लोग इस बाँध के बारे में जानने के लिये उत्सुक हो उठे।

रमेश बोल उठा, "गुरुजी, यह कितना बड़ा बाँध है? इसकी ऊँचाई कितनी है?"

गुरुजी ने कहा, "यह बाँध लगभग २२५ मीटर ऊँचा है। यह दुनिया के सबसे ऊँचे बाँधों में से है। तुमने दिल्ली में कुतुबमीनार देखा होगा। इस बाँध की ऊँचाई कुतुबमीनार के तीन गुने से भी अधिक है। अब यह पूरा हो गया है। इसके बनाने में २० वर्ष लगे हैं और लगभग पौने दो सौ करोड़ रुपया खर्च हुआ है।"

कमला ने पूछा, "गुरुजी, इस बाँध के बनाने में तो बहुत मेहनत पड़ी होगी। देखिए, कैसे दो पहाड़ों के बीच यह बाँध दीवार बन कर सतलुज के पानी को रोके खड़ा है। इसके पीछे सतलुज का पानी तो एक सागर के समान दिखाई देने लगा है। यह कितना बड़ा है?"

गुरुजी ने उत्तर दिया, "तुम ठीक कहती हो, कमला। पानी की यह झील लगभग १७१ वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसको, 'गोविन्द सागर' कहते हैं। यह संसार की सबसे बड़ी मनुष्य की बनाई झील है।"

हमलोग और अधिक जानना चाहते थे। विजय ने पूछा, 'गुरुजी, गोविन्द सागर का पानी तो बाँध के पीछे रुक गया है। इसका सिंचाई और बिजली बनाने के लिए प्रयोग कैसे किया जाता है?"

गुरुजी ने कहा, "आओ, यह सब जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी 'गाइड की सहायता लें।"

गाइड: "यह देखो, बाँध के बीच में स्थान-स्थान पर लोहे के फाटक नजर आ रहे हैं। मशीनों द्वारा इन फाटकों को जितना चाहे उठाया या गिराया जा सकता है। इससे नदी में जानेवाले पानी की मात्रा घटाई-बढ़ाई जा सकती है। फाटकों से निकल कर यह पानी फिर नदी की शक्ल में आगे बढ़ता है। नंगल में सतलुज के पानी को बाँध द्वारा रोक कर नहर में छोड़ा जाता है। इस नहर से और छोटी-छोटी नहरें निकाली गई हैं जिनसे पंजाब तथा राजस्थान के बहुत बड़े भाग में सिंचाई होती है। तुमने राजस्थान नहर का नाम सुना होगा। इस नहर ने राजस्थान के गंगानगर जैसे रेतीले भाग को भी उपजाऊ बना दिया है।

विजय: अब यह बताइए कि नदी के पानी से यहाँ बिजली कैसे बनाई जाती है।

यह समझाने के लिए गाइड हमको नीचे बिजली घर के पास ले गया, उसने पास-पास ऊपर लगी हुए मशीनें हमको दिखलाईं और बताया कि भूमि को कुछ और गहरा नीचे खोद कर बिजली बनाने की मशीने लगाई गई हैं। पानी ऊँचाई से इन मशीनों पर ज़ोर से गिरता है जिससे यह मशीने घूमने लगती हैं। इनको 'टरबाइन' कहते हैं। यह टरबाइन बिजली बनानेवाली मशीनों को चालू करती हैं जिनसे बिजली पैदा हो जाती है। इस बिजली को तारों द्वारा दूर-दूर गाँवों में पहुँचाया जाता है। यह बिजली दिल्ली तक भी पहुँचती है। इससे घरों और सड़कों पर रोशनी होती है, कारखाने चलते हैं और अन्य बहुत से काम होते हैं। शायद इसी बिजली से तुम्हारे घर में भी रोशनी होती है।

बिजलीघर से आकर हम सब बस में बैठ गए और वह स्थान देखने गए जहाँ सतलुज में से नहर निकाली गई है। पन्द्रह-बीस मिनट में बस हमको लेकर नंगल पहुँच गई। हमने देखा कि लोहे के बड़े-बड़े फाटकों की मदद से सतलुज के पानी को रोका है। इसे 'बैरेज' कहते हैं। बैरेज के एक ओर पानी की बड़ी झील है तो दूसरी ओर एक बड़ी नहर। राकेश ने गुरुजी से पूछा : "यह नहर कैसे निकाली गई है?" गुरुजी ने बताया : "यहाँ पर सतलुज के पानी को यह बैरेज या बाँध बनाकर रोक लिया गया है। देखो, इसमें भी लोहे के बड़े-बड़े फाटक हैं। इन फाटकों को मशीनों से उठा कर नहर में कम या ज़्यादा पानी छोड़ा जाता है। आगे जाकर इसी नहर में से स्थान-स्थान पर सिंचाई के लिए छोटी नहरे निकाली गई हैं।"

नंगल बैरेज

बैरेज देख कर हम सब स्टेशन पर खड़ी गाड़ी में आ बैठे। गुरुजी ने बताया : "भाखड़ा बाँध की तरह देश के सब भागों में नदियों पर बहुत से बाँध बनाए गए हैं। इनमें से प्रमुख हैं बिहार में दामोदर घाटी बाँध, उड़ीसा में हीराकुड, राजस्थान और मध्य प्रदेश में चम्बल घाटी बाँध तथा मैसूर में तुंगभद्रा बाँध।

अब बताओ

१. भाखड़ा बाँध किस नदी पर बनाया गया है ?

२. भाखड़ा बाँध से क्या लाभ है ?

३. नंगल से निकाली नहरों से किन-किन राज्यों में सिंचाई होती है ?

४ बाँध से रोके गए पानी से किस प्रकार बिजली बनाई जाती है ?

५. भाखड़ा बाँध के सम्बन्ध में कुछ बातें नीचे दी गई हैं। जो ठीक हों उन पर इस प्रकार (√) सही का निशान लगाओ।

( ) इस बाँध को बनाने में लगभग २० वर्ष लगे हैं।
( ) इस पर लगभग पौने दो सौ करोड़ रुपया खर्च हुआ है।
( ) इससे सारे पंजाब, राजस्थान और दिल्ली में सिंचाई होती है।
( ) यह दुनिया के सबसे ऊँचे बाँधों में से है।
( ) भाखड़ा के बिजलीघरों में बनी बिजली दिल्ली तक आती है।
( ) नहर द्वारा भाखड़ा का पानी दिल्ली तक लाया जाता है।

कुछ करने को

१. पृष्ठ १०० पर मानचित्र में दिखाई गई नदियों के नामों की सूची बनाओ। प्रत्येक के सामने उस पर बने बाँध का नाम लिखो।

२. भाखड़ा और नंगल के कुछ चित्र इकट्ठे करो।

१७. हमारे बढ़ते उद्योग

यदि हमारे देश में मशीनों से चलनेवाले कारखाने न हों तो हम सबका जीवन कैसा हो ? हमारे पास शायद साइकिल, स्कूटर, मोटर, रेलगाड़ी, हवाई जहाज़ आदि कुछ भी न होंगे। हम एक स्थान से दूसरे स्थान तक या तो पैदल चलेंगे या ताँगे और बैलगाड़ी पर बैठकर थोड़ी ही दूर जा सकेंगे। डाक, तार, टेलीफोन, रेडियो और अखबार भी न होंगे। इसका पता लगाना कठिन हो जाएगा कि देश के अलग-अलग भागों में क्या हो रहा है। दिल्ली से मद्रास तक पत्र पहुँचने और जवाब आने में महीनों लगेंगे। मकानों के लिए न सीमेंट मिल सकेगा और न सुन्दर-सुन्दर शीशे, न विभिन्न प्रकार के कपड़े मिल सकेंगे और न सुन्दर छपाईवाली ये पुस्तकें।

कारखानों से ही हम विभिन्न प्रकार की उन चीजों को तैयार करते हैं जो हमारे जीवन को सुखी बनाती हैं। हम चाहें जितनी कपास पैदा करें लेकिन यदि कपड़ा बनाने की मिलें देश में नहीं हैं तो तरह-तरह का कपड़ा न बन सकेगा। खानों से हम चाहे जितना कच्चा लोहा निकालें लेकिन यदि कारखाने नहीं हैं तो साइकिलें, सीने की मशीनें, पंखे, रेल के पहिए आदि कुछ नहीं बना सकेंगे। मशीन और कारखानों से ही देश का उद्योग बढ़ता है। हमारे खेतों की पैदावार और खनिज पदार्थों का प्रयोग इन कारखानों में ही होता है।

हमने अपनी पंचवर्षीय योजनाओं में खेती के साथ-साथ कारखानों को बढ़ाने का प्रबन्ध किया है। देश के प्रत्येक भाग में कई स्थानों पर कारखाने खोले गए हैं जहाँ तरह-तरह की चीज़ें बनाई जाती हैं। आओ, हम उनमें से कुछ स्थानों की जानकारी प्राप्त करें।

बंगलौर ऐसा एक औद्योगिक केन्द्र है। यहाँ कई बड़े-बड़े कारखाने हैं। इनमें टेलीफोन बनाने का कारखाना प्रमुख है।

बंगलौर में टेलिफोन बनाने के कारखाने का एक दृश्य

पूरे देश के लिए टेलीफोन का सारा सामान इसी कारखाने में तैयार किया जाता है। बंगलौर में छोटी मशीनें और पुरज़े बनाने के भी कारखाने हैं। यहाँ का एक दूसरा उद्योग हवाई जहाज़ तथा उसके इंजन बनाने का है। यह कारखाना भी भारत सरकार द्वारा बनवाया गया है। 'पुष्पक' नाम का हवाई जहाज़ इसी कारखाने में बनाया गया है। प्रतिवर्ष कई इंजन और हवाई जहाज़ यहाँ तैयार किए जाते हैं।

कुछ साल पहले देश में केवल तीन कारखाने ऐसे थे जहाँ इस्पात बनाया जाता था। ये थे, बिहार में जमशेदपुर, बंगाल में बर्नपुर और मैसूर में भद्रावती। देश की बढ़ती आवश्यकता इनसे पूरी नहीं होती थी। इसलिए भारत सरकार ने मध्य प्रदेश में भिलाई, बंगाल में दुर्गापुर और उड़ीसा में राउरकेला तीन बड़े कारखाने और खोल दिए हैं। तीनों कारखाने बड़े नगरों के रूप में बस गए हैं। मानचित्र में तीनों स्थानों को देखो। कारखाने यहाँ क्यों बनाए गए हैं?

उत्तर प्रदेश में कानपुर भी एक औद्योगिक नगर है। मानचित्र में देखो यह शहर गंगा के किनारे बसा हुआ है। यह रेल का बड़ा भारी जंक्शन है। यहाँ की कपड़ा-मिलों में सूती, और ऊनी कपड़ा तैयार होता है। जूते व चमड़े का अन्य सामान बनाने के भी कानपुर में कई कारखाने हैं। भारत सरकार ने यहाँ हवाई जहाज़ बनाने का एक कारखाना खोला है।

चित्तरंजन में रेल के इंजन बनाने के कारखाने का एक दृश्य

अब हम वहाँ चलें, जहाँ रेल के डिब्बे और इंजन बनाए जाते हैं। रेल के इंजन बनाने का सबसे बड़ा कारखाना बंगाल में चित्तरंजन नामक स्थान पर है। रेल के डिब्बे मद्रास में पैरमबूर में बनाए जाते हैं। रेलें हमारे राष्ट्र की सम्पत्ति हैं। यातायात के लिए ये बहुत महत्वपूर्ण हैं। लाखों क्विटल माल प्रतिदिन रेलों द्वारा ढोया जाता है। बहुत-से यात्री प्रतिदिन इनमें यात्रा करते हैं। इनका विकास करना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है।

इस प्रकार हमने देखा कि हमारी सरकार देश में उद्योग-धन्धों का विकास कर रही है। उद्योग-धन्धों के विकास पर ही देश की उन्नति निर्भर है।

केवल मशीनों से चलनेवाले छोटे-बड़े कारखाने ही उद्योग नहीं है। बहुत-सी सुन्दर वस्तुएँ हाथ से बनती हैं। ये हाथ के उद्योग हमारे गाँव और शहरों में काफी हैं। हथकरघे पर बुने सुन्दर पलंगपोश और सुन्दर साड़ियाँ सभी ने देखी होंगी। घरों में बिछे सुन्दर गलीचे भी हाथ से बनाए जाते हैं। इन्हें घरेलू उद्योग कहते हैं।

अब बताओ

१. कारखाने देश की उन्नति के लिए क्यों आवश्यक हैं?
२. अपने घर में प्रयोग होनेवाली उन चीज़ों की सूची बनाओ जो कारखानों में बनी हैं।
२. पंचवर्षीय योजनाओं में प्रारम्भ किए गए कुछ उद्योगों के नाम बताओ।
४. निम्नलिखित औद्योगिक केन्द्रों में कौन-कौनसे मुख्य कारखाने हैं:
बंगलौर, कानपुर, चित्तरंजन, भिलाई।
५. नीचे कुछ खेती की उपज व कुछ खनिज पदार्थों के नाम दिए गए हैं प्रत्येक के सामने लिखो कि वह किस उद्योग में काम आता है:

कपास	————	मूंगफली	————
गन्ना	————	कच्चा लोहा	————
पटसन	————	मैंगनीज़	————
अभ्रक	————		

कुछ करने को

१. देश में पाए जानेवाले बड़े उद्योगों की सूची बनाओ और प्रत्येक के सामने उसका स्थान भी लिखो।
२. अपने अध्यापक से पूछकर दस ऐसी चीज़ों के नाम लिखो जो घरेलू उद्योगों द्वारा बनाई जाती हैं।

१८. हमारे गाँव आगे बढ़ रहे हैं

अपने देश के हर दस लोगों में से आठ गाँव में रहते हैं। कुल गाँवों की संख्या लगभग साढ़े पाँच लाख है। इनकी तुलना में छोटे-बड़े नगर बहुत ही कम हैं।

तुम जानते हो गाँव और शहर में काफी अन्तर है। गाँव के रहनेवाले लोग अधिकतर खेती करते हैं। सादा कपड़े पहनते हैं। इनके मकान अक्सर कच्चे होते हैं। बिजली भी किसी-किसी गाँव में ही है। पानी कुएँ, नदी या तालाब से भर कर लाते हैं। गाँवों में पक्की सड़कों की भी कमी है। अस्पताल या डिस्पेन्सरी भी बहुत-से गाँवों में नहीं हैं।

पंचवर्षीय योजनाओं में गाँवों को आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया है। गाँव कैसे आगे बढ़ सकते है? गाँव में अच्छी पैदावार, छोटे उद्योग-धन्धे, बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल, पक्की सड़कें, सफाई, लोगों की अच्छी आमदनी, अच्छे मकान और दूसरी सुविधाएँ हों तो हम कह सकते हैं कि गाँव आगे बढ़ रहे हैं। हमारी पंचवर्षीय योजनाओं में गावों को आगे बढ़ाने का प्रयत्न किया गया है। आओ, हम इस गाँव की सैर करें और देखें कि क्या-क्या नए काम हो रहे हैं। इस गाँव का नाम माधोपुर है।

आज़ादी मिलने से पहले यह गाँव भी एक पुराने गाँव की तरह था। आज़ादी के

बाद माधोपुर में नए-नए काम होने लगे हैं। गाँव में पंचायत बन गई है। यह पंचायत गाँव के सुधार के अधिकतर काम करती है।

माधोपुर के खेतों को देखो। पहले यहाँ खेत छोटे-छोटे टुकड़ों में बटे हुए थे। गाँववालों ने फैसला करके सब किसानों के छोटे-छोटे खेतों को मिला लिया और बड़े-बड़े चक बनाकर किसानों को बाँट दिए हैं। अब गाँव में बड़े-बड़े खेत हैं।

गाँव के रास्ते भी चौड़े कर दिए गए हैं। स्कूल और पंचायतघर बनाए गए हैं। गाँव अब बहुत सुन्दर दिखाई देता है।

पहले माधोपुर में किसान अलग-अलग जाकर अपना-अपना अनाज बेचते थे। दूसरी फसल के लिए अपना-अपना बीज बचाकर रखते थे। कभी उन्हें बीज की कमी हो जाती तो कभी उन्हें फसल बेचने में कठिनाई होती। इन सब कठिनाइयों को दूर करने के लिए पंचों ने सोचा कि सब मिलकर एक समिति बनाएँ। गाँव के सब किसान इसके साझीदार हों और यह समिति गाँववालों की फसल बेचे, अच्छे बीज जमा करे और खेती के लिए ज़रूरत पड़ने पर धन भी उधार दे।

माधोपुर में यह 'सहकारी समिति' बहुत अच्छा कार्य कर रही है। इन सब कामों में गाँववालों की सहायता करने के लिए सरकार की ओर से कुछ अधिकारी हैं। 'ग्रामसेवक' तो माधोपुर में ही रहता है।

वह देखो, कुछ किसान अपने सिर पर छोटी-छोटी बोरियाँ ला रहे हैं। आओ उनसे पूछें कि उनके पास क्या है।

"जयहिन्द, भाई साहब। यह आप क्या ले जा रहे हैं?"

"भाईजी यह मशीन की बनी हुई खाद है। यह हम अपने खेतों में डालते हैं। इसके प्रयोग से हमारे खेतों की उपज बढ़ जाती है।"

"आप यह कहाँ से लाते हैं?"

"यह हम अपनी सहकारी समिति की दुकान से लाते हैं। यह हमें वहाँ से सस्ते दामों में मिलता है।"

"वहाँ से आपको और क्या-क्या मिलता है?"

"वहाँ से हमें अच्छे बीज और नई तरह के सस्ते हल मिल जाते हैं। हमारे कुछ भाइयों ने रुपया उधार लेकर खेती करने के लिए ट्रैक्टर भी खरीदे हैं।"

"धन्यवाद"।

आओ, आगे चलें। वह देखो कुछ खेतों में नलकूप लगे हुए हैं। खेतों में तरह-तरह की सब्जी उगी है। सब्जी के लिए अच्छे बीज भी सहकारी समिति ने ही दिए हैं।

यहाँ के गाँववाले अपना खाली समय बरबाद नहीं करते। उनकी स्त्रियाँ खाली

समय में चरखे पर सूत कातती हैं। कुछ लोगों ने पशु पाल रखे हैं। उनका वे पूरा ध्यान रखते हैं। उन्हें अच्छा चारा खिलाते है। पशुओं से उन्हें अच्छा दूध और घी मिलता है।

यह देखो, गाँव की पाठशाला आ गई। यहाँ गाँव के बच्चे पढ़ते हैं। इस स्कूल की इमारत गाँववालों ने अपने आप बनाई है। अब यह पाठशाला दिन प्रतिदिन उन्नति कर रही है। शाम के समय यहाँ कुछ बड़े-बूढ़े भी पढ़ने आते हैं।

ज़रा गाँव की गलियों की तरफ तो देखो। कितनी साफ हैं। सरकारी अधिकारियों की मदद से गाँववालों ने इन पर ईंटें बिछाई हैं और नालियाँ पक्की बना दी हैं। गाँव का हर आदमी अपने गाँव को साफ रखने की कोशिश करता है।

आओ, आगे चलें। यह देखो यह गाँव का पंचायतघर है। शाम के समय यहाँ कभी-कभी भजन-कीर्तन होता है। गाँववाले मिलकर यहाँ त्योहार मनाते हैं और नाटक खेलते हैं।

माधोपुर ने थोड़े ही समय में बड़ी उन्नति कर ली है, क्योंकि यहाँ सब आपस में मिलकर काम करते हैं। इसी प्रकार देश के अन्य गाँव भी आगे बढ़ रहे हैं।

अब बताओ

१. गाँव कैसे आगे बढ़ सकते हैं ?

२. सहकारी समिति क्या है,सहकारी समिति गाँववालों के लिए क्या करती है ?

३. गाँव में बड़े-बड़े खेत बनाने से क्या लाभ हैं ?

४. हम यह कैसे कह सकते हैं कि गाँवों की उन्नति देश की उन्नति है ?

५. नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। इनमें से जो यह बताते हों कि गाँव आगे बढ़ रहे हैं, उन पर सही (✓) का निशान लगाओ :

( )गाँव में सहकारी समिति काम करती है।

( )उसकी सड़कें पक्की हैं और नालियां साफ हैं।

( )गाँव की पाठशाला में बहुत-से बच्चे पढ़ते हैं।

( )गाँव में मुकदमें बाज़ी बहुत होती है।

( )गाँव के पास गन्दे पानी का एक तालाब है।

( )गाँव के खेतों में ट्रेक्टर का प्रयोग होता है।

कुछ करने को

१. बाल-सभा में अपने गाँव को किस प्रकार सुधारा जाए इस पर विचार करो।

२. मालूम करो कि तुम्हारे गाँव में सहकारी समिति बनी है या नहीं ? यदि बनी है तो वह क्या काम करती है ?

भूटान
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
हिन्द महासागर

भारत में यातायात

तुम जानते हो कि हमारा देश भारत एक विशाल देश है। इसकी धरातल की बनावट, जलवायु और वर्षा सब जगह एक-सी नहीं है। इन्हीं कारणों से विभिन्न राज्यों की उपज भी अलग-अलग है। लेकिन चीज़ें हमारे गाँव अथवा नगर में पैदा होती हों या नहीं, हम इनको काम में लाते हैं। ऐसे ही कारखानों के लिए लोहा, कोयला तथा अन्य खनिज पदार्थ दूर-दूर से लाने पड़ते हैं, जिससे इनमें दिनरात काम होता रहे। यह सामान रेलों, मोटरों, ट्रकों, हवाई जहाज़ों और समुद्री जहाज़ों द्वारा हम तक और कारखानों तक पहुँचता है। इन्हीं के द्वारा हम भी एक स्थान से दूसरे स्थान आते-जाते हैं। देश में इन साधनों के बढ़ जाने से यात्रा में बहुत सुविधाएँ हो गई हैं। अब दूर स्थानों की यात्रा आसानी से हो सकती है। बहुत-से लोग सैर करने, तीर्थ-दर्शन करने और व्यापार के लिए देश के एक भाग से दूसरे भाग आते-जाते हैं। इससे मेल और एकता की भावना भी बढ़ती है।

तुम अगले पाठों में पढ़ोगे कि यातायात के विभिन्न साधन देश की उन्नति और रक्षा में किस प्रकार सहायता करते हैं और किस प्रकार विभिन्न भागों में रहनेवाले लोगों में मेल और एकता की भावना पैदा करते हैं।

१९. हमारी सड़कें

आज तुम अपने शहर अथवा गाँव में पक्की सड़कों पर बस, टैक्सी, ट्रक, स्कूटर और दूसरी सवारी गाड़ियाँ दौड़ती देखते हो। तुम इनमें बैठे भी होगे। क्या तुमने कभी सोचा है कि हमें इन पक्की सड़कों और यातायात के साधनों से क्या लाभ है? ये पक्की सड़कें कैसे बनीं? आज हम मोटर अथवा बस द्वारा सैकड़ों किलोमीटर की दूरी कुछ ही घंटों में तय कर लेते हैं। दिल्ली से मेरठ पहुँचने में अब दो घंटे से भी कम समय लगता है जबकि पहले बैलगाड़ी से दो दिन लगते थे। अब तो यात्रा में पैसे भी कम खर्च होते हैं।

बहुत पुराने समय में लोग पैदल ही यात्रा करते थे, बोझा ढोने का काम जानवरों से लिया जाता था। नदी के पास रहनेवाले लोग नावों से आया-जाया करते थे, परन्तु नाव से यात्रा करना आसान नहीं था। आज भी कुछ स्थानों पर नाव ही आने-जाने का साधन है। तुमने अपने असम और केरल के पाठों में इसके बारे में पढ़ा था। नदी के बहाव के उल्टे दिशा में जाने पर समय बहुत लगता है। कभी-कभी नावें डूब भी जाती हैं।

आना-जाना आसान करने के लिए मनुष्य ने बैलगाड़ी, घोड़ागाड़ी आदि का प्रयोग शुरू किया। इन गाड़ियों के लायक सड़कें भी बनाईं। ये सड़कें कच्ची और सकरी थीं। वर्षा के दिनों में ये काम में नहीं आ सकती थीं क्योंकि उन दिनों नदियों में बाढ़ आ जाती, जिससे जगह-जगह कीचड़ हो जाती और सड़कें टूट जातीं। इस प्रकार ये सड़कें केवल सर्दी और गर्मी के दिनों में काम में आती थीं।

धीरे-धीरे गाड़ियों में सुधार हुआ, उनकी चाल बढ़ी, सड़कें चौड़ी बनाई जाने लगीं। पुराने समय में हमारे कुछ राजाओं को सड़कें बनवाने का बड़ा शौक था। सम्राट अशोक के विषय में तुम पढ़ चुके हो। उसने यात्रियों की

सुविधा के लिए सड़कें बनवाईं, उनके दोनों ओर छायादार पेड़ लगवाए और धर्मशालाएँ बनवाईं। शेरशाह नाम के बादशाह ने तो एक लम्बी सड़क बनवाई। उसके समय की यह सड़क आज भी ग्रैंड ट्रंक रोड के नाम से प्रसिद्ध है। यह सड़क अमृतसर से दिल्ली होती हुई कलकत्ता तक जाती है।

आज से कोई सौ वर्ष पहले पैट्रोल से चलनेवाली गाड़ियों का आरम्भ हुआ। इनकी गिनती दिन पर दिन बढ़ने लगी। इसलिए सड़कों में सुधार की ज़रूरत हुई। सड़कों को पक्का बनाने के लिए ईंटों अथवा पत्थरों को काम में लाया गया बाद में पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़ों को तारकोल अथवा सीमेन्ट में मिलाकर सड़कें बनाई जाने लगीं। ऐसी ही सड़कें तुम आज अपने शहर में देखते हो। मार्ग में आनेवाले नदी-नालों पर पुल बनाए जाते हैं। इस प्रकार बरसात के दिनों में भी हम आ-जा सकते हैं।

आज इन तेज़ रफ्तारवाली गाड़ियों के सहारे सैकड़ों लोग प्रतिदिन सोनीपत, गाजियाबाद, मेरठ तक से दिल्ली के दफ्तरों, कारखानों आदि में काम करने आते हैं। इन्हीं सड़कों पर हज़ारों ट्रक दिन रात दौड़ते रहते हैं। ये तुम्हारे लिए नागपुर से सन्तरे, इलाहाबाद से अमरूद, देहरादून से लीची आदि चीज़ें लाते हैं। इतना ही नहीं। तुम्हारे दिल्ली शहर में दूध के डिपो से मिलनेवाला दूध भी तो ७०-८० किलोमीटर दूर से रोज़ आता है। इसी प्रकार सड़कों द्वारा खेतों से गन्ना, कपास, तेल निकालनेवाले बीज, कारखानों तक पहुँचाए जाते हैं। अब ज़रा सोचो यदि सड़कें न हों तो हमें ज़रूरत की चीज़ें कैसे मिलें, हमारे कारखाने कैसे काम करें।

कलकत्ता, बम्बई, दिल्ली, मद्रास जैसे बड़े-बड़े नगरों को जोड़नेवाली सड़कों का सारे देश में जाल सा बिछा हुआ है। देश के एक कोने को दूसरे कोने से मिलाने

के लिए अनेकों सड़कें हैं। यह हमारे राष्ट्रीय मार्ग कहलाते हैं। साथ में दिए गए मानचित्र में देखो। एक सड़क अमृतसर से दिल्ली, कानपुर, इलाहाबाद, बनारस होती हुई कलकत्ता तक गई है। यही ग्रांड ट्रंक सड़क है। एक दूसरी सड़क बम्बई से नासिक, इन्दौर, ग्वालियर, आगरा, दिल्ली होती हुई अमृतसर जाती है। एक और सड़क बम्बई से पूना, बंगलौर होकर मद्रास गई है। एक सड़क समुद्र के किनारे-किनारे कलकत्ता से मद्रास गई है। इसी प्रकार और भी कई राष्ट्रीय मार्ग हैं। इन्हें भी तुम मानचित्र में ढूंढो।

मानचित्र में ध्यान से देखने पर तुम्हें यह भी पता चलेगा कि राष्ट्रीय मार्गों के अतिरिक्त प्रत्येक राज्य में बड़े-बड़े नगरों को मिलानेवाली बड़ी सड़कें हैं। इन्हें राज्य मार्ग कहते हैं। कुछ राज्य मार्ग राष्ट्रीय मार्गों से आकर मिलते हैं। इन राज्य मार्गों पर आनेवाले नगरों और मंडियों का सम्बन्ध गाँव से सड़कों द्वारा किया गया है। इससे गाँव में पैदा होनेवाले अनाज, फल, सब्जियाँ आदि आसानी से मंडियों

भारत के महा सर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारत सर्वेक्षण विभागीय मानचित्र पर आधारित। इस मानचित्र में

में भेजे जा सकते हैं। परन्तु अभी भी देश में हमारी आवश्यकताओं के लिए सड़कों की कमी है। इसलिए इन्हें बढ़ाना ज़रूरी है। हमारी योजनाओं में इन्हें बढ़ाया जा रहा है। रेतीले, दलदली और पहाड़ी भागों में भी सड़कें बनाई जा रही हैं। यहाँ तक कि अब तो हिमालय के ऊंचे पहाड़ी प्रदेशों में भी सड़कें बन रही हैं।

तुम सोचते होगे कि अधिक सड़कों के होने से क्या लाभ होगा? लोगों को आने-जाने में तो सुविधा होगी ही हमारे कारखानों के लिए कच्चा माल दूर-दूर से जल्दी आ सकेगा। इसी प्रकार कारखानों में बना माल नगरों और गाँवों में पहुँच सकेगा। अच्छी सड़कों से एक बड़ा लाभ यह भी होता है कि युद्ध के समय हमारी सेनाएँ और लड़ाई का सामान आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाया जा सकता है।

अब बताओ

१. अच्छी सड़कों से हमें उद्योग और व्यापार में क्या सहायता मिलती है?
२. देश की सुरक्षा के लिए अच्छी सड़कें होना क्यों आवश्यक है?
३. पक्की सड़कें कैसे बनाई जाती हैं?
४. मानचित्र में देखकर बताओ कि देश के किस भाग में सड़कें अधिक हैं और किस भाग में कम?
५. यदि देश में राष्ट्रीय मार्ग और राज्य मार्ग न होते तो क्या होता? नीचे कुछ कथन लिखे हैं। उनमें से जो इस सवाल के सही उत्तर हों उनपर (✓) का निशान लगाओ:

हम एक जगह से दूसरी जगह न आ-जा सकते।
माल-असबाब केवल रेल से लेजाना पड़ता।
पहाड़ी स्थानों पर पहुँचना बहुत कठिन होता।
रेलगाड़ियों में बहुत भीड़ होती।

कुछ करने को

१. मानचित्र में देखकर एक सूची बनाओ कि नीचे लिखे राष्ट्रीय मार्ग किन-किन राज्यों में से जाते हैं:

(क) बम्बई से अमृतसर (ख) अमृतसर से कलकत्ता
(ग) कलकत्ता से बम्बई

२. मानचित्र में देखकर बताओ कि नीचे लिखे स्थानों से बस द्वारा जाने में कौन-कौनसे प्रसिद्ध नगर मिलेंगे:

(क) कलकत्ता से मद्रास (ख) मद्रास से बम्बई

२०. हमारी रेलें

तुमने रेलगाड़ी में बैठकर यात्रा अवश्य की होगी। पहले अपना सामान बाँधकर तुम स्टेशन पहुँचते हो। वहाँ टिकट की खिड़की से उस स्थान का टिकट खरीदते हो जहाँ तुम्हें जाना होता है। फिर कुली से सामान उठवाकर जा बैठते हो रेल के डिब्बे में। समय होने पर रेलगाड़ी चल देती है। रास्ते में तुम्हें हरे-भरे खेत, छोटे-बड़े गाँव, पहाड़ियाँ, नदी, नाले, जंगल देखने को मिलते हैं। तुम्हारी रेलगाड़ी को कभी नदी का पुल पार करना पड़ता है और कभी पहाड़ी सुरंग। छोटे-बड़े स्टेशनों पर रुकती हुई यह अपनी पटरी पर दौड़ती चली जाती है। फिर आता है तुम्हारा स्टेशन, तुम वहाँ उतर जाते हो और गाड़ी आगे बढ़ जाती है।

जिस रेलगाड़ी से हमलोग यात्रा करते हैं उसे 'सवारी गाड़ी' कहते हैं। परन्तु कुछ ऐसी गाड़ियाँ भी हैं जिनसे केवल सामान भेजा जाता है। इन्हें 'मालगाड़ी' कहते हैं। इनके डिब्बे सवारी गाड़ी के डिब्बों से भिन्न होते हैं। ये केवल सामान ढोने के लिए बनाई जाती हैं।

कभी दिल्ली के स्टेशन पर जाकर देखो इन मालगाड़ी के डिब्बों से तुम्हें तरह-तरह का सामान उतरता और चढ़ता दिखाई देगा। किसी डिब्बे में कपड़े की गाँठ, बिसातखाने का सामान, बिजली के पंखे आदि चीजें दिखाई देंगी तो दूसरे में काजू की बोरियाँ, चाय की पेटियाँ, वनस्पति घी के डिब्बे आदि। मालगाड़ियों से विभिन्न

प्रकार का सामान देश के एक भाग से दूसरे भाग में आता जाता है। बड़े-बड़े कारखानों के लिए सामान लाने का रेलगाड़ियाँ सबसे बड़ा साधन हैं। ये ही प्रतिदिन हजारों टन कोयला, लोहा और दूसरा कच्चा माल वहाँ पहुँचाती हैं और वहाँ पर बनी हुई चीजें देश के कोने-कोने में पहुँचाती हैं।

साथ में दिए गए मानचित्र को देखने से तुम्हें मालूम पड़ेगा कि देश में रेलों का जाल बिछा हुआ है। इनके द्वारा सैकड़ों गाँव, छोटे-बड़े नगर और बन्दरगाह जुड़े हुए हैं। भारत के मानचित्र में देखो एक रेल बम्बई से दिल्ली होती हुई अमृतसर जाती है। एक रेल दिल्ली से कानपुर, इलाहाबाद, पटना होती हुई कलकत्ता जाती है। एक दूसरी रेल दिल्ली से नागपुर, विजयवाड़ा होती हुई मद्रास गई है। एक और रेल दिल्ली से सोनीपत, पानीपत, करनाल, अम्बाला, चंडीगढ़ होती हुई कालका

जाती है। एक दूसरी रेल पठानकोट से लुधियाना, सहारनपुर, बनारस होती हुई कलकत्ता तक गई,है। दिल्ली से अजमेर, अहमदाबाद होती हुई भी एक गाड़ी बम्बई पहुँचती है। इसी प्रकार मद्रास से समुद्र के किनारे-किनारे एक रेल कलकत्ता तक गई है। ये देश के कुछ रेलमार्ग हैं।

पहाड़ी भागों में रेलें कम हैं क्योंकि पहाड़ों को काटकर रेल की पटरी बिछाना कठिन और महंगा काम है। तब भी कहीं-कहीं पहाड़ों पर रेलें बनाई गई हैं। शायद तुम कभी कालका से शिमला तक इस पहाड़ी रेलगाड़ी में गए हो।

इतने रेलमार्ग होते हुए भी ये हमारी आवश्यकताओं से बहुत कम हैं। हमारी पंचवर्षीय योजनाओं में रेलमार्ग बढ़ाने का काम भी हो रहा है। नए-नए स्थानों में रेल मार्ग बनाए जा रहे हैं। यात्रियों को सुविधा देने के लिए रेलगाड़ियों में सुधार किए जा रहे हैं। तुमने देखा होगा कि तीसरे दर्जे के डिब्बों में भी अब अच्छी सीटें और पंखे भी लगाए गए हैं।

रेलें देश की रक्षा के लिए भी बहुत आवश्यक हैं। हमारा देश बहुत विशाल है। सब जगह सेना रखना आसान काम नहीं है। युद्ध के समय जहाँ सेना की आवश्यकता होती है वहाँ सेना और ज़रूरी सामान रेल द्वारा जल्दी पहुँचाया जा सकता है।

रेलों की कहानी हमारे देश में बहुत पुरानी नहीं है। सौ वर्ष से कुछ अधिक हुआ बम्बई और थाना के बीच सबसे पहली रेल बनी थी। यह दूरी लगभग ३४ किलोमीटर है। इस गाड़ी की चाल लगभग २५ किलोमीटर प्रति घंटा थी। लेकिन अब तो रेलगाड़ी लगभग ८० किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चलती है। बिजली से चलनेवाली नई गाड़ियों की चाल तो १०० किलोमीटर से भी अधिक है। इन सौ वर्षों में धीरे-धीरे अन्य रेलमार्ग बने और देश में इनका एक जाल-सा बिछ गया।

इससे देश का कोई भी स्थान अब दूर नहीं रहा। आसानी से देश के एक स्थान से दूसरे स्थान जा सकते हैं। भिन्न-भिन्न राज्यों के लोगों में मेलजोल बढ़ गया है।

डी० लक्स गाड़ी के डिब्बे का-अन्दर से एक दृश्य

रेलें हमारी सेवा करती हैं। ये हमारी राष्ट्रीय सम्पत्ति हैं। हम सबका कर्त्तव्य है कि हम अपनी इस सम्पत्ति की देखभाल करें और किसी भी प्रकार की हानि न पहुँचाएँ।

अब बताओ

१. रेलें हमारे लिए क्यों आवश्यक हैं?

२. यदि तुम्हें दिल्ली से मद्रास जाना हो, तो बस में जाओगे या रेल में? क्यों?

३. रेलगाड़ी के डिब्बों की चीज़ों को हमें क्यों सावधानी से काम में लाना चाहिए?

४. रेल में यात्रा करना तुम्हें कैसा लगता है और क्यों?

५. नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। उनमें से जो रेलों के लिए सही हों उन पर (✓) निशान लगाओ :

रेलें देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।
रेलों द्वारा पहाड़ों पर यात्रा आसानी से होती है।
रेल सबसे तेज़ चलनेवाली सवारी है।
रेलें राष्ट्रीय सम्पत्ति हैं।
रेल सबसे सस्ती सवारी है।

कुछ करने को

१. मानचित्र में देखकर बताओ कि यदि रेल द्वारा नीचे लिखी यात्राएँ करें तो हमें कौन-कौनसे राज्यों से होकर जाना पड़ेगा :

(क) कलकत्ता से मद्रास।
(ख) मैसूर से दिल्ली।
(ग) अमृतसर से कलकत्ता।
(घ) दिल्ली से बम्बई।

२. ऊपर दिए गए मार्गों पर आनेवाले प्रसिद्ध नगरों के नाम लिखो।

२१. हवाई जहाज़

आकाश में उड़ता हवाई जहाज तो तुमने अवश्य देखा होगा। ऐसा भी हो सकता है कि तुममें से कोई उसमें बैठा भी हो। बैठना तो तुम सभी चाहते होगे। यह अन्दर से कैसा होता है? कैसा लगता है इसमें बैठकर आसमान में उड़ना? यह कितना तेज़ चलता है? ऐसी सभी बातें भी तुम अवश्य जानना चाहोगे। इस जानकारी के लिए अब तुम रमेश से उसकी हवाई जहाज़ की यात्रा की कहानी सुनो। वह अपने पिताजी के साथ दिल्ली से मद्रास गया था।

मैं पिछली गर्मी की छुट्टी में पिताजी के साथ हवाई जहाज़ से मद्रास गया था। हमें एक रिश्तेदार के विवाह में भाग लेने के लिए मद्रास जाना था। विवाह की तारीख में केवल एक दिन बाकी था। हम बारह घंटे के अन्दर ही वहाँ पहुँच जाना चाहते थे। रेल से जाने में दो दिन लगते हैं। इसलिए पिताजी ने हवाई जहाज़ से जाना निश्चित किया। यह जानकर मैं तो बहुत खुश था क्योंकि मेरी तो यह पहली हवाई यात्रा थी।

हमारा हवाई जहाज़ पालम के हवाई अड्डे से सुबह १० बजे चलनेवाला था। हम टैक्सी में बैठ पालम पहुँच गए। अपना सामान तुलवाया। प्रत्येक यात्री केवल बीस किलोग्राम सामान साथ में ले जा सकता है। हमारा सामान तो इससे कम ही था। थोड़ी देर में पालम अड्डे के एक कर्मचारी ने लाउडस्पीकर पर हमें सूचना दी कि मद्रास जानेवाले यात्रियों के हवाई जहाज़ में बैठने का समय हो गया है, वे जाकर बैठें। हम भी और यात्रियों के साथ हवाई जहाज़ के निकट पहुँच गए। उसके दरवाज़े पर एक सीढ़ी लगी थी जिस पर चढ़कर हम हवाई जहाज़ के अन्दर गए। अन्दर गद्देदार सीटों की दो कतारें थी, बीच में रास्ता था। सीटें लगभग ७० रही होंगी। यह हवाई जहाज़ बहुत बड़ा नहीं था। पिताजी ने मुझे बताया था कि आजकल तो संसार के कुछ बड़े हवाई जहाज़ों में २०० मनुष्य भी यात्रा कर सकते हैं।

मुझे खिड़की के पासवाली सीट मिली थी। सब सवारियों के अन्दर आ जाने के बाद जहाज़ का दरवाज़ा बन्द हो गया। एक महिला कर्मचारी ने तभी सबको कुछ लैमन की गोलियाँ और लौंग, इलायची दी और मुझसे कहा कि मैं उन्हें चूसता रहूँ। अब जहाज़ के इंजन चलने लगे, पहले धीरे, फिर ज़ोर से। शोर बढ़ गया। जहाज़ चौड़ी सीमेंट की सड़क पर धीरे-धीरे बढ़ने लगा। फिर उसकी चाल तेज़ हुई और वह दौड़ने लगा, इंजन ज़ोर से गरजने लगे और पलक झपकते ही ऐसा लगा कि वह ज़मीन छोड़ हवा में तैर रहा है।

हवाई जहाज़ के अन्दर का एक दृश्य

मुझे अब खिड़की से नीचे की चीज़ें दिखाई देने लगीं। दूर तक मकान दिखाई दे रहे थे, सड़कों पर चलती मोटरें भी, परन्तु धीरे-धीरे सब वस्तुएँ छोटी होती गईं और फिर तो खेत और नदी-नाले भी बहुत छोटे दिखाई देने लगे। तभी जहाज़ के अगले भाग में बैठे चालक ने बताया कि अब हम ६०००–८००० मीटर की ऊँचाई पर उड़ रहे हैं और जहाज़ की रफ्तार ५०० किलोमीटर प्रति घंटा है। मेरे पूछने पर पिताजी ने बताया कि हमारा जहाज़ बहुत तेज़ उड़नेवाला नहीं है। आजकल कुछ हवाई जहाज़ तो ८०० किलोमीटर प्रति घंटा से भी अधिक चाल से उड़ते हैं।

दो घंटे में हमारा हवाई जहाज़ हैदराबाद के हवाई अड्डे पर पहुँच गया। यहाँ इसे ४० मिनट रुकना था। कुछ यात्री यहाँ उतर गए और कुछ नए सवार हुए। हमलोगों को जहाज़ ही में खाना मिला। हवाई जहाज़ के दो-तीन कर्मचारियों ने हमें खाना अपनी सीट पर ही लाकर दिया। इसका इन्तज़ाम हवाई जहाज़ के अन्दर ही होता है।

हवाई जहाज़ के अन्दर महिला कर्मचारी यात्रियों को भोजन देते हुए

हैदराबाद से चलकर लगभग १ घंटे में हवाई जहाज़ मद्रास पहुँच गया और शाम को हम अपने सम्बन्धी की शादी में भाग ले सके।

इस तरह रमेश ने अपनी दो दिन की यात्रा लगभग ४ घंटे में पूरी कर ली। अभी हमारे देश में अधिक हवाई जहाज़ नहीं हैं और कुछ थोड़े ही स्थानों पर हवाई अड्डे हैं। हवाई जहाज़ से यात्रा करने में किराया अधिक लगता है।

भारत के मानचित्र में देखो। दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास और बम्बई में हमारे बड़े हवाई अड्डे हैं। यहाँ पर विदेशों से हवाई जहाज़ आते-जाते हैं। इनके अलावा देश में और भी हवाई अड्डे हैं। ये छोटे हैं। इनसे देश के भिन्न-भिन्न भागों को हवाई जहाज़ आते-जाते हैं। बम्बई, कलकत्ता, बनारस, लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, मद्रास, बंगलौर, पूना आदि बड़े-बड़े नगर हवाई मार्गों द्वारा मिले हुए हैं। इसी

प्रकार दिल्ली से श्रीनगर और जोधपुर को भी हवाई जहाज़ आते-जाते हैं।

धीरे-धीरे हवाई जहाज़ से यात्रा करनेवालों की संख्या बढ़ रही है। हवाई जहाज़ द्वारा हल्की और जल्दी खराब हो जानेवाली चीज़ें जैसे फल आदि दूर-दूर भेजे जाते हैं। जिन स्थानों को हवाई जहाज़ जाते हैं उन स्थानों की डाक भी इनसे भेजी जाती है।

यातायात का यह साधन मंहगा है, परन्तु आजकल युद्ध में इसका बहुत महत्व है। १९६५ में पाकिस्तान के युद्ध में तुमने सुना होगा कि हवाई जहाज़ों ने कितना काम किया। इनके द्वारा सैनिक और लड़ाई के सामान, युद्ध के स्थानों पर पहुँचाए गए। हमारे हवाबाज़ों ने तो शत्रु के छक्के ही छुड़ा दिए।

हवाई जहाज़ों की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए देश में हवाई जहाज़ बनाए जाने लगे हैं। बंगलौर और कानपुर में हवाई जहाज़ बनाने के कारखाने हैं।

अब बताओ

१. हवाई जहाज़ हमारी क्या सेवा करते हैं?
२. हवाई जहाज़ के लिए सड़कें और रेल पटरी नहीं बनानी पड़तीं फिर भी यह यातायात का महंगा साधन क्यों है?
३. देश की रक्षा के लिए हवाई जहाज़ क्यों ज़रूरी हैं?
४. हवाई जहाज से यात्रा करने में क्यों आनन्द आता है?
५. तुम रेल, बस, ट्रक और हवाई जहाज़ में से किस यातायात के साधन का प्रयोग करोगे यदि तुम्हें :

अपने कारखाने के लिए हज़ारों क्विंटल कोयला खान से मंगाना है।
कल ही श्रीनगर पहुँचना है।
आस-पास से बेचने के लिए सब्ज़ियाँ मंगानी हैं।
किसी मरीज़ के लिए एक बहुत ज़रूरी दवाई गौहाटी भेजनी है।
दिल्ली में घर बदलते समय अपने घर का सामान भेजना है।
भारत के विभिन्न भागों में तीर्थस्थानों की यात्रा करनी है।

कुछ करने को

१. अपने अध्यापक से हवाई जहाज़ के आविष्कार की कहानी सुनो।
२. अपने अध्यापक के साथ जाकर समीप का हवाई अड्डा देखो और मालूम करो कि वहाँ से किस-किस स्थान को जहाज़ जाते हैं।

सिक्किम
भूटान
बंगाल
की
खाड़ी
अरब
सागर
हिन्द महासागर

हम सब भारतवासी हैं

हमारा देश लगभग दो सौ वर्ष तक अंग्रेज़ी सरकार के अधीन था। देश के विभिन्न भागों के नेताओं और जनता के लोगों ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू आदि नेताओं के साथ मिलकर देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ी। इस आज़ादी की लड़ाई में देश के कोने-कोने से गरीब-अमीर, पढ़े-लिखे, बेपढ़े-लिखे, हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई, सभी ने भाग लिया। हमारे देशवासियों को काफी बलिदान करने पड़े।

कोई भी भारतीय १४ अगस्त १९४७ की रात को नहीं भूल सकता। सभी लोग खुश थे और आज़ादी की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे थे। आखिर रात के ठीक बारह बजे अंग्रेज़ी सरकार के अन्तिम गवर्नर-जनरल लार्ड माउन्टबेटन ने भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा की और साथ-साथ हमारा राष्ट्रीय गीत गाया गया। अगले दिन सुबह सारे देश में खुशियाँ मनाई गईं। परन्तु देश की राजधानी दिल्ली में खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने १५ अगस्त १९४७ को लाल किले पर राष्ट्रीय झण्डा बड़ी शान से फहराया।

अब स्वतन्त्र भारत के नेताओं के सामने प्रश्न था कि देश में कैसा राज्य हो? जनता के क्या अधिकार हों? ऐसे ही प्रश्नों पर विचार करने के लिए पहले ही एक सभा बनाई जा चुकी थी। इसने लगभग तीन वर्ष में स्वतन्त्र भारत के लिए नया 'संविधान' बनाया। यही संविधान २६ जनवरी १९५० को सारे भारत में लागू किया गया।

इसीलिए प्रतिवर्ष १५ अगस्त और २६ जनवरी राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

भारत के विभिन्न भागों में रहनेवाले अनेक भाषाएँ बोलते हैं, भिन्न-भिन्न धर्म मानते हैं और अलग-अलग ढंग से रहते हैं। फिर भी सब लोग भारतवासी हैं। सबका एक संविधान, एक राष्ट्रीय ध्वज, एक राष्ट्रीय गान और एक राष्ट्रीय चिह्न है। सब मिलकर देशभर में राष्ट्रीय त्योहार मनाते हैं। इनके बारे में तुम अगले पाठों में पढ़ोगे।

२२. हमारी आज़ादी की कहानी

आज हम स्वतंत्र हैं। देश में अपना शासन है। यह स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली। इसको प्राप्त करने के लिए देशवासियों को अनेक बलिदान करने पड़े थे। एक लम्बे संघर्ष के बाद १५ अगस्त १९४७ का सुनहरा दिन आया। उस दिन हमारे देश में विदेशी सरकार के शासन का अन्त हो गया।

लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पहले इंग्लैंड में एक कम्पनी बनी थी, इसका नाम ईस्ट इंडिया कम्पनी था। इसने भारत से व्यापार करना शुरू किया। कुछ दिनों बाद इसने देशी राजाओं की आपसी लड़ाई और उनके कमज़ोर शासन का लाभ उठाया और धीरे-धीरे सारे देश पर अपना अधिकार कर लिया। इस तरह लगभग सौ वर्ष पहले सारे भारत पर अंग्रेज़ राज्य करने लगे थे। देशी राजा भी उन्हीं के अधीन थे।

१८५७ के विद्रोह की कहानी तुमने सुनी होगी। यह विद्रोह अंग्रेज़ी राज्य को समाप्त करने के लिए हुआ था। इसमें छोटे-बड़े, राजा-प्रजा, हिन्दू-मुसलमान सभी ने भाग लिया था। रानी लक्ष्मीबाई, तात्याँ टोपे, नानासाहब और मुगल सम्राट बहादुरशाह आदि इस लड़ाई के नेता थे। परन्तु इस लड़ाई में हमको सफलता नहीं मिली।

विद्रोह तो दब गया, परंतु इसकी चिनगारी बुझी नहीं। विदेशी राज्य से सभी दुखी थे। देश के पढ़े-लिखे लोगों ने सोचा कि कोई ऐसी संस्था बनाई जाए जो अंग्रेज़ी सरकार को बता सके कि भारत की जनता क्या चाहती है

बाल गंगाधर तिलक

लाला लाजपत राय

और क्या सोचती है। आज से लगभग ८१ वर्ष पूर्व एक ऐसी संस्था बनाई गई। इसका नाम 'अखिल भारतीय कांग्रेस' रक्खा गया। इसके बनाने में भारतीयों के साथ कुछ उदार अंग्रेज़ भी थे। उनमें से ए० ओ० ह्यूम को तो इसका जन्मदाता ही कहते हैं। उमेश चन्द्र बैनर्जी और दादाभाई नौरोजी ने कांग्रेस की नींव को मज़बूत करने के लिए बहुत काम किया।

हर साल कांग्रेस का अधिवेशन होता था। देशवासियों की माँगे अंग्रेज़ी सरकार के सामने रखी जाती थीं। सरकार कभी-कभी इनमें से कुछ माँगों को स्वीकार भी कर लेती थी।

धीरे-धीरे कांग्रेस की शक्ति बढ़ने लगी। सभी तरह के लोग उसमें शामिल हुए। देश के सभी भागों के नेता कांग्रेस में भाग लेने लगे। महाराष्ट्र के गोपालकृष्ण गोखले और बालगंगाधर तिलक, बंगाल के विपिनचन्द्र पाल तथा पंजाब के लाला लाजपत राय इनमें प्रमुख थे। तिलक ने सबसे पहले 'स्वराज्य' की माँग की। कहा, अपने देश में अपना राज होना चाहिए। इन नेताओं ने जनता में एक नया जोश पैदा किया और इसीलिए अंग्रेज़ सरकार ने कुछ को जेल में डालकर बड़े दुख दिए। लेकिन देशवासी घबराए नहीं। वे बराबर विदेशी सरकार का विरोध करते रहे। देश में स्वराज्य की माँग बढ़ती गई।

कांग्रेस का ज़ोर और बढ़ता गया। इस समय महात्मा गांधी अफ्रीका से भारत लौटे और कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके आते ही देश जाग उठा। बड़े-बड़े जलसों और अधिवेशनों में देशवासियों ने स्वराज्य की माँग को दोहराया, अंग्रेज़ी सरकार

ने अक्सर उसका जवाब लाठी और गोली से दिया और कठोर कानून बना कर जनता की माँगों को दबाने का प्रयत्न किया। लेकिन जनता का विरोध बढ़ता गया।

ऐसे ही एक कानून के विरोध में अमृतसर के जलियाँवाला बाग में एक सभा हुई। हज़ारों स्त्री, पुरुष और बच्चे अपने नेताओं के भाषण सुनने को जमा हुए। अचानक एक अंग्रेज़ फौजी अफसर अपने सिपाहियों के साथ वहाँ आ पहुँचा। बाग के दरवाज़े को घेर कर उसने निहत्थे लोगों पर गोली चलाने की आज्ञा दे दी। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। सैकड़ों स्त्री, पुरुष और बच्चे पलभर में गोलियों से मार दिए गए।

इस काण्ड से देश में मानों आग लग गई। स्वतंत्रता के आन्दोलन की बागडोर अब गांधीजी ने सम्हाली। उन्होंने देश को एक नया मार्ग दिखलाया। उन्होंने लोगों से कहा कि विदेशी सरकार से सहयोग न करो। किसी बात में उनका साथ न दो। विदेशी वस्तुओं को काम में लाना बन्द कर दो। देश के लिए इस समय यही सच्चा रास्ता है। इस रास्ते में आनेवाली हर एक कठिनाई को सहो और अहिंसा को अपनाओ। उनकी इन बातों ने जनता को हिम्मत दी और उसके मन से सरकार का भय निकल गया।

सारा देश गांधी के साथ था। घर-घर कांग्रेस का तिरंगा झंडा फहराने लगा। स्त्री, पुरुष, बूढ़े और बच्चे मिलकर गा उठे:

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा।
झंडा ऊँचा रहे हमारा।
प्रेमसुधा सरसानेवाला,
वीरों को हर्षानेवाला,
सदा शक्ति बरसानेवाला,
मातृभूमि का तनमन सारा।
झंडा ऊँचा रहे हमारा।

ये उस प्रिय गाने की कुछ पंक्तियाँ हैं जिनको सुनते ही उस ज़माने में हज़ारों स्त्री, पुरुष, बूढ़े, जवान और बच्चे तिरंगे झंडे के नीचे अपना सब कुछ बलिदान करने के लिए आ जाते थे। सारा देश आज़ादी पाने के लिए बेचैन हो उठा था। गांधीजी के साथ अब देश के बड़े-बड़े नेता थे। इनमें मोतीलाल नेहरू, चित्तरंजन दास, अब्दुल गफ्फार खाँ, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाषचन्द्र बोस, चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य, अबुलकलाम आजाद, राजेन्द्रप्रसाद, सत्यमूर्ति, सरोजिनी नायडू आदि के नाम प्रसिद्ध हैं।

लाहौर में कांग्रेस का एक बड़ा अधिवेशन हुआ। इसके सभापति जवाहरलाल जी थे। इसमें यह प्रस्ताव पास किया गया कि देश अब पूर्ण स्वतंत्रता से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेगा। २६ जनवरी १९३० ई० को देश भर में जलसे किए गए। बड़े-बड़े जलूस निकाले गए। देशवासियों ने पूर्ण स्वतंत्रता के लिए हर प्रकार के बलिदान करने की प्रतिज्ञा की। २० साल बाद यह दिन हमारा गणतन्त्र दिवस बनाया गया।

आज़ादी का यह आन्दोलन दिनोंदिन बढ़ता गया। गांधीजी और अन्य नेता कभी सरकार को कर न देने का आन्दोलन चलाते, कभी नमक कानून तोड़ने का और कभी उसके हर काम से असहयोग करने का। उधर अंग्रेज़ी सरकार कभी भारतीयों को कुछ अधिकार देने का वायदा

सरोजिनी नायडू

मौलाना अबुल कलाम आज़ा

करती परन्तु अधिकतर आन्दोलन को कठोरता से दबाती। गांधीजी, उनके साथी नेताओं और दूसरे हज़ारों स्त्री-पुरुषों को जेल में बन्द कर देती। जलसों पर लाठी और गोली चलाती। असर इसका उल्टा होता और आन्दोलन और ज़ोर पकड़ता।

गांधीजी के नेतृत्व में एक बहुत बड़ा आन्दोलन १९४२ में शुरू हुआ। उन्होंने 'अंग्रेज़ो भारत छोड़ो' का नारा लगाया। अंग्रेज़ी सरकार ने इस आन्दोलन को दबाने के लिए पहले से भी अधिक अत्याचार किए। जेलें देशभक्तों से भर गईं। जब लाठी और गोली से कुछ न हुआ तब कुछ गाँवों में आग लगा दी गई, खेत उजाड़ दिए गए और स्कूल-कालेज बन्द कर दिए गए। लेकिन जनता का जोश कम नहीं हुआ। दिन-प्रतिदिन आन्दोलन ज़ोर पकड़ता गया।

अन्त में सरकार को ही झुकना पड़ा। अंग्रेज़ अधिकारियों ने नेताओं से देश की स्वतंत्रता के विषय में बातचीत करनी शुरू कर दी। देश में एक और संस्था थी जिसका नाम मुस्लिम लीग था। इसके नेता भारत के कुछ भागों को लेकर 'पाकिस्तान' नाम का देश बनाना चाहते थे। अन्त में देश दो हिस्सों में बंट गया। इस प्रकार भारत और पाकिस्तान बन गये। १५ अगस्त १९४७ को देश आज़ाद हो गया और तीन सौ साल की गुलामी की बेड़ियाँ टूट गईं।

जवाहरलाल नेहरू स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेते हुए

अब बताओ

१. देश में अंग्रेज़ी सरकार का राज्य क्यों स्थापित हो गया?
२. "अखिल भारतीय कांग्रेस" की स्थापना क्यों की गई?
३. २६ जनवरी का दिन हमारे देश के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?
४. गांधीजी ने स्वतंत्रता-आन्दोलन के विषय में जनता को क्या आदेश दिए?
५. स्वतंत्रता-आन्दोलन के विषय में कुछ बातें नीचे लिखी हैं। इनमें से जो इस आन्दोलन के लिए सही हैं, उन पर इस प्रकार (✓) सही का निशान लगाओ:

इसमें देश के प्रत्येक भाग के लोग सम्मिलित हुए।
लोगों ने सरकारी नौकरियाँ छोड़ दीं।
केवल एक धर्म के लोगों ने इसमें भाग लिया।
केवल शहर के लोग इसमें सम्मिलित हुए।
केवल उत्तर भारत के लोग इसमें सम्मिलित हुए।
जनता ने अंग्रेज़ी सरकार को कर देने का विरोध किया।
विदेशी वस्तुओं का प्रयोग बन्द कर दिया गया।

कुछ करने को

१. स्वतंत्रता-संग्राम के नेताओं की सूची बनाओ। प्रत्येक नेता के सामने उसका धर्म तथा रहने का स्थान लिखो।
२. स्वतंत्रता-संग्राम के नेताओं के चित्र इकट्ठे करो।

२३. हमारा संविधान और हमारी सरकार

आज़ादी प्राप्त करने के पहले हमारे देश में अंग्रेज़ों की बनाई सरकार थी। उन्हीं के बनाए ढंग से शासन का कार्य होता था और उन्हीं के बनाए कानून चलते थे। जब हमें स्वतन्त्रता मिली, तो सबसे पहला काम हमें अपनी सरकार बनाना था। इसके लिए हमें नए नियम बनाने थे शासन का नया ढंग सोचना था। जनता के अधिकार और कर्तव्य निश्चित करने थे और देश की उन्नति के उपाय सोचने थे।

इन सब बातों को निश्चित करने के लिए जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों की एक सभा बनाई गई इसे 'संविधान-सभा' कहते हैं। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद इसके सभापति चुने गए। तुम्हें शायद मालूम हो कि वे ही हमारे प्रथम राष्ट्रपति भी हुए। इस सभा ने लगभग तीन वर्ष के कार्य के बाद देश के शासन का एक विधान बनाया। इसे 'भारतीय संविधान' कहते हैं। २६ नवम्बर १९४९ को देश के प्रतिनिधियों ने इसे स्वीकार किया और यह संविधान २६ जनवरी १९५० को सारे देश में लागू कर दिया गया। जनता का राज्य शुरु हुआ।

संविधान-सभा के सभापति—डा० राजेन्द्र प्रसाद

हमारे नए संविधान की प्रस्तावना में लिखा है :

हम, भारत के लोग, भारत को एक **सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिये, तथा उस के समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय**,
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता**,
प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिये,
तथा उन सब में

व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की
एकता सुनिश्चित करने वाली **बन्धुता**

बढ़ाने के लिये

दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान-सभा में आज तारीख २६ नवम्बर, १६४६ ई० (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हज़ार छः विक्रमी) को **एतद्द्वारा** इस संविधान को **अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

इसका मतलब यह है कि हम भारतवासी स्वयं अपने मालिक हैं किसी के अधीन नहीं।

हमारे संविधान के अनुसार देश में कोई राजा नहीं होता। सभी देशवासियों को बराबर अधिकार होता है। तुम जानते हो कि हमारे देश में ४० करोड़ से भी अधिक लोग रहते हैं। ये सब तो देश का शासन नहीं कर सकते। इसलिए इस कार्य के लिए वे अपने प्रतिनिधि चुनते हैं। ये ही देश की सरकार बनाते हैं, देश के लिए कानून बनाते हैं और देश की रक्षा का प्रबन्ध करते हैं। तुम भी जब २१ वर्ष के हो जाओगे तब तुमको भी इन प्रतिनिधियों के चुनने का अधिकार होगा और अन्य लोगों की तरह तुम भी चुनाव में वोट दे सकोगे। इस शासनप्रणाली को 'गणतंत्र शासनप्रणाली' कहते हैं।

हमारे संविधान के अनुसार देश की सरकार का सबसे बड़ा अधिकारी 'राष्ट्रपति' होता है। जल, स्थल और वायु सेना भी उसी के अधीन है। राष्ट्रपति को जनता के चुने हुए प्रतिनिधि ही चुनते हैं। इस प्रकार वह जनता का प्रतिनिधि ही होता है।

संसद भवन—दिल्ली

वह जनता के चुने हुए मंत्रिमंडल और संसद की सहायता से देश का शासन चलाता है।

तुम यह जानना चाहोगे कि मंत्रिमंडल और संसद क्या हैं और कैसे बनते हैं? हमारे देशवासी हर पाँचवें साल अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों की एक सभा होती है जिसको हम 'संसद' कहते हैं। संसद में जिस दल के प्रतिनिधियों का बहुमत होता है उसी दल के नेता को प्रधानमंत्री बनाया जाता है। प्रधानमंत्री अपनी सहायता के लिए कुछ और लोगों को चुन लेता है। यह लोग 'मंत्री' कहलाते हैं। यही सब लोग मिल कर मंत्रिमंडल बनाते हैं। तुम शायद जानते हो कि आजकल देश में कांग्रेस दल का मंत्रिमंडल है।

शासन की बागडोर इसी मंत्रिमंडल के हाथ में होती है लेकिन देश के लिए नए-नए कानून 'संसद' ही बनाती है। वास्तव में हमारे संविधान के अनुसार यही संसद सरकार का सबसे मुख्य अंग है। इसमें जनता के चुने हुए सदस्य होते हैं। इसीलिए हम अपनी सरकार को जनता की सरकार कहते हैं।

अच्छे शासन का एक जरूरी कार्य अच्छे न्याय की व्यवस्था करना होता है।

सर्वोच्च न्यायालय—दिल्ली

इस पर हमारे संविधान में काफी ज़ोर दिया गया है। हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए और कानून को तोड़नेवालों को सज़ा देने के लिए संविधान ने छोटे-बड़े न्यायालयों की स्थापना की है। इनमें सबसे बड़ा न्यायालय दिल्ली में है जिसे 'सर्वोच्च न्यायालय' कहते हैं।

तुम्हें मालूम है कि हमारे देश में १७ राज्य हैं। संविधान ने इन राज्यों को कुछ कार्यों की स्वयं व्यवस्था करने का अधिकार दिया है। प्रत्येक राज्य में यह कार्य राज्य-सरकार करती है। यह सरकार भी जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा बनाई जाती है। यह प्रतिनिधि विधानमण्डल के सदस्य होते हैं। प्रत्येक राज्य में एक 'राज्यपाल' होता है। उसे राष्ट्रपति नियुक्त करता है। वह विधानमण्डल के बहुमत दल के नेता को मुख्य-मंत्री बनाता है जो अन्य मंत्रियों को चुनता है। राज्य शासन में राज्य के लिए कानून बनानेवाला यही विधानमण्डल प्रमुख है।

अब बताओ

१. हमें स्वतंत्रता मिलने के बाद नया संविधान बनाने की क्यों आवश्यकता पड़ी?
२. गणतंत्र शासन-प्रणाली का क्या अर्थ है?
३. राष्ट्रपति किसे प्रधानमंत्री बनाते हैं?
४. देश की सरकार का 'संसद' मुख्य अंग क्यों कहलाता है?
५. अच्छे शासन के लिए न्यायालयों की क्यों आवश्यकता है।
६. खाली स्थान भरो :

भारत का नया संविधान —— को लागू किया गया।
भारत सरकार के सबसे उच्च अधिकारी को —— कहते हैं।
मुख्यमंत्री विधानमण्डल के बहुमत दल का —— होता है।
राज्यपाल की नियुक्ति —— करता है।

कुछ करने को

१. अपने अध्यापक के साथ 'संसद भवन' में संसद की बैठक देखने जाओ।
२. अपने विद्यालय की बालसभा में एक भाषण दो कि यदि तुम प्रधानमंत्री होते तो क्या करते।

२४. हमारे अधिकार और कर्त्तव्य

चुनाव का दिन था। गाँव में चहलपहल थी। इतवारी हरिजन और उसकी पत्नी सविता बड़े प्रसन्न दिखाई देते थे। सवेरे ही सविता ठाकुर साहिब के घर के सामनेवाले कुएँ से पानी लाई। नहा-धोकर दोनोंने साफ कपड़े पहिने और स्कूल की ओर चल पड़े। उनका लड़का मोहन भी उनके साथ हो लिया। स्कूल के पास काफी भीड़ थी। लोग कतारों में खड़े थे, और एक-एक करके कमरे के अन्दर जा रहे थे। वे भी जाकर कतार में खड़े हो गए। इतवारी और सविता की जब बारी आई वे अन्दर गए। कुछ देर के बाद वे बड़े खुश वापिस आए।

जब वे घर लौट रहे थे, मोहन ने पूछा, 'पिताजी, आप अन्दर क्या करने गए थे?'

इतवारी ने कहा, 'मैं वोट डालने गया था'।

'वोट डालना क्या है?' मोहन ने बड़ी उत्सुकता से पूछा।

इतवारी बोला, 'मुझे वहाँ एक पर्चा दिया गया और जिस उम्मीदवार को मैं चुनना चाहता था, उसके नाम के आगे मैंने यह (×) निशान लगा दिया और पर्चा मोड़कर एक पेटी में डाल दिया। यही वोट डालना होता है।'

मोहन ने फिर पूछा, 'पिताजी, ये वोट कब-कब डाले जाते हैं?'

इतवारी ने कहा, 'ये हर पाँचवे साल पड़ते हैं। अब तक मैं इस अधिकार का कई बार प्रयोग कर चुका हूँ।'

'पिताजी, वोट देने का अधिकार क्या है, और इसका क्या महत्व है'? मोहन ने

वोट देने के स्थान के बाहर का एक दृश्य

वोट डालते हुए एक व्यक्ति

पूछा। इतवारी कुछ देर चुप रहा और फिर बोला, 'बेटा, यह तो मैं नहीं जानता। यह तो तुम अपने अध्यापक से पूछना। पर इतना ज़रूर जानता हूँ कि जबसे मुझे यह अधिकार मिला है गाँव में बड़े परिवर्तन हुए हैं। कई नई-नई बातें हुई हैं।'

दूसरे दिन जब मोहन स्कूल गया तो वह बहुत उत्सुक था। जब अध्यापक सामाजिक विषय पढ़ाने लगे तो उसने उन्हें कलकी सारी बातचीत बताई और पूछा, 'श्रीमान, वोट देने का अधिकार क्या है?'

अध्यापक ने उत्तर दिया, 'तुमने कुछ दिन पहले भारत के संविधान के बारे में पढ़ा था। उसमें बताया गया था कि अब भारत एक गणतन्त्र राज्य है। जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन कार्य चलाया जाता है। इन प्रतिनिधियों को चुनने का हर भारतीय को अधिकार है। इस अधिकार को मत देने का अधिकार कहते हैं। यह अधिकार २१ वर्ष की आयु हो जाने पर हर भारतवासी को मिलता है। तुम भी जब उस उम्र तक पहुँचोगे तब इस अधिकार का प्रयोग कर सकोगे।'

मोहन ने फिर पूछा, 'क्या संविधान में इस प्रकार के और भी अधिकार हैं जिनका उपयोग हर नागरिक कर सकता है?'

'हाँ', अध्यापक ने उत्तर दिया और कहा, 'दूसरा प्रमुख अधिकार स्वतन्त्रता का है। अब हर नागरिक अपने विचार दूसरे लोगों के सामने रखने के लिए स्वतन्त्र है। वह भाषण देकर, अखबार में लेख देकर या पुस्तक लिखकर अपने विचारों को प्रकट कर सकता है। इस अधिकार का प्रयोग करते समय हर नागरिक को बड़ी साव-धानी बरतनी चाहिए। ऐसा न हो कि हम इस समय किसी का अपमान करें। हमको दूसरों के विचारों का भी आदर करना चाहिए।'

'इसी अधिकार के अनुसार हमें यह भी स्वतन्त्रता है कि हम कोई भी रोज़गार अपनाएँ, डाक्टर बनें या वकील, खेती करें या व्यापार। हम जिस धर्म को चाहें मानें। किसी धर्म को मानने अथवा न मानने के लिए हम पूर्ण स्वतन्त्र हैं।

'लेकिन स्वतन्त्रता का अर्थ मनमानी करने का नहीं है। यदि ऐसा होगा तो कोई भी सड़क पर अपने जानवर बाँध कर सारे यातायात में रुकावट पैदा कर देगा। कोई भी किसी के खेत को काट लेगा। इससे बड़ी गड़बड़ी फैल जाएगी और कोई भी स्वतन्त्रता का उपयोग ठीक तरह से न कर पाएगा। इसीलिए अधिकार के साथ हमारे कुछ कर्त्तव्य भी होते हैं। इन अधिकार और कर्त्तव्यों का सब लोग ठीक प्रकार से प्रयोग करें, इसके लिए कानून बनाए गए हैं। ये कानून हमारे चुने हुए प्रतिनिधि ही बनाते हैं। हमें इन अधिकारों का प्रयोग वहीं तक करना चाहिए, जहाँ तक किसी दूसरे को इसे प्रयोग करने में बाधा न पहुँचे।'

मोहन ने और अधिक जानकारी करने के लिए पूछा, 'गुरुजी, क्या हर नागरिक इन अधिकारों का उपयोग समान तरीके से कर सकता है?'

अध्यापक ने उत्तर दिया, 'हमारे संविधान के अनुसार सभी नागरिक बराबर हैं। चाहे वे हिन्दू हों या मुसलमान, बड़ा सरकारी अफसर हो या साधारण नागरिक, सब को अपनी-अपनी उन्नति करने का बराबर अधिकार है। समानता का अधिकार भी संविधान ने दिया है। सरकारी स्कूलों में बिना भेद-भाव के सभी प्रवेश पा सकते हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधा सभी के लिए हैं। सरकारी नौकरी के लिए सभी उम्मीदवार हो सकते हैं। हर जाति और वर्ग के लोगों को इस तरह सुविधाओं का लाभ उठाने का समान अधिकार है। होटलों, सिनेमाघरों या अन्य स्थानों पर कोई भी भेदभाव नहीं हो सकता।'

इस पर रमेश बोला, 'यदि अधिकार के प्रयोगों में कोई बाधा डाले या अधिकार छीनना चाहे, तो उसको रोकने का क्या उपाय है?'

अध्यापक ने उत्तर दिया, 'संविधान में इसकी व्यवस्था भी कर दी गई है। कानून के सामने सभी बराबर हैं कोई बड़ा छोटा नहीं। यदि किसी के अधिकार के प्रयोग में कोई रुकावट आती है तो वह न्यायालय से न्याय की माँग कर सकता है। ये सभी अधिकार संविधान द्वारा दिए गए "मूल-अधिकार" हैं। तभी हम अपने को एक भारत व राष्ट्र का नागरिक कहते हैं।'

कुछ देर के लिए कक्षा चुप रही। जब छात्रों ने कोई प्रश्न न किया तब अध्यापक ने अपनी ओर से पूछा, 'क्या तुम बता सकते हो कि इन अधिकारों का प्रयोग करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?'

एक छात्र ने तुरन्त उत्तर दिया, 'हमें अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय दूसरे के अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए। यह हमारा कर्त्तव्य है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो दूसरों के अधिकारों के प्रयोग में बाधा डालेंगे। सड़क पर अपने पशु बाँधनेवाला मनुष्य दूसरों के सड़क पर चलने के अधिकार में बाधा डालता है।'

अध्यापक को यह सुनकर बड़ी प्रसन्नता हुई। वे कहने लगे, 'इसके साथ हमारे कुछ और कर्त्तव्य भी हैं। तुम जानते हो कि शासन का कार्य चलाने के लिए सरकार को बहुत से कर्मचारी रखने पड़ते हैं। उसे उन सबको वेतन देना होता है। रेल, सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल आदि बनाने के लिए काफी धन खर्च करना पड़ता है। यह धन सरकार जनता से करों के रूप में लेती है। अत: हमको बड़ी ईमानदारी से ठीक समय पर अपने कर चुका देने चाहिएं साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधा की चीजें सभी के लिए हैं। ये राष्ट्रीय सम्पत्ति हैं। इनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है।

'अपने अधिकार का सही उपयोग करना हमारा कर्त्तव्य है। हमें अपनी सरकार के प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। परन्तु यदि हम सोच समझकर योग्य व्यक्ति को अपना वोट नहीं देंगे तो हमारे देश की सरकार अच्छी नहीं बनेगी। देश

की उन्नति हो, इसलिए हमें योग्य व्यक्तियों को चुनना चाहिए। अतः हमारा यह कर्त्तव्य हो जाता है कि हम सोच समझ कर अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग करें।

मोहन सारी बातें अच्छी तरह समझ गया। घर आकर अपने पिताजी से उसने सारी बात कही और उन्हें बताया कि वोट देने का अधिकार कितना महत्त्वपूर्ण है।

अब बताओ

१. मत देने के अधिकार का क्या अर्थ है? हमें चुनाव में कैसे व्यक्ति को मत देना चाहिए?

२. कानून का पालन करना क्यों ज़रूरी है?

३. नीचे लिखे वाक्यों में उन पर (✓) चिह्न लगाओ जिनमें स्वतन्त्रता के अधिकार का सही प्रयोग किया गया हो:

( ) घर में सफाई रहे इसलिए श्याम अपनी गाय सड़क के बीच में बाँधता है।

( ) रामू को भूख लगी और उसने श्याम के बाग से आम तोड़ कर खा लिए।

( ) सोहन ने देश की खाद्य समस्या पर एक लेख अखबार में छपवाया है।

( ) कर्मचन्द अपने घर में रेडियो रात के बारह बजे तक ज़ोर-ज़ोर से बजाता है।

४. हम टैक्स क्यों देते हैं? टैक्स से प्राप्त धन का सरकार क्या प्रयोग करती है?

कुछ करने को

१. अध्यापक की सहायता से कक्षा के मानीटर का चुनाव असली चुनाव के ढंग पर करो।

२. अपने पिता से पूछो कि वे वर्ष में कितना टैक्स देते हैं।

२५. हमारे राष्ट्रीय त्योहार

तुम तो देखते ही हो कि हमारे देश में हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई आदि सभी धर्मों के लोग रहते हैं। सभी धर्मों के लोग अपने-अपने धार्मिक त्योहार जैसे होली, दीवाली, दशहरा, बैसाखी, गुरुपर्व, ईद, बड़ादिन, गुड फ्राइडे आदि मनाते हैं। इनमें से कुछ त्योहार हम अपने घरों में मनाते हैं और कुछ पास-पड़ोस में सब मिलकर मनाते हैं। परन्तु हमारे कुछ ऐसे भी त्योहार हैं जो देश के सभी भागों में रहनेवाले मिलकर मनाते हैं। इन्हें हम 'राष्ट्रीय त्योहार' कहते हैं। स्वतन्त्रता दिवस, गांधी-जयन्ती और गणतन्त्र दिवस हमारे राष्ट्रीय त्योहार हैं। आओ, तुम्हें इनके बारे में जानकारी कराएँ।

१. स्वतन्त्रता दिवस—१५ अगस्त

"आज हम स्वतन्त्र हैं और हमें पुरानी दासता से छुटकारा मिल गया है। विदेशी शासन समाप्त हो गया। हम सब स्वतन्त्र भारत के लोग मिलकर अपनी स्वतन्त्रता की रक्षा कर सकते है।" ये हैं भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलालजी के भाषण के कुछ शब्द जो उन्होंने १५ अगस्त १९४७ को झंडा फहराते समय लाल किले पर कहे थे। तभी से १५ अगस्त का दिन हमारा राष्ट्रीय त्योहार बन गया है। इस दिन सारे देश के सभी लोग बड़े चाव और उमंग से अपनी आज़ादी की सालगिरह मनाते हैं।

स्वतन्त्रता दिवस के दिन जवाहरलाल नेहरू लाल किले पर भाषण देते हुए

१५ अगस्त को नगर-नगर और गाँव-गाँव में राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता है, राष्ट्रीय गीत गाया जाता है, सभाएँ और भाषण होते हैं। कहीं-कहीं जलूस और प्रभातफेरी भी निकाली जाती हैं।

स्कूलों में विशेष चहल-पहल दिखाई देती है। स्कूल के सब लोग मैदान में इकट्ठे होते हैं। कभी-कभी बाहर से भी अतिथि बुलाए जाते हैं। झंडा फहराया जाता है। बच्चे परेड करके इसे सलामी देते हैं। बालसभा की बैठक में गाने और कविताएँ पढ़ते हैं। नाटक खेलते हैं।

दिल्ली में यह पर्व विशेष धूम-धाम से मनाया जाता है। लालकिले के मैदान में लाखों की संख्या में अमीर, गरीब, किसान, अध्यापक, मजदूर, व्यापारी आदि सभी वर्गों के स्त्री-पुरुष और बच्चे एकत्र होते हैं। हमारे प्रधानमंत्री किले के ऊपर झंडा फहराते हैं। सभी लोग राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देने के लिए सावधान की अवस्था में खड़े होते हैं। थल, जल और वायु सेना के दस्ते झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान की धुन बजाते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र के नाम अपना संदेश देते हैं। वे जनता को याद दिलाते हैं कि देश के रहनेवाले सभी भारतीय हैं। हम सबको मिलजुल कर देश की आज़ादी की रक्षा करनी है। दूसरे उन्नत देशों की तरह हमें भारत को भी आगे बढ़ाना है। देश से गरीबी, अज्ञानता और बीमारी को दूर भगाना है।

२. गांधी-जयन्ती—२ अक्तूबर

आज पाठशाला में छुट्टी है, परन्तु बच्चों की बालसभा ने गांधी-जयन्ती मनाने का आयोजन किया है। पाठशाला में सभी लड़के-लड़कियाँ बैठे हैं। एक मेज पर गांधीजी का चित्र रखा है। बालसभा के सभापति चौथी कक्षा में पढ़ने वाले राकेश ने गांधीजी के चित्र को हार पहनाया।

सभा का कार्यक्रम आरम्भ करते हुए उसने कहा, 'आज २ अक्तूबर है। गांधीजी का जन्म दिन। उनकी याद में यह दिन सारे देश में मनाया जाता है। सभी लोग अपने ढंग से उन्हें अपनी श्रद्धा के फूल भेंट करते हैं। तुम जानते हो कि दिल्ली में उनकी समाधि "राजघाट" पर है। वहाँ आज के दिन एक विशेष कार्यक्रम होता है। सुबह से देश के बड़े-बड़े नेता और हज़ारों लोग जमा होते हैं। चरखा काता जाता है और रामधुन गाई जाती है। सब मिल कर गाते हैं :

रघुपति राघव राजाराम, पतितपावन सीताराम।
ईश्वर अल्लाह तेरे नाम। सबको सन्मति दे भगवान ।।

आइए, हम भी अपनी श्रद्धा के फूल उन्हें भेंट करें। आज हमारे कुछ साथी गांधीजी के जीवन की कुछ घटनाएँ आपको सुनाएँगे। सबसे पहले मैं मोहन से प्रार्थना करता हूँ कि वह गांधीजी के जीवन की कोई घटना बताएँ।'

मोहन ने कहा, 'गांधीजी जब छोटे थे तब एक बार वह राजकोट में सत्य हरिश्चन्द्र नाटक देखने गए। इस नाटक में दिखाया गया था कि राजा हरिश्चन्द्र ने सब प्रकार की तकलीफें सहीं परन्तु सच को नहीं छोड़ा। इस नाटक का उनके मन पर गहरा प्रभाव पड़ा। रात को घर लौटने पर वह सो न सके, सारी रात सोचते रहे और उसी दिन उन्होंने प्रतिज्ञा की कि वे कभी भी सत्य को नहीं छोड़ेंगे चाहे कुछ भी क्यों न हो जाए। उन्होंने इस प्रण को अपने जीवन में पूरा किया।'

मोहन के बाद सुषमा ने गांधीजी के जीवन की घटना इस प्रकार बताई :

'महात्मा गांधी का जन्म राजकोट के धनी परिवार में हुआ था। वे अपने माता-पिता का आदर करते थे। बचपन में उन्होंने श्रवणकुमार और हरिश्चन्द्र के नाटक देखे थे। वे सोचा करते थे कि वे भी श्रवणकुमार और हरिश्चन्द्र के समान बनेंगे। परन्तु एक बार उन्होंने चोरी की। घटना इस प्रकार है :

राजघाट पर गांधी जयन्ती का एक दृश्य

'गांधीजी के भाई पर एक दुकानदार का पच्चीस रुपया उधार हो गया। उसने रुपये माँगे। भाई के पास न रुपये थे और न पिताजी से माँगने की हिम्मत। दुकानदार ने पिताजी से कहने की धमकी दी। इसलिए भाई ने यह बात गांधीजी को बताई। उनमें भी पिताजी से पैसे माँगने की हिम्मत नहीं थी। कहीं दुकानदार पिताजी से कह न दे, इस डर से गांधीजी ने अपनी माँ के कड़े में से थोड़ा-सा सोना काटा और उसे बाज़ार में बेचकर उधार चुका दिया।

'इस चोरी से उनको बहुत दुख हुआ। पिताजी से कहते तो डर लगता था। इसलिए उन्होंने एक पत्र लिखा, उसमें अपना कसूर स्वीकार किया और माफी मांगी। बीमार पिताजी को डरते-डरते वह पत्र दे दिया। सज़ा की प्रतीक्षा में पास खड़े रहे। पत्र पढ़कर पिता की आँखों में आँसू आ गए। उन्होंने गांधीजी को माफ कर दिया। उस दिन से उन्होंने प्रण कर लिया कि वे फिर ऐसी गलती नहीं करेंगे। सारे जीवन उन्होंने अपने इस प्रण का पालन किया।'

फिर राकेश ने कहा, 'अब सुबोध गांधीजी के जीवन की कोई और घटना बताएँगे'। सुबोध ने कहा,

'गांधीजी के साथ तो हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई सभी थे। एक बार एक पठान गांधीजी से किसी कारण नाराज़ हो गया। गांधीजी अपने कार्य को समाप्त कर घर जा रहे थे, उस पठान ने पीछे से गांधीजी के सिर पर लाठी मारी। गांधीजी बेहोश हो गए। पठान को पुलिस ने पकड़ लिया। जब गांधीजी को होश आया, तो लोगों ने पठान के पकड़े जाने की बात बताई; गांधीजी ने पुलिस से उस पठान को छोड़ने के लिए कहा, पठान छोड़ दिया गया। पठान पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा और वह उनका सच्चा भक्त बन गया। एक दिन उसने गांधीजी से पूछा कि मैंने अपराध किया था आपने मुझे दण्ड क्यों नहीं दिलाया। गांधीजी ने कहा, 'यह तो एक घटना थी, हो गई। कोई भी मनुष्य बुरा नहीं है, बुरी है बुराई।'

राकेश ने सभा समाप्त करते हुए कहा, 'गांधी-जयन्ती के दिन हम राष्ट्रपिता को याद करते हैं क्योंकि उन्होंने हमें आज़ादी दिलाई थी। परन्तु हमें इस आज़ादी को बनाए रखने के लिए उनके बताए रास्ते पर चलना होगा। आओ, आज हम सब मिलकर इसका प्रण करें।'

राष्ट्रीय गान गाया और सभा समाप्त हुई।

३. गणतन्त्र दिवस—२६ जनवरी

१५ अगस्त की तरह २६ जनवरी भी भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है। तुम जानते हो क्यों? प्रतिवर्ष यह दिन सारे देश में राष्ट्रीय त्योहार की तरह बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

देश के हर एक नगर और गाँव में सभी लोग किसी एक स्थान पर जमा होते हैं और वहाँ राष्ट्रीय झंडे का अभिवादन करते हैं। फौज अथवा पुलिस की परेड होती है, जलसे होते हैं। कहीं-कहीं प्रदर्शनियाँ भी होती हैं, और रात को जगह-जगह रोशनी की जाती है।

यह त्योहार दिल्ली में विशेष उत्साह से मनाया जाता है; इसकी सबसे बड़ी विशेषता फौजी परेड है। फौजी दलों का जलूस राजपथ, इंडिया गेट, कनाटप्लेस, चाँदनी चौक होता हुआ लालकिले पर समाप्त होता है।

२६ जनवरी को सवेरे चार बजे से ही लोग राजपथ तथा अन्य स्थानों पर पहुँचना शुरू कर देते हैं। लोग विशेष रूप से राजपथ पर ही समारोह देखना पसन्द करते हैं। इसलिए वहाँ सबसे अधिक भीड़ होती है और विशेष व्यवस्था की जाती है।

सबसे पहले फौजी परेड के कमांडर, एक बड़े फौजी अफसर, अपने एक हाथ में खुली तलवार लिए जीप में आते हैं और राष्ट्रपति को सलामी देते हैं। इनके पीछे टैंक, तरह-तरह की छोटी-बड़ी तोपें, हवाई तोपें, बख्तरबन्द गाड़ियाँ आती हैं। ट्रकों

दिल्ली में गणतन्त्र दिवस समारोह का एक दृश्य

पर लड़ाई का अन्य सामान प्रदर्शित किया जाता है। फिर बैण्ड बाजों की धुन बजाते सिपाही आते हैं। हमारे जल-थल और वायु सेना के बहादुर सिपाहियों की टुकड़ियाँ, राष्ट्रपति के सामने आती हैं, उन्हें सलामी देती हैं और मार्च करती हुई आगे बढ़ जाती हैं।

फौजी टुकड़ियों के पीछे पुलिस, एन० सी० सी० और फिर स्कूल-कालिजों के लड़के-लड़कियों के दल मार्च करते आते हैं। उनकी रंग-बिरंगी पोशाकें सुबह की धूप में चमकती हैं और बड़ी सुहावनी लगती हैं। इसमें तुम जैसे छोटे बच्चे भी होते हैं।

इस परेड में बड़ी-बड़ी ट्रकों पर विभिन्न राज्यों की झाँकियाँ भी दिखाई जाती हैं। इन झाँकियों में कभी किसी राज्य का प्रमुख नृत्य, कोई विशेष त्योहार अथवा वहाँ पर हो रहे किसी बड़े काम के बारे में दिखाया जाता है। इन झाँकियों के साथ ही विभिन्न राज्यों से लोक-नर्तकों की टोलियाँ आती हैं। वे सड़क पर ही अपना विशेष नाच दिखाते चलते हैं। इनकी रंग-बिरंगी पोशाकें और तरह-तरह के बाजे देखकर सभी बहुत खुश होते हैं।

रात को दिल्ली शहर में बड़ी-बड़ी इमारतों पर बिजली की रोशनी होती है। राष्ट्रपति-भवन और संसद-भवन पर तो इसे देखने के लिए हज़ारों की भीड़ जमा हो जाती है।

अब बताओ

१. स्वतन्त्रता दिवस, गांधी-जयन्ती और गणतन्त्र दिवस को राष्ट्रीय त्योहार क्यों कहा जाता है?

२. स्वतन्त्रता दिवस, गांधी-जयन्ती और गणतन्त्र दिवस कब और क्यों मनाए जाते हैं?

३. दिल्ली में स्वतन्त्रता दिवस किस प्रकार मनाया जाता है?

४. दिल्ली में गांधी-जयन्ती कैसे मनाई जाती है?

५. गणतन्त्र दिवस की परेड में क्या कार्यक्रम होता है?

कुछ करने को

१. अपने माता-पिता के साथ राजपथ पर गणतन्त्र दिवस समारोह देखने जाओ और उस पर एक छोटा-सा लेख लिखो।

२. स्वतन्त्रता दिवस पर लाल किले के लिए गए चित्रों में से कुछ चित्र जमा करो।

२६. हमारे राष्ट्र के प्रतीक

हर वर्ष हम १५ अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस और २६ जनवरी को गणतन्त्र दिवस मनाते हैं। इन अवसरों पर सारे देश में राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता है। राष्ट्रीय गान गाया जाता है। तुमने नोटों पर तीन शेरों वाला चित्र देखा होगा। यही हमारा राष्ट्रीय चिह्न है। राष्ट्रीय झंडा, राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय चिह्न हमारे राष्ट्र के प्रतीक हैं। आओ तुम्हें इनकी जानकारी कराएँ।

राष्ट्रीय ध्वज

हमारा राष्ट्रीय झंडा तुम दिल्ली में संसद-भवन, लाल किला, सर्वोच्च न्यायालय और दूसरे बड़े सरकारी भवनों पर लहराता देखते हो। विदेशों में हमारे राजदूतों के भवनों पर यह लहराता है। राष्ट्रीय त्योहारों के अवसर पर तुमने भी इसे अपने स्कूल में बड़े गर्व और सम्मान के साथ फहराया होगा।

स्वतन्त्रता मिलने पर हमने पुराने तिरंगे झंडे को ही थोड़ा परिवर्तन करके अपना झंडा बना लिया। तुमने पिछले पाठ में पढ़ा है कि हमारे नेताओं और देश की जनता ने तिरंगे झंडे के नीचे ही स्वतन्त्रता की लड़ाई लड़ी थी। इस तिरंगे के बीच में एक चरखा बना होता था। अब इसमें चरखे के स्थान पर 'चक्र' बना है।

झंडे में तीन रंग की तीन बराबर पट्टियाँ होती हैं। इन पट्टियों की चौड़ाई समान रहती है। सबसे ऊपर की पट्टी का रंग केसरिया और सबसे नीचे की पट्टी का हरा होता है। दोनों के बीच की पट्टी सफ़ेद है। इसी पर अशोक चक्र बना रहता है। यदि झंडे की लम्बाई १५ सेन्टीमीटर हो तो इसकी चौड़ाई १० सेन्टीमीटर होगी।

झंडे के तीनों रंगों का विशेष अर्थ और महत्व है। आगे की कक्षाओं में तुम इनके अर्थ और महत्व के बारे में पढ़ोगे।

राष्ट्रीय झंडा हमारी स्वतन्त्रता का प्रतीक है। इसका सम्मान बनाए रखना हम सबका कर्त्तव्य है। इसके उपयोग और देखभाल के लिए कुछ आवश्यक नियम हैं। हमें उनका पूरी तरह से पालन करना चाहिए।

राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग

● झंडा फहराते समय केसरी रंग की पट्टी हमेशा ऊपर की ओर रहनी चाहिए।

● झंडा सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराया जाए। सूर्य के डूबने पर झंडा उतार दिया जाना चाहिए।

● झंडा चुस्ती के साथ ऊपर चढ़ाया जाना चाहिए, नीचे धीरे-धीरे उतारा जाना चाहिए।

● जब झंडा ऊपर उठाया या नीचे उतारा जाता है, तो सब लोगों को शान्त खड़े होकर उसका अभिवादन करना चाहिए।

● झंडे से ऊँचा और कोई दूसरा झंडा या चिह्न न हो। यदि और झंडे फहराए जाएँ तो वे सब राष्ट्र-ध्वज के बाईं ओर और उससे नीचे हों। राष्ट्रीय झंडा सबसे ऊँचा उड़ना चाहिए।

● यदि जलूस में राष्ट्रीय झंडा लेकर जाना हो तो दाएँ कंधे पर लेकर सबसे आगे चलना चाहिए।

● झंडे को हिफाज़त से रखो। यह मैला न होने पाए और न फटने पाए। फटा हुआ झंडा नहीं फहराना चाहिए।

● झंडा कभी सजावट के कपड़े की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

● झंडा कभी नीचे किसी चीज़ को न छुए। न ही पैरों के नीचे दबना चाहिए।

● झंडा हमेशा डंडे की चोटी पर फहराया जाता है। केवल शोक के अवसर पर ही डंडे के आधे भाग पर उड़ता है।

● हर समय, हर जगह, झंडे का सम्मान हो। झंडे का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है।

राष्ट्रीय गान

राष्ट्रीय ध्वज की तरह हर स्वतन्त्र देश का एक राष्ट्रीय गान होता है। हमारा भी राष्ट्रीय गान है। यह भी हमारी एकता का चिह्न है। यह गान राष्ट्रीय त्योहारों और दूसरे बड़े-बड़े उत्सवों पर गाया जाता है या इसकी धुन बैंड पर बजाई जाती है। लड़ाई के मैदान में इसकी धुन सुनकर सिपाही हँसते-हँसते अपनी जान दे देते हैं।

सब लोग अपने राष्ट्रीय गान का आदर करते हैं। जब यह गाया जाता है अथवा इसकी धुन बजाई जाती है, तो सुननेवाले अपने स्थान पर सावधान अवस्था में खड़े रहते हैं। जिस समय यह गाया जाता है उस समय न इधर-उधर चलना चाहिए और न बातचीत ही करनी चाहिए।

राष्ट्रीय गान मिलकर भी गाया जाता है। तुमने भी स्कूल में स्वतन्त्रता दिवस और गणतन्त्र दिवस पर इसको गाया होगा। प्रत्येक बालक-बालिका को यह पूरा याद होना चाहिए, इसकी धुन जाननी चाहिए, जिससे यह ठीक धुन पर गाया जा सके।

राष्ट्रीय गान की धुन सुन्दर और उसके शब्द प्रभावशाली हैं। इस गीत को हमारे महाकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा था। इस गीत में पाँच पद हैं। परन्तु नीचे लिखा पहला पद ही गाया जाता है और इसकी ही धुन बजाई जाती है।

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे, भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा-द्राविड़-उत्कल-बंग,
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा उच्छल-जलधि-तरंग,
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिस माँगे
गाहे तव जय-गाथा।
जनगण-मंगलदायक जय हे, भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे।

राष्ट्रीय चिह्न

नीचे दिया हुआ तीन शेरोंवाला चित्र हमारा राष्ट्रीय चिह्न है। क्या तुम बता सकते हो तुमने यह चिह्न कहीं और देखा है? अपने पैसे और नोटों को देखो, उन पर यह चिह्न बना है। भारत सरकार के सभी कागज़ों और छापी गई पुस्तकों पर यह चिह्न दिखाई देगा। इसे हमने २६ जनवरी १६५० को राष्ट्रीय चिह्न के रूप में अपनाया था।

हमारे इस चिह्न में तीन शेर तीन ओर मुंह किए हुए दिखाई देते हैं। वास्तव में यह चार शेर हैं। चित्र में चौथा शेर दिखाई नहीं देता है। शेरों के नीचे बना है चक्र। यही चक्र हमारे राष्ट्रीय ध्वज के बीच में बना है। चक्र के एक ओर बना है घोड़ा और दूसरी ओर बैल। इसके नीचे लिखा है 'सत्यमेव जयते'। इसका अर्थ है सत्य की ही जीत होती है।

सत्यमेव जयते

तुम सोचते होगे यह चिह्न कहाँ से लिया गया और क्यों लिया गया। तुम जानते हो पुराने समय में अशोक नाम का राजा हुआ था। वह केवल बड़ा सम्राट ही नहीं था। उसने दुनिया भर में शान्ति और भाईचारा बनाए रखने के लिये दूर देशों में दूत भेजे थे। अपनी जनता के विचार और व्यवहार सुधारने के लिये उसने कुछ उपदेश

पत्थर की लाटों पर खुदवाए थे। ये लाटें आज भी देश के विभिन्न भागों में मिलती हैं। वाराणसी के समीप सारनाथ में एक ऐसी ही लाट बनवाई थी। इसके ऊपर शेरों की मूर्ति है। हमारा राष्ट्र भी शान्ति चाहता है। इसीलिये इसी मूर्ति को राष्ट्रीय चिह्न माना गया है।

अब बताओ

१. राष्ट्रीय झंडा किन-किन अवसरों पर फहराया जाता है?
२. राष्ट्रीय झंडे में कितने रंग हैं? इन्हें क्रम से लिखो।
३. राष्ट्रीय झंडे पर बना चक्र किस बात का प्रतीक है?
४. राष्ट्रीय गान किन अवसरों पर गाया जाता है?
५. राष्ट्रीय गान गाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
६. राष्ट्रीय चिह्न को ध्यान से देखकर उसका वर्णन करो।
७. राष्ट्रीय चिह्न कहाँ-कहाँ प्रयोग किया जाता है?
८. राष्ट्रीय चिह्न पर चक्र कहाँ से लिया गया है?

कुछ करने को

१. स्वतन्त्रता दिवस पर अपने स्कूल में राष्ट्रीय झंडा फहराते समय राष्ट्रीय गान लय से गाओ।
२. पाँच ऐसी विभिन्न चीज़ें इकट्ठी करो जिन पर राष्ट्रीय चिह्न हो।

भूटान

इतिहास की कहानियाँ

इस भाग का शीर्षक 'इतिहास की कहानियाँ' है। तुम जानना चाहोगे इतिहास किसे कहते हैं? इतिहास हमें बताता है कि हमारे पुर्खे कैसे रहते थे, उनके रीति-रिवाज़ क्या थे और समय-समय पर देश के महान व्यक्तियों ने क्या-क्या काम किए। इतिहास से हमें अपने पुराने गौरव का पता चलता है। हमारे देश का इतिहास बहुत पुराना है। इस भाग में तुम देश के कुछ महान व्यक्तियों की कहानियाँ पढ़ोगे। ये सब प्रसिद्ध व्यक्ति देश के किसी एक विशेष भाग के रहनेवाले नहीं थे। वे देश के विभिन्न भागों में विभिन्न समय में उत्पन्न हुए। सभी लोगों ने मिलकर भारत को महान बनाया और संसार में इसका नाम ऊँचा किया।

आज वे महापुरुष जीवित नहीं हैं। परन्तु उनकी कहानियाँ इतिहास की कहानियाँ बन गई हैं। इन कहानियों से हमें उनकी वीरता, साहस, देश-प्रेम, एकता और उनकी भूलों तथा कमज़ोरियों का पता चलता है। इनसे हमें यह भी मालूम होता है कि उन्होंने देश को सुन्दर बनाने तथा समाज को सुधारने के लिए क्या-क्या कार्य किए। इतना ही नहीं, इन्हीं कहानियों के द्वारा उनके समय के धर्म और रीति-रिवाज़ों की भी जानकारी मिलती है।

इन्हीं महापुरुषों ने ताजमहल, लाल किला, कुतुब मीनार आदि बनवाए। ये हमारे पुराने ऐतिहासिक स्मारक हैं। ऐसे ही अनेक स्मारक और पुराने भवन देश के भिन्न-भिन्न भागों में देखने को मिलते हैं। दक्षिण भारत में पुराने समय के बहुत से मन्दिर हैं। इनकी बनावट बहुत ही अनोखी है। हमारे पुराने मन्दिर तथा भवन देश के धनवान होने और कलाओं में उन्नत होने का प्रमाण देते हैं। आगे चलकर पाठ में तुम पुराने स्मारकों, भवनों और मन्दिरों के बारे में भी पढ़ोगे।

२७. कृष्ण देव राय

लगभग ५०० वर्ष हुए दक्षिण भारत के एक बड़े भाग पर एक बहुत प्रसिद्ध राजा राज्य करता था। इस राज्य का नाम विजयनगर था और राजा का नाम कृष्ण देव राय था।

कृष्ण देव राय देखने में सुन्दर नहीं था। उसका कद छोटा था और चेहरे पर चेचक के निशान थे। लेकिन स्वभाव से बहुत दयालु था। उसे कला और विद्या से प्रेम था। वह बहुत बहादुर भी था।

लगभग २५ वर्ष की आयु में कृष्ण देव राय राजगद्दी पर बैठा। उस समय राज्य की दशा ठीक नहीं थी। राज्य के सरदार विद्रोह करने की कोशिश कर रहे थे। राज्य के बाहर से भी खतरा था। कृष्ण देव राय ने एक बड़ी सेना इकट्ठी की। इसकी सहायता से उसने अपने आस-पास के राजाओं को हराया। वह अपनी सेना का नेतृत्व स्वयं करता था। वह सेना का बहुत ध्यान रखता था। जब सैनिक युद्ध में घायल होते तो कृष्ण देव राय उन सब का निजी रूप से पता लेता और उनके इलाज का प्रबंध करता।

कृष्ण देव राय की वीरता के विषय में एक कहानी आज भी प्रसिद्ध है। कृष्ण देव राय और बीजापुर का बादशाह दोनों ही रायचूर नामक स्थान पर अपना अधिकार करना चाहते थे। इसलिए रायचूर पर अधिकार पाने के लिए कृष्ण देव राय को बीजापुर के बादशाह से युद्ध करना पड़ा। युद्धक्षेत्र में उनकी सेना के पाँव उखड़ने शुरू हो गए। उस समय यह मालूम पड़ता था कि उनकी हार हो जाएगी, ठीक उसी समय अपनी जान की परवाह न कर वह घोड़े पर बैठ दुश्मन की सेना के सैनिकों के बीच घुस गए और बुरी तरह मारकाट शुरू कर दी। घोड़े की पीठ पर चढ़कर उन्होंने अपने सैनिकों को ललकारा और उन्हें लड़ने के लिए उत्तेजित किया। उनके सैनिक अपने बहादुर राजा के पीछे जी जान से लड़ने लगे। हार जीत में बदल गई।

कृष्ण देव राय केवल योद्धा ही नहीं था। वह कलाप्रेमी भी था। वह अपनी दिनचर्या में रोज़ कुछ समय निकालकर कविताएँ पढ़ता और लिखता। उसने 'तेलगू' भाषा में एक पुस्तक भी लिखी। वह कवियों और कलाकारों का आदर करता और उन्हें अपने दरबार में स्थान देता।

उसे इमारत बनाने का भी बहुत शौक था। कहते हैं उसकी राजधानी विजयनगर को देखकर लोग चकित रह जाते थे। आज भी इसके खण्डहर मिलते हैं। विदेशी यात्रियों ने भी इसकी प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। एक यात्री लिखता है कि 'इस

संसार में विजयनगर के समान नगर तो न किसी ने आँखों से देखा है और न कानों से सुना है।' इस नगर में सात दुर्ग और एक के बाद एक सात दीवारें थीं। इसके मन्दिर और महल तो बहुत ही सुन्दर थे। बड़े-बड़े स्तम्भों वाला उसका महल तरह-तरह की पुस्तकों से सजा था। जगह-जगह हाथी दाँत का बहुत ही बारीक काम था। दरबार में सोने का काम किया गया था। बाग, फुहारे आदि इसकी शोभा बढ़ाते थे। इसने शहर के बाहर भी अपनी माता जी की याद में एक छोटा-सा नगर बसाया था। इसका नाम 'गोपालपुर' रखा था।

कृष्ण देव राय महानवमी का त्योहार बड़ी धूम-धाम से मनाता था। विजयनगर में भी इस अवसर पर बड़ा मेला लगता। दिन में एक जलूस निकलता, बाज़ार सजाए जाते और राजा की सवारी हाथी पर निकलती। रात को सारे शहर में रोशनी की जाती और खेल तमाशे होते।

विजयनगर एक धनवान राज्य था। इसके व्यापारी देश और विदेश में दूर-दूर तक व्यापार करते थे। कई प्रकार की वस्तुएँ दूसरे स्थानों को भेजी जाती थीं। इनमें लोहा, मसाला, दवाइयाँ और हाथी-दाँत मुख्य थे। इनके बदले में बाहर से धन आता था। विजयनगर के किसान खेती भी खूब करते थे। कृष्ण देव राय ने सिंचाई की अच्छी व्यवस्था करने के लिए विदेशी सलाहकार भी रखे थे।

कृष्ण देव राय को अपनी प्रजा की भलाई का बहुत ध्यान रहता था। यद्यपि वह स्वयं हिन्दू धर्म को मानता था लेकिन उसके राज्य में धार्मिक स्वतन्त्रता थी। उसके सामने सभी बराबर थे। उसके कामों के कारण प्रजा सुखी थी और राज्य में सम्पन्नता थी।

कृष्ण देव राय केवल बीस वर्ष राज्य कर पाया। वह दक्षिण भारत के एक बहुत ही योग्य और प्रसिद्ध राजाओं में गिना जाता है।

अब बताओ

१. कृष्ण देव राय कहाँ के राजा थे।
२. उसने रायचूर किस प्रकार जीता ?
३. उसके राज्य में लोग सुखी थे, यह कैसे कहा जाता है ?
४. कृष्ण देव राय के समय में क्या-क्या चीज़ें उसके राज्य से बाहर भेजी जाती थीं ?
५. कृष्ण देव राय ने अपनी प्रजा को सुखी बनाने के लिए क्या-क्या काम किये थे ?

कुछ करने को

१. अपने अध्यापक की सहायता से विजयनगर राज्य का मानचित्र बनाओ और देखो वर्तमान कौनसे राज्यों के भाग उस में शामिल थे।

२८. अकबर

आज से ४०० वर्ष से अधिक पुरानी घटना है। सिंध के रेगिस्तान में अमरकोट के समीप दिल्ली के मुगल-वंश का बादशाह हुमायूँ ठहरा हुआ था। वह लड़ाई में हारकर भागा जा रहा था। थोड़े से सिपाही और सरदार उसके साथ थे। वहाँ उसे अपने बेटे के अमरकोट में जन्म होने का समाचार मिला। उस समय हुमायूँ कोई इस प्रकार का उत्सव नहीं कर सका जैसा कि एक राजकुमार के जन्म पर होना चाहिए। उसके पास थोड़ी सी कस्तूरी थी। उसी को उसने अपने साथी-सरदारों में बाँट दिया। कहते हैं उसके सरदारों ने उस समय यह प्रार्थना की थी कि जैसे कस्तूरी की महक दूर-दूर तक फैलती है, उसी प्रकार नए राजकुमार का नाम भी दूर-दूर तक फैले। बाद में ऐसा ही हुआ। यही राजकुमार आगे चलकर अकबर के नाम से प्रसिद्ध हुआ और भारत का एक महान सम्राट कहलाया।

कुछ समय बाद हुमायूँ के अच्छे दिन आए। वह फिर एक बार दिल्ली का बादशाह बन गया। किंतु शीघ्र ही उसकी मृत्यु हो गई। उस समय अकबर की उम्र सिर्फ तेरह वर्ष की थी। वह देश का बादशाह बना दिया गया। तेरह वर्ष का बालक भला कैसे राज्य की बागडोर सम्हालता? एक बड़ा सरदार उसका संरक्षक बना और राजकाज चलाने लगा।

उस समय चारों ओर अकबर के शत्रु ही शत्रु थे। सबसे बड़ा शत्रु हेमूँ था। अकबर और हेमूँ का पानीपत के मैदान में घमासान युद्ध हुआ। एक तीर हेमूँ की आँख में आकर लगा। वह बेहोश होकर अपने हाथी से गिर पड़ा और कैद कर लिया गया। कहते हैं कि इस समय उसके संरक्षक बैरम खाँ ने अकबर से कहा था कि वह हेमूँ का काम तमाम कर दे। निहत्था और ज़ख्मी हेमूँ उसके सामने था। अकबर अभी बालक ही था, पर वीर था। उसने सोचा, हेमूँ शत्रु तो है फिर भी उस पर इस हालत में कैसे तलवार उठाऊँ? बैरम खाँ ने अपनी तलवार से हेमूँ की हत्या कर दी।

सतरह-अट्ठारह साल की उम्र में ही अकबर ने राज्य की बागडोर अपने हाथ में ले ली। जब अकबर बादशाह बना था, तो उसके अधिकार में देश का थोड़ा सा हिस्सा था। उसने बहुत-सी लड़ाइयाँ जीतीं। छोटे-बड़े राजा-सरदारों को हराकर उसने भारत में एक बड़ा साम्राज्य स्थापित किया।

इतने साम्राज्य पर अकबर ने बड़ी कुशलता से शासन किया। उसने अपने एक मंत्री राजा टोडरमल की सहायता से खेती के योग्य सारी धरती को नपवाया। कर वसूल करने की व्यवस्था बनाई और सिंचाई का प्रबन्ध किया। जनता के सुख के लिए उसने सड़कें और सराएँ बनवाईं तथा बाग लगवाए। उसके राज्य में शांति थी और प्रजा सुखी थी।

अपने पिता की मुसीबतों के कारण बचपन में अकबर पढ़ना-लिखना सीख नहीं पाया था। लेकिन बड़े होकर उसने यह कमी स्वयं पूरी कर ली। जो पुस्तकें वह नहीं पढ़ सकता था, उन्हें विद्वानों से पढ़वा कर सुनता और उन पर उनसे बातचीत करता था। इस तरह उसने ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

अकबर ने कई बड़ी बड़ी सुन्दर इमारतें बनवाईं। उनमें से बहुत-सी इमारतें आज भी मौजूद हैं। जैसे आगरा के समीप उसका मकबरा सिकन्दरा, आगरे का किला और फतेहपुर सीकरी में बुलन्द दरवाजा, सलीम चिश्ती की दरगाह, पंचमहल तथा इबादतखाना आदि।

इन इमारतों में इबादतखाने का विशेष स्थान है। इबादतखाने का अर्थ है 'प्रार्थना भवन'। यहाँ पंडित, मौलवी, पादरी, जैन साधू आदि इकट्ठे होते थे और अकबर को अपने-अपने धर्म के विषय में बताया करते थे। अकबर सब धर्मों का आदर करता था। सभी धर्मों की अच्छी-अच्छी बातों को मिलाकर उसने अपना एक मत चलाया जिसे दीने-इलाही कहते हैं। लेकिन अकबर ने इस मत को मानने के लिए किसी को विवश नहीं किया।

अकबर ने हिन्दुओं से बहुत अच्छा बर्ताव किया। वह चाहता था कि धार्मिक भेदभाव छोड़ कर हिन्दू-मुसलमान एक हो जाएँ। इसीलिए उसने राजपूत राजाओं को ऊँचे-ऊँचे पद दिए। राजा भारमल की बेटी राजकुमारी जोधाबाई से विवाह किया। उसके पोते मानसिंह को दरबार में ऊँचा स्थान दिया। शहज़ादा सलीम का विवाह भी उसने राजपूत राजकुमारी से किया। उसके दरबार में और कई राजपूत सरदार थे। इस तरह राजपूतों और मुगलों की मित्रता हो गई।

अकबर के समय में देश में साहित्य, संगीत और दूसरी कलाओं की बहुत उन्नति हुई। वे इन कलाकारों का बहुत आदर करता था। उसके दरबार में ही कई कवि,

लेखक और संगीतकार थे। अबुल फजल और अबुल-फैजी फारसी भाषा के बहुत बड़े विद्वान थे। अकबर की जीवनी 'अकबरनामा' को अबुल फज़ल ने ही लिखा। रहीम खानखाना हिन्दी और फारसी, दोनों भाषाओं के कवि थे।

तानसेन उसके दरबार के एक बहुत ही उच्चकोटि के गवैये थे। बीरबल, टोडरमल आदि उसके योग्य मंत्री थे। अकबर के समय में ही सूर ने 'सूरसागर' और तुलसी ने 'रामचरितमानस' की रचना की। ये दोनों हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

अकबर एक उदार, वीर और योग्य शासक था। इसी कारण वह संसार के बड़े-बड़े सम्राटों में गिना जाता है।

अब बताओ

१. अकबर के जन्म के समय हुमायूँ कहाँ था? समाचार पाकर उसने क्या किया?
२. अकबर ने हेमूँ को अपनी तलवार से क्यों नहीं मारा?
३. अकबर ने इबादतखाना किस लिए बनवाया था?
४. अकबर ने राजपूतों को किस प्रकार मित्र बना लिया?
५. नीचे एक कालम में अकबर के समय के कुछ व्यक्तियों के नाम दिए हुए हैं। दूसरे कालम में कुछ कथन हैं, जिनमें से प्रत्येक किसी-न-किसी व्यक्ति से संबंधित है। प्रत्येक व्यक्ति के नाम के आगे उससे सम्बन्धित सही कथन का नम्बर कोष्टक में लिखो :

अबुल फजल	( )	१. 'रामचरित मानस' की रचना की
सूरदास	( )	२. खेती के उचित कर की व्यवस्था की
तुलसीदास	( )	३. 'अकबरनामा' लिखा।
टोडरमल	( )	४. 'सूरसागर' लिखा।
तानसेन	( )	५. फारसी और हिन्दी के कवि थे।
रहीम खानखाना	( )	६. उच्च कोटि के गवैये थे।

कुछ करने को

१. फतेहपुर सीकरी में होनेवाली इबादतखाने की बैठक का नाटक खेलो।
२. अकबर द्वारा बनाई गई इमारतों के चित्र एकत्र करो।

२९. शिवाजी

आगरे में एक कैदखाने के सामने भिखमंगों की बड़ी भीड़ थी। उन्हें आज मिठाई और पूरियाँ बाँटी जा रही थीं। उन्हें भरपेट मिठाई खिलाने का आदेश था। टोकरे पर टोकरे मिठाइयाँ आ रही थीं। इसी समय तीन-चार सेवक जेल के अन्दर से टोकरे सिर पर रखकर निकले और उस भीड़-भाड़ में आगे बढ़ते चले गए। किसी ने उन्हें रोका-टोका नहीं। इस प्रकार एक टोकरे में चतुर शिवाजी मुगल बादशाह औरंगज़ेब की कैद से निकल भागे। औरंगज़ेब शाहजहाँ का पुत्र था।

शिवाजी बचपन से ही बड़े तेज़, चतुर और साहसी थे। बचपन में उनकी शिक्षा ठीक ढंग से न हो पाई थी। लेकिन उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण और महाभारत की कथाएँ और गुरु कोणदेव और रामदास ने साहस और वीरता की कहानियाँ सुनाई थी। उन्होंने तैरना, घुड़सवारी और हथियार चलाना पूरा-पूरा सीख लिया था। उस समय देश में तीर, बरछे, तलवार और कटार तो थे ही, तोपें और बंदूकें भी काम में लाई जाती थीं। वे इन सभी का प्रयोग करना जानते थे।

इस समय महाराष्ट्र पर बीजापुर के नवाब और दिल्ली के बादशाह औरंगज़ेब का अधिकार था। शिवाजी के पिता भी बीजापुर के नवाब के दरबार में नौकर थे। शिवाजी को यह अच्छा न लगता था। सत्तरह-अठारह वर्ष के होते ही शिवाजी ने आज़ादी की बात सोचनी शुरू कर दी। उन्होंने शीघ्र ही मराठों की एक छोटी-सी सेना बना ली और उसे बड़ी-बड़ी फौजों के साथ छापा मार लड़ाई लड़ने की विशेष शिक्षा दी। सबसे पहले उन्होंने पूना के दक्षिण में तोरणा नाम के दुर्ग पर अधिकार कर लिया। वहाँ उन्हें बहुत-सा धन और हथियार मिले। इसके बाद उन्होंने रायगढ़ नामक अपना दुर्ग भी बना लिया। शिवाजी ने धीरे-धीरे कई एक दुर्ग और जीते। बीजापुर के शासक ने शिवाजी की शक्ति नष्ट करने के कई उपाय किए लेकिन वे सब व्यर्थ हुए।

इस तरह सफलता पाने पर शिवाजी ने मुगलों के इलाके पर भी हमला करना शुरू कर दिया। शिवाजी की बढ़ती हुई शक्ति को देख कर औरंगज़ेब ने अपने मामा

शाईस्ता खाँ को बहुत बड़ी सेना देकर पूना भेजा। शाईस्ता खाँ ने पूना पहुँचकर शिवाजी का बहुत-सा इलाका जीत लिया। बरसात के दिन थे। शाईस्ता खाँ पूना में आराम करने लगा। शिवाजी अपने सैनिकों को लेकर एक बारात के रूप में पूना शहर में घुसे। बारात में बड़ी धूम-धाम थी। बाराती बनकर सिपाही पालकियों में सवार थे। पालकी उठानेवाले भी मराठा सैनिक थे। किसी को शक भी नहीं हुआ कि यह बारात शिवाजी की फौज थी। शिवाजी अचानक अपने खेमों में आराम करती मुगल सेना पर टूट पड़े। शाईस्ता खाँ की फौज में भगदड़ मच गई। बहुत-से मुगल सैनिक मारे गए। शाईस्ता खाँ बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागा। लेकिन उसका पुत्र मारा गया। मराठा सैनिकों ने सूरत शहर भी जीत लिया।

शिवाजी का युद्ध करने का तरीका छापामार तरीका था। वह अपनी फौज के साथ अचानक ही शत्रु पर टूट पड़ते थे और लूटमार करके पहाड़ी इलाकों में गुम हो जाते थे।

अब औरंगज़ेब ने शिवाजी को लड़ाई से नहीं, बल्कि चालाकी से अपने बस में करना चाहा। उसने शिवाजी से मित्रता करने की इच्छा प्रकट की। शिवाजी औरंगज़ेब के दरबार में जाने के लिए राज़ी हो गए। जब आगरा में शिवाजी औरंगज़ेब के दरबार में पहुँचे तो औरंगज़ेब ने उनको छोटे अधिकारियों के बीच में बैठाकर उनका अपमान किया। शिवाजी ने भरे दरबार में अपने अपमान की शिकायत कठोर शब्दों में की तो उन्हें कैद कर लिया गया। शिवाजी बहुत चतुर थे। कैद में उन्होंने बहाना किया कि वे बीमार हैं। इसलिए ब्राह्मणों आदि को दान करने के लिए उन्होंने मिठाइयाँ मंगवाईं। इन्हीं मिठाईयों के एक टोकरे में बैठकर शिवाजी औरंगज़ेब की कैद से निकल भागे थे।

इस घटना के बाद उन्होंने रायगढ़ में बड़ी धूमधाम से 'राजा' की पदवी धारण की। तबसे शिवाजी 'छत्रपति शिवाजी' कहलाने लगे।

शिवाजी अपनी प्रजा की देख-भाल बहुत अच्छे ढंग से करते थे। वह अपने मंत्रियों की सहायता से राज्य करते थे।

शिवाजी मुगलों से तो लड़ते थे लेकिन मुसलमान प्रजा से उनकी कोई लड़ाई नहीं थी। वे केवल बादशाह के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे। जो मुसलमान उनके राज्य में रहते थे उनके साथ शिवाजी का बर्ताव बहुत अच्छा होता था। वे इस्लाम धर्म का आदर करते थे। जब भी कभी युद्ध में कुरान या शत्रुओं की स्त्रियाँ उनके सिपाहियों के हाथ आ जाते तो वह बड़े आदर से उन्हें वापिस लौटा देते थे। शिवाजी एक योग्य और वीर राजा थे। इसीलिए हम उन्हें आदर के साथ याद करते हैं।

अब बताओ

१. बचपन में शिवाजी की शिक्षा किस प्रकार हुई थी ?
२. हम यह कैसे कह सकते हैं कि शिवाजी बहुत चतुर थे ?
३. शिवाजी का अपने राज्य में रहनेवाले दूसरे धर्मों के लोगों के साथ कैसा व्यवहार था ?
४. शिवाजी का युद्ध करने का क्या तरीका था ?
५. नीचे शिवाजी के विषय में कुछ बातें लिखी हैं। इनमें से सही बातों पर (√) निशान लगाओ :

शिवाजी की शिक्षा किसी विद्यालय में नहीं हुई थी।
शिवाजी दूसरे धर्म की पुस्तकों का आदर नहीं करते थे।
दादा कोणदेव ने शिवाजी को धनुर्विद्या और घुड़सवारी की शिक्षा दी थी।
शिवाजी प्रजा की भलाई का ध्यान नहीं रखते थे।

कुछ करने को

१. शिवाजी का औरंगजेब के दरबार में जाने और उसकी कैद से निकल भागने का नाटक खेलो।
२. शिवाजी के बारे में भूषण कवि के लिखे कुछ सवैए इकट्ठे करो।

३० रणजीत सिंह

एक बार एक निडर और बहादुर दस वर्ष का बालक अपने पिता के साथ लड़ाई के मैदान में गया। युद्ध हो रहा था। दुश्मन के एक सैनिक ने उसे मारने के लिए तलवार का वार किया। लेकिन यह बहादुर लड़का फुर्ती से अपने को बचा गया और उसने तुरन्त अपने ऊपर वार करने वाले सैनिक को मार गिराया। इस वीर बालक का नाम था रणजीत सिंह जो लगभग डेढ़ सौ वर्ष हुए पंजाब का प्रसिद्ध राजा था।

रणजीत सिंह का जन्म गुजराँवाला में हुआ था जो कि आजकल पश्चिमी पाकिस्तान में है। इनके पिता महासिंह एक सरदार थे। छोटी आयु में ही रणजीत सिंह को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बचपन में चेचक का रोग होने के कारण इनकी एक आँख जाती रही थी। बारह वर्ष की आयु में उनके पिता की भी मृत्यु हो गई। उनकी शिक्षा तक ठीक से न हो पाई थी कि पिता का सारा भार उनके ऊपर आ पड़ा।

पंजाब इस समय छोटे-छोटे राज्यों में बंटा था। उनमें आपस में लड़ाई होती रहती थी। रणजीत सिंह ने धीरे-धीरे अपनी शक्ति बढ़ा ली और आपस में लड़ने-वाले सब दलों को दबा कर पंजाब में एक बड़ा राज्य बना लिया। रणजीत सिंह ने अपनी सेना को अंग्रेजों की तरह की शिक्षा दिलवाई थी। उन्हीं की तरह रणजीत सिंह की सेना कवायद करती, कदम मिला कर मार्च करती और हथियार चलाती थी।

बच्चो, रणजीत सिंह पढ़-लिख तो नहीं सकते थे। लेकिन उनकी बुद्धि बहुत तीव्र थी। उन्हें अपने कर्मचारियों के बारे में सब कुछ याद रहता था। कहा जाता है कि उनके राज्य में जितने भी गाँव थे उनके बारे में रणजीत सिंह को पूरी जानकारी थी। रणजीत सिंह की बुद्धिमत्ता को देखकर बड़े-बड़े अंग्रेज विद्वान भी चकित रह जाते थे। रणजीत सिंह विद्वानों का बहुत आदर करता था। उसके दरबार में कई विद्वान थे।

रणजीत सिंह भारत के दूसरे राजाओं से भिन्न थे। वे प्रजा की भलाई का बहुत अधिक ध्यान रखते थे। वे धर्म के नाम से कभी भी प्रजा में भेदभाव नहीं करते थे।

रणजीत सिंह के सबसे विश्वासी मंत्री मुसलमान अज़ीज़ुद्दीन थे। उसके मंत्रिमंडल में सभी धर्मों के लोग थे। इतने प्रतापी राजा होते हुए भी रणजीत सिंह बहुत ही सादा स्वभाव के राजा थे। वे न तो ताज पहनते थे और न सिंहासन पर ही बैठते थे। उसने कभी भी कोई उपाधि ग्रहण नहीं की। परन्तु लोग उसे प्यार में 'महाराजा' के नाम से पुकारते थे।

आज भी पंजाब के घर घर में रणजीत सिंह की बहादुरी की कहानियाँ और उसके न्याय के किस्से लोक कथाओं के रूप में दोहराए जाते हैं। निम्नलिखित कहानी तो काफी प्रसिद्ध है।

आनन्दपुर नगर में अन्न की कमी हो गई। राजा की ओर से नगर में रहनेवालों को अन्न दिया जाता था। एक गरीब बुढ़िया जहाँ अन्न बट रहा था वहाँ देर से पहुँची, उसे अन्न न मिला। वह रोने लगी। इतने में एक सरदार उधर से निकला। उसे बुढ़िया पर दया आ गई। उसने बुढ़िया को अन्न दिलवाया। लेकिन बुढ़िया से भारी गठरी लेकर चला न जाता था। उस सरदार ने उस बुढ़िया की गठरी उठाई और चल दिया। बुढ़िया आगे और वह पीछे-पीछे। उसने अन्न की गठरी उस बुढ़िया के घर पहुँचाई।

बुढ़िया ने पूछा 'बेटा तुम्हारा क्या नाम है?' 'बस मुझे अपना बेटा ही समझो', सरदार ने कहा। 'फिर माँ को नाम तो बता दो,' बुढ़िया ने कहा। 'मुझे रणजीत सिंह कहते हैं, माँ'। बुढ़िया सुनकर काँपने लगी, क्षमा माँगी और कहने लगी, 'मुझे मालूम नहीं था कि आप महाराजा रणजीत सिंह हैं'। 'माँ, मैं राजा हूँ तो क्या? मुझे प्रजा की सेवा करनी है। मैं देश पर ही तो राज करता हूँ, मुझे लोगों के दिल पर भी राज करना है।' ऐसे थे महाराजा रणजीत सिंह।

उन्हें लोग 'शेर-ए-पंजाब' भी कहते हैं।

अब बताओ

१. रणजीत सिंह की बचपन में शिक्षा क्यों नहीं हो पाई थी?
२. वे एक बड़े राजा कैसे बन गए?
३. रणजीत सिंह को एक अच्छा राजा क्यों कहते हैं?
४. रणजीत सिंह अपनी प्रजा के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

कुछ करने को

१. रणजीत सिंह के बारे में कुछ अन्य कथाएँ इकट्ठी करो और उन्हें कक्षा में सुनाओ।

३१. राजा राममोहन राय

प्रत्येक समाज में अच्छाइयों के साथ बुराइयाँ भी होती हैं। समाज में ऐसे महान पुरुष पैदा होते हैं जो समाज की बुराइयों को दूर करने में अपना जीवन लगा देते हैं। ऐसे ही एक महान पुरुष राजा राममोहन राय थे।

राजा राममोहन राय आज से लगभग दो सौ वर्ष पूर्व बंगाल के एक ज़मीदार घराने में पैदा हुए थे। घर पर थोड़ी-बहुत शिक्षा पाने के बाद वे पटना चले गए। उस समय पटना में फारसी की शिक्षा का बहुत अच्छा प्रबंध था। कठिन परिश्रम करके उन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त की। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम धर्म की भी उन्हें अच्छी जानकारी थी। वे बंगला, हिन्दी, संस्कृत, अरबी, फारसी, अंग्रेज़ी, लैटिन आदि कई भाषाएँ अच्छी तरह जानते थे।

धर्म में उनकी बड़ी श्रद्धा थी। किन्तु धर्म के नाम पर समाज में जो बुराइयाँ थीं उनका वे विरोध करते थे। इसी कारण उनके पिता ने उनको घर से निकाल दिया। इस समय उनकी आयु सोलह सतरह वर्ष की थी। घर से निकाले जाने पर वे कई जगह गए और अध्ययन करते रहे।

जब राजा राममोहन राय लगभग चालीस वर्ष के हुए तब एक ऐसी घटना घटी, जिसका उनके जीवन पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। उन दिनों हिन्दू समाज में कुछ लोगों में यह प्रथा थी कि जब पति की मृत्यु हो जाती तो पत्नी को उसकी चिता में उसके साथ जलना पड़ता था। कुछ समय बाद राममोहन राय के भाई की मृत्यु हो गई और उनकी पत्नी को भी जला दिया गया। राममोहन राय को जब यह सूचना मिली तो उन्हें बड़ा धक्का लगा और उन्होंने प्रतिज्ञा की कि जब तक यह सती-प्रथा समाप्त नहीं होगी वे चैन नहीं लेंगे। वे सती-प्रथा के विरुद्ध प्रचार करने में लग गए। इन्हीं के प्रयत्न के फलस्वरूप अंग्रेज़ सरकार ने सती-प्रथा के विरुद्ध कानून बना दिया।

राममोहन राय ने ही कलकत्ता में ब्रह्म-समाज की स्थापना की। वे ऊँच नीच की भावना को पाप समझते थे। इन्होंने सबको ऊँचा उठाने का प्रयत्न किया।

उन्होंने देशवासियों की शिक्षा के लिए भी बहुत काम किया। वे चाहते थे कि भारतवासी अंग्रेज़ी पढ़ें और विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करें, क्योंकि इससे ही भारत जैसा

पिछड़ा देश उन्नति कर सकता है। इस समय अंग्रेज़ सरकार हिन्दू और मुसलमानों के लिए केवल संस्कृत, अरबी और फारसी भाषाओं की शिक्षा का प्रबंध करती थी। राजा राममोहन राय की चेष्टा से देश में अंग्रेज़ी शिक्षा का प्रचार आरम्भ हुआ। उनके प्रयत्नों से कलकत्ता में 'हिन्दू कालेज' स्थापित हुआ जो बाद में प्रेसीडेन्सी कालेज कहलाया।

इस समय मुगल राज्य करीब-करीब समाप्त हो चुका था और अंग्रेज़ी राज्य बढ़ता जा रहा था। मुगल सम्राट को कुछ रुपये पेंशन के रूप में अंग्रेज़ सरकार से मिलते थे। उसने राममोहन राय को इंग्लैंड इसलिए भेजा कि वे वहाँ जाकर अंग्रेज़ सरकार के सामने उसके खोए हुए अधिकारों की माँग करें। उस समय मुगल सम्राट ने उन्हें 'राजा' की उपाधि भी दी। वे लगभग तीन वर्ष तक इंग्लैंड में रहे और वहीं उनका स्वर्गवास हो गया।

राजा राममोहन राय अपने समय के सबसे बड़े समाज-सुधारक थे। उन्होंने अपना सारा जीवन समाज-सुधार के काम में लगा दिया। वे कहते थे कि जब तक भारत के लोग पुराने विचारों के बंधन न तोड़ेंगे और नई शिक्षा प्राप्त नहीं करेंगे, देश कभी उन्नति नहीं कर सकेगा। सच पूछा जाए तो राजा राममोहन राय ने ही भारत-वासियों को वह रास्ता बताया जिस पर चलकर वे उन्नति कर रहे हैं।

अब बताओ

१. राजा राममोहन राय कब पैदा हुए थे ?
२. वे भारतीयों को अंग्रेज़ी शिक्षा क्यों दिलाना चाहते थे ?
३. हम उनको एक बड़ा समाज-सुधारक क्यों कहते हैं ?
४. वे देश की उन्नति में किस बात को सबसे बड़ी बाधा समझते थे ?
५. ब्रह्म-समाज की स्थापना क्यों की थी ?

कुछ करने को

१. अपने को राजा राममोहन राय मानकर पाठशाला की बाल-सभा में उस समय की कुरीतियों के विरोध में एक भाषण दो।

अजन्ता की गुफा

३२. कुछ दर्शनीय स्थान

अजन्ता

तुम जानते हो कि हमारे देश में पत्थरों से बने एक से एक विशाल तथा सुन्दर भवन, मन्दिर, मसजिद और मकबरे हैं। पर कुछ ऐसे दर्शनीय स्थल भी हैं जो पहाड़ों को काट-काट कर बनाए गए हैं। इनमें अजन्ता और एलोरा के गुफा-मन्दिर सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं।

अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र में औरंगाबाद से लगभग ६० किलोमीटर की दूरी पर एक सुन्दर पहाड़ी के बीच में हैं। इस पहाड़ी की शक्ल आधे चाँद की सी है। इन गुफाओं की संख्या उन्तीस है। गुफाओं का मुख पूर्व की ओर है जिससे सूर्य का प्रकाश सीधे उनके अन्दर प्रवेश करता है।

इन गुफाओं के बनाने का कार्य शायद आज से दो हज़ार वर्ष पूर्व आरम्भ हुआ था और कई सौ वर्ष तक चलता रहा। छेनी और हथौड़े की सहायता से चट्टानों को काट कर यह गुफाएँ बनाई गई। इनमें से कुछ तो लगभग पच्चीस मीटर लम्बी और तेरह मीटर चौड़ी हैं।

बौद्धधर्म का प्रचार करनेवाले केवल राजा-महाराजा ही नहीं थे, बल्कि हज़ारों भिक्षु और भिक्षुणियों ने भी उसके प्रचार का कार्य किया। गेरुए कपड़े पहने ये लोग देश के कोने-कोने में घूमते-फिरते थे। इनके रहने के लिए जगह-जगह पर 'विहार' बनाए गए थे। प्रत्येक 'विहार' के पास एक मन्दिर भी होता था जिसको 'चैत्य' कहते थे। पहले जो चैत्य और विहार बनाए गए थे वे बिल्कुल सीधे-सादे होते थे। परंतु ज्यों-ज्यों बौद्धधर्म का प्रचार बढ़ता गया, इन चैत्यों और विहारों के बनाने और उनके सजाने की कला में भी उन्नति होती गई। कहते हैं कि अजन्ता के गुफा मन्दिरों को भी भिक्षु और भिक्षुणियों ने ही बनाया था।

जिन शिल्पकारों ने पत्थर काट-काट कर इन गुफाओं को बनाया था वे कई पीढ़ियों तक यहाँ काम करते रहे। इस प्रकार यह कला का भाण्डार बन कर तैयार हुआ। फिर लोग इन गुफाओं को भूल गए। जंगलों ने उन्हें छिपा लिया, एक हज़ार वर्षों

तक वे पर्वतों के बीच पड़े पत्तों और लताओं में छिपी रहीं। अचानक इन पर दृष्टि पड़ी और यह संसार भर में प्रसिद्ध हो गईं।

अजन्ता में पत्थर की मूर्तियाँ बनी हैं, गुफाओं के दरवाज़ों के पत्थरों पर नक्काशी का सुन्दर काम है। परन्तु अजन्ता वहाँ की दीवारों पर बने चित्रों के लिए ही दुनियाँ में प्रसिद्ध है।

दीवारों पर रंगीन चित्र बनाने का ढंग भी अनोखा था। दीवार पर पहले एक विशेष प्रकार की मिट्टी का लेप चढ़ाया जाता था फिर उसके ऊपर चूने का लेप चढ़ा कर चित्रकार चित्र बनाते थे और उसमें विभिन्न रंग भरते थे। आज भी कुछ चित्रों का रंग फीका नहीं पड़ा है। ऐसा मालूम होता है कि वे हाल ही में बनाए गए हों। इन रंगों को पेड़-पौधों के पत्तों और जड़ी-बूटियों से बनाया जाता था।

ये चित्र गौतम बुद्ध और उनके पिछले जन्म की कहानी बताते हैं। इन कहानियों को 'जातक-कथाएँ' कहते हैं। इन चित्रों से हमें उस समय के रहन-सहन, वेशभूषा आदि की बहुत कुछ जानकारी मिलती है।

एलोरा

अजन्ता से केवल ५० किलोमीटर की दूरी पर दौलताबाद के किले के पास ही एलोरा के गुफा-मन्दिर हैं। यह मन्दिर आज से लगभग बारह सौ वर्ष पहले के बने हुए हैं। जैसे अजन्ता अपने चित्रों के लिए प्रसिद्ध है, वैसे ही एलोरा अपनी मूर्तियों के लिए। एलोरा में एक दूसरे से लगी हुई चट्टानों को काटकर लगभग तीन दर्जन मन्दिर बनाए गए हैं।

एलोरा की गुफा

एलोरा की गुफा में शिल्पकला

अजन्ता और एलोरा की गुफाओं में एक अन्तर है। अजन्ता की गुफाएँ केवल बौद्धधर्म से सम्बन्ध रखती हैं। किन्तु एलोरा की गुफाओं में बौद्ध, हिन्दू और जैन, तीनों धर्मों से सम्बन्ध रखनेवाली मूर्तियाँ हैं।

एलोरा की कुछ गुफाओं में चित्रकला के नमूने भी मिलते हैं पर ये गुफाएँ मूर्तिकला के लिए ही अधिक प्रसिद्ध हैं। कुछ गुफाओं में अजन्ता की तरह के चैत्य और विहार भी हैं।

कैलाश मन्दिर एलोरा का सबसे प्रसिद्ध मन्दिर है। इसे एक बहुत बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसमें एक बड़ा शिव और पार्वती का मन्दिर है जिसके खम्भों पर देवी-देवताओं की मूर्तियाँ और तरह-तरह के दृश्य अंकित हैं। संसार में एक ही चट्टान से बनी हुई इससे बड़ी कोई इमारत नहीं। पूरा मन्दिर पचास मीटर लम्बा, तैंतीस मीटर चौड़ा और तीस मीटर ऊँचा है।

मन्दिर में अनेक सुन्दर मूर्तियाँ हैं। एक ओर एक विशाल हाथी की मूर्ति है। जगह-जगह पर रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाएँ मूर्तियों के द्वारा दिखाई गई हैं। एक स्थान पर रावण को कैलाश पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। हमारे पुराणों में एक कथा है कि रावण ने कैलाश पर्वत उठाने का प्रयत्न किया था। शिवजी ने अपने चरणों से पर्वत को थोड़ा-सा दबाया तो रावण वहीं बेबस खड़ा रह गया। यही घटना इसका मुख्य विषय है।

एलोरा में और कई गुफाएँ भी हैं। शाम को इन मन्दिरों को अच्छी तरह से देखा जा सकता है। अस्त होते हुए सूर्य की किरणें गुफाओं के भीतर पहुँच कर एक सुन्दर दृश्य प्रस्तुत करती हैं।

महाबलीपुरम

अजन्ता की गुफाओं और कैलाश मन्दिर के समान दक्षिण भारत में भी कई प्राचीन और प्रसिद्ध मन्दिर हैं। इनमें महाबलीपुरम के रथ-मन्दिर बहुत सुन्दर माने जाते हैं। ये मन्दिर देखने में रथ-जैसे हैं। इसीलिए इनको रथ-मन्दिर कहते हैं। प्रत्येक रथ-मन्दिर एक-एक चट्टान को काट कर बनवाया गया है।

क्या तुम जानते हो महाबलीपुरम कहाँ पर स्थित है और किसने यहाँ इन मन्दिरों को बनवाया ?

महाबलीपुरम मद्रास से करीब ५५ किलोमीटर दक्षिण में समुद्रतट पर स्थित है। इसका नाम मामल्लपुरम भी है। जब उत्तर भारत में हर्षवर्धन का राज्य था तब दक्षिण के एक भाग में पल्लव वंश के राजा राज्य करते थे। इसी पल्लव वंश के राजा नरसिंहवर्मन ने महाबलीपुरम को बसाया था। यह प्राचीन भारत का एक प्रसिद्ध बन्दरगाह था। यहाँ से भारत का पूर्वीद्वीपों, बाली, जावा और सुमात्रा आदि से व्यापार होता था। आज भी इस बन्दरगाह के पुराने खण्डहर मौजूद हैं।

राजा ने यहाँ मन्दिर पाँच पाण्डवों और द्रौपदी के नाम से बनवाए थे। धर्मराज-रथ इनमें से प्रसिद्ध मन्दिर है। यह मन्दिर पाण्डवों के सबसे बड़े भाई युधिष्ठिर के नाम पर बना है। इस रथ की तीन मंजिलें हैं। तीसरी मंजिल पर एक अठकोन गुम्बद है।

इन मन्दिरों में जगह-जगह पर चट्टान काट कर पार्वती, शिव, विष्णु, कृष्ण आदि देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाई गई हैं। एक स्थान पर राजा की अपनी मूर्ति भी है।

महाबलीपुरम

इन रथ-मन्दिरों से कुछ दूरी पर उत्तर की ओर एक बड़ी चट्टान पर देवी-देवताओं, मनुष्यों और पशुओं की मूर्तियाँ हैं। ये मूर्तियाँ बहुत ही सुन्दर और सजीव हैं। पत्थर के हाथी सचमुच के हाथी दिखाई देते हैं। एक दृश्य तो बड़ा ही रोचक है। एक बिल्ली अपने अगले दोनों पंजों पर खड़ी है। इसके चारों ओर छोटे-बड़े चूहे मज़े से उछल कूद रहे हैं। लगता है बिल्ली ने चूहे खाना छोड़ कर उनसे मित्रता कर ली है।

अब बताओ

१. अजन्ता और एलोरा के गुफा मन्दिरों में क्या अन्तर है ?
२. अजन्ता के चित्रों का मुख्य विषय क्या है ?
३. कैलाश मन्दिर की क्या विशेषता है ?
४. महाबलीपुरम के मन्दिर रथ-मन्दिर क्यों कहलाते हैं ? उन्हें किसने बनवाया था ?
५. नीचे कुछ बातें लिखी हैं जिनमें से प्रत्येक अजन्ता, एलोरा या महाबलीपुरम में से किसी एक के लिए ठीक है। हर एक कथन के आगे उससे सम्बन्धित स्थान का नाम लिखो :

    ——————यहाँ पाण्डवों के नाम से बनाए गये रथ-मन्दिर हैं।
    ——————यहाँ जातक-कथाओं के चित्र बने हैं।
    ——————यहाँ पर शिव और पार्वती की बड़ी सुन्दर मूर्तियाँ हैं।
    ——————यह स्थान मद्रास के दक्षिण में है।
    ——————यह स्थान औरंगाबाद के पास है।
    ——————यह गुफा-मन्दिर बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों ने बनाए थे।

कुछ करने को

१. अजन्ता और एलोरा की गुफाओं का पता कैसे लगा ? इसकी कहानी अपने अध्यापक की सहायता से मालूम करो।
२. अजन्ता, एलोरा और महाबलीपुरम के चित्र संग्रह करो।

कुछ जानने योग्य बातें

हमारा देश भारत

भारत की राजधानी—दिल्ली
भारत की राजभाषा—हिन्दी
भारत का राष्ट्र पक्षी—मोर
भारत का क्षेत्रफल—३,२७६,१४१ वर्ग किलोमीटर
पश्चिम से पूर्व तक की अधिकतम दूरी—३,००० किलोमीटर
(गुजरात राज्य की पश्चिमी सीमा से नागालैण्ड राज्य की पूर्वी सीमा तक की दूरी)
उत्तर से दक्षिण तक की अधिकतम दूरी—३,२०० किलोमीटर
(जम्मू व कश्मीर राज्य की उत्तरी सीमा से दक्षिण में कुमारी अन्तरीप तक की दूरी)
भारत समुद्र तट की लम्बाई—५,७०० किलोमीटर

हिमालय की दस चोटियाँ

चोटीका नाम	ऊँचाई
माउन्ट एवरेस्ट	८८४८ मीटर
के-द्वितीय	८६११ ,,
कनचिनजंगा	८५९८ ,,
मकालू	८४८१ ,,
धौलगिरि	८१७२ ,,
चो-यू	८१५३ ,,
नंगा पर्वत	८१२६ ,,
अन्नपूर्णा	८०७८ ,,
नन्दा देवी	७८१७ ,,
चोमोल्हारी	७३१४ ,,

भारत की प्रमुख नदियों की लम्बाई

ब्रह्मपुत्र	२९०० किलोमीटर
गंगा	२५१० ,,
गोदावरी	१४५० ,,
नर्मदा	१२९० ,,
कृष्णा	१२९० ,,
महानदी	८९० ,,
कावेरी	७६० ,,

भारत की प्रमुख भाषाएँ

१. असमिया
२. उड़िया
३. उर्दू
४. कन्नड़
५. कश्मीरी
६. गुजराती
७. तामिल
८. तेलगु
९. पंजाबी
१०. बंगला
११. मराठी
१२. मलयालम
१३. संस्कृत
१४. सिंधी
१५. हिन्दी

भारत के कुछ प्रमुख औद्योगिक नगर

नगर	राज्य	मुख्य उद्योग
कलकत्ता	प० बंगाल	पटसन, मोटर, दवाइयाँ
चित्तरंजन	,, ,,	रेल के इंजन
दुर्गापुर	,, ,,	लोहा-इस्पात
जमशेदपुर	बिहार	लोहा-इस्पात
सिन्दरी	,,	खाद का कारखाना
कानपुर	उत्तर-प्रदेश	सूती-ऊनी कपड़ा, चमड़े का सामान, वायुयान

नगर	राज्य	मुख्य उद्योग
दिल्ली	दिल्ली	सूती कपड़ा, डी.डी.टी.
अमृतसर	पंजाब	ऊनी कपड़ा
लुधियाना	,,	हौजरी (मोजे, बनियान आदि)
सोनीपत	हरियाणा	साइकिल
श्रीनगर	जम्मू-कश्मीर	रेशमी कपड़ा
अहमदाबाद	गुजरात	सूती-रेशमी कपड़ा, रेयान
अंकलेश्वर	,,	खनिज तेल (पैट्रोल)
जामनगर	,,	ऊनी कपड़ा
नेपा नगर	मध्यप्रदेश	अखबारी कागज़
भिलाई	,,	लोहा-इस्पात
भोपाल	,,	हैवी इलैक्ट्रिकल्स
बम्बई	महाराष्ट्र	सूती कपड़ा, रेयान, मोटर, दवाइयाँ, दियासलाई, खनिज तेल साफ करने का कारखाना (ट्राम्बे)
पूना	,,	पेनिसिलीन
विशाखापट्टम	अन्ध्रप्रदेश	समुद्री जहाज़, खनिज तेल साफ करने का कारखाना
मद्रास	मद्रास	मोटर, चमड़े का सामान, रेल के डिब्बे
कोयंबतूर	,,	सूती कपड़ा
बंगलौर	मैसूर	हवाई जहाज़, टेलीफोन, छोटी मशीनें और यंत्र, घड़ियाँ
राउरकेला	उड़ीसा	लोहा-इस्पात
अलवये	केरल	अल्मीनियम, डी.डी.टी., यूरेनियम और थोरियम निकालने का कारखाना

डिंगल - भाग

कुछ सामान्य बातें

सामाजिक अध्ययन

स्वतन्त्रता के बाद हमने सर्वसम्मति से गणतांत्रिक जीवन अपनाया है। इसलिए हमें अपने देश के भावी नागरिकों में वे जानकारियाँ, कुशलताएँ और मान्यताएँ पैदा करनी हैं, जिनसे वे स्वतन्त्रता की ज़िम्मेदारियों को सम्हाल सकें, अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझें और इस प्रकार देश और समाज के योग्य सदस्य बन सकें। वैसे तो घर, परिवार, पास-पड़ोस, धार्मिक समुदाय आदि सभी अच्छी नागरिकता के विकास में सहायता देते हैं, लेकिन शिक्षण-संस्थाएँ ऐसे नागरिक तैयार करने में सबसे अधिक मदद करती हैं। वास्तव में प्राथमिक पाठशालाओं में ही इसकी पक्की नींव पड़ती है। पाठ्यक्रम का प्रत्येक विषय बच्चों में उचित धारणाएँ और कुशलताएँ उत्पन्न करने में सहायक होता है और उनके व्यक्तित्व का विकास करता है, लेकिन इस सम्बन्ध में सबसे बड़ा योगदान शायद सामाजिक अध्ययन का है। यह विषय आजकल हमारे स्कूलों में अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाता है। इसलिए सामाजिक अध्ययन पढ़ानेवाले अध्यापक के ऊपर बड़ी ज़िम्मेदारी है। उसे अपने विषय का अच्छा ज्ञान तो होना ही चाहिए, साथ ही साथ पढ़ाने का उचित ढंग भी आना चाहिए।

सामाजिक अध्ययन क्या है ?

सामाजिक अध्ययन का अर्थ बहुत व्यापक है। विभिन्न व्यक्ति इसकी भिन्न-भिन्न ढंग से परिभाषा करते हैं, किन्तु इसमें 'सामाजिक' शब्द सबसे अधिक महत्त्व का है। इस विषय का केन्द्र 'मानव' ही है। इसमें मुख्य रूप से मानव और उसके सामाजिक व भौतिक वातावरण का पारस्परिक प्रभाव तथा मानवीय सम्बन्धों का अध्ययन सम्मिलित है। इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, विज्ञान और कला आदि इस विषय की पाठ्यवस्तु के स्रोत हैं।

सामाजिक अध्ययन इस पाठ्यवस्तु के माध्यम से बच्चों को समाज में सफलता से रहना सिखाता है और यह समझने में सहायता देता है कि मनुष्य अपने वातावरण अर्थात् अपने गाँव, शहर, पास-पड़ोस, देश और संसार के भौतिक वातावरण में किस प्रकार रहता है और काम करता है तथा परिवार, समुदाय, राष्ट्र और विश्व से उसका क्या सम्बन्ध है।

सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र

सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। मानव-जीवन की सभी बातें इसके अन्दर आ जाती हैं। इस विषय का महत्त्व और इसकी व्यापकता समझने के लिए आप निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें :

१. छात्रों को भावी जीवन के लिए तैयार करना पाठशालाओं का एक प्रमुख कर्त्तव्य है। इसलिए उनको कुछ ऐसी जानकारियाँ करानी हैं और उनमें कुछ ऐसी भावनाएँ पैदा करनी हैं जो उन्हें उनके वातावरण के अनुकूल बनने में सहायता देंगी। आजकल के संसार में रोज़ ही परिवर्तन हो रहे हैं। इन परिवर्तनों की जानकारी की नींव पाठशाला में ही डालनी है।

जिस वातावरण में बच्चा जन्म लेता है और पलता है, वह प्राकृतिक और सामाजिक परिस्थितियों के योग से बनता है। वातावरण का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सामाजिक अध्ययन द्वारा हम छात्रों को इस वातावरण से परिचित कराते हैं। साथ ही साथ उनमें कुछ ऐसी कुशलताएँ पैदा करना चाहते हैं जो आगे चलकर उन्हें नागरिक जीवन में सहायता देंगी।

२. अब हम स्वतन्त्र । इससे एक ओर हम गौरव अनुभव करते हैं कि हमें नए अधिकार मिले हैं, दूसरी ओर हमारी ज़िम्मेदारियाँ भी बढ़ गई हैं। इन जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिये हमको कुछ बातें जाननी हैं और अपने में कुछ भावनाएँ पैदा करनी हैं। सामाजिक अध्ययन छात्रों को एक ओर तो ज्ञान देता है और दूसरी ओर उपयुक्त क्रियाओं की सहायता से उनमें उचित भावनाओं और आतदों की नींव डालने का प्रयत्न करता है।

३. स्वतन्त्रता प्राप्त करने के बाद हमने अपने देश को समृद्ध तथा शक्तिशाली बनाने के लिए नए-नए कदम उठाए हैं। इस सम्बन्ध में पंचवर्षीय योजनाएँ बनाई जा रही हैं। बच्चों को इनकी प्रारम्भिक जानकारी होना आवश्यक है। आगे चलकर अच्छे नागरिक के रूप में वे इस कार्य में पूर्ण सहयोग देंगे।

४. 'वर्तमान' को समझने के लिए बीते हुए जमाने की जानकारी जरूरी है। देशभक्त, समझदार नागरिक बनने के लिए देश के गौरवमय अतीत का ज्ञान भी होना चाहिए। अतः इतिहास की कहानियाँ, महापुरुषों की जीवनियाँ इस विषय में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं। लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि अतीत पुराने समय की कथा-मात्र नहीं है। वर्तमान के सम्बन्ध से ही वह सजीव हो उठता है।

५. शान्तिमय जीवन व्यतीत करने के लिए संसार के लोगों में आपसी सहयोग और सद्भावना आवश्यक है। सामाजिक अध्ययन द्वारा हम बच्चों में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना का बीजारोपण करते हैं।

६. प्राथमिक पाठशाला का विषय होने के नाते सामाजिक अध्ययन बच्चों की रुचियों और आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखता है। इसी दृष्टि से उसकी पाठ्यसामग्री चुनी जाती है। अध्यापन की विधियाँ भी बच्चों की रुचि और आवश्यकताओं के अनुकूल होनी चाहिए। अगले पृष्ठों में इनका संकेत किया गया है।

वर्तमान पाठ्यक्रम

पाठशाला के पाठ्यक्रम की कुछ सीमाएँ होती हैं। सभी बातें उसमें शामिल नहीं हो सकतीं। अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमें कुछ बातों पर अधिक बल देना होता है और कुछ को छोड़ना पड़ता है।

वर्तमान पाठ्यक्रम जिस मौलिक बात पर आधारित है, वह है हमारा देश और उसकी एकता। साथ ही इस में उसकी भावी आशाओं और हमारे कर्त्तव्यों पर भी जोर दिया गया है। सभी कक्षाओं के

पाठ्यक्रम में भिन्न-भिन्न पहलुओं से इस बात पर बल दिया गया है, यद्यपि प्रत्येक कक्षा की मुख्य विषयवस्तु अलग-अलग है :

कक्षा १ : हमारा घर और पाठशाला

कक्षा २ : हमारा पास-पड़ोस

कक्षा ३ : हमारा दिल्ली क्षेत्र (भारत के अंग के रूप में)

कक्षा ४ : हमारा भारत

कक्षा ५ : भारत और संसार

सामाजिक अध्ययन पढ़ाने के उद्देश्य

किसी भी विषय को ठीक तरह से पढ़ाने के लिए यह जानना आवश्यक है कि हम उसे किस उद्देश्य से पढ़ा रहे हैं। हम उस विषय के शिक्षण द्वारा बच्चों के ज्ञान, उनकी वैयक्तिक कुशलता, उनकी समझ, उनकी आदतों और क्षमताओं में क्या परिवर्तन लाना चाहते हैं।

प्राथमिक कक्षाओं में सामाजिक अध्ययन पढ़ाने के कुछ मुख्य उद्देश्य नीचे दिए जा रहे हैं। अपने विषय को पढ़ाते और मूल्यांकन करते समय आप इन उद्देश्यों को सदैव कक्षा ५ के अन्त तक ध्यान में रखें।

(क) बच्चों को निम्नलिखित बातें जान लेनी चाहिए :

१. संसार के सभी मनुष्यों की मूल आवश्यकताएँ—भोजन, कपड़ा और रहने का स्थान—एक-सी हैं। वे इन आवश्यकताओं को दूसरों की सहायता से पूरा करते हैं।

२. मनुष्य के जीवन का भौतिक वातावरण से घनिष्ठ सम्बन्ध है। उसकी जीवन-क्रिया बहुत-कुछ इसी वातावरण से प्रभावित होती है, लेकिन वह अपने प्रयत्न से वातावरण को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुकूल बना लेता है।

३. प्राकृतिक साधनों जैसे मिट्टी, पानी, जंगल, खनिज पदार्थ आदि के उपयोग द्वारा ही मनुष्य का जीवन सम्भव है। इन साधनों का ठीक उपयोग करना और इनकी रक्षा करना उसका कर्त्तव्य है।

४. मनुष्य समाज में रहता है। वह हर बात के लिए दूसरों पर निर्भर है। परिवार में प्रत्येक व्यक्ति, देश में प्रत्येक राज्य और संसार में प्रत्येक देश, एक दूसरे पर निर्भर हैं। सहयोग के बिना किसी का कोई भी कार्य नहीं चल सकता।

५. समाज में मनुष्य का शान्तिमय और सुचारु जीवन परस्पर सहयोग, सद्भावना, विश्वास और दूसरों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की भावना पर आधारित है।

६. भारत अब गणतंत्र है। गणतंत्र में सभी नागरिक बराबर हैं, सभी के अधिकार और कर्त्तव्य एक-से हैं। हमें इनको जानना चाहिए और ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

७. हमारे देश के विभिन्न भागों के लोगों की भाषाएँ भिन्न-भिन्न हैं, उनके भोजन और वस्त्र

अलग-अलग हैं और वे भिन्न-भिन्न धर्मों को मानते हैं। इन सब विभिन्नताओं के होते हुए भी हम सब भारतवासी हैं और एकता के सूत्र में बँधे हैं।

८. हमारे देश की एक अपनी संस्कृति है और हमारी कुछ मान्यताएँ हैं। इनको बनाए रखने और समय-समय पर इनमें संशोधन करने के लिए अपनी संस्कृति और मान्यताओं का ज्ञान होना हमारे लिए आवश्यक है।

९. भारतीय सभ्यता को बनाने में हमारे कई महान पुरुषों ने योग दिया है। हमें उनके विषय में भी जानना चाहिए।

१०. संसार के देशों में बहुत सी विभिन्नताएँ हैं, लेकिन सभी देश एक ही दुनिया के अंग हैं। प्रत्येक देश की कुछ न कुछ देन है। हमें संसार के सभी देशों के लोगों को समान दृष्टि से देखना चाहिए और उनके अलग-अलग मतों और विश्वासों का आदर करना चाहिए।

(ख) बच्चों को निम्नलिखित कुशलताएँ सीख लेनी चाहिए :

१. सभा तथा अन्य सामूहिक कार्यक्रम में दूसरों के साथ मिलकर काम करते समय—
—साफ़, शुद्ध और तर्कपूर्ण ढंग से बोलकर या लिखकर अपने विचार प्रकट करना।
—दूसरों के विचार ध्यान से सुनना।
—बातचीत में सम्मान-सूचक शब्दों का प्रयोग करना और अपनी बारी पर बोलना।
—अपना उत्तरदायित्व निभाना, दूसरों को सहयोग देना और नेतृत्व कर सकना।
—सभा, अभिनय, वाद-विवाद, उत्सव मनाने या किसी अन्य योजना में सक्रिय भाग लेना और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना।
—प्रदर्शनी लगाना और चीज़ों को उचित ढंग से सजाकर रखना।
—विभिन्न स्रोतों से आवश्यक सूचना और सामग्री एकत्र करना, उसे सम्हाल कर रखना, उसका उचित उपयोग करना और उसकी सहायता से छोटी-मोटी रिपोर्ट तैयार करना।

२. पास-पड़ोस अथवा दर्शनीय स्थानों और स्मारकों का भ्रमण करते समय—
—भ्रमण से सम्बन्धित योजना बनाना।
—सबके साथ शिष्ट व्यवहार करना।
—मिलजुल कर काम करना और वस्तुओं को बाँट कर प्रयोग करना।
—ट्रैफिक के चिह्नों को पहचानना, सड़क पर चलने के नियमों को सीखना और उनका पालन करना।

३. मानचित्र, चार्ट, ग्राफ, ग्लोब आदि का प्रयोग करते समय—
—विभिन्न मानचित्रों को पहचानना, पढ़ना और तुलना करना।
—मानचित्रों में विभिन्न स्थानों की स्थिति जानना, दूरी नापना, दिशाएँ मालूम करना, विभिन्न चिह्नों, संकेतों और रंगों को पहचानना।

—रेखा-मानचित्रों को भरना।

—ग्लोब और चपटे तल पर बने मानचित्र में अन्तर जानना।

—सरल ग्राफ, आरेख आदि पढ़ना।

—साधारण चार्ट और माडल बनाना।

—एकत्र किए चित्र, फूल-पत्ती, पत्र-पत्रिकाओं की कतरन आदि को अलबमों में सुरक्षित करके रखना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत हो जाने चाहिए :

१. विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं और व्यवसायों के लोगों के प्रति आदर।

२. देश के गौरव और आदर्शों के प्रति सम्मान।

३. देश की एकता का भाव।

४. राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति आदर।

५. राष्ट्र के हित के लिए छोटी-मोटी ज़िम्मेदारी उठाना।

६. देश की स्वतन्त्रता बनाए रखने की प्रबल भावना।

७. निजी व सरकारी सम्पत्ति तथा देश के प्राकृतिक साधनों की सुरक्षा के लिए स्वेच्छापूर्ण उत्तरदायित्व निभाना।

८. कानून और सरकार के प्रति आदर।

९. बड़ों तथा अध्यापकों के प्रति सम्मान।

१०. पीड़ित और असहाय लोगों के प्रति सहानुभूति।

११. अन्तर्राष्ट्रीयता तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना।

१२. प्राकृतिक सौन्दर्य में रुचि।

१३. परिवर्तन के प्रति जागरूकता।

१४. आत्मनिर्भरता की भावना।

प्राथमिक कक्षाओं के छात्र

प्राथमिक कक्षाओं में पाँच-छः साल से लेकर ग्यारह-बारह साल तक के बच्चे होते हैं। जब वे पहले पहल पाठशाला जाते हैं तो उनके मस्तिष्क स्लेट की तरह साफ नहीं होते। वे जन्म से ही अपने घर और पास-पड़ोस में रहते रहे हैं। स्कूल में आने से पहले ही उनके पास बहुत से अनुभव होते हैं। इन्हीं अनुभवों के अनुसार वे स्कूल में बर्ताव करेंगे। आप देखेंगे कि आपके सभी छात्र बाहरी रूप में एक दूसरे से बहुत भिन्न हैं। कोई लम्बा है तो कोई छोटा, कोई मोटा-ताजा है तो कोई दुबला-पतला, कोई शर्मीला है तो कोई चंचल, कोई झगड़ालू है तो कोई चुपचाप रहनेवाला। सभी का अपना-अपना अलग व्यक्तित्व होता है। इतनी भिन्नताओं के होते हुए भी इन बच्चों में बहुत-सी समानताएँ होती हैं।

बालक कब सीखता है ? केवल किसी बात को बता देने से ही वह सीख नहीं सकता। वह अधिक से अधिक उसे रट कर दोहरा सकता है। इससे उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आता। वास्तव में बालक तब सीखता है, जब वह सीखने की प्रक्रिया में स्वयं सक्रिय रूप से भाग लेता है। इसके लिए आप दो बातें हर समय ध्यान में रखें। एक तो यह कि बालक में सीखने की प्रक्रिया के प्रति रुचि हो और उसे इसमें अपने किसी अर्थ की सिद्धि होने की सम्भावना दिखाई दे। दूसरी यह कि आप अपनी कक्षा में ऐसा वातावरण और परिस्थिति बनाएँ कि सीखने की क्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके, बच्चे निर्धारित कुशलताओं, आदतों आदि को सीख सकें और दोहरा सकें। इस प्रकार आप सहज ही अपने वांछित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। अतः सीखने का उपयुक्त वातावरण तैयार करना और शिक्षण को बच्चों के लिए रोचक और अर्थपूर्ण बनाना ही आप का मुख्य कर्त्तव्य है। इस सम्बन्ध में आप निम्नलिखित सुझाव ध्यान में रखें :

१. बच्चे के अनुभव और क्रियाएँ ही उसके विकास के असली साधन हैं। जो जानकारियाँ उसे अपने चारों ओर देखकर और सुनकर सीधे अनुभव से प्राप्त होती हैं, वह उन्हीं के आधार पर नए अनुभव और नई जानकारियाँ ग्रहण करता है। इसलिए नई चीजें बताते हुए आप बच्चों के पूर्व-प्राप्त अनुभवों से अधिक-से-अधिक लाभ उठाएँ।

२. सामाजिक अध्ययन की पाठ्यवस्तु को अन्य विषयों की पाठ्यवस्तु से अलग नहीं समझना चाहिए। कक्षा के अन्य विषयों से उसका गहरा संपर्करहता है। भाषा का सम्बन्ध तो स्पष्ट ही है। इसी की सहायता से बच्चा सोचता है, समझता है, बोलता है और लिखता है। आप शुरू से ही बच्चों में भाषा की योग्यता पैदा करें। उनके सामने शुद्ध भाषा बोलें और देखें कि वे भी शुद्ध भाषा का प्रयोग करते हैं। जहाँ कहीं गणित के प्रयोग का अवसर आए, वहाँ बच्चों को सोचने का समय दीजिए और अभ्यास कराइए। विज्ञान और सामाजिक अध्ययन का तो निकट सम्बन्ध है। वातावरण का अध्ययन कराते समय आप कदम-कदम पर विज्ञान की सहायता लेंगे। कागज़, मिट्टी का काम आदि तो सामाजिक अध्ययन की क्रियाओं के प्रधान उपकरण हैं। अतः आप हस्तकला, शिल्प आदि का उचित समन्वय सामाजिक अध्ययन से स्थापित करें।

३. प्रायः हर कक्षा में आप कहानियाँ पढ़ाएंगे। कहानी सुनाते समय अपनी भाषा को अधिक जानदार बनाइए। जरूरत पड़ने पर हाव-भाव से काम लीजिए। आपके बोलने के तरीके से ही बच्चे बहुत कुछ सीखेंगे। यदि कहानी में बातचीत आ जाए, तो बातचीत के शब्दों का प्रयोग कीजिए। उदाहरणतः यह न कहिए—"लड़के ने अध्यापक से किताब माँगी," कहिए—"लड़का अध्यापक के पास गया और बोला, गुरुजी, कृपा करके मुझे अपनी किताब दे दीजिए।" हाव-भाव समय के उपयुक्त हों।

४. आपकी कक्षा में कुछ तेज छात्र होंगे। इनकी आवश्यकताएँ औरों से भिन्न हैं। वे जल्दी सीख लेते हैं। औरों से अधिक सीखना चाहते हैं। उनकी उत्सुकता भी अधिक होती है। अतः उनकी आवश्यकताओं पर भी आप ध्यान रखें। उनको अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित करें। इसी प्रकार आप मन्द बुद्धि छात्रों की आवश्यकताओं का भी विशेष ध्यान रखें।

५. बच्चों के जीवन में शिक्षक का महत्त्वपूण स्थान होता है। वे हर समय अपने शिक्षक के आचरण का अनुकरण करते हैं और उसके व्यक्तित्व से जाने-अनजाने प्रेरणा लेते हैं। अतः आप अपने दिन-प्रतिदिन के व्यवहार को आदर्श रूप में बच्चों के सामने रखें और देखें कि बच्चे भी शिष्ट व्यवहार करना सीखते हैं। इसके अतिरिक्त आप इस बात का भी ध्यान रखें कि बच्चों में कोई कुसंस्कार आदि न पड़ें। वे स्कूल के बाहर से छूआ छूत आदि जैसी गलत बातें न सीखें।

६. हर एक कक्षा के पाठ्यक्रम में कुछ बुनियादी तथ्य और जानकारियाँ होती हैं। आगे चलकर इन्हीं के आधार पर ज्ञान का विस्तार किया जाता है। हर एक स्तर पर यदि इन तथ्यों को बच्चा अच्छी तरह से नहीं समझ पाए या उनमें अभ्यस्त न हो, तो आगे उसको कठिनाई होगी। इसलिए यह जरूरी है कि इन तथ्यों को नए-नए रूप में दोहराया जाए।

७. पाठ्यपुस्तकों में प्रचुर मात्रा में चित्र दिए गए हैं। ये सजावट मात्र नहीं हैं, बल्कि पाठ्यपुस्तकों के अभिन्न अंग हैं। इनके माध्यम से रुचि और उत्सुकता, दोनों बढ़ती हैं। चित्रों को ध्यान से देखना सिखाइए। इनकी आपस में तुलना कराइए और बच्चों को नया ज्ञान देने में सहायता दीजिए। इनके द्वारा अस्पष्ट धारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

८. पाठ्यपुस्तक में दी गई क्रियाएँ और अभ्यास भी शिक्षण के आवश्यक अंग हैं। इनके द्वारा आप मूल्यांकन तो करेंगे ही, साथ ही पढ़ाते समय तथा पढ़ाने के बाद उनके प्रयोग से छात्रों के ज्ञान को व्यवस्थित रूप भी दे सकेंगे। साथ ही, क्रियाओं के माध्यम से पढ़ाकर आप ज्ञान को स्थायी और प्रभावपूर्ण बना सकते हैं। इन्हीं की मदद से आप नई क्रियाएँ और नए अभ्यासों को सोच सकते हैं।

छात्रों के लिए सम्भव क्रियाएँ :

सीखने में क्रियाओं का बड़ा महत्त्व है। इन से बच्चों में विषय के प्रति रुचि बढ़ती है और शिक्षा की बुनियाद भी पक्की होती है। सामाजिक अध्ययन पढ़ाते समय आप क्रियाओं की सहायता अवश्य लें। पाठ्यपुस्तक और दर्शिका भाग में ऐसी अनेक क्रियाओं का उल्लेख किया गया है। क्रियाओं के सम्बन्ध में आपकी सुविधा के लिए यहाँ कुछ सामान्य सुझाव दिए जा रहे हैं। इन क्रियाओं को कराते समय आप नीचे लिखे सुझावों को ध्यान में रखें और आवश्यकतानुसार इन में फेर-बदल कर लें :

१. पूरे साल के काम की योजना और व्यवस्था :

साल के प्रारम्भ में ही पूरे साल के काम की योजना बना लीजिए। पाठ्यक्रम के प्रत्येक 'यूनिट' पर कितने सप्ताह का समय लगेगा, अन्दाज करके लिख लीजिए। पढ़ाते समय देखते जाइए उसमें कितना अन्तर हुआ। ऐसा क्यों हुआ, इस पर भी विचार करते जाइए। सम्भव है कि आगामी वर्षों में भी आप इसी कक्षा को पढ़ाएँ। उस समय पुराने अनुभवों से लाभ उठाइएगा। योजना बना लेने के बाद ऐसा न सोचिए कि योजना में परिवर्तन न हो सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर उसको बदलते जाइए, लेकिन परिवर्तन भी सोच-समझकर कीजिए। इस परिवर्तन में आप को विशेष कठिनाई न होगी, क्योंकि अधिकतर प्राथमिक पाठशालाओं में प्रायः एक ही अध्यापक को कक्षा के सारे विषय पढ़ाने होते हैं।

छोटे बच्चों को टोली में काम करना अच्छा लगता है। अतः आप अपनी कक्षा के बच्चों को कुछ टोलियों में बाँटकर काम कराएँ। प्रत्येक काम की व्यवस्थित योजना बच्चों के साथ मिलकर बनाएँ। कक्षा को अव्यवस्था से दूर रखें और प्रत्येक काम को सुव्यवस्थित ढंग से कराएँ। कई बार एक ही प्रकार का काम करते-करते बच्चे ऊब जाते हैं। जैसे दिन भर चुपचाप बैठकर काम करना उन्हें अच्छा नहीं लगता है, वैसे ही पूरा समय घूम-फिर कर या खेलकर काटना भी उन्हें बुरा लगेगा। आप बच्चों की रुचि का अवश्य ध्यान रखें और विभिन्न प्रकार की क्रियाएँ बदल-बदल कर बच्चों से कराएँ।

२. चीज़ें एकत्र करना, अलबम आदि बनाना और लेखा रखना :

आप जानते हैं कि बच्चों में चीज़ें एकत्र करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। आप को चाहिए कि इस दिशा में बच्चों को बराबर प्रोत्साहित करते रहें। बच्चों को हर प्रकार की चीज़ों से रुचि होती है। वे कागज़ के टुकड़े, दियासलाई के बक्स, टीन की डिब्बी, डाक-टिकट, रेल-टिकट, बस-टिकट, फूल, पौधे, पत्तियाँ, रंगीन पत्थर, चित्र आदि सभी चीज़ें एकत्र करते हैं। उनके द्वारा एकत्र की हुई चीज़ों की कभी-कभी प्रदर्शनी लगाइए और किसी भी चीज को नीची निगाह से न देखिए। आप इन सभी चीज़ों के द्वारा बच्चों को कुछ-न-कुछ नवीन ज्ञान दे सकते हैं। उदाहरणार्थ—एक बच्चा पुरानी चिट्ठियाँ एकत्र करता है। आप इनके द्वारा बच्चों को डाकघर की मोहर पढ़ना, इसका महत्व जानना, पता पढ़ना व लिखना आदि बहुत-सी बातें सिखा सकते हैं। चिट्ठियों पर तरह-तरह के डाक-टिकट लगे होते हैं। प्रत्येक का कोई-न-कोई अर्थ होता है, उसके पीछे कुछ इतिहास होता है। इनसे आप कई नई जानकारियाँ करा सकते हैं।

एकत्र की हुई चीज़ों को सुरक्षित और सुन्दर ढंग से रखने के लिए आप बच्चों को अलबम बनाना सिखाएँ। चित्र, टिकट, फूल-पत्ती, पुराने सिक्के आदि की अलग-अलग अलबम बच्चे अपनी-अपनी रुचि के अनुसार बना सकते हैं। यहाँ यह याद दिलाना आवश्यक है कि बच्चों में चीज़ें एकत्र करने की प्रवृत्ति यदि बहुत अधिक बढ़ जाए, तो उनमें चोरी आदि की बुरी आदत पड़ने का डर रहता है। अतः आप इस से सतर्क रहें।

पत्र-पत्रिकाओं से लिए गए विभिन्न विषयों से सम्बन्धित चित्र, मानचित्र, समाचार, सूचना, विज्ञापन आदि की कतरनों को अलबम में लगाना बच्चों के लिए बड़ा रुचिकर होगा। वे इन की मदद से सूर्योदय व सूर्यास्त का समय, दैनिक मौसम, वर्षा, बाढ़, सूखा, चुनाव, मेले, त्योहार आदि अनेक बातों का लेखा रखना भी सीख सकेंगे।

३. सामाजिक अध्ययन का कोना, भीति-पत्र और प्रदर्शनी :

प्राथमिक पाठशालाओं में हर विषय के लिए अलग कमरा मिलना कठिन होता है। आप अपनी कक्षा के कमरे के एक भाग का सामाजिक अध्ययन के लिए उपयोग कर सकते हैं। यही सामाजिक अध्ययन का कोना होगा। इस कोने में बच्चों द्वारा बने चित्र, मानचित्र, लेख, कविता, चार्ट, माडल, अलबम आदि रखे जा सकते हैं। इस स्थान की सफाई, देखभाल, सजावट आदि का भार आप बच्चों को ही सौंपें। सामाजिक अध्ययन का कोना एक प्रकार से कक्षा प्रदर्शनी का काम देगा। यहीं से आप कुछ ऐसी सामग्री का चुनाव करें जिसे आप स्कूल के 'भीति-पत्र' में प्रदर्शनार्थ भेज सकते हैं। 'भीति-पत्र' में सभी कक्षाओं के बच्चों की और सभी विषयों से सम्बन्धित चीज़ें शामिल होती हैं और स्कूल में किसी एक विशेष स्थान पर लकड़ी के एक बड़े बोर्ड पर लगाई जाती हैं।

'भीति-पत्र' पर थोड़े-थोड़े समय के बाद नई-नई चीज़ें लगती रहनी चाहिएँ। इसके अतिरिक्त आप सामाजिक अध्ययन के कोने में बच्चों के लिखे अथवा संग्रह किए हुए लेख, कविताएँ, चुटकुले आदि स्कूल की पत्रिका में सम्मिलित करने के लिए भी चुन सकते हैं।

प्रत्येक स्कूल में कुछ विशेष समारोह प्रति वर्ष मनाए जाते हैं। उन अवसरों पर आप बच्चों की बनाई हुई चीज़ों की प्रदर्शनी अवश्य लगाएँ। यह प्रदर्शनी स्कूल के किसी बड़े कमरे में लगाई जाए और इसमें सभी कक्षाओं के बच्चों की वस्तुएँ प्रदर्शित की जाएँ। प्रदर्शनी के लगाने में बच्चों को काम करने का अवसर अवश्य दीजिए। उनके माता-पिता आदि को भी यह प्रदर्शनी देखने के लिए बुलाएँ। बच्चों की बनाई हुई कुछ अच्छी चीज़ों पर कुछ छोटे-मोटे पुरस्कार भी दीजिए। पुरस्कार व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं। इससे बच्चों की भावनाओं को उचित प्रोत्साहन मिलेगा।

४. चित्र, मानचित्र, चार्ट, माडल आदि का प्रयोग :

हाथ से काम करना बच्चों को स्वभाव से ही अच्छा लगता है। चित्र बनाना और एकत्र करना उनके लिए समान रूप से रुचिकर होता है। आप बच्चों से अपने विषय से सम्बन्धित कुछ साधारण चित्र, चार्ट, माडल आदि बनवाएँ। धरती पर कोई बड़ा मानचित्र या माडल बनाने के लिए सारी कक्षा के बच्चे मिलकर काम करें। नए ढंग की बस्ती, आदर्श गाँव, स्कूल, भाखड़ा बाँध, कुतुब मीनार, सौरमंडल आदि के छोटे-बड़े माडल कागज़, मिट्टी, पत्थर आदि की सहायता से बनाए जा सकते हैं। ऐसे माडल बच्चों के लिए बहुत अर्थपूर्ण होते हैं। वे इन्हें छूकर, बनाकर, बिगाड़कर देख सकते हैं। इनकी सहायता से वे बहुत शीघ्र समझते हैं और उनका ज्ञान सुदृढ़ हो जाता है। छोटे माडलों को आप सामाजिक अध्ययन के कोने में रखवाएँ। धरती पर बनने वाले माडल अथवा मानचित्र के लिए आप स्कूल के प्रांगण में कोई ऐसा स्थान चुनें जहाँ पर बनाई हुई चीज़ें काफी देर तक सुरक्षित रह सकें। चित्र, चार्ट, माडल आदि बनाने के काम का आप हस्तकला के विषय से सरलतापूर्वक समन्वय स्थापित कर सकते हैं।

बच्चे कक्षा ५ में ग्लोब का अध्ययन करना और प्रयोग करना सीखेंगे। अतः आपके स्कूल में ग्लोब का होना ज़रूरी है। यदि आप के स्कूल में ग्लोब नहीं है तो आप बच्चों से नकली ग्लोब बनवाएँ। इसके लिए आप भिगोकर कूटा हुआ रद्दी कागज या मिट्टी काम में ला सकते हैं। भूमि की बनावट और इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी आप ग्लोब की सहायता से आसानी से समझा सकेंगे।

५. वार्तालाप, अभिनय और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम :

पढ़ाने की क्रियाओं में 'अभिनय' का महत्त्वपूर्ण स्थान है। अभिनय के माध्यम से बच्चों को सच्चे अनुभव प्राप्त होते हैं और अतीत की घटनाएँ उनके सामने जीवित हो उठती हैं।

सामाजिक अध्ययन पढ़ाते हुए आप वार्तालाप, क्रियागीत, कविता, कव्वाली, भजन, लोकनृत्य, लोकगीत, फैन्सी-ड्रैस-शो, सामूहिक गान, एकांकी नाटक, मूक अभिनय आदि बहुत-से कार्यक्रम कराना पसन्द करेंगे। छोटे बच्चे इन सभी चीज़ों में स्वभाव से रुचि लेते हैं। साधारण वार्तालाप भी उनके लिए एक प्रकार का अभिनय होता है। इतिहास की कहानी या वर्तमान किसी घटना का नाटक

खेलना तो उनके लिए बहुत ही अर्थपूर्ण होगा। अतः आप शिक्षण में अभिनय के माध्यम को भी काम में लाएँ और अधिकाधिक बच्चों को नाटक और अन्य सांस्कृतिक क्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इन क्रियाओं को देखना और ध्यान से सुनना भी बहुत लाभकारी होता है, इसलिए आप इस दिशा में भी बच्चों को प्रशिक्षण दें।

पाठशाला में कुछ विशेष दिवस, उत्सव या सप्ताह आदि मनाना सामाजिक अध्ययन की अच्छी क्रिया है। अपनी कक्षा की विषय-वस्तु के अनुसार आप वर्ष में कई अवसरों पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकते हैं जैसे, स्कूल का वार्षिकोत्सव, स्वतन्त्रता-दिवस, गणतन्त्र-दिवस, बाल-दिवस, अध्यापक-दिवस, गांधी-जयन्ती, संयुक्त राष्ट्रसंघ-दिवस, मानव अधिकार-दिवस, वन-महोत्सव-सप्ताह, सफाई-सप्ताह आदि। बच्चों को समय-समय पर तैयार कराए गए कुछ अच्छे-अच्छे सांस्कृतिक कार्यक्रम आप इन अवसरों के लिए चुन लें।

६. प्रार्थना-सभा और बाल-सभा :

सभी स्कूलों में हर रोज़ प्रार्थना-सभा होती है। स्कूल के सभी बच्चे और अध्यापक इसमें अनिवार्य रूप से भाग लेते हैं। आप अपनी कक्षा के बच्चों को इस सभा में उचित और सुव्यवस्थित ढंग से भाग लेना सिखाएँ। वे प्रार्थना-सभा में जाते और आते समय लाइन बनाकर चलें। सप्ताह में कम-से-कम एक दिन आपकी कक्षा के दो बच्चे प्रार्थना बुलवाएँ। इस सभा के लिए समय-समय पर उचित प्रार्थनाएँ चुनने का काम आप करें। प्रार्थना के बाद बच्चों की सफाई का निरीक्षण करना, राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाना, कुछ विशेष अवसरों पर झंडा फहराना, भाषण देना, समाचार सुनाना आदि सभी बातें सामाजिक अध्ययन से सम्बन्ध रखती हैं। आप इन्हें अच्छी तरह कराइए।

बाल-सभा के माध्यम से तो बच्चों को सामाजिक अध्ययन की बहुत-सी बातें सिखाई जा सकती हैं। सप्ताह में एक दिन आप कुछ समय बाल-सभा की बैठक के लिए निश्चित कर लीजिए। पूरे स्कूल की बाल-सभा की बैठक भी मास में एक बार अवश्य होनी चाहिए। आप अधिक-से-अधिक बच्चों को बाल-सभा में बोलने के अवसर दें और स्कूल के छोटे-मोटे काम की ज़िम्मेदारी सौंपें। इस प्रकार उन्हें सभा में बोलने का अभ्यास होगा और ज़िम्मेदारी निभाने की आदत पड़ेगी। अपने विषय से सम्बन्धित जो वार्तालाप, नाटक, कहानियाँ, क्रिया-गीत, कविताएँ आदि आप बच्चों से सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से तैयार कराते हैं, उन्हें पहले कक्षा-बाल-सभा में और फिर कुछ चुनी हुई चीजें पूरे स्कूल की बाल-सभा में प्रस्तुत कराएँ। कभी-कभी किसी विशेष अवसर पर प्रतियोगिता कराएँ और बच्चों को कुछ पुरस्कार भी दें। यह बात याद रखिए कि आपका काम बच्चों को ज़रूरी सुझाव और निर्देश देकर उनका उचित मार्गदर्शन करना है। बाल-सभा बच्चों की सभा है। इसका सारा कार्य मुख्य रूप से बच्चे ही करेंगे। आप अपने छात्रों को धीरे-धीरे इस योग्य बनाइए कि वे अपनी बाल-सभा का आयोजन स्वतन्त्र रूप से करना सीखें। अध्यक्ष, मंत्री आदि का चुनाव भी बच्चे आपके निरीक्षण में स्वयं ही करें। अध्यक्ष सभा की कार्यवाही चलाए, मन्त्री इसका ब्योरा रखे। सभा के अधिकारी प्रत्येक कक्षा से चुने जाएँ। बड़ी ज़िम्मेदारी के काम ऊँची कक्षाओं के बच्चे करें और वे इन कार्यों का प्रशिक्षण धीरे-धीरे छोटे बच्चों को देते रहें।

७. पास-पड़ोस का अध्ययन और स्थानीय भ्रमण :

सामाजिक अध्ययन के शिक्षण में पास-पड़ोस के अध्ययन का बड़ा महत्त्व होता है। इसके लिए

बच्चों को पाठशाला से बाहर भ्रमण पर ले जाना आवश्यक होगा। भ्रमण से यहाँ हमारा अभिप्राय केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि बच्चों को कुछ अनुभव और जानकारियाँ कराना है।

इस सम्बन्ध में आप अपने छात्रों को बहुत-से ऐतिहासिक/भौगोलिक स्थान, जंगल, नदी, झील, पार्क, शहर, गाँव, स्टेशन, हवाई अड्डे, दफ्तर, कारखाने, प्रदर्शनी, मेले, संग्रहालय, चिड़ियाघर, पंचायत, निगम और संसद-बैठक आदि अनेक चीजें दिखाना चाहेंगे, अनेक लोगों से बातचीत कराना चाहेंगे। अतः आप पास-पड़ोस के अध्ययन अथवा स्थानीय भ्रमण पर जाने से पहले विशेष तैयारी करें और बच्चों से मिलकर इसकी योजना बनाएँ। इस सम्बन्ध में आप निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखें—

—भ्रमण के उद्देश्य आपके मन में स्पष्ट होने चाहिएँ।

—भ्रमण से पूर्व छात्रों से उसके सम्बन्ध में बातचीत कीजिए। कापी, पेंसिल, भोजन आदि लाने और अन्य आवश्यक बातों के बारे में उन्हें पहले से समझा दीजिए।

—सभी बच्चों को योजना में सक्रिय भागीदार बनाने का यत्न कीजिए। कहाँ-कहाँ, किस प्रकार, किस समय जाएँगे, कौन क्या करेगा, किस से क्या बातचीत की जाएगी, किन-किन बातों का लेखा रखा जाएगा आदि सभी चीज़ों पर पहले विचार कर लीजिए।

—जिस स्थान पर आप जा रहे हैं, उसका निरीक्षण पहले आप स्वयं कर लीजिए और उसके खुलने, बन्द होने के बारे में आवश्यक जानकारी भी पहले से प्राप्त कर लीजिए। किसी संस्था, सभा आदि में जाना हो या किसी व्यक्ति से मिलना हो, तो दिन और समय भी निश्चित कर लीजिए।

—निकट के स्थानों की यात्रा पैदल कराइए। दूर जाना हो तो बस आदि का प्रबन्ध कर लें। यदि आप छुट्टी वाले दिन भ्रमण पर जा रहे हैं तो कुछ बड़े स्कूलों की बस आपको सस्ते किराए पर मिल जाएँगी।

—भ्रमण पर जाने से पहले बच्चों को टोलियों में बाँट दीजिए और प्रत्येक टोली का एक नेता भी नियुक्त कर दीजिए। सभी टोलियों को अलग-अलग काम सौंप दीजिए। यात्रा के बीच में नेता अपनी-अपनी टोली के बच्चों को आवश्यक निर्देश देंगे।

—यात्रा में बच्चों की सुरक्षा करना आपकी बड़ी ज़िम्मेदारी है। यदि आप बहुत अधिक बच्चों को यात्रा पर ले जा रहे हैं तो स्कूल के कुछ अन्य अध्यापकों को साथ ले जाएँ। यह सम्भव न हो तो आप कुछ बच्चों के बड़े भाई, बहिन, माता आदि को अपनी सहायता के लिए अपने साथ ले जाएँ।

—भ्रमण के बीच में बच्चों के व्यवहार पर दृष्टि रखिए। वे हर काम सुव्यवस्थित ढंग से करें, सभी से शिष्टतापूर्वक बातचीत करें, सड़क के नियमों का पालन करें, किसी सार्वजनिक अथवा निजी सम्पत्ति को हानि न पहुँचाएँ, मिलजुल कर और बाँटकर खाएँ-पीएँ।

—यात्रा से वापस आने के बाद भी कुछ काम करना बहुत ज़रूरी है, अन्यथा आपकी यात्रा अधूरी रहेगी। अतः आप कक्षा में यात्रा के ऊपर खूब बातचीत करें। बच्चों के

अनुभवों और जानकारियों का सारांश श्यामपट पर लिखते जाएँ। पूरी कक्षा इस यात्रा का विवरण लिखे, चित्र बनाए, माडल तैयार करे, सूचियाँ आदि बनाए और अन्य सम्बन्धित क्रियाएँ करे।

—यदि आप किसी व्यक्ति विशेष को बातचीत के लिए कक्षा में बुलाएँ तो उनसे दिन, समय आदि पहले से ही निश्चित कर लीजिए। बातचीत के विषय और आगन्तुक के बारे में बच्चों को आवश्यक जानकारी कराना न भूलिए। वे अपने प्रश्न बारी-बारी से पूछें। आगन्तुक का स्वागत, धन्यवाद आदि भी बच्चे ही करें।

८. रेडियो, टेलीविजन कार्यक्रम और फ़िल्म दिखाने का आयोजन :

रेडियो, टेलीविजन और फिल्म शिक्षा के बहुत शक्तिशाली साधनों में से हैं। अधिक बच्चे अपने घर या पड़ोस में रेडियो कार्यक्रम सुनते हैं। दिल्ली के कुछ स्कूलों में रेडियो हैं और बहुत-से हायर सैकंडरी स्कूलों में टेलीविज़न-सेट भी हैं। सामाजिक अध्ययन से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम रेडियो, टेलीविजन पर प्रसारित होते हैं। जब भी मौका मिले आप इसका लाभ उठाएँ। स्वतन्त्रता-दिवस, बाल-दिवस, गणतन्त्र-दिवस आदि के अवसर पर तो आप बच्चों से विशेष रूप से रेडियो कार्यक्रम सुनने का अनुरोध कीजिए और अपनी बस्ती के हायर सैकंडरी स्कूल के प्रिंसीपल महोदय से मिलकर बच्चों को टेलीविजन कार्यक्रम दिखाइए।

किसी विशेष विषय से सम्बन्धित फिल्म देखना बच्चों के लिए बड़ा लाभकर होगा। इसके लिए आप राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के श्रव्य-दृश्य शिक्षा विभाग, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क स्थापित करें। वे आपके स्कूल में ही फिल्म दिखाने का प्रबन्ध करेंगे। यदि यह कार्यालय आपके स्कूल के निकट है तो आप बच्चों को वहाँ ले जाकर फिल्म दिखा सकते हैं। विदेशों से सम्बन्धित फिल्मों के लिए आप दूतावासों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

रेडियो, टेलीविजन कार्यक्रम सुनवाने अथवा फिल्म दिखाने से पहले आप बच्चों को विषय से सम्बन्धित कुछ आवश्यक बातें समझा दें। कार्यक्रम देखने के बाद आप बच्चों से इसके बारे में बातचीत अवश्य करें और प्रश्नों द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करें।

९. कहानी सुनाना :

कहानी सुनाना एक कला है। हर शिक्षक को यह कला आनी चाहिए। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे कहानी सुनना और सुनाना बहुत पसन्द करते हैं। अतः छोटे बच्चों के शिक्षकों के लिए कहानी सुनाने का प्रभावपूर्ण ढंग सीखना अनिवार्य है। इतिहास की कहानियों के अलावा प्रस्तुत पाठ्यपुस्तकों में कुछ अन्य पाठों को भी या तो कहानी में गूँथा गया है या पाठ्यवस्तु को कहीं-कहीं पर कहानी का रंग दिया गया है। इस का एकमात्र उद्देश्य यही है कि बच्चे कठिन विषय को कहानी के माध्यम से जल्दी समझ जाएँ और रुचि से पढ़ें।

कहानी सुनाने की कई विधियाँ हो सकती हैं। प्रश्नोत्तर द्वारा अथवा टुकड़ों में कहानी सुनाई जा सकती है। चित्रों के माध्यम से भी कहानी सुनाई जाती है। अच्छी कहानी सुनाने वाला सदा जानदार सरल भाषा में कहानी सुनाता है। वह आवश्यकतानुसार आवाज़ बदलकर, रुक-रुक कर, हाव-भाव के साथ

घटनाओं का वर्णन करता है। इससे सुनने वालों की रुचि बनी रहती है और वे उकताते नहीं। आप बच्चों को भी कक्षा में कहानी सुनाने के लिए उत्साहित करें। वे आपकी नकल करके ही कहानी सुनाना सीखेंगे। आप उन्हें हाव-भाव के साथ, हँसकर, रोकर, गाकर, नाचकर कहानी सुनाना सिखाएँ। कभी-कभी केवल हाव-भाव, अंगभंगी से कहानी कहें, कुछ न बोलें।

लम्बी कहानियों को एक ही बार में न पढ़ाकर कई दिनों तक टुकड़ों में पढ़ाएँ। कहानी पढ़ाते समय कोई उपदेश बच्चों को न दें। बच्चे निष्पक्ष भाव से कहानी पढ़ें और स्वयं इसके अच्छे-बुरे पहलुओं को समझें। कहानियों का अन्य पाठों या विषयों से समन्वय करना उचित होगा। कुछ कहानियों का अथवा इन पर आधारित कुछ घटनाओं का वार्तालाप या अभिनय भी बच्चे तैयार कर सकते हैं।

मूल्यांकन

पाठ्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए हम छात्रों के शिक्षण में नई-नई बिधियाँ, क्रियाएँ, उपकरण आदि काम में लाते हैं। किसी विषय के शिक्षण से बच्चों ने क्या सीखा, उनकी क्या उपलब्धियाँ हुईं, उनके आचरण में क्या परिवर्तन आए और शिक्षक अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में कहाँ तक सफल हुआ, इन सब बातों की जाँच करने का नाम मूल्यांकन है। मूल्यांकन का अर्थ केवल यह नहीं है कि हम अपने शिक्षण की सफलता या असफलता का पता लगा लें अथवा छात्रों की उपलब्धियों की जाँच के आधार पर उन्हें सफल या असफल कर दें। इसके विपरीत मूल्यांकन के परिणामों को शिक्षण में सुधार लाने का साधन बनाकर प्रयुक्त करना ही हमारा उद्देश्य है। वास्तव में मूल्यांकन शिक्षण का एक अभिन्न अंग है। यह एक ऐसी क्रिया है, जो शिक्षण के साथ-साथ चलती है। अपने दिन-प्रति-दिन के शिक्षण-कार्य के बीच आप अनुभव करेंगे कि विभिन्न स्थितियों के अनुसार कई शिक्षण-क्रियाओं को मूल्यांकन के लिए और कई मूल्यांकन-क्रियाओं को शिक्षण के लिए प्रयोग किया जा सकता है। कभी-कभी एक ही क्रिया शिक्षण और मूल्यांकन दोनों के उद्देश्यों को पूर्ण करने में सहायक होती है। उदाहरण के लिए सड़क पर चलने के नियम सिखाने के लिए आप बच्चों को चौराहे का खेल खिलाते हैं। इस क्रिया के द्वारा आप न केवल बच्चों को सड़क के नियम सिखाते हैं और इसका अभ्यास कराते हैं बल्कि इसी के द्वारा आप उनके सीखे हुए नियमों की जाँच भी कर सकते हैं।

आप हर रोज अपनी कक्षा में प्रश्न पूछते हैं, मासिक जाँच करते हैं, अर्ध-वार्षिक और वार्षिक परीक्षा लेते हैं। मूल्यांकन का यह ढंग सरल और स्पष्ट है। इसके द्वारा आप बच्चों के सीखे हुए कौशलों और याद किए हुए तथ्यों तथा जानकारियों की जाँच कर लेते हैं। लेकिन इतना ही काफी नहीं है। सीखे हुए ज्ञान के आधार पर बच्चों के आचरण में आने वाले परिवर्तनों की जाँच करना भी जरूरी है। यह मौखिक या लिखित परीक्षा द्वारा सम्भव नहीं है। इसके लिए आप बच्चों के व्यवहार का निरन्तर निरीक्षण कीजिए और उचित परिस्थितियाँ बनाकर तथा ठीक प्रशिक्षण देकर उनकी भावनाओं और वृत्तियों में सुधार लाने का यत्न कीजिए।

प्रत्येक छात्र के विषय में और उसकी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी के लिए आप अपने से निम्न प्रकार के प्रश्न पूछें :

—क्या वह आत्मनिर्भर है या प्रत्येक बात में दूसरों पर निर्भर रहता है ?

—क्या वह दूसरों के साथ तत्काल ही दोस्ती कर लेता है या एकान्त में रहना पसन्द करता है ?

—क्या वह दूसरों के साथ मिल-जुलकर काम कर सकता है या थोड़ी ही देर में लड़ने लगता है ?

—क्या वह अपनी बारी की प्रतीक्षा खुशी से करता है या लड़-झगड़ कर हमेशा सबसे पहले बारी लेना चाहता है ?

—क्या वह नियमों का पालन करता है ? यदि करता है, तो क्या केवल आपके सामने या हमेशा ही ?

—क्या वह अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाता है ? यदि निभाता है तो कैसे ? क्या उस समय वह प्रसन्न रहता है या उस काम को मुसीबत समझकर करता है ?

—क्या वह अपनी और दूसरों की चीजों का ध्यान रखता है ? क्या वह किसी काम या खेल में नेतृत्व करता है ? यदि करता है, तो औरों के साथ उसका कैसा बर्ताव रहता है ? क्या उसके साथी प्रसन्नतापूर्वक उसका कहना मानते हैं या उसकी धौंस से डरते हैं ?

—वह स्वभाव से ही भीरु तो नहीं ? क्या सबके सामने बोलने में उसे कोई झिझक होती है ? क्या ऐसी झिझक हमेशा होती है या किन्हीं विशेष अवसरों पर ? यदि विशेष अवसरों पर झिझक होती है, तो क्यों ?

—बड़ों के सामने उसका कैसा आचरण रहता है ? क्या वह उपयुक्त शिष्ट शब्दों का प्रयोग करता है या नहीं ? अपने छोटों से उसका बर्ताव कैसा है ?

—क्या वह काम करते समय अधीर हो जाता है या शान्त रहता है। उसने धैर्य रखना सीखा है या नहीं ?

—क्या वह प्रत्येक साथी से बराबरी का व्यवहार करता है ?

—क्या वह साथियों के अभिभावकों के पेशों का सम्मान करता है या नहीं ? दूसरों के प्रति उसमें कोई भेदभाव तो नहीं है।

पाठ्यपुस्तक के बारे में

गत पृष्ठों में बताया जा चुका है कि हमारे वर्तमान पाठ्यक्रम का मौलिक आधार है 'हमारा देश और उसकी एकता'। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कक्षा तीन तक बच्चों ने अपने पास-पड़ोस और दिल्ली क्षेत्र का अध्ययन किया है। वे जान गए हैं कि दिल्ली क्षेत्र भारत का एक अंग है। अब वे कक्षा ४ की प्रस्तुत पुस्तक में अपने देश भारत के विषय में विभिन्न बातें विस्तार से पढ़ेंगे। इस पुस्तक में सात खण्ड हैं। एक जैसी विषय-वस्तु के पाठ एक खण्ड के अन्तर्गत दिए गए हैं। सभी पाठों को सीधे-सादे और रोचक ढंग से लिखने का प्रयत्न किया गया है। उदाहरण के लिए किसी पाठ में बच्चों को सैरसपाटे पर ले जाने का नाटकीय ढंग अपनाया गया है, तो किसी पाठ को रोचक कहानी अथवा वार्तालाप के रूप में गूँथा गया है। सभी पाठों में काफी चित्र, मानचित्र आदि दिए गए हैं। सारी पुस्तक को बच्चों के लिए सरल, सुन्दर और रोचक बनाने का प्रयत्न किया गया है। कठिन शब्दों और धारणाओं की व्याख्या साथ-साथ कर दी गई है।

'सीख लो' के अन्तर्गत पुस्तक में प्रयुक्त कुछ भौगोलिक तथ्य चित्रों की सहायता से स्पष्ट किए गए हैं। साथ ही साथ मानचित्रों के अध्ययन की कुशलता सिखाने के लिए भी सम्बन्धित जानकारी चित्रों की सहायता से कराई गई है।

खंड १ में भारत की स्थिति, सीमाएँ, भूमि की बनावट, जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, उपज आदि का विस्तारपूर्वक ब्योरा दिया गया है।

खंड २ में देश के विभिन्न प्राकृतिक भागों में रहने वालों के रहन-सहन, रीति-रिवाज, भाषा, धर्म आदि के साथ-साथ वहाँ की मुख्य उपज, उद्योग और कुछ दर्शनीय स्थानों तथा प्राचीन स्मारकों का वर्णन है।

खंड ३ के पाठों में देश के रहने वालों के जीवन को सुखी और सम्पन्न बनाने वाली प्राकृतिक सम्पत्ति का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इसके साथ ही साथ इस सम्पत्ति के सदुपयोग और सुरक्षा की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया है।

खंड ४ के पाठों में देश को उन्नत बनाने के लिए योजनाओं के महत्व की चर्चा की गई है और बताया गया है कि किस प्रकार खेतों की उपज बढ़ाने और उद्योगों का उत्पादन बढ़ाने के लिये कार्य किया जा रहा है। इसी खण्ड में इस बात पर भी विचार किया गया है कि गाँवों को उन्नत बनाने से ही देश उन्नत होगा।

खंड ५ के पाठों में बताया गया है कि किस प्रकार आधुनिक और उन्नत यातायात के साधनों द्वारा देश के बड़े-बड़े नगरों और गाँवों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध बढ़ रहा है। साथ ही साथ इस बात की भी चर्चा की गई है कि किस प्रकार ये देश की उन्नति और सुरक्षा में सहायता देते हैं।

खंड ६ के पाठों में भारत के स्वतन्त्र होने, गणतन्त्र राज्य की स्थापना और जनता के अधिकारों और कर्तव्यों का परिचय दिया गया है। साथ ही साथ इस बात पर भी बल दिया गया है कि देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोगों के जीवन में अनेक भिन्नताएँ होते हुए भी सभी अपने को भारतवासी समझते हैं और देश को उन्नत बनाने तथा स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।

पुस्तक के अन्तिम खण्ड ७ में इतिहास की कुछ कहानियाँ हैं। इन रोचक कहानियों के पढ़ने से बच्चों को पुराने समय के लोगों के जीवन और रहन-सहन के बारे में जानकारी मिलेगी। कहानियों के साथ-साथ कुछ दर्शनीय स्थानों का वर्णन भी दिया गया है। इसे पढ़कर बच्चों को अपनी प्राचीन कला की जानकारी होने के साथ अपने अतीत के प्रति गौरव अनुभव होगा।

प्रत्येक पाठ के अन्त में 'अब बताओ' और 'कुछ करने को' के शीर्षकों से कुछ प्रश्न और क्रियाएँ दी गई हैं। आपको यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि इनका उद्देश्य केवल छात्रों का मूल्यांकन करने तक सीमित नहीं है। इन सभी क्रियाओं और प्रश्नों का सीधा सम्बन्ध पाठ्यसामग्री से है। अपने छात्रों को पढ़ाते समय आपको अवश्य ही अनुभव होगा कि पाठों के अन्त में दिए गए ये अभ्यास न केवल आपके निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में सहायक होंगे, बल्कि छात्रों के अध्ययन-क्षेत्र को और अधिक विस्तृत करेंगे।

कक्षा में पुस्तक का प्रथम परिचय

पिछले वर्ष बच्चों को सामाजिक अध्ययन की प्रथम पुस्तक मिली थी। इस वर्ष उन्हें इस विषय की नई पुस्तक मिलेगी। इस नई पुस्तक का सामान्य परिचय आप बच्चों को अवश्य दें। इसके परिणाम-स्वरूप बच्चों में पुस्तक के प्रति उत्सुकता और अभिरुचि उत्पन्न होगी। बच्चों को पुस्तक का परिचय कराने के लिए आप नीचे लिखे विषयों पर चर्चा करें :

—मुख पृष्ठ के चित्र पर

—पुस्तक में दिए गए चित्रों और मानचित्रों पर

—विषय-सूची पर

बातचीत करने के साथ-साथ आप बच्चों से प्रश्न करें, जिससे पुस्तक के प्रति उनके विचारों का पता चल सके।

दर्शिका के बारे में

शिक्षण-कार्य को सफल बनाने और सुचारु रूप से चलाने के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षक अपने विषय और इसके उद्देश्यों से भलीभाँति परिचित हो। इतना ही नहीं उसे अपने छात्रों की मानसिक व शारीरिक बनावट और विकास, उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि, मुख्य विशेषताओं और रुचियों आदि का ज्ञान भी होना चाहिए। निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के अनेक साधनों, शिक्षण की विभिन्न पद्धतियों और मूल्यांकन के नए-नए तरीकों को जाने और सीखे बिना तो किसी भी शिक्षक का काम नहीं चल सकता। इन सभी बातों का विस्तृत विवरण गत पृष्ठों में दिया जा चुका है।

शिक्षक संस्करण का दर्शिका भाग विशेष रूप से केवल शिक्षकों के लिए ही लिखा गया है। इसमें प्रस्तुत पुस्तक के शिक्षण से सम्बन्धित उपयुक्त सभी बातों पर विस्तार से विचार किया गया है। आशा है कि इस दर्शिका से शिक्षकों का उचित मार्ग-दर्शन होगा और उनको अपने दिन-प्रति-दिन के शिक्षण-कार्य में अवश्य ही सहायता मिलेगी। पाठ्यपुस्तक के विभिन्न खंडों और पाठों को निम्नलिखित मुख्य शीर्षकों के अन्तर्गत विभक्त करके आवश्यक सुझाव दिए गए है :

(क) खण्ड के लिए

१. पृष्ठभूमि और उद्देश्य :

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्रत्येक खण्ड के सभी पाठों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है। साथ ही साथ पिछली कक्षा या पिछले खण्डों पर आधारित बच्चों के पूर्व ज्ञान की पृष्ठभूमि की ओर संकेत किया गया है और यह भी बताया गया है कि पूरे खण्ड को पढ़कर बच्चों को क्या जान लेना चाहिए, उन्हें क्या कुशलताएँ सीख लेनी चाहिएँ और उनमें किन-किन आदतों और भावों की नींव पड़ जानी चाहिए। यहाँ यह कहना बहुत आवश्यक है कि ये सभी उद्देश्य (धारणाएँ, कुशलताएँ और भाव) बच्चों को रटाने के लिए नहीं हैं। दर्शिका में दिए गए इस प्रकार के सभी उद्देश्य केवल आपके शिक्षण-कार्य को सफल बनाने के लिए हैं।

२. पढ़ाने के लिए सामान्य सुझाव :

इस शीर्षक के अधीन प्रत्येक खण्ड को आरम्भ करने के लिए कुछ सम्भव सुझाव दिए गए हैं। यह

सुझाव केवल सुझाव मात्र हैं। अपनी आवश्यकताओं और साधनों के अनुसार आप इनमें अवश्य ही अदल बदल करेंगे। इन सुझावों में अधिकतर ऐसी क्रियाएँ बताई गई हैं, जो पूरे खण्ड को पढ़ाते हुए चालू रहेंगी। आप स्वयं भी कुछ ऐसी अन्य क्रियाएँ सोचें।

(ख) पाठ के लिए

१. पृष्ठभूमि और उद्देश्य :

इस शीर्षक के अन्तर्गत प्रत्येक पाठ से सम्बन्धित बच्चों की पृष्ठभूमि की ओर संकेत किया गया है और पाठ के कुछ मुख्य और विशेष उद्देश्य गिनाए गए हैं। आप याद रखें कि यह उद्देश्य केवल आपके लिए है, बच्चों के लिए नहीं। अतः आप इन्हें बच्चों से बिल्कुल याद न कराएँ। उदाहरण के लिए एक पाठ में दिया गया यह उद्देश्य "कर्तव्य का पालन उतना ही आवश्यक है जितना कि अधिकारों का प्रयोग" बच्चों के याद करने के लिए नहीं है। इसके विपरीत ये पाठ पढ़ाते समय आपका ध्यान आकर्षित करने और पाठ पढ़ाने के पश्चात् यह देखने में सहायता दें कि उद्देश्य पूरा हुआ या नहीं।

२. पढ़ाने के लिये कुछ सामान्य सुझाव :

यहाँ पर पूरे पाठ को पढ़ाने के लिए विस्तृत रूप से सुझाव नहीं दिए गए हैं। केवल उन बातों पर अधिक बल दिया है जो बहुत आवश्यक हैं या बहुत लाभकर। कोई भी सुझाव अनिवार्य नहीं है। ये सभी सांकेतिक हैं। आप इनमें आवश्यकतानुसार फेर-बदल कर सकते हैं अथवा इनमें से चुन सकते हैं। इन सुझावों में कहीं-कहीं क्रियाएँ भी बताई गई हैं, इनसे अवश्य लाभ उठाएँ। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी कक्षा के अधिक से अधिक बच्चे क्रियाओं में भाग लें। आपके शिक्षण की सफलता इसी पर निर्भर होगी।

पाठ्यपुस्तक में बहुत से चित्र, मानचित्र आदि हैं। पढ़ाने के सुझावों में इनका प्रयोग करना भी बताया गया है।

३. अन्य संभव क्रियाएँ :

इस शीर्षक के अन्तर्गत हर पाठ में कुछ रोचक क्रियाएँ बताई गई हैं जिन्हें बच्चे व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कर सकते हैं। इनमें से कुछ क्रियाएँ प्रखर बुद्धि छात्रों के लिए उपयुक्त होंगी, तो कुछ मन्द बुद्धि छात्रों के लिए। कुछ क्रियाएँ कक्षा के बच्चे दल बनाकर करेंगे और कुछ को पूरी कक्षा मिलकर करेगी। पाठ्यपुस्तक में भी 'कुछ करने को' के अन्तर्गत ऐसी ही क्रियाएँ लिखी गई हैं। आप इनमें से कुछ क्रियाएँ कर सकते हैं।

४. मूल्यांकन :

इस सम्बन्ध में पिछले पृष्ठों में अलग से विचार किया जा चुका है। यहाँ पर कुछ ऐसी क्रियाएँ, सुझाव और सहायक प्रश्न दिए गए हैं जिनकी सहायता से आप बच्चों की जाँच कर सकेंगे और उनके बनते-बदलते-सुधरते भावों, आदतों, कुशलताओं, जानकारियों को परख सकेंगे, उन पर निगाह रखकर उचित परिवर्तन ला सकेंगे। यह सदैव याद रखिए कि मूल्यांकन शिक्षा का अभिन्न अंग है। यह एक निरन्तर क्रिया है। आपका काम बच्चों का मूल्यांकन करके उन्हें फेल या पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक उद्देश्य तो यह है कि आप मूल्यांकन को शिक्षण में सुधार लाने का साधन बनाकर प्रयोग करें।

शिक्षण के विस्तृत सुझाव

सीख लो

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पुस्तक में कुछ भौगोलिक पारिभाषिक शब्दों और मानचित्रों का प्रयोग किया गया है। इन शब्दों के अर्थ समझना तथा मानचित्रों को पढ़ने और समझने की कला को सीखना बच्चों के लिए आवश्यक है। इस जानकारी के बिना पाठों का अध्ययन बच्चों के लिए अर्थपूर्ण नहीं होगा। इसलिए 'सीख लो' के अन्तर्गत भौगोलिक तथ्यों का अर्थ स्पष्ट किया गया है और मानचित्र-अध्ययन के लिए कुछ संकेत दिए गए हैं। 'सीख लो' के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. मानचित्र-अध्ययन से सम्बन्धित ज्ञान और कुशलताएँ प्राप्त करेंगे, जैसे मानचित्र में दिशाओं का ज्ञान, विभिन्न प्रकार की सीमा-रेखाओं की पहचान और मानचित्र में दो स्थानों के बीच की सीधी दूरी नापना।

२. निम्नलिखित भौगोलिक पारिभाषिक शब्दों के अर्थ समझ जाएँगे :—
समुद्र, समुद्रतट, बन्दरगाह, खाड़ी, प्रायःद्वीप, अन्तरीप, द्वीप, समुद्र तल से ऊँचाई, मैदान, पठार, पहाड़, पहाड़ियाँ, पर्वत चोटी, पर्वतमाला, घाटी, दर्रा, हिम-नदी, सहायक नदी, झील, झरना।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

पाठों के अध्ययन को रुचिपूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने के लिए आप 'सीख लो' पाठों से पहले पढ़ाएँ। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि फिर इसका प्रयोग नहीं किया जाए। पुस्तक में जब भी इन शब्दों का उल्लेख आए तो आप बच्चों का ध्यान एक बार फिर 'सीख लो' में दिए गए चित्र और परिभाषा की ओर आकर्षित करें। 'सीख लो' पढ़ाते समय आप इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि बच्चे परिभाषा केवल रट न लें।

सभी भौगोलिक पारिभाषिक शब्द चित्रों की सहायता से स्पष्ट किए गए हैं और उनका सम्बन्ध भारत की प्राकृतिक स्थिति से भी बताया गया है। अतः आप पढ़ाते समय इन भौगोलिक पारिभाषिक शब्दों को भारत देश की प्राकृतिक जानकारी में गूँथ दें।

आप बच्चों का ध्यान पुस्तक में पृष्ठ ८ पर दिए भारत के मानचित्र पर आकर्षित कर और निम्न-प्रकार के प्रश्नों पर बातचीत करके अन्तर्राष्ट्रीय सीमा, राज्य सीमा, समुद्र तट और तट रेखा की जानकारी कराएँ :

—भारत के उत्तर-पश्चिम में कौन-सा देश है ?

—हमारे देश और पाकिस्तान के बीच की सीमा को क्या कहते हैं और यह सीमा मानचित्र में किस प्रकार दिखाई गई है ?

—हमारे देश के दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व में क्या है ?

—जहाँ समुद्र और भूमि मिलते हैं, उसे क्या कहते हैं ?

—तट रेखा मानचित्र में किस प्रकार दिखाई गई है ?

—अन्तर्राष्ट्रीय और राज्य-सीमा में क्या अन्तर है ?

बच्चे फुटरूल की सहायता से सीधी रेखाएँ खींचना और नापना जानते हैं। उनकी इस जानकारी के आधार पर आप पुस्तक में दिए गए चित्र नं० १ और २ द्वारा मानचित्र में विभिन्न स्थानों की सीधी दूरी नापना सिखाएँ और बच्चों से कहें कि वे दिल्ली से बम्बई, कलकत्ता आदि की सीधी दूरी नापें।

पुस्तक में दिए चित्र नं० ६ की सहायता से बातचीत करें और उन्हें समुद्र तल से ऊँचाई, मैदान, पठार तथा पर्वत की जानकारी कराएँ।

पुस्तक में दिए चित्र नं० ५ पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करें और बातचीत द्वारा प्राय: द्वीप, खाड़ी, अन्तरीप आदि स्पष्ट करें और बच्चों से कहें कि वे इन्हें भारत के मानचित्र में पहचानें। इसी चित्र की सहायता से आप बच्चों को नदी, सहायक नदी और संगम की जानकारी कराएँ।

पुस्तक में दिए चित्र नं० ३-४ के आधार पर बातचीत द्वारा बच्चों को घाटी, हिम-नदी और दर्रे की जानकारी कराएँ। यदि सम्भव हो तो आप बच्चों से दर्रे का भूमि पर माडल बनवाएँ।

खण्ड १

भारत भूमि

पृष्ठभूमि और प्रमुख उद्देश्य

बच्चे तीसरी कक्षा में दिल्ली क्षेत्र की अच्छी जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। वे यह भी जानते हैं कि दिल्ली क्षेत्र भारत का एक अंग है। इस कक्षा में वे हमारे विशाल देश भारत की साधारण जानकारी विधिवत् प्राप्त करेंगे। इस प्रथम खण्ड से क्रमबद्ध जानकारी की शुरुआत होती है। इस खण्ड में बच्चे भारत की स्थिति और अपने पड़ोसी देशों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस खण्ड के पाठों में वे देश के विभिन्न भागों की प्राकृतिक बनावट, जलवायु आदि का अध्ययन करेंगे। वे यह भी जान लेंगे कि इस सब का देश के विभिन्न भागों में रहने वालों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस खण्ड के अध्ययन से बच्चे

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हमारा देश भारत एक विशाल देश है।

२. देश के विभिन्न भागों में भूमि की बनावट, जलवायु और उपज अलग-अलग हैं।

३. देश के विभिन्न भागों में रहने वालों के जीवन पर भौगोलिक परिस्थितियों का प्रभाव पड़ता है।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. भारत के मानचित्र को पहचानना।

२. मानचित्र में भारत के पड़ोसी देशों को पहचानना।

३. भारत के मानचित्र में विभिन्न प्राकृतिक भागों के विस्तार को पहचानना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. प्राकृतिक सुन्दरता के प्रति प्रेम।

२. देश की विविधता के प्रति सम्मान।

इस खण्ड को पढ़ाने के लिए कुछ सामान्य सुझाव

१. पुस्तक का परिचय देने के बाद आप बच्चों को भारत के प्राकृतिक मानचित्र की सहायता से इस खण्ड के पाठों की रूप-रेखा उपस्थित करें और वे मानचित्र में पाँचों भागों के विस्तार और स्थिति को अच्छी तरह पहचान लें।

प्रत्येक पाठ को पढ़ाते समय पाठ के साथ दिए मानचित्र का प्रयोग करें। पाठों में दिए मानचित्रों का प्रयोग करते समय इस बात का ध्यान रहे कि बच्चे प्रत्येक भाग की स्थिति भारत के प्राकृतिक मानचित्र में बता सकें।

पाठ पढ़ाने से पहले 'सीख लो' में दिए गए चित्रों और परिभाषाओं की सहायता से पर्वत श्रेणी, मैदान, पठार, पर्वत चोटी, घाटी, दर्रा, नदी, जल-प्रपात का अर्थ स्पष्ट कर दें।

२. आप इस खण्ड को पढ़ाने के साथ-साथ बच्चों से भूमि की बनावट के आधार पर भारत के प्राकृतिक खण्डों का मानचित्र ज़मीन पर बनवाएँ।

३. अपनी कक्षा में सामाजिक विषय की प्रदर्शनी के लिए निम्नलिखित चित्र इकट्ठे कराइए :

१. हिमालय में स्थित ऊँची पर्वत चोटियाँ।

२. शिमला, अल्मोड़ा, मसूरी, नैनीताल और दार्जिलिंग जैसे पहाड़ी स्थान, मकान और वेशभूषा।

३. सीढ़ीनुमा खेत।

४. मेजर कोहली की माउंट एवरेस्ट-यात्रा।

५. हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ जैसे तीर्थस्थान।

६. मरुद्यान, ऊँटों के काफ़िले।

७. आधुनिक और पाल के जहाज़।

८. अनूप।

९. प्रकाश-स्तम्भ।

१०. बन्दरगाह।

११. हिमालय, उत्तर के उपजाऊ मैदान, पठारी प्रदेश तथा समुद्र तटीय मैदान में रहने वाले लोगों के जीवन से सम्बन्धित चित्र।

पाठ १

हिमालय पर्वतमाला

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

इस खण्ड का परिचय देते समय बच्चों को भारत का प्राकृतिक मानचित्र दिखाया जा चुका है। वे जानते हैं कि भारत के उत्तरी भाग में हिमालय पर्वतमाला है। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें हिमालय पर्वतमाला की स्थिति, जलवायु और उपज के विषय में जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. संसार प्रसिद्ध कई पर्वत चोटियाँ हिमालय पर्वतमाला में हैं।

२. उत्तर भारत की बड़ी नदियों का उद्गम स्थान हिमालय पर्वतमाला में है।

३. हिमालय पर्वतमाला का देश की जलवायु पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

४. हिमालय पर्वतमाला के भागों में पाए जाने वाले वनों से कई प्रकार की लाभकारी चीज़ें मिलती हैं।

५. इस पर्वतमाला के भाग में रहने वालों के रहन-सहन पर यहाँ की भूमि और जलवायु का गहरा प्रभाव पड़ता है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

हिमालय पर्वतमाला की स्थिति और विस्तार का परिचय कराने के लिए आप भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र का प्रयोग करें। यदि ऐसा मानचित्र न हो तो पुस्तक में दिए गए मानचित्रों का प्रयोग करें।

हिमालय पर्वतमाला का विस्तार पढ़ाने के लिए आप बच्चों से निम्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर मानचित्र की सहायता से निकलवाएँ :

१. हिमालय पर्वतमाला भारत के किन-किन राज्यों में फैली हुई है ?

२. हिमालय पर्वतमाला भारत के अतिरिक्त कौन-कौन से देशों में फैली है ?

शिवालिक, लघु हिमालय और महा हिमालय श्रेणियों का ज्ञान कराने के लिए पाठ में दिए गए हिमालय पर्वतमाला के रेखा मानचित्र का प्रयोग करें।

महा हिमालय पर्वतमाला का ज्ञान कराते समय आप बच्चों का ध्यान पुस्तक में दिए माउंट एवरेस्ट चित्र की ओर आकर्षित करें और वार्तालाप द्वारा निम्नलिखित जानकारी कराएँ :

—यह भाग पूरे साल बर्फ से ढका रहता है।

—इस पर्वतमाला में अनेक हिम-नदियाँ हैं जिनसे भारत की कई बड़ी नदियाँ निकली हैं।

—इस बर्फ के भाग में ऊँची चोटियों पर विजय प्राप्त करने की इच्छा से आने वाली टोलियाँ खेमे डाल कर कुछ समय तक रहती हैं।

मानचित्र की सहायता से आप बताएँ कि महा हिमालय पर्वतमाला के दक्षिण में स्थित पर्वत-श्रेणियों में जंगल पाए जाते हैं और इनकी ही घाटियों में अधिकतर लोग रहते हैं। अधिकतर लोग घाटियों में क्यों रहते हैं ? इस प्रश्न पर आप बच्चों से बातचीत करें और कारण स्पष्ट करें।

बच्चे दिल्ली में रहते हैं। उनके जीवन से तुलना करते हुए यह समझाएँ कि पहाड़ी भागों में रहने वाले लोगों का जीवन किस प्रकार भिन्न है। उन्हें कठिन परिश्रम क्यों करना पड़ता है ?

पुस्तक में दिए गए सीढ़ीदार खेत के चित्र की सहायता से बच्चों को बताएँ कि यहाँ सीढ़ीदार खेत क्यों बनाए जाते हैं। यह खेत छोटे क्यों हैं ? क्या दिल्ली क्षेत्र जैसे खेत यहाँ बनाए जा सकते हैं ? यदि बनाए जाएँ तो क्या हानि होगी ? दर्रे के बारे में पढ़ाते समय 'सीख लो' में दिए गए चित्र का प्रयोग करें और स्पष्ट करें कि इन पर सँभल कर क्यों चलना पड़ता है। पहाड़ी रास्तों पर सामान ले जाते हुए व्यक्तियों के चित्र पर इस प्रकार के प्रश्न करें :

—ये लोग बोझा अपने सिर अथवा हाथ में न लेकर पीठ पर लाद कर क्यों ढोते हैं ?

—ये लोग झुककर क्यों चलते हैं ?

पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ १७ पर हिमालय कहता है—"मैं दक्षिण में समुद्र से उठने वाले भाप भरे बादलों को रोकता हूँ, जिससे उत्तर भारत में वर्षा होती है।" यदि बच्चे सामान्य विज्ञान में बादल और वर्षा के बारे में नहीं पढ़ चुके हैं तो यहाँ पहले यह समझाना आवश्यक होगा।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे तेनसिंह और हिलेरी अथवा मेजर कोहली के हिमालय के अनुभव पढ़ें और कक्षा में सुनाएँ।

२. इस खण्ड की भूमिका में भारत का प्राकृतिक मानचित्र भूमि पर बनाने का सुझाव दिया गया है। बच्चे पाठ पढ़ने के साथ-साथ उस मानचित्र में हिमालय पर्वतमाला की पर्वत-श्रेणियाँ, ऊँची-ऊँची चोटियाँ, दर्रा, जल-प्रपात, तराई आदि दिखाएँ।

मूल्यांकन

प्रश्न—१ को कराते समय भारत के प्राकृतिक मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें।

प्रश्न—५ को कराने के लिए आप श्यामपट पर भारत का रेखा मानचित्र बनाएँ और उस पर हिमालय पर्वतमाला की स्थिति बदल कर दिखाएँ। फिर आप बातचीत और प्रश्नों की सहायता से बच्चों से पूछें कि हिमालय की बदली हुई स्थिति का भारत पर क्या प्रभाव होगा।

पाठ २

उत्तर का उपजाऊ मैदान

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चे दिल्ली क्षेत्र के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि दिल्ली क्षेत्र उत्तर के उपजाऊ मैदान का ही भाग है। देश के इस भाग में भूमि की बनावट, जलवायु, पैदावार और लोगों का रहन-सहन हिमालय पर्वतमाला के भाग से हर प्रकार भिन्न है। इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को देश के इस सबसे बड़े उपजाऊ मैदान की जानकारी कराना है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. उत्तर का उपजाऊ मैदान हिमालय पर्वतमाला से निकलने वाली नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी के जमाव से बना है।

२. इस मैदान की समतल भूमि के कारण ही इस भाग में देश के अन्य भागों की अपेक्षा यातायात की अधिक सुविधाएँ हैं।

३. जलवायु और वर्षा की भिन्नता के कारण यहाँ की पैदावार में बहुत भिन्नता है।

४. देश की कुल जनसंख्या का लगभग आधा भाग इस क्षेत्र में रहता है।

५. यहाँ की नदियों के किनारे हमारे अनेक तीर्थस्थान और औद्योगिक तथा व्यापारिक नगर स्थित हैं।

६. हमारी संस्कृति के विकास में इस क्षेत्र ने बहुत योग दिया है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस पाठ को पढ़ाने से पहले आप पुस्तक में दिए गए इस मैदान के मानचित्र का भारत के प्राकृतिक मानचित्र के साथ सम्बन्ध बताकर इस मैदान की स्थिति को स्पष्ट करें।

पुस्तक में दिए गए मानचित्र में सतलुज, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियाँ दिखाकर मैदान के तीन भागों का परिचय कराएँ।

बच्चों को गंगा की कहानी रुचिकर लगेगी। आप बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहें और इसकी पहाड़ी यात्रा का वर्णन पढ़ने के साथ-साथ पुस्तक में दिए चित्रों का प्रयोग करें। वे देखें किस प्रकार पहाड़ी भाग में स्थान-स्थान पर नदी-नाले इसमें मिलते जाते हैं। मैदानी भाग में मिलने वाली सहायक नदियों को मानचित्र में दिखाएँ। कुछ बच्चे शायद हरिद्वार गए हों, आप उन्हें आँखों देखे अनुभव के आधार पर पुस्तक में दिए गए चित्रों में दिखाई गई चीज़ों का हाल सुनाने को कहें।

पुस्तक में दिए गए नगरों को मानचित्र में दिखाएँ। बच्चों को बातचीत द्वारा हरिद्वार, मथुरा आदि तीर्थ स्थानों का महत्त्व बताएँ।

इस पाठ में यह बताना आवश्यक है कि इस मैदान की भूमि उपजाऊ है। इसे समझाने के लिए भारत के प्राकृतिक मानचित्र पर बच्चों का ध्यान आकर्षित कर आप निम्न प्रकार के प्रश्न करें :

१. उत्तर भारत की नदियों के नाम बताओ।

२. बाढ़ के समय नदी की क्या दशा होती है ?

३. बाढ़ का लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

बच्चे ऐसे प्रश्नों के उत्तर अवश्य देंगे, परन्तु प्रश्न ३ के सम्बन्ध में वे शायद हानियाँ ही बताएँ। आप यहाँ पर ही नदियों द्वारा मैदान बनाने और उसकी उपजाऊ शक्ति पर प्रभाव डालने के विषय में बता सकते हैं।

इस मैदान में जलवायु और वर्षा एक जैसी नहीं है। विभिन्न भागों की मुख्य उपज बताकर वहाँ की जलवायु और वर्षा से इसका सम्बन्ध स्पष्ट करें।

इस पाठ में डेल्टा (नदी का मुहाना) शब्द प्रयोग में आया है। इसे समझाने के लिए आप बच्चों से डेल्टे का माडल बनवाएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चों को आप यमुना नदी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देकर पुस्तक में दी गई गंगा की कहानी की भाँति कहानी लिखने को कहें।

२. इस मैदान में स्थित तीर्थ स्थानों और औद्योगिक नगरों की सूची बनाएँ। औद्योगिक नगरों की सूची बनाने के लिए पुस्तक के पृष्ठ १७० पर दी गई प्रमुख औद्योगिक नगरों की सूची का उपयोग करें।

३. खण्ड के प्रारम्भ में भूमि पर भारत का प्राकृतिक मानचित्र शुरू किया गया था, उस मानचित्र में बच्चे उत्तर का उपजाऊ मैदान दिखाएँ।

मूल्यांकन

प्रश्न १ को कराते समय भारत के प्राकृतिक मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें और नदियों की सहायता से तीन भागों के नाम मालूम करें।

प्रश्न ४ का उत्तर निकलवाने के लिए आप नीचे दिए गए कुछ कारण श्यामपट पर लिखकर बच्चों से कहें कि वे सही कारणों पर (√) निशान लगाएँ :

—यहाँ की भूमि खेती के लिए अच्छी है।
—यहाँ पर रेल और सड़क मार्ग बहुत हैं।
—इस भाग में बहुत से तीर्थ स्थान हैं।
—यहाँ की भूमि समतल है।
—यहाँ शिक्षा के बहुत से केन्द्र हैं।

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त आप निम्नलिखित प्रश्न भी करें :

१. यहाँ चीनी उद्योग मुख्य क्यों है ?

२. इस मैदान में बहने वाली नदियों से इसको उपजाऊ बनाने में किस प्रकार सहायता मिलती है ?

पाठ ३

भारत का मरुस्थल

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे जानते हैं कि भूमि सब जगह एक-सी नहीं है। वे हिमालय पर्वतमाला और उत्तर के उपजाऊ मैदान के विषय में पढ़ चुके हैं। इस पाठ में बच्चों को भारत के मरुस्थली प्रदेश की जानकारी कराई गई है। वे यह भी जान लेंगे कि मैदान होते हुए भी इस मरुस्थली भाग में रहने वालों का जीवन उत्तर के उपजाऊ मैदान जैसा नहीं है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. मरुस्थली प्रदेश में दूर-दूर तक रेत ही रेत है और कहीं-कहीं रेत के ऊँचे टीले हैं।

२. इस क्षेत्र में दिन के समय बहुत गरमी और रात को ठण्ड पड़ती है।

३. इस क्षेत्र में पानी की अत्यन्त कमी के कारण उपज बहुत कम है।

४. रेतीला होने के कारण इस क्षेत्र में सड़कों और रेलों की कमी है।

५. मरुस्थली होने के कारण इस क्षेत्र की जनसंख्या कम है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

भारत के मरुस्थल की स्थिति समझाने के लिए दीवार पर लटकाने वाले भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें।

इस क्षेत्र में पानी की कमी बताने के लिए आप बच्चों से पुस्तक में दिए गए भारत के मरुस्थल के मानचित्र की तुलना उत्तर के उपजाऊ मैदान के मानचित्र से कराएँ। दोनों मानचित्रों में अन्तर मालूम करने के लिए आप इस प्रकार प्रश्न करें कि बच्चे भारत के मरुस्थल में नदियों का अभाव बता सकें। इस भाग में वर्षा भी कम होती है। आप यहाँ पर पानी की कमी और उपज का सम्बन्ध भी बता सकते हैं।

पुस्तक में दिए मरुद्यान का वर्णन आप चित्र की सहायता से स्पष्ट करें।

इस क्षेत्र में यातायात की कमी को समझाने के लिए आप भारत के यातायात मानचित्र का प्रयोग करें और सड़कें तथा रेल मार्ग बनाने में आने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में बातचीत करें।

पुस्तक में दिए गाड़िया लुहार के चित्र पर बातचीत और प्रश्नों द्वारा बच्चों को निम्न प्रकार की जानकारी कराएँ :

—मकान बनाकर यह लोग सदैव एक स्थान पर नहीं रहते हैं।

—ये अपना सारा सामान गाड़ियों में लादकर स्थान-स्थान पर घूमते फिरते हैं।

—ये लोग लोहे का काम करके अपनी आजीविका कमाते हैं।

मानचित्र में गंगानगर की स्थिति दिखाएँ और सूरतगढ़ फार्म के बारे में बातचीत करें और उन्हें बताएँ कि सरकार ने यह फार्म बहुत बड़े पैमाने पर बनाया है। यहाँ पर मशीनों से खेती होती है और खेती के सुधार के लिए परीक्षण किए जाते हैं।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. भूमि पर बनाए जानेवाले भारत के प्राकृतिक मानचित्र में मरुस्थली प्रदेश दिखाएँ।

२. बच्चों से कहें कि वे नगर अथवा गाँव के समीप आए गाड़िया लुहार के परिवार से मिलकर उनके भोजन, वेशभूषा, दिनचर्या, घर के सामान आदि के विषय में जानकारी प्राप्त करें।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्न प्रश्न करें :

१. मरुस्थली प्रदेश में रहने वाले लोगों को कठिन परिश्रम क्यों करना पड़ता है ?

२. ऊँट को मरुस्थल का जहाज़ क्यों कहते हैं ?

पाठ ४

पठारी प्रदेश

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे देश के तीन प्राकृतिक भागों—हिमालय पर्वतमाला, मैदान और मरुस्थली प्रदेश के विषय में जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को पठारी प्रदेश की जानकारी कराना है, जहाँ न तो हिमालय जैसे ऊँचे पर्वत हैं, न उत्तर के उपजाऊ मैदान जैसी समतल भूमि और न मरुस्थल जैसा सूखा और शुष्क मैदान है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. पठारी प्रदेश की भूमि अधिकतर पथरीली और ऊँची-नीची है।

२. इस भाग में पाए जाने वाले मैदान, नदियों ने पहाड़ों की कोमल चट्टानों को घिस कर और काट कर बनाए हैं।

३. इस भाग की नदियों का बहाव अधिकतर तेज़ है।

४. इस भाग में ही अधिकतर खनिज पदार्थ पाए जाते हैं।

५. इस भाग में आने-जाने की सुविधाएँ कम हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्रों में पठारी प्रदेश की स्थिति स्पष्ट करें। इस पाठ को पढ़ाने के लिए पाठ के शुरू में दिए गए मानचित्र का प्रयोग करें। पुस्तक में बताए गए पठारी प्रदेश के विभिन्न भागों की जानकारी पहाड़ियों और नदियों की सहायता से कराएँ। पुस्तक में दिए खड्ड के चित्र पर बच्चों को बातचीत द्वारा समझाएँ कि ये खड्ड किस प्रकार बने हैं।

पठारी प्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग के विषय में पढ़ाते समय छत्तीसगढ़ मैदान की तुलना उत्तर के उपजाऊ मैदान से कराएँ और दोनों में भिन्नता स्पष्ट करें। पुस्तक के पृष्ठ ६० पर दिए गए खनिज मानचित्र पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करें। वे देखें कि पठार के इस भाग में कौन-कौन से खनिज पदार्थ पाए जाते हैं।

पठार के मध्य भाग में काली मिट्टी लावा का उल्लेख किया गया है। यदि सम्भव हो तो ज्वालामुखी और लावा के चित्र एकत्र करके बच्चों को दिखाएँ। वार्तालाप द्वारा यह स्पष्ट करें कि वर्षा, पानी, धूप, हवा आदि ने किस प्रकार लावा को फैलाने और इस भाग में काली मिट्टी बनाने में सहायता दी। कृषि-अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से बच्चों को लावा से बनी काली मिट्टी के नमूने दिखलाइए। इस मिट्टी की तुलना दिल्ली में पाई जाने वाली मिट्टी से करें।

मानचित्र की सहायता से पश्चिमी और पूर्वी घाट की स्थिति और अर्थ स्पष्ट करें और दोनों में अन्तर बताएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. भूमि पर बनाए जाने वाले भारत के प्राकृतिक मानचित्र में पठारी प्रदेश बनाएँ और उसमें पुस्तक में दिए गए पठारी क्षेत्र के चार भाग दिखाएँ। ध्यान रहे कि बच्चे पठार का अर्थ तथा हिमालय पर्वतमाला, मैदान और पठारी क्षेत्र का अन्तर समझ जाएँ।

२. पठारी क्षेत्र के वनों से मिलने वाली लाभकारी चीजों की सूची बनाएँ और उनके नमूने इकट्ठे करें।

मूल्यांकन

प्रश्न—१ को कराने के लिए भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें।

प्रश्न—४ को करते समय बच्चे यह अवश्य जान लें कि पठारी क्षेत्र के मैदान गंगा के मैदान की भाँति नदी द्वारा लाई गई मिटटी के जमाव से नहीं बने हैं, बल्कि नदियों द्वारा चट्टानों को घिसकर बनाए गए हैं।

प्रश्न—५ को कराते समय आप बच्चों को आने-जाने की सुविधाएँ कम होने का भी ज्ञान कराएँ। मानचित्र की सहायता से आप बच्चों से आने-जाने की सुविधाओं के विकास के रास्ते में आने वाली कठिनाइयों के विषय में चर्चा करें।

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के साथ-साथ आप निम्न प्रश्न भी पूछें :

१. लोहा और इस्पात तथा इससे सम्बन्धित कारखाने अधिकतर पठार के पूर्वी भाग में क्यों पाए जाते हैं ?

२. पठारी क्षेत्र की नदियों का बहाव तेज़ क्यों है ?

पाठ ५

समुद्र तटीय मैदान

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे उत्तर के उपजाऊ मैदान के विषय में पढ़ चुके हैं। इस पाठ में वे समुद्रतटीय मैदान के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस मैदान की बनावट, जलवायु उत्तर के मैदान से बहुत भिन्न है। इतना ही नहीं, यहाँ के रहने वाले लोगों का जीवन भी भिन्न है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. पश्चिमी और पूर्वी तटीय मैदान पश्चिम और पूर्व में समुद्र तट के साथ-साथ फैले हुए हैं।

२. पश्चिमी तटीय मैदान पूर्वी तटीय मैदान की अपेक्षा अधिक हरा-भरा है।

३. समुद्र तटीय मैदान में रहनेवाले लोगों के जीवन पर समुद्र का बहुत अधिक प्रभाव है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस पाठ को पढ़ाने के लिए आप भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। बच्चों को पश्चिमी और पूर्वी घाट की पहाड़ियों की जानकारी है। आप उनसे कहें कि वे ये पहाड़ियाँ मानचित्र में देखें। इन पहाड़ियों और समुद्र के बीच फैले समुद्र तटीय मैदान की स्थिति मानचित्र में दिखाएँ।

मानचित्र और बातचीत द्वारा उत्तर के उपजाऊ मैदान तथा समुद्रतटीय मैदान में समानता और असमानता स्पष्ट करें।

पुस्तक में यह पाठ समुद्र यात्रा की सहायता से पढ़ाया गया है। आप बच्चों को मानचित्र में ओखा की स्थिति दिखाएँ और बच्चों को पुस्तक में दिए गए रेल-मार्ग मानचित्र में दिल्ली से ओखा तक का मार्ग देखने को कहें। बच्चे स्टेशन से ओखा जाने वाली गाड़ी का समय मालूम करें अथवा आप बच्चों को रेलवे टाइम टेबिल देखना सिखाएँ और बच्चे स्वयं टाइम टेबिल से ओखा जाने वाली गाड़ी का समय मालूम करें।

पाठ का आरम्भ पुस्तक में दिए गए बन्दरगाह के चित्र से करें। यदि कक्षा के किसी बच्चे को समुद्र का अनुभव हो तो उसे अपने शब्दों में बन्दरगाह वर्णन करने को कहें।

बच्चों को यात्रा शुरू कराने से पहले समुद्री यात्रा की जानकारी कराने में यदि सम्भव हो तो किसी ऐसे व्यक्ति को कक्षा में बुलाएँ जिसने समुद्री यात्रा की हो। वह बच्चों को निम्नलिखित जानकारी कराए :

—जहाज के अन्दर क्या-क्या सुविधाएँ प्राप्त होती हैं ?

—यात्रा करते समय अपने साथ क्या-क्या सामान ले जाना होता है ?

यदि ऐसा सम्भव न हो तो आप दीवार पर भारत का मानचित्र लटकाएँ और बच्चों को पुस्तक में दी गई यात्रा को पढ़ने के लिए कहें। बालक एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा पढ़ें। इस प्रकार कई बच्चे पढ़ने में भाग ले सकेंगे। पाठ ऐसे रोचक ढंग से पढ़ाएँ कि बच्चे यह अनुभव कर कि वे सचमुच ही यात्रा कर रहे हैं और पाठ में दिए गए समुद्र तटीय मैदान स्वयं देख रहे हैं। मार्ग में आने वाले प्रायःद्वीप, द्वीप, खाड़ी, अन्तरीप को मानचित्र में दिखाने के साथ-साथ एक बार फिर 'सीख लो' में दिए गए चित्र की सहायता से इनका अर्थ स्पष्ट करिए।

पाठ पूरा हो जाने पर आप पुस्तक में दिए चित्रों की सहायता से आधुनिक जहाज़ और पाल के जहाज का अन्तर बातचीत द्वारा स्पष्ट करें।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. भारत के रेखा-मानचित्र में बच्चों को प्रायःद्वीप, बन्दरगाह, द्वीप, अन्तरीप और खाड़ी भरने को कहें।

२. इस खण्ड के साथ आरम्भ किए ज़मीन पर भारत के मानचित्र में समुद्रतटीय मैदान बनवाएँ। इस मैदान को बनवाते समय इस बात का ध्यान रखें कि यह उत्तर के मैदान की भाँति समतल नहीं हैं। यहाँ उत्तर के मैदान की अपेक्षा ढलान भी अधिक है।

३. बच्चों से बन्दरगाह और अनूप का माडल बनवाएँ।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्न करें :

१. पश्चिमी समुद्र तटीय मैदान के मालाबार तट पर सिंचाई की आवश्यकता क्यों नहीं होती है ?

२. मालाबार तट पर अधिकतर व्यापार के लिए नाव का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

३. समुद्रतटीय मैदान में अधिकतर चावल की खेती क्यों की जाती है ?

खण्ड २

भारत के लोग

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे भारत-भूमि के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि हमारे देश भारत में विभिन्न प्रकार की भूमि, जलवायु और उपज मिलती है और इसका देश के भिन्न-भिन्न भागों में रहने वालों के जीवन पर प्रभाव पड़ता है। दिल्ली में भिन्न-भिन्न राज्यों के लोग रहते हैं। उनके सम्पर्क से भी बच्चे जानते हैं कि रहन-सहन के ढंग भिन्न हैं। इस खंड में भारत के पाँच राज्यों—जम्मू-कश्मीर, केरल, असम, गुजरात और मध्य प्रदेश में रहने वालों के जीवन की जानकारी कराई गई है। बच्चे इस खण्ड के पाठों को पढ़कर यह भी जान लेंगे कि देश के विभिन्न भागों में रहने वालों के जीवन में भिन्नता होते हुए भी एकता की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। हम सब भारतवासी हैं और आपस में प्रेम से रहते हैं। इस खण्ड के अध्ययन से बच्चे

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. भूमि की रचना, जलवायु और उपज की भिन्नता के कारण देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोगों का भोजन, वस्त्र, रीति-रिवाज अलग-अलग हैं।

२. देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोगों के जीवन में भिन्नता है परन्तु सब की मूल आवश्यकताएँ एक-सी हैं।

३. विभिन्न भागों में रहने वालों के जीवन में विविधता होते हुए भी उनमें एकता की झलक दिखाई देती है।

४. देश के विभिन्न राज्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. भारत के राजनैतिक मानचित्र में राज्यों की स्थिति पहचानना।

२. किसी वस्तु-विषय से सम्बन्धित सूचना, सामग्री इकट्ठा करना।

३. यात्रा का आयोजन करना।

४. वेशभूषा पहचानना।

५. यात्रा-विवरण लिखना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. देश के प्रति गौरव।

२. राष्ट्रीय एकता की भावना।

३. दूसरे लोगों के विश्वासों, रीति-रिवाजों, धर्मो तथा रहन-सहन के अन्य तरीकों के प्रति सहनशीलता।

इस खण्ड को पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

१. इस खण्ड को पढ़ाने के लिए आप एक प्रोजेक्ट चलाएँ। पूरी कक्षा को पाँच टोलियों में बाँट दें। प्रत्येक टोली एक-एक राज्य से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी और चित्र एकत्र करे :

—प्रमुख भाषा
—राजधानी
—लोगों का भोजन
—मुख्य उपज
—लोक-गीत
—लोक-नृत्य
—ऐतिहासिक स्थान

२. बच्चों द्वारा अलग-अलग राज्यों के सम्बन्ध में एकत्र की गई जानकारी का प्रयोग निम्न प्रकार करें :

क : चित्रों और माडलों की प्रदर्शनी लगवाएँ।

ख : लोक-गीतों को भीत-पत्र में प्रदर्शित करवाएँ।

ग : इस खण्ड के समाप्त होने पर एकत्र की गई जानकारी और चित्रों के आधार पर अलग-अलग राज्य के लिए एक अलबम बनाकर कक्षा में सामाजिक विषय के कोने में रखें।

३. बच्चे विभिन्न राज्यों के लोक-नृत्य और लोक-गीत सीख कर विद्यालय में आयोजित समारोह के अवसर पर प्रस्तुत करें।

४. पाठशाला में फैन्सी शो का आयोजन करें और बच्चे भिन्न-भिन्न राज्यों की वेशभूषा में आएँ।

पाठ ६

कश्मीर

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे हिमालय पर्वतमाला के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि इस पर्वतमाला में ऊँची-ऊँची चोटियाँ बर्फ से ढकी रहती हैं और निचले भागों में जंगल हैं। कहीं-कहीं छोटी-बड़ी घाटियाँ हैं जिनमें कुछ लोग रहते हैं। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें कश्मीर की स्थिति, सीमा, भूमि

आदि की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. कश्मीर राज्य हिमालय पर्वतमाला के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है।

२. कश्मीर की घाटी अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए संसार भर में प्रसिद्ध है।

३. देश-विदेश के लोग इस घाटी की सुन्दरता देखने आते हैं।

४. जम्मू-कश्मीर राज्य राजनैतिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

प्रायः समाचार पत्रों में कश्मीर के सम्बन्ध में बहुत-सी बातें आती हैं। यदि कोई विशेष बात आई हो तो आप पाठ पढ़ाने के लिए उसका प्रयोग अवश्य करें।

कश्मीर घाटी की स्थिति समझाने के लिए आप पुस्तक में दिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। इस मानचित्र की सहायता से ही आप जम्मू-कश्मीर राज्य की स्थिति भी स्पष्ट करें। भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र पर बच्चों से इस राज्य और घाटी की स्थिति ढूँढ़ने को कहें। बच्चे मानचित्र में पड़ोसी देशों को देखें और समझ लें कि इस राज्य के तीन ओर दूसरे देश हैं।

बच्चों को पुस्तक में कश्मीर की काल्पनिक यात्रा कराई गई है। बच्चे पुस्तक में दिए रेल और सड़क मानचित्र में दिल्ली से कश्मीर जाने वाला मार्ग देखें और मानचित्र की सहायता से दिल्ली से पठानकोट के मार्ग में आने वाले नगरों की सूची बनाएँ। आप बच्चों को बातचीत द्वारा बताएँ कि कश्मीर जाने के लिए क्या तैयारी करने की आवश्यकता है।

पुस्तक में दी गई कश्मीर की यात्रा का वर्णन आप स्वयं ऐसे हाव-भाव और रुचिपूर्ण ढंग से पढ़ें कि बच्चों को यह अनुभव हो कि वे वास्तव में आप के साथ कश्मीर चले जा रहे हैं। मार्ग के दृश्यों के वर्णन को पुस्तक में दिए गए तथा अन्य चित्रों की सहायता से वास्तविक बनाने का प्रयत्न करें। यदि कक्षा में जम्मू के बच्चे हों तो जम्मू पहुँचने पर उन्हें डोगरी भाषा बोलकर सुनाने को कहें।

पहाड़ी सड़क के विषय में पढ़ाते समय पुस्तक में दिए चित्र का प्रयोग करें। बच्चों को मैदानी सड़क का अनुभव है। वार्तालाप द्वारा मैदानी सड़कों और पहाड़ी सड़कों में अन्तर स्पष्ट करें।

सीढ़ीदार खेतों के बारे में बच्चे पढ़ चुके हैं और उनके चित्र भी देख चुके हैं। यहाँ उनकी इस जानकारी का लाभ उठाएँ। बच्चे पढ़ चुके हैं कि जम्मू-कश्मीर राज्य के तीन ओर दूसरे देश हैं। इन पड़ोसी देशों का भारत के साथ कैसा सम्बन्ध है, इस पर बच्चों से बातचीत करें और बताएँ कि पाकिस्तान और चीन ने इस राज्य के कुछ भागों पर ज़बरदस्ती अधिकार कर लिया है। उन स्थानों को मानचित्र में भी दिखाएँ। आप बच्चों को बताएँ कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।

श्रीनगर जाने वाले मार्ग को बताते समय बनिहाल दर्रे का उल्लेख किया गया है। दर्रा समझाने के लिए आप 'सीख लो' में दिए दर्रे के चित्र का प्रयोग अवश्य करें।

पुस्तक में दिए गए शिकारे और हाउस बोट के चित्रों पर बच्चों से बातचीत करें और इनकी आवश्यकता को समझाएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चों द्वारा जम्मू-कश्मीर का माडल बनवाएँ और उसमें पर्वत, नदियाँ, झील, प्रमुख नगर और जम्मू से श्रीनगर तक का मार्ग दिखाएँ।

२. बच्चे कश्मीर जाने की योजना बनाएँ। इस योजना में यात्रा करते समय आवश्यक सामग्री की सूची बनाएँ और उन ऐतिहासिक, धार्मिक तथा प्राकृतिक सौंदर्य के स्थानों की भी सूची बनाएँ जिन्हे वे देखना चाहेंगे।

३. बच्चों से गत्ते और कागज़ से हाउस बोट का माडल बनवाएँ।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त नीचे दिए प्रश्न भी करें :

१. इस राज्य में सेना की गाड़ियाँ क्यों गश्त लगाती रहती हैं ?

२. जम्मू से श्रीनगर तक की यात्रा में बहुत समय क्यों लगता है ?

३. जवाहर सुरंग के बन जाने से कश्मीर की घाटी में पूरे साल आना-जाना कैसे सम्भव हो गया है ?

४. आप प्रश्नों द्वारा मालूम करें कि बच्चे निम्नलिखित बातें अच्छी तरह समझ गए हैं :
—सुरंग और दर्रे में अन्तर।
—केसर का घरों में क्या प्रयोग होता है ?
—सर्दी में बर्फ पड़ने का कश्मीर के लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
—बनिहाल का दर्रा बर्फ के कारण बन्द हो जाता था, परन्तु सुरंग बर्फ के कारण बन्द नहीं होती। ऐसा क्यों है ?

पाठ ७

कश्मीर के लोग

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे कश्मीर की घाटी की स्थिति, भूमि और जलवायु के विषय में जानते हैं। वे यह भी जानते हैं कि स्थान की स्थिति, भूमि की बनावट और जलवायु का वहाँ के रहने वालों के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें कश्मीर के लोगों के जीवन की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. कश्मीर में रहने वाले स्त्री-पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनते हैं। ये कपड़े देखने में एक-से लगते हैं।

२. बर्फ से ढके पहाड़ों ने यहाँ के रहने वालों के जीवन पर प्रभाव डाला है।

३. यहाँ के लोग कुटीर उद्योगों में निपुण हैं।

४. हिन्दू-मुसलमानों के कुछ त्योहार और पूजा के स्थान एक ही हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

कक्षा में यदि कोई बालक कश्मीर का रहने वाला हो तो आप उससे कश्मीर के लोगों के जीवन के बारे में बताने को कहें। यदि यह सम्भव न हो तो पुस्तक में दिए कश्मीरी परिवार के चित्र की सहायता से इनके पहरावे, ज़ेवर आदि पर बातचीत करें। बच्चे कश्मीर की भूमि और उपज के विषय में जानते हैं। इस जानकारी के आधार पर उनके मकान और भोजन की जानकारी कराएँ। यहाँ आप यह बताना न भूलें कि यहाँ की भूमि, जलवायु, उपज आदि का यहाँ के रहने वालों के मकान, भोजन और वस्त्र पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस सम्बन्ध में कश्मीरी भोजन और वस्त्रों की बच्चों के दैनिक भोजन आदि से तुलना कराएँ।

कश्मीरी लोग हस्तकला में निपुण होते हैं। ये बड़ी लगन और परिश्रम से सुन्दर वस्तुएँ बनाते हैं। इनकी कला के कुछ नमूने पुस्तक में चित्रों के रूप में दिए गए हैं, आप बच्चों से इन चित्रों पर बातचीत करें और समझाएँ कि ये सुन्दर वस्तुएँ उस समय तैयार की जाती हैं जब यहाँ के लोग बर्फ के कारण घरों से बाहर नहीं निकल पाते।

कश्मीर के त्योहारों की जानकारी कराते समय बच्चों का ध्यान इस बात पर अवश्य आकर्षित कराइए कि कुछ त्योहार हिन्दू-मुसलमान मिलकर मनाते हैं और कुछ पूजा के स्थान भी एक ही हैं।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे कश्मीर इम्पोरियम में जाएँ और देखें कि वहाँ से हमारे यहाँ क्या-क्या चीज़ें आती हैं।

२. बच्चे यमुना नदी के किनारे बने लद्दाखी बौद्ध विहार जाएँ और वहाँ लद्दाखी लोगों से मिलकर उनके जीवन के विषय में जानकारी प्राप्त करें।

३. दिल्ली में रहने वाले किसी कश्मीरी परिवार को निमन्त्रण दें कि वह आपकी पाठशाला में अपनी वेश-भूषा में आएँ। बच्चे उनसे कश्मीरी लोगों के जीवन के बारे में बातचीत करें।

मूल्यांकन

'अब बताओ' शीर्षक के नीचे दिए प्रश्नों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रश्न करें :

१. कश्मीरी लोग ढीले-ढाले कपड़े क्यों पहनते हैं ?

२. कश्मीरी लोगों के मुख्य-मुख्य धन्धे बताओ।

३. गरमी के दिनों में कश्मीरी लोग सब्जियाँ सुखाकर क्यों रख लेते हैं ?

४. कश्मीर से देश के दूसरे राज्यों को भेजी जाने वाली चीज़ों की सूची बनाओ।

पुस्तक में दिए प्रश्न ५ को कराते समय त्योहारों, भाषा और उनकी पूजा के प्रति श्रद्धा की ओर बच्चों का ध्यान अवश्य आकर्षित कराएँ।

पाठ ८

केरल

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे समुद्र तटीय मैदान के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि पश्चिमी समुद्र तटीय मैदान के मालाबार तट पर बहुत हरियाली है और वर्षा लगभग पूरे साल होती है। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें भारत के पश्चिमी भाग में अरब सागर से लगे हुए केरल राज्य और वहाँ के रहने वालों के जीवन की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। बच्चे इस पाठ से निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. यह राज्य पश्चिम में अरब सागर के तट से लगा हुआ है।

२. केरल राज्य भारत के अन्य राज्यों की तुलना में छोटा है।

३. यहाँ के रहने वालों के जीवन पर समुद्र ने प्रभाव डाला है।

४. यह राज्य प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

केरल राज्य की स्थिति और सीमाएँ समझाने के लिए पुस्तक में दिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र में केरल राज्य की स्थिति बच्चे ढूँढ़ें।

इस पाठ में केरल का रहने वाला एक काल्पनिक बालक कक्षा ४ के बच्चों को सम्बोधित करके केरल के लोगों के जीवन का वर्णन कर रहा है। कक्षा में किसी बच्चे को पाठ पढ़ने के लिए कहिए। जैसे-जैसे वह पाठ पढ़े, आप पुस्तक में दिए गए चित्रों की सहायता से बातचीत द्वारा वहाँ के लोगों के जीवन के भिन्न-भिन्न पहलुओं को स्पष्ट करें। यदि कक्षा में केरल के रहने वाले बच्चे हों तो वे अपने अनुभव के आधार पर वार्तालाप को वास्तविक बनाएँ।

अनूप के विषय में बच्चे समुद्र तटीय मैदान में पढ़ चुके हैं। यहाँ भी अनूप का चित्र दिया गया है। इसके सम्बन्ध में बच्चों से बातचीत करें और उन्हें अच्छी तरह समझा दें कि अनूप का यहाँ के रहने वाले लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। पाठ में स्थान-स्थान पर केरल के जीवन की दिल्ली के बच्चों के जीवन से सम्बन्धित निजी अनुभवों से तुलना कराएँ। कहीं-कहीं कश्मीर के लोगों के जीवन से तुलना कराना भी उचित होगा।

आप बच्चों को वर्षा तथा जलवायु की जानकारी कराएँ और उपज का अनुमान करने को कहें। उनके अनुमान की सहायता से आप वहाँ की उपज बताएँ। बच्चे यह अवश्य जान लें कि यहाँ की मुख्य उपज नारियल है। यहाँ आप यह बताना न भूलें कि इस राज्य का नाम केरल क्यों पड़ा। केरल शब्द का अर्थ है नारियल का घर। यहाँ की मुख्य उपज नारियल है, इसीलिए इसे केरल कहते हैं। बच्चों को

यहाँ की स्थिति, उपज, जलवायु का लोगों के भोजन, वेशभूषा और व्यवसाय आदि का आपस में सम्बन्ध स्पष्ट करें।

बच्चों को दिल्ली के उद्योगों और केरल की उपज की जानकारी है, उनकी इस जानकारी की सहायता से केरल के उद्योगों की जानकारी कराएँ।

बच्चे होली, दिवाली, दशहरा आदि त्योहार मनाते हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से त्योहारों की जानकारी कराएँ। बच्चे इन त्योहारों से जान लेंगे कि कुछ त्योहार वे ही हैं जो हम सब मनाते हैं, केवल उन के मनाने के ढंग में अन्तर है।

बच्चे नकली चेहरे लगाकर खेलते हैं, इस अनुभव और पुस्तक में दिए चित्र की सहायता से कथकली की जानकारी कराएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. केरल शिक्षा-संस्थान हायर सैकन्डरी स्कूल में केरल के रहने वाले बच्चों से मिलें और उनके भोजन, वस्त्र, रहन-सहन आदि की जानकारी प्राप्त करें।

२. केरल इम्पोरियम जाकर रबड़ और नारियल के रेशे से बनी चीज़ें देखें और उनकी एक सूची बनाएँ।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्न भी पूछिए :

१. केरल वासियों को नारियल से होने वाले लाभ दस वाक्यों में लिखो।

२. केरल में सिंचाई नहीं की जाती, फिर भी हरियाली और विभिन्न प्रकार की उपज मिलती है, क्यों ?

३. केरल और कश्मीर के लोग चावल और मछली खाते हैं, फिर भी दोनों राज्यों में रहने वालों के जीवन में अन्तर कहा जाता है। पाँच ऐसी बातें बताओ जिनसे अन्तर स्पष्ट हो जाए।

४. केरल राज्य से दूसरे राज्यों को क्या-क्या चीज़ें जाती हैं ?

पाठ ९

असम

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे हिमालय पर्वतमाला के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि इस पर्वतमाला की ऊँची-ऊँची चोटियाँ बर्फ से ढकी रहती हैं और पूर्वी भाग में वर्षा अधिक होती है। बच्चे पर्वतमाला में स्थित कश्मीर की घाटी के लोगों के जीवन के विषय में पढ़ चुके हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से इसी पर्वतमाला में स्थित भारत के सबसे उत्तर-पूर्वी असम राज्य और वहाँ के रहनेवालों के जीवन की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. असम राज्य हिमालय पर्वतमाला में स्थित भारत का सबसे उत्तर-पूर्वी राज्य है।

२. यहाँ की मुख्य उपज चाय, देश के विभिन्न भागों को भेजी जाती है।

३. यह राज्य देश में खनिज तेल का सबसे बड़ा भाण्डार है।

४. यहाँ के लोग अधिकतर लकड़ी के मकान बनाते हैं।

५. रेल और सड़क मार्ग यहाँ बहुत कम हैं।

६. राजनैतिक दृष्टि से यह राज्य बहुत महत्वपूर्ण है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस राज्य की स्थिति और राजनैतिक महत्त्व समझाने के लिए आप पुस्तक में दिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। बच्चे भारत के राजनैतिक और प्राकृतिक मानचित्र में इस राज्य को पहचानें तथा इस राज्य की भूमि की बनावट का अनुमान लगाएँ। बच्चों के अनुमान आप श्यामपट पर लिखें और नेफा तथा घाटी का भाग मानचित्र में दिखाएँ।

इस राज्य के विभिन्न भागों में वर्षा काफी होती है और वर्षा के लिए संसार प्रसिद्ध चेरापूंजी स्थान इसी राज्य में है। बच्चे चेरापूंजी स्थान को मानचित्र में देखें।

आप भूमि की बनावट और वर्षा की जानकारी के आधार पर बच्चों को प्रश्नों के द्वारा इस राज्य की उपज की जानकारी कराएँ और इसका लोगों के व्यवसाय तथा रहन-सहन से सम्बन्ध स्पष्ट करें।

भूमि और वर्षा की जानकारी के आधार पर बच्चे यहाँ के यातायात के साधनों का अनुमान करें और आप बातचीत द्वारा बच्चों को बताएँ कि भूमि पहाड़ी और पथरीली होने के कारण यातायात की सुविधाएँ कम हैं। बच्चों के यातायात अनुमान और पुस्तक में दिए चित्र ब्रह्मपुत्र नदी में नाव की सहायता से स्पष्ट करें कि देश के इस भाग में रेलें और सड़कें बनाना कठिन काम है। इसलिए नाव ही यातायात का मुख्य साधन है।

पुस्तक में दिए मकान के चित्र पर बच्चों से प्रश्न करें और उनके उत्तर की सहायता से बताएँ कि यहाँ भूमि से ऊँचे और लकड़ी के मकान क्यों बनाए जाते हैं।

मिट्टी का तेल बच्चे जानते हैं, उनकी इस जानकारी की सहायता से आप उन्हें खनिज तेल की जानकारी कराएँ और पृष्ठ ६० पर दिए गए खनिज मानचित्र में बच्चे देखें कि कहाँ-कहाँ खनिज तेल मिलता है।

त्योहार हम सब मनाते हैं। बच्चे भी उनमें भाग लेते हैं। बच्चों के अनुभव का लाभ उठाएँ और यहाँ के त्योहारों की जानकारी कराएँ। बच्चे देखेंगे कि यहाँ लगभग वे ही त्योहार मनाए जाते हैं जो हम सब मनाते हैं केवल त्योहार मनाने के ढंग अलग हैं। इनके द्वारा आप बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना पर बल दें।

नागा लोगों के विषय में बच्चे अक्सर सुनते हैं। आप बच्चों से इनके विषय में प्रश्न करें और उनके उत्तर की सहायता से इस क्षेत्र में रहनेवाली जन-जातियों की जानकारी कराएँ। जन-जातियों के सम्बन्ध में अखबारों अथवा पत्रिकाओं में लेख आते रहते हैं, यदि ऐसा कोई लेख आया हो तो पढ़कर बच्चों को सुनाएँ।

मानचित्र में पड़ोसी देश बताकर इस राज्य के राजनैतिक महत्त्व पर प्रकाश डालें।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. असमी मकान का एक माडल बनाएँ।

२. अखबार अथवा साप्ताहिक पत्रिकाओं में जन-जातियों से सम्बन्धित चित्र आते हैं उन्हें एकत्र करें और अलबम में चिपकाएँ।

मूल्यांकन

'अब बताओ' शीर्षक के नीचे दिए प्रश्न १ और २ को कराने के लिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। इन प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्न करें :

१ अधिकतर लोग ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी में क्यों रहते हैं ?

२. ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी उपजाऊ क्यों है ?

३. असम राज्य सारे देश में किन-किन चीज़ों के लिए प्रसिद्ध है ?

४. असम राज्य का माडल भूमि पर बनाएँ और उसमें भूमि की बनावट स्पष्ट करें।

पाठ १०

गुजरात

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे समुद्र तटीय मैदान के विषय में पढ़ चुके हैं। वे जानते हैं कि गुजरात का कुछ भाग समुद्र तटीय मैदान का हिस्सा है। इस पाठ में वे गुजरात राज्य की स्थिति, भूमि, जलवायु, उपज तथा वहाँ के रहनेवाले लोगों के जीवन के विषय में पढ़ेंगे। बच्चे इस पाठ के अध्ययन से निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. गुजरात राज्य भारत के पश्चिमी भाग में अरब सागर के तट से लगा हुआ है।

२. यह राज्य सूती कपड़े के उत्पादन का एक बड़ा केन्द्र है।

३. यहाँ के लोग अधिकतर उद्योग और व्यापार में बहुत रुचि लेते हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस राज्य की स्थिति और राजनैतिक महत्त्व पढ़ाने के लिए आप पुस्तक में दिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें और बच्चों से इस राज्य की स्थिति भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र पर ढूँढ़ने के लिए कहें। बच्चे मानचित्र में पाकिस्तान से छूती हुई गुजरात की सीमा देखें।

पठारी प्रदेश और समुद्र तटीय मैदान के विषय में बच्चे जानते हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से आप इस राज्य के विभिन्न भागों की भूमि, जलवायु और वर्षा की जानकारी कराएँ और बच्चों को स्पष्ट करें कि यहाँ की भूमि अधिकतर खेती के योग्य है। बच्चे भूमि और वर्षा की जानकारी की सहायता से यहाँ की उपज का अनुमान करें।

प्रश्नों की सहायता से यहाँ की उपज के प्रयोग बच्चों से मालूम करें और उनके उत्तर की सहायता से यहाँ के उद्योग बताएँ। इन औद्योगिक नगरों को बच्चे मानचित्र में देखें।

यहाँ के वन में पाए जाने वाले बबर शेर को शायद बच्चों ने दिल्ली के चिड़ियाघर में देखा हो। यदि नहीं देखा हो, तो उन्हें दिखाने ले जाएँ। यहाँ के वनों के प्रयोग के सम्बन्ध में बच्चों से बातचीत करें और बताएँ कि दियासलाई की तीलियाँ वनों से प्राप्त होने वाली लकड़ी से बनती हैं। बच्चे मालूम करें कि अपने घर में प्रयोग होने वाली दियासलाई की तीलियाँ किस लकड़ी की बनी हैं।

दिल्ली में रहने वाले किसी गुजराती परिवार को अपने राज्य की वेश-भूषा में पाठशाला आने के लिए निमन्त्रण दें। उनसे बच्चे गुजराती वेश-भूषा, भोजन आदि के विषय में बातचीत करें। यदि सम्भव हो तो बच्चे किसी गुजराती परिवार में जाएँ और उनके यहाँ गुजराती भोजन खाएँ।

बच्चे विभिन्न त्योहार मनाते हैं। उनके निजी अनुभवों से सम्बन्ध स्थापित करते हुए इस राज्य के त्योहारों, लोक-नृत्यों आदि की जानकारी कराएँ।

महात्मा गांधी का जन्म-स्थान पोरबन्दर मानचित्र में दिखाएँ और बच्चों से गांधी जी के जीवन और इस राज्य के सम्बन्ध में बातचीत करें।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. सस्ता साहित्य-मण्डल की 'सोमनाथ' नामक पुस्तक से सोमनाथ की कहानी पढ़ें।

२. बच्चे गुजरात राज्य का माडल भूमि पर बनाएँ और उसमें यहाँ की भूमि की बनावट दिखाएँ।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्न करें :

१. गुजरात राज्य की उपज की सूची बनाओ।

२. गुजरात राज्य के प्रमुख उद्योगों की सूची बनाओ और बताओ कि इन उद्योगों को कच्चा माल कहाँ से प्राप्त होता है।

पाठ ११

मध्य प्रदेश

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे पठारी प्रदेश की भूमि की बनावट, जलवायु और उपज के विषय में पढ़ चुके हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से मध्य प्रदेश की स्थिति, भूमि की बनावट, जलवायु, उपज और वहाँ के रहने वालों के जीवन की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. यह राज्य भारत के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे बड़ा है।

२ इस राज्य में भूमि की बनावट और जलवायु की भिन्नता के कारण यहाँ की उपज और लोगों के जीवन में भिन्नता है।

३. इस राज्य में वनों के आधार पर चलने वाले कई उद्योग हैं।

४. इस राज्य में बहुत-से प्रसिद्ध और ऐतिहासिक स्मारक हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस राज्य की स्थिति बताने के लिए आप पुस्तक में दिए मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। भारत के राजनैतिक मानचित्र में बच्चे इस राज्य की स्थिति पहचानें और इस राज्य की सीमा से लगे राज्यों की सूची बनाएँ। भारत के राजनैतिक मानचित्र में बच्चे देखेंगे कि अन्य राज्यों की तुलना में यह राज्य बड़ा है।

पाठ में दिए इस राज्य के मानचित्र में बच्चे पहाड़ियों तथा नदियों के नाम मालूम करें और इनकी सहायता से पाठ में दिए राज्य के विभिन्न भागों की भूमि, जलवायु, उपज आदि स्पष्ट करें। इस राज्य का वनों से ढका भाग और खनिज प्रदेश भी मानचित्र में दिखाएँ। खनिज और वनों से प्राप्त होने वाली वस्तुओं पर बच्चों से बातचीत करें और इन पर आधारित उद्योग तथा व्यवसाय निकलवाएँ।

सिंचाई के लिए बाँध बनाकर पानी रोकने के महत्त्व को बताने के लिए आप बच्चों से इस राज्य की नदियों पर प्रश्न करें। उनके उत्तर की सहायता से आप समझाएँ कि इस भाग की नदियों में अधिकतर पानी बरसात के दिनों में रहता है। उसे बाँध बनाकर रोका जाता है जिससे आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई के काम में लाया जा सके।

इस राज्य के विभिन्न भागों की भूमि की बनावट और वर्षा का मकानों की बनावट से सम्बन्ध स्थापित करें।

पुस्तक में आदिवासियों के नृत्य का चित्र दिया गया है। इससे इनके वस्त्र, झोपड़ों आदि का पता चलता है। चित्र की सहायता से आप आदिवासियों के जीवन के सम्बन्ध में बच्चों से बातचीत करें। बातचीत करते समय इस बात का ध्यान रहे कि आदिवासियों के जीवन के सम्बन्ध में बच्चे निम्नलिखित बातें जान जाएँ :

—ये लोग आदिवासी क्यों कहलाते हैं ?

—इनकी वेशभूषा क्या है ?

—इनका भोजन क्या है ?

—ये किस प्रकार के मकानों में रहते हैं ?

—ये लोग क्या काम करते हैं ?

—इनकी भाषा क्या है ?

—शिक्षा के क्षेत्र में इनकी क्या दशा है ?

—इनके जीवन को सुधारने के लिए आजकल क्या किया जा रहा है ?

पुस्तक में दिए ग्वालियर के किले और साँची के स्तूप पर आप बच्चों से बातचीत करें और इनकी सहायता से बताएँ कि इस भाग में बहुत-से पुराने नगर और ऐतिहासिक स्मारक हैं।

बच्चे ग्वालियर के चीनी के बर्तनों और चन्देरी की साड़ियों के विषय में अकसर सुनते हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से आप उन्हें इस राज्य में स्थापित किए गए भिलाई इस्पात कारखाने और हैवी इलैक्ट्रीकल कारखाने की जानकारी कराएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे इस राज्य के ऐतिहासिक स्मारकों के चित्र इकट्ठे करें और चित्रों पर उन स्थानों के नाम लिखें जहाँ यह स्मारक स्थित हैं।

२. मध्य प्रदेश में मिलने वाले खनिज पदार्थों के नमूने इकट्ठे करें।

३. मध्य प्रदेश राज्य का भूमि पर माडल बनाएँ। इसमें भमि की बनावट के आधार पर विभिन्न भाग दिखाएँ।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त बच्चों से निम्नलिखित प्रश्न पूछिए :

१. छत्तीसगढ़ के मैदान में अधिकतर चावल की खेती क्यों की जाती है ?

२. इस राज्य की नदियों में पानी अधिकतर बरसात के दिनों में ही क्यों रहता है ?

३. इस राज्य के विभिन्न भागों में रहनेवालों के जीवन में भिन्नता क्यों पाई जाती है ?

खण्ड ३

भारत को प्रकृति की देन

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले दो खण्डों के अध्ययन तथा अपने अनुभव के आधार पर बच्चे जानते हैं कि खेतों में अनाज पैदा होता है। वनों से बहुत-सी लाभदायक वस्तुएँ मिलती हैं। कोयले, लोहे आदि के सहारे हमारे अनेक उद्योग चलते हैं। परन्तु अभी वे यह नहीं जानते हैं कि भूमि, वन और खनिज पदार्थ हमारी एक महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक सम्पत्ति हैं और प्रकृति ने यह हमें निःशुल्क दिए हैं। इस खण्ड का उद्देश्य बच्चों को भारत की प्राकृतिक सम्पत्ति की जानकारी कराना है। इन पाठों के अध्ययन से बच्चे

(क) *निम्नलिखित बातें जान लेंगे :*

१. खेती की मिट्टी, वन और खनिज पदार्थ राष्ट्र की सम्पत्ति हैं।

२. यह सम्पत्ति प्रकृति ने निःशुल्क दी है।

३. देशवासी प्राकृतिक सम्पत्ति का सदुपयोग करके अपना जीवन सुखी और सम्पन्न बना सकते हैं।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. उपलब्ध प्राकृतिक साधनों का उचित प्रयोग करना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. देश की प्राकृतिक सम्पत्ति के प्रति गौरव।

२. श्रम के प्रति आदर।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस खण्ड के पाठ पढ़ाने से पहले आप बच्चों को बताएँ कि अनाज, छोटी-बड़ी लोहे की बनी मशीनें, कपड़ा आदि मनुष्य अपने श्रम से पैदा करता है। परन्तु मनुष्य अपने श्रम द्वारा अनाज और कपड़े के लिए कपास पैदा करने वाली मिट्टी नहीं बना सकता है और न ही मनुष्य मशीनें बनाने वाला लोहा बना सकता है। ऐसी चीज़ें जिन्हें मनुष्य प्रयोग तो करता है, परन्तु बना नहीं सकता, प्रकृति की ओर से प्राप्त हैं और इन्हें ही प्रकृति की देन कहते हैं। प्राकृतिक देन का अर्थ समझा देने पर आप बच्चों को खेती की मिट्टी, वन, खनिज पदार्थ आदि का अर्थ भी समझा दें जिससे कि इस खण्ड के पाठों में आप इन शब्दों का प्रयोग कर सकें।

१. इस खण्ड के पाठों को पढ़ाते समय इस बात पर बल दें कि देश में चाहे कितनी भी अधिक प्राकृतिक सम्पत्ति क्यों न हो, इनका तब तक विशेष लाभ नहीं जब तक मनुष्य परिश्रम करके इनका प्रयोग न करे।

२. बच्चे मिट्टी, खनिज पदार्थों और उपज के नमूने एकत्र करें और प्रदर्शनी लगाएँ।

पाठ १२

हमारी खेती की मिट्टी

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे कक्षा तीन में भूमि के विभिन्न रूपों और उनके प्रयोग के विषय में पढ़ चुके हैं। उन्होंने इस पुस्तक के प्रथम खण्ड में भूमि की बनावट के विषय में ज्ञान प्राप्त कर लिया है और यह भी जान चुके हैं कि कुछ भूमि पर विभिन्न प्रकार की उपज होती है और कुछ ऐसी भूमि है जहाँ कुछ भी पैदा नहीं होता है। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से देश में विभिन्न प्रकार की पाई जानेवाली भूमि और जीवन के लिए उसके महत्त्व को बताना इस पाठ का उद्देश्य है। बच्चे इस पाठ के अध्ययन से निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. भूमि प्रकृति की महत्त्वपूर्ण देन है।

२. खेती के लिए उपजाऊ भूमि आवश्यक है।

३. हमारे देश में कई प्रकार की खेती की मिट्टी मिलती है।

४. अलग-अलग प्रकार की मिट्टी अलग-अलग उपज के लिए उपयुक्त है।

५. एक ही भूमि के टुकड़े में बार-बार फसल उगाने से खेती की मिट्टी की उपज-शक्ति कम हो जाती है। खाद तथा अन्य वैज्ञानिक रीतियों के प्रयोग से मिट्टी की उपज-शक्ति को बढ़ाया जाता है।

६. देश में बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं को देखते हुए देश में भोजन के लिए अधिक अनाज पैदा करना है। साथ ही साथ पैदा होने वाले अनाज का सदुपयोग भी ज़रूरी है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे जानते हैं कि उनका भोजन कहाँ से प्राप्त होता है, पशुओं के लिए चारा कहाँ से आता है। उनकी इस जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न करें :

—हमारे भोजन के लिए अनाज और सब्जियाँ कहाँ से आती हैं ?

—पशुओं के लिए चारा कहाँ से आता है ?

—खेती करने के लिए क्या-क्या चीज़ें आवश्यक हैं ?

—क्या खेती की मिट्टी के बिना खेती करना सम्भव है ?

—क्या मनुष्य के श्रम के बिना खेती सम्भव है ?

—पुस्तक में दिए दस व्यक्तियों के चित्र में देखकर बताओ कि कितने लोग खेती के काम में लगे हुए हैं ?

बच्चों के उत्तर की सहायता से आप खेती की मिट्टी का महत्त्व बताएँ।

खेती की मिट्टी का सही अर्थ बताने के लिए आप निम्नलिखित अवसरों का लाभ उठाएँ। यदि पाठशाला के समीप कहीं कुआँ खुद रहा हो अथवा मकान की नींव खुद रही हो तो बच्चों को भूमि की भिन्न-भिन्न परतों का ज्ञान कराएँ। इन परतों में अन्तर बताएँ और स्पष्ट करें कि ऊपरी परत अन्य परतों की अपेक्षा मुलायम होती है। इसी परत का खेती के लिए प्रयोग किया जाता है।

दिल्ली क्षेत्र की भूमि के विषय में बच्चे पढ़ चुके हैं और वे जानते हैं कि कहीं मिट्टी उपजाऊ है तो कहीं मिट्टी खेती के उपयुक्त नहीं। दिल्ली में पाई जाने वाली भिन्न-भिन्न प्रकार की मिट्टी के नमूने इकट्ठे करें और बच्चे उनमें भिन्नता देखें। इन नमूनों को सामाजिक विषय के कोने में रखें।

अब आप पुस्तकका पाठ पढ़ाएँ और पुस्तक में दिए उपज मानचित्र की सहायता से बच्चों को स्पष्ट करें कि देश में अलग-अलग प्रकार की मिट्टी पाई जाती है और उनमें अलग-अलग उपज होती है। यहाँ आप बच्चों को उपज से जलवायु और वर्षा के सम्बन्ध का भी प्रारम्भिक ज्ञान कराएँ। जलवायु और वर्षा का उपज से सम्बन्ध बताते समय, आप यह बताना न भूलें कि हवा और पानी से खेती की मिट्टी को हानि होती है। यदि पाठशाला के समीप आँधी अथवा वर्षा से मिट्टी के कटाव के कुछ स्थल हों तो आप बच्चों को दिखाने ले जाएँ।

देश की विभिन्न उपज की जानकारी कराने पर आप बच्चों से देश में भोजन की कमी पर बातचीत करें। इस बातचीत द्वारा बच्चे निम्न बातें समझ लें :

—देश में अनाज की कमी के क्या कारण हैं ?

—अनाज की कमी को कैसे दूर किया जा सकता है ?

—तुम इस अनाज की कमी को दूर करने में किस प्रकार सहायता कर सकते हो ?

खेती के सम्बन्ध में दी गई जानकारी को अधिक महत्त्वपूर्ण और स्थायी बनाने के लिए बच्चों को पास के किसी खेत में ले जाएँ। वे वहाँ किसान से खेती के निम्न पहलुओं पर बातचीत करें :

—खेत में किस प्रकार की मिट्टी है ? इस मिट्टी को वे किस नाम से पुकारते हैं ?

—इस मिट्टी के क्या गुण हैं ?

—आप कौन-कौन-सी फसलों को उगाते हैं ? यह फसलें किस ऋतु में उगाई जाती हैं ?

—मिट्टी की उपज-शक्ति बढ़ाने के लिए किन उपायों को काम में लाते हैं ?

—आप किस खाद का प्रयोग करते हैं ? प्रयोग में आने वाले खाद के नमूने इकट्ठे करें और सामाजिक विषय के कोने में रखें।

कुछ सम्भव क्रियाएं

१. बच्चे विभिन्न प्रकार की मिट्टी के नमूने इकट्ठे करें।

२. बच्चे निम्न चार्ट बनाएँ :

मिट्टी का नाम	मिट्टी का गुण	मुख्य उपज
पथरीली		
भूड़		
दोमट		
मटियार		
रेतीली		

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्न प्रश्न भी पूछिए :

१. गरमी के दिनों में अक्सर धूल भरी आँधियाँ आती हैं। इनका खेती की मिट्टी पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

२. पुस्तक में दिये मानचित्र में देखो और बताओ कि नदियों के डेल्टे की भूमि में लोग अधिकतर चावल और पटसन की खेती क्यों करते हैं ?

३. नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी को खेती के लिए अच्छा कहा जाता है, परन्तु यमुना के खादर में बहुत कम खेती की जाती है। ऐसा क्यों है ?

४. बच्चों के अनुभव के आधार पर उनसे मिट्टी के विभिन्न उपयोगों की सूची बनवाएँ।

पाठ १३

हमारे वन

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले दो खण्ड के पाठों में बच्चों ने पढ़ा है कि वनों से विभिन्न प्रकार की लकड़ी और अन्य चीजें प्राप्त होती हैं जिनसे हम विभिन्न प्रकार की उपयोगी चीजें बनाते हैं। वे यह भी जान चुके हैं कि वन भी प्रकृति की देन में से एक हैं। इस पाठ में बच्चों को देश में पाए जाने वाले वनों और उनके महत्व की जानकारी कराई गई है। बच्चे इस पाठ के अध्ययन से निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. देश के विभिन्न भागों में मिट्टी, जलवायु और वर्षा की भिन्नता के कारण वनों में पेड़-पौधों की भिन्नता है।

२. वनों से हमें बहुत-सी उपयोगी चीजें प्राप्त होती हैं।

३. वन देश की जलवायु और भूमि की उपजाऊ शक्ति को प्रभावित करते हैं।

४. वनों को नष्ट होने से बचाना और इनका विकास करना आवश्यक है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे यह जानते हैं कि कई स्थानों पर अपने आप कई प्रकार के वृक्ष और झाड़ियाँ उग आते हैं। इनकी देख-भाल बाग के पौधों की तरह कोई नहीं करता। बरसात में चारों ओर अधिक हरियाली दिखाई देती है। उन्होंने कुछ सूखे पेड़ों पर भी बरसात में हरे पत्ते आते देखे होंगे। बच्चों के इस अनुभव का लाभ उठाते हुए समझाएँ कि देश के भिन्न भिन्न भागों में मिट्टी, जलवायु, वर्षा के आधार पर बहुत-से पेड़ पौधे प्राकृतिक वन सम्पत्ति के रूप में पाए जाते हैं।

इस पाठ को पढ़ाने के साथ-साथ भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्र का प्रयोग करें। मानचित्र में वन क्षेत्र दिखाकर वहाँ के मुख्य पेड़ों का ज्ञान कराएँ। इनके चित्र अथवा पत्ते इकट्ठे कराइए और इन्हें अलबम में चिपका कर सामाजिक विषय के कोने में रखवाइए।

पुस्तक में वनों के सहारे प्राप्त होने वाली चीजों का चार्ट दिया गया है। बच्चे इसे देखें और बारी-बारी एक-एक चीज़ का नाम बताएँ। आप इन सब वस्तुओं को श्यामपट पर लिखते जाएँ। अब आप बच्चों से पूछिए कि क्या वे इनके अतिरिक्त कुछ और वस्तुओं के नाम बता सकते हैं। बच्चे जो नाम बताएँ वे भी आप श्यामपट पर लिखें। फिर प्रत्येक बच्चे से इन चीजों का कापी में चार्ट बनाने को कहें। कुछ बच्चे सुलेख में चार्ट बनाकर भीत-पत्र पर लगाएँ।

अब आप बच्चों से प्रश्न करें कि यह सब चीजें हम तक कैसे पहुँचती हैं? वनों से चीजें प्राप्त करने के लिए किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा?

वन मिट्टी के कटाव और मरुस्थल को रोकने में कैसे सहायता करते हैं, कक्षा में वार्तालाप करें। आप बच्चों से कहें कि वे भारत के प्राकृतिक और राजनैतिक मानचित्रों की सहायता से मालूम करें कि किन-किन राज्यों को मरुस्थल के आगे बढ़ने से खतरा है।

बच्चों ने जान लिया है कि वनों से उपयोगी चीजें प्राप्त होती हैं। इस जानकारी के आधार पर आप बच्चों से इस विषय पर बातचीत करें कि वनों को काटकर प्रयोग में लाने से वनों पर क्या प्रभाव पड़ता है और हम वनों को किस प्रकार बढ़ा सकते हैं। इस बातचीत में आप बच्चों को सरकार द्वारा वनों के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रारम्भिक जानकारी कराएँ और देहरादून की वन अनुसंधान संस्था के विषय में भी बताएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

—डी० एफ० आई० ६३४.९ नम्बर की ग्रीन गिलौरी, इक्नोमिक ज्योग्राफ़ी आफ़ इण्डिया नाम की फिल्म बच्चों को दिखाएँ (यह फिल्म श्रव्य-दृश्य शिक्षा विभाग, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली से प्राप्त कर सकते हैं)

—स्कूल एटलस में दिए गए भारत के वन मानचित्र की सहायता से बच्चे उन राज्यों की सूची बनाएँ जिनमें वन पाए जाते हैं।

मूल्यांकन

पाठशाला में और उसके बाहर पेड़-पौधों के प्रति बच्चों के व्यवहार का निरीक्षण करें।
पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्न भी पूछिए :

१. वनों को राष्ट्रीय सम्पत्ति क्यों कहा जाता है ?

२. गरमी के दिनों में दिल्ली में धूल भरी आँधियाँ आती हैं। बच्चे मालूम करें कि यह आँधियाँ किस दिशा से आती हैं ?

पाठ १४

हमारे खनिज

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे कोयला, लोहा, मिट्टी का तेल आदि से परिचित हैं। शायद वे यह भी जानते हैं कि ये वस्तुएँ खनिज पदार्थों से बनाई जाती हैं। खनिज पदार्थ भूमि में नीचे दबे मिलते हैं। पिछले दो खण्डों में कहीं-कहीं खनिज पदार्थों का उल्लेख भी किया जा चुका है। बच्चों को इस पाठ में भारत में पाए जाने वाले खनिज पदार्थों और उनके महत्व का परिचय कराया जाएगा। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. खनिज पदार्थ देश की प्राकृतिक सम्पत्ति हैं।

२. देश की उन्नति के लिए खनिज पदार्थ बहुत आवश्यक हैं।

३. विभिन्न खनिज पदार्थ देश के विभिन्न भागों में पाए जाते हैं।

४. खनिज पदार्थों की कुल मात्रा सीमित है और उनका सदुपयोग करना आवश्यक है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे नमक, मिट्टी का तेल, पत्थर का कोयला आदि खनिज पदार्थों के प्रयोग के विषय में जानते हैं। बच्चों की इस जानकारी के आधार पर आप निम्न प्रकार के प्रश्न करें :

—क्या आपने कभी पत्थर का कोयला देखा है ?

—पत्थर का कोयला किस काम आता है ?

—पत्थर का कोयला कहाँ से आता है ?

पुस्तक में दिए गए कोयले की खान के चित्र पर बातचीत करें। बातचीत में इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे समझ जाएँ कि कोयला भूमि के नीचे दबा हुआ मिलता है जिसे खोद कर निकाला जाता है। बहुत से लोग इस कार्य में लगे हैं।

आप बच्चों से कुछ ऐसी चीज़ों के नाम पूछिए जो खनिज पदार्थों से बनी हों। इन चीज़ों के नाम आप श्यामपट पर लिखें। श्यामपट पर बनाई गई चीज़ों की सूची के आधार पर बच्चों से बातचीत करें। इस बातचीत में बच्चे खनिज पदार्थों के सम्बन्ध में निम्न बातें अवश्य जान लें :

—खनिज पदार्थ हमारे बहुत काम के हैं।

—इनके सहारे बहुत-से उद्योग चल रहे हैं।

—अलग-अलग खनिज पदार्थ देश के अलग-अलग भागों में पाए जाते हैं।

खनिज पदार्थ देश के किस-किस भाग में पाए जाते हैं इसकी जानकारी आप पुस्तक में दिए गए मानचित्र की सहायता से स्पष्ट करें। यहाँ आप बच्चों से कहें कि वे पुस्तक में दिए मानचित्र की सहायता से उन राज्यों की सूची बनाएँ जिनमें खनिज पदार्थ मिलते हैं।

यदि हम खनिज पदार्थों का बराबर प्रयोग करते रहें तो इनके भाण्डार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? क्या मनुष्य खनिज के भाण्डार बना सकते हैं ?

बच्चों के उत्तर की सहायता से बताएँ कि खनिज पदार्थों के भाण्डार सीमित हैं इसलिए इनके प्रयोग में हमें सावधानी बरतनी चाहिए।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चों को डी० एफ० आई० ६२२ नम्बर की 'अवर हिडन वैल्थ' नाम की फिल्म दिखाएँ। यह फिल्म श्रव्य-दृश्य शिक्षा विभाग, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, रिंगरोड, नई दिल्ली से प्राप्त कर सकते हैं।

२. खनिज पदार्थों के नमूने इकट्ठे करें।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्न प्रश्न कीजिए :

१. पाँच ऐसे खनिज पदार्थों के नाम बताओ जिनका खनिज अथवा उनसे बनी चीज़ों के रूप में आपके घर पर प्रयोग किया जाता है।

२. निम्नलिखित चीज़ों के सामने उन खनिज पदार्थों के नाम लिखो जिनसे वे बनती हैं :

तारकोल
सिलाई की मशीन
हवाई जहाज़
रेल के इंजन
साइकिल
रेल चलाने के लिए ईंधन
कार चलाने के लिए तेल

३. बच्चे निम्न चार्ट बनाएँ :

खनिज पदार्थ का नाम	भारत के किन राज्यों में पाया जाता है	आप घर में इसका क्या प्रयोग करते हैं	कौन से उद्योग इसका प्रयोग करते हैं	इसके अन्य क्या लाभ अथवा प्रयोग हैं

खण्ड ४

भारत की उन्नति की योजनाएँ

पिछले खण्डों के अध्ययन से बच्चों ने जान लिया है कि भारत एक बड़ा देश है। इसमें अनेक नदियाँ हैं। देश में विभिन्न प्रकार की फसलें पैदा की जाती हैं और वनों तथा खनिज पदार्थ जैसी प्राकृतिक सम्पत्ति के सहारे अनेक उद्योग स्थापित हैं। इतनी प्राकृतिक सुविधा होने पर भी देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए भोजन, कपड़ा और मकान जैसी जरूरी चीज़ों की कमी है। इतना ही नहीं घर में बिजली, रेडियो, बिजली का पंखा, टेलीफोन आदि जैसी जीवन को सुखी बनाने वाली चीज़ें तो करोड़ों लोगों के पास नहीं हैं। इस पाठ में बच्चे यह जान लेंगे कि देश में रहने वालों के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए हमें अपने प्राकृतिक साधनों का सदुपयोग करना आवश्यक है। इसीलिए हम पंचवर्षीय योजनाएँ बनाकर देश की ग़रीबी और पिछड़ेपन को दूर करने का प्रयत्न कर रहे हैं। इस खण्ड के पाठों के अध्ययन से बच्चे :

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. देशवासियों के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए हम अपने प्राकृतिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं।

२. प्राकृतिक साधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए पंचवर्षीय योजनाएँ बनाई गई हैं।

३. पंचवर्षीय योजनाओं की सफलता देश में रहने वालों के सहयोग पर निर्भर है।

४. योजनाओं की सफलता से देशवासियों को जीवन की अधिक सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. छोटे-मोटे काम की योजना बनाना और उनमें भाग लेना।

२. अपने समय और साधनों का अधिकतम उपयोग करना।

३. अपनी बात को उचित शब्दों में कहना और दूसरों की बात को ध्यानपूर्वक सुनना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. आपस में सहयोग।

२. व्यक्तिगत और सामूहिक उत्तरदायित्व।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस खण्ड के पाठों को पढ़ाने से पहले आप कक्षा में बच्चों से निम्न प्रकार वार्तालाप करें :

बारी-बारी कुछ बच्चे अपने को भारत का प्रधानमंत्री मानकर बताएँ कि वे देश के लोगों के

जीवन में क्या सुधार करना चाहेंगे। कक्षा के दूसरे बच्चे भी बीच-बीच में प्रश्न करें अथवा सुझाव दें। बच्चों के वार्तालाप से शायद इस प्रकार के सुझाव निकलेंगे :

—लोगों को अधिक से अधिक अच्छा भोजन प्राप्त हो।

—सब को पर्याप्त और अच्छे कपड़े प्राप्त हों।

—सब के पास रहने के लिए अच्छे मकान हों। मकानों में बिजली, पानी आदि की सुविधा हो।

बच्चों द्वारा दिए गए सब सुझावों को आप श्यामपट पर लिखते जाएँ। इनमें से कोई एक समस्या लें और इसे हल करने के लिए बच्चों से सुझाव निकलवाएँ। उदाहरण के लिए "अधिक भोजन पैदा करना" समस्या के निम्न पहलुओं पर बच्चों से बातचीत करें :

—खेती के लिए अधिक भूमि का प्रयोग।

—खेतों की पैदावार बढ़ाना।

—रासायनिक खाद का प्रयोग।

—अधिक रासायनिक खाद उपलब्ध करना।

—सिंचाई की सुविधाएँ प्रदान करना।

इस प्रकार के वार्तालाप में बच्चे अच्छी तरह समझ लें कि देश को उन्नत बनाने का काम एक बड़ा कार्य है। इसमें समय बहुत लगता है। काम को जल्दी करने के लिए योजनाएँ बनानी पड़ती हैं। योजनाओं को सफल बनाने के लिए देश के सब लोगों का सहयोग और कठोर परिश्रम आवश्यक है।

पाठ १५

हमारे खेतों की बढ़ती उपज

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

खेती की मिट्टी के पाठ में बच्चों ने पढ़ा है कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार की उपज के लिए उपयुक्त भूमि मिलती है। वे यह भी जानते हैं कि हमारे देश में प्रत्येक दस व्यक्तियों में से सात व्यक्ति खेती करते हैं फिर भी देश में भोजन के लिए अनाज और बढ़ते उद्योगों के लिए कच्चे माल की कमी है। इस कमी को पूरा करना बहुत आवश्यक है। इस पाठ में बच्चे खेतों की उपज बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. बढ़ती हुई जनसंख्या के भोजन के लिए देश के खेतों में अधिक अनाज पैदा करना है।
२. हमारी पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा खेती के सुधार के लिए विभिन्न उपचार किए जा रहे हैं।
३. खेतों की उपज बढ़ाने में सरकारी सहायता के साथ-साथ किसान का परिश्रम बहुत आवश्यक है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे दिल्ली के रहनेवाले हैं। वे जानते हैं कि भोजन के लिए अनाज राशन से मिलता है। उनकी इस जानकारी के आधार पर आप निम्नलिखित प्रश्न करें :

१. राशन से क्या मतलब है ?

२. अनाज के राशन की क्यों आवश्यकता हुई ?

बच्चों के उत्तर की सहायता से आप स्पष्ट करें कि अनाज को उचित रूप से प्रयोग में लाएँ। प्रयोग करते समय इस बात का ध्यान रखें कि यह ख़राब न जाए।

खेतों की उपज बढ़ाने के लिए काम में लाए गए साधनों की जानकारी कराने के लिए यदि सम्भव हो तो आप बच्चों को कोई ऐसा खेत दिखाने ले जाइए जहाँ पिछले पन्द्रह वर्षों में कोई सुधार किए गए हों और फलतः जिसकी उपज काफी बढ़ी हुई हो। भ्रमण पर जाने से पहले आप बच्चों को प्रश्नों की सूची बनवाएँ जिसके आधार पर बच्चे किसान से बातचीत करेंगे। इस बातचीत के लिए निम्न प्रकार के प्रश्न हो सकते हैं :

—वर्ष में कितनी और कौन-कौन-सी फसल बोई जाती हैं ?

—दस वर्ष पहले एक एकड़ में कितना अनाज पैदा होता था और अब कितना अनाज पैदा होता है ?

—भूमि में हल चलाने में क्या सुधार किया गया है ?

—लोहे का हल लकड़ी के हल से क्यों अच्छा है ?

—बीज बोने और फसल काटने की मशीनों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है ?

—सिंचाई के लिए नलकूप या नहरों का पानी मिलने से क्या लाभ होता है ?

—रासायनिक खाद किस प्रकार की होती है ?

—भूमि के कटाव को रोकने के लिए आप क्या करते हैं ?

यदि यह सम्भव न हो तो आप बच्चों से कहें कि यदि तुमसे खेतों की उपज बढ़ाने को कहा जाए तो तुम क्या करोगे ? बच्चे विभिन्न प्रकार के उत्तर देंगे। उनके उत्तर आप श्यामपट पर लिखते जाएँ। फिर आप बच्चों से कहें कि पुस्तक में दी गई दो किसानों की वार्ता को पढ़ें और अपने सुझावों को मिलाएँ।

बच्चों के सुझावों को पुस्तक में दिए चित्रों की सहायता से स्पष्ट करें कि मशीनों के प्रयोग से किस प्रकार उपज बढ़ती है।

बच्चों को खेती की उपज बढ़ाने के तरीकों की दी गई जानकारी के आधार पर नीचे दिए हुए प्रश्नों पर बातचीत करें :

—क्या हमारे किसान ट्रैक्टर, बीज बोने और फसल काटने की मशीनें खरीद सकते हैं ?

—क्या छोटे-छोटे खेतों में खेती के काम में आने वाली मशीनों का प्रयोग किया जा सकता है ?

—क्या हमारे किसान खेतों को बड़ा बना सकते हैं ?

—क्या हमारे किसान खेती के लिए अधिक भूमि प्राप्त कर सकते हैं ?

—क्या खाद की बढ़ती हुई माँग को पूरा किया जा सकता है ?

इस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर बच्चे अवश्य देंगे। उनके उत्तर की सहायता से आप बताएँ कि यह काम किसान स्वयं नहीं कर सकते। इन कार्यों में सरकार सहायता देती है। सरकार इस कार्य को जल्दी से पूरा करने के लिए योजनाएँ बनाती है। आप पंचवर्षीय योजनाओं में से निम्न प्रकार के उदाहरण देकर इसे और भी स्पष्ट करें:

—बड़े-बड़े बाँध बनाकर सिंचाई के लिए नहरें निकाली गई हैं।

—रासायनिक खाद बनाने के कारखाने बनाए जा रहे हैं।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे खेतों के प्रयोग में आने वाली मशीनों के चित्र और मशीन से बनी खाद के नमूने इकटठे करें।

२. अपनी पाठशाला में सामुदायिक विकास खण्ड के किसी अधिकारी को बुलाएँ और बच्चे उनसे मालूम करें कि खेतों की उपज बढ़ाने के लिए वे किसानों की किस प्रकार सहायता करते हैं।

३. बच्चे एक छोटा सा अभिनय करें जिसमें यह दिखाएँ कि वे किस प्रकार एक पुराने ढंग से खेती करने वाले किसान को खेतों की उपज बढ़ाने के लिए खेती के सुधारों की जानकारी कराएँगे।

मूल्यांकन

१. गिरधारी के पास खेती की बहुत-सी ज़मीन है। वह चाहता है कि उसके खेतों में अधिक अनाज पैदा हों। आप उसे सलाह दें कि वह क्या-क्या तरीके अपनाए।

२. रामू ने फ़सल काटने के बाद दूसरी फसल बो दी। दूसरी फ़सल पहले से कम हुई। क्या आप बता सकते हैं कि फसल की कमी का क्या कारण रहा होगा ?

पाठ १६

सिंचाई और बिजली

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले पाठ में बच्चों ने पढ़ा है कि हम बढ़ती हुई जनसंख्या के भोजन और उद्योगों के लिए कच्चे माल की माँग को पूरा करने के लिए खेतों की उपज बढ़ा रहे हैं। साथ ही साथ देश में नए-नए उद्योग भी स्थापित हो रहे हैं। बढ़ती खेती और उद्योगों के लिए अधिक सिंचाई और बिजली की आवश्यकता है। इस पाठ का उद्देश्य यह जानकारी कराना है कि हम किस प्रकार देश की नदियों का पानी काम में ला : बढ़ती सिंचाई और बिजली की माँग को पूरा कर रहे हैं। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित ब जान लेंगे :

१. हमारे देश में अनेक नदियों पर नदी घाटी योजनाएँ बनाई गई हैं।

२. इन योजनाओं में नदियों के पानी को रोककर बिजली बनाई जाती है और सिंचाई के लिए नहरें बनाई जाती हैं।

३. इन योजनाओं द्वारा रेतीले भाग उपजाऊ बन रहे हैं।

४. इन योजनाओं के कारण अनेक गाँवों में बिजली पहुँच गई है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे जानते हैं कि भारत के अधिकतर लोग खेती करते हैं। उनकी इस जानकारी के आधार पर आप निम्न प्रकार के प्रश्न करें :

—भारत में लोगों का मूल धन्धा क्या है ?

—देश के किस भाग में खेती अधिक की जाती है ?

—वे कौन-कौन-सी सुविधाएँ हैं जिनके कारण उत्तर के उपजाऊ मैदान में रहने वाले लोग अधिकतर खेती करते हैं ?

—खेतों की उपज बढ़ाने के लिए नदियों से क्या लाभ हो सकता है ?

बच्चों के उत्तर की सहायता से स्पष्ट करें कि उपज बढ़ाने के लिए नदियों से सिंचाई के लिए अधिक पानी लेना और बाढ़ रोकना आवश्यक है।

बाढ़ रोकने और सिंचाई के लिए अधिक पानी प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए इसकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें। जब बच्चे पाठ पढ़ चुकें तो आप बच्चों से पूछें कि सिंचाई के लिए अधिक पानी किस प्रकार प्राप्त किया जाता है ? बच्चों के उत्तर को आप पुस्तक में दिए चित्रों पर बातचीत करके स्पष्ट करें। इस बातचीत में आप यह भी स्पष्ट कर दें कि बाढ़ रोकने और सिंचाई के लिए पानी प्राप्त करने के साथ-साथ पानी को रोक कर बिजली भी बनाई जाती है।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. विभिन्न नदी-घाटी योजनाओं से सम्बन्धित चित्र इकट्ठे करें।

२. पुस्तक में दिए मानचित्र की सहायता से निम्न चार्ट बनाएँ :

बाँध का नाम	नदी का नाम	किस राज्य में है

३. सब बच्चे मिलकर भूमि पर भाखड़ा बाँध का माडल बनाएँ।

मूल्यांकन

१. भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र में उन स्थानों पर (√) निशान लगाएँ जहाँ बाँध बनाए जा रहे हैं।

२. दक्षिणी भारत की नदियों में पानी अधिकतर बरसात के दिनों में रहता है फिर भी बाँध बनाए जा रहे हैं। इन बाँधों का क्या लाभ होगा ?

३. भाखड़ा नंगल बाँध की जानकारी के आधार पर बाँधों से होने वाले लाभों की सूची बनाएँ।

(बच्चों की इस जानकारी के आधार पर आप उन्हें बताएँ कि इसलिए इन्हें बहुमुखी नदी घाटी योजनाएँ कहते हैं)

पाठ १७

हमारे बढ़ते उद्योग

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने पढ़ा है कि दिल्ली में बहुत-से कारखाने और उद्योग हैं और नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। इन कारखानों में रोज़ काम में आने वाली अनेक चीजें जैसे सूती कपड़ा, मोजे, बनियान, लालटेन, बिजली के पंखे आदि बनती हैं। कारखानों में बनी चीज़ों के प्रयोग से जीवन सुखी बनता है और काम करने वालों को कम मेहनत करनी पड़ती है। बच्चों की इस जानकारी के आधार पर उन्हें कुछ ऐसे बड़े उद्योगों की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है जहाँ जीवन के लिए बहुत-सी उपयोगी चीजें बनती हैं। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. नए-नए उद्योगों की स्थापना से हमारा देश आगे बढ़ रहा है।

२. उद्योगों की स्थापना से बहुत-से लोगों को नए-नए काम मिलते हैं।

३. औद्योगिक विकास से देशवासियों के रहन-सहन का ढंग बदल रहा है।

४. पंचवर्षीय योजनाओं में उद्योगों के विकास के लिए व्यवस्था की गई है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

भारत के मानचित्र का प्रयोग कर पाठ में बताए हुए औद्योगिक केन्द्र दिखाएँ। लोहा-इस्पात के कारखाने जहाँ स्थित हैं वहाँ पर स्थापित होने का कारण स्पष्ट करें और बताएँ कि इनका कच्चे माल की उपलब्धि से क्या सम्बन्ध है।

इस पाठ में देश के कुछ उद्योगों का उल्लेख है, परन्तु बच्चों को छोटे-बड़े उद्योगों में बनी हुई बहुत-सी चीज़ों की जानकारी है। अतः आप बच्चों को बातचीत द्वारा देश के दूसरे उद्योगों को जानकारी भी कराएँ। बच्चों के सामने कारखानों में बनी और हाथ से बनी चीज़ों के नमूने रखें और बातचीत द्वारा दोनों प्रकार की वस्तुओं में अन्तर स्पष्ट करें।

इस पाठ को पढ़ाने के लिए जहाँ तक सम्भव हो आप बच्चों को किसी कारखाने में ले जाएँ जिससे बच्चे वहाँ काम में आने वाली छोटी-बड़ी मशीनें देख सकें और वे यह भी देख सकें कि कारखाने में लोग मिलकर किस प्रकार काम करते हैं। इस भ्रमण का एक लाभ यह भी होगा कि आप बच्चों को स्पष्ट कर सकेंगे कि मशीनों से एक दिन में बहुत-सी चीज़ें बन जाती हैं।

कारखानों में बहुत-से लोग काम करते हैं। बच्चों की इस जानकारी के आधार पर आप पूछें कि बढ़ते उद्योगों से लोगों के व्यवसाय पर क्या प्रभाव पड़ेगा। बच्चों के उत्तर की सहायता से आप यह भी स्पष्ट कर सकेंगे कि उद्योगों के बढ़ने से बढ़ती हुई जनसंख्या को नए-नए काम मिलते हैं और अधिक लोग खेती पर निर्भर नहीं रहते जिससे खेती उन्नत होती है।

आप बच्चों से विभिन्न उद्योगों में बनने वाली चीज़ों की सूची बनाने को कहें और इन वस्तुओं के सम्बन्ध में बातचीत करें। इस बातचीत में आप ध्यान रखें कि बच्चे यह अवश्य समझ जाएँ कि उद्योगों से हमारा रहन-सहन बदलता है।

कुछ सम्भव क्रियाएँ

१. कुछ होशियार बच्चे भारत १९६५ की सहायता से ऐसे उद्योगों की सूची बनाएँ जो योजना-काल में आरम्भ किए गए हैं।

२. हाथ से बनी चीज़ों के लिए प्रसिद्ध नगरों की सूची बनाएँ।

३. पुस्तक के अन्त में दिए प्रमुख औद्योगिक नगरों की सहायता से खनिज तेल और कपड़ा उद्योग केन्द्रों की सूची बनाएँ।

मूल्यांकन

आप बच्चों के दैनिक व्यवहार में देखें कि उनमें देश के बढ़ते हुए उद्योगों के प्रति गौरव अनुभव होता है और वे हाथ से बनी चीज़ों के सौन्दर्य को पहचानते हैं।

पाठ १८

हमारे गाँव आगे बढ़ रहे हैं

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

तीसरी कक्षा में बच्चे पढ़ चुके हैं कि दिल्ली क्षेत्र में बहुत-से गाँव हैं। वे गाँव के लोगों के बारे में पढ़ चुके हैं। इस पुस्तक को पढ़ने वाले बहुत-से बच्चे स्वयं गाँव में रहते होंगे। अतः गाँव के जीवन से बच्चे परिचित हैं। इस पाठ में बच्चों को यह जानकारी कराई जाएगी कि देश के अधिकांश लोग गाँव में रहते हैं। आजकाल गाँव की उन्नति के लिए बहुत-से काम किए जा रहे हैं। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. देश की कुल जनसंख्या के प्रत्येक दस व्यक्तियों में से सात व्यक्ति गाँव में रहते हैं।

२. देश को उन्नत बनाने के लिए गाँव में सुधार किए जा रहे हैं।

३. सरकार सामुदायिक विकास खण्ड द्वारा गाँव की उन्नति में लोगों की सहायता कर रही है।

४. गाँव में रहने वाले आपस में मिलकर गाँव में विभिन्न प्रकार के सुधार कर रहे हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चों के अनुभव पर अथवा गाँव दिखाकर आप बच्चों से गाँव वालों के जीवन के सम्बन्ध में बातचीत करें और निष्कर्ष निकलवाएँ कि गाँव में असन्तोषजनक मकान, गन्दगी, अशिक्षा आदि हैं और इनको सुधारने की आवश्यकता है।

अब आप बच्चों से मालूम करें कि गाँव का सुधार करने के लिए क्या करना चाहिए। बच्चे कुछ सुझाव देंगे। उनके सुझाव आप श्यामपट पर लिखें। फिर आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें। पाठ के आधार पर बच्चे अपने सुझाव मिलाएँ।

आप पुस्तक के चित्र 'आदर्श गाँव' की सहायता से स्पष्ट करें कि गाँव में स्कूल, डिस्पैन्सरी, सहकारी समिति और पंचायत के बनाने से गाँव को किस प्रकार लाभ होता है।

सरकार गाँव की उन्नति में सहायता करती है इसकी सही जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को सामुदायिक विकास खण्ड के किसी अधिकारी से मिलाएँ और बच्चे स्वयं मालूम करें कि वे गाँव की उन्नति में किस प्रकार सहायता करते हैं।

यदि यह सम्भव न हो तो आप बच्चों को समीप के किसी गाँव में ले जाएँ और बच्चे गाँव के बड़े-बढ़ों अथवा पंचायत के नेताओं से मिलकर मालूम करें कि पिछले लगभग २० वर्षों में गाँव में क्या-क्या परिवर्तन हुए हैं, इन परिवर्तनों में सरकार ने क्या सहायता की है, गाँव वालों ने सुधार के लिए स्वयं क्या किया है।

इस पाठ की सफलता तब ही होगी जब बच्चे यह समझ लें कि गाँव केवल सरकार की सहायता से उन्नत नहीं हो सकते, स्वयं गाँव वालों को इसकी ज़िम्मेदारी सम्भालनी होगी। यह समझाने के लिए आप इस प्रकार के उदाहरण दें :

सरकार भाखड़ा तथा ऐसे अन्य बाँध बना रही है, इससे नहरें निकाल रही है, परन्तु जबतक गाँव वाले नहरों के पानी का उपयोग नहीं करेंगे खेतों की उपज कैसे बढ़ेगी। सरकारी दवाखाने बीमारी को दूर करने में सहायक हो सकते हैं, परन्तु इस सुविधा का लाभ उठाने की ज़िम्मेदारी गाँव वालों की है।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

कक्षा के बच्चों को दो टोलियों में बाँटकर प्रत्येक टोली से गाँव का माडल बनवाएँ। एक टोली साधारण गाँव और दूसरी टोली आदर्श गाँव बनाए।

मूल्यांकन

पुस्तक में 'अब बताओ' के नीचे दिए गए प्रश्न ४ को कराते समय आप निम्न प्रश्न करें :

(क) हमारे देश की कुल जनसंख्या कितनी है ?

(ख) हमारे देश के लोगों का मूल धन्धा क्या है ?

(ग) खेती करने वाले लोग अधिकतर कहाँ रहते हैं ?

(घ) हमारे देश में गाँव अधिक हैं अथवा नगर ?

बच्चों के दैनिक व्यवहार में देखें कि उनके मन में गाँव वालों के प्रति सम्मान है। उनके मन में गाँव को सुधारने की लगन है। यदि बच्चे गाँव के रहने वाले हैं तो सफाई, उत्तरदायित्व की आदत डालना आवश्यक है।

खण्ड ५

भारत में यातायात

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने यातायात के विभिन्न साधनों के विषय में जान लिया है। वे जानते हैं कि इन विभिन्न यातायात के साधनों द्वारा लोगों के आने-जाने और माल ढोने में सहायता मिलती है। इस खण्ड में बच्चों को यह जानकारी करानी है कि उन्नत यातायात के साधन देश की प्रगति और रक्षा में किस प्रकार सहायता करते हैं। इस खण्ड के पाठों के अध्ययन से बच्चे

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. देश में रेलों, सड़कों और हवाई मार्गों का जाल-सा बिछा है जिससे देश के सब भाग मिले हुए हैं।

२. यातायात के आधुनिक साधनों ने देश के सभी स्थानों को समीप कर दिया है।

३. उन्नत यातायात के साधनों से उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है।

४. उन्नत यातायात के साधनों ने राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया है।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. भारत के मानचित्र का अध्ययन।

२. ट्रैफिक नियमों का पालन करना।

३. रेलवे टाइमटेबल देखना।

४. अन्य मार्गों से हवाई माग की तुलना करना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. देश के विभिन्न भागों में पारस्परिक एकता।

२. देश के विभिन्न भागों की पारस्परिक निर्भरता।

पढ़ाने के लिए सामान्य सुझाव

इस खण्ड में बच्चों को यातायात के साधनों के विकास की जानकारी कराना आवश्यक नहीं है। आप बच्चों को केवल यह बताएँ कि देश के विभिन्न मार्ग, विभिन्न यातायात के साधनों से जुड़े हुए हैं। इसकी जानकारी कराने के लिए निम्नलिखित साधनों का प्रयोग करें :

१. बच्चे यातायात-साधनों के चित्र इकट्टे करें।

२. किसी सुदूर स्थान की यात्रा करने की समस्या कक्षा के समक्ष रखिए और रेल, सड़क तथा हवाई मार्ग मानचित्र के जरिए बच्चों की सहायता से यात्रा का प्रोग्राम बनाइए।

बच्चों से वार्तालाप करके पाठ पढ़ाना आरम्भ कीजिए। वार्तालाप के लिए प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैं :

—दिल्ली में देश-विदेश के लोग रहते हैं, वे कैसे आते-जाते हैं ?

—दिल्ली में संतरे, केले, आम, लीची आदि फल पैदा नहीं होते, परन्तु पूरे वर्ष मिलते रहते हैं। ये कैसे प्राप्त होते हैं ?

—दिल्ली में देश भर के कारखानों में बनी चीजें कैसे प्राप्त होती हैं ?

—दिल्ली के कारखानों के लिए कच्चा माल कैसे आता है ?

पाठ १९

हमारी सड़कें

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे दिल्ली में रहते हैं। सड़कों पर दौड़ते स्कूटर, मोटर, बस और ट्रक आदि देखते हैं। वे जानते हैं कि सड़कों से हमें एक स्थान से दूसरे स्थान जाने-आने और माल ढोने में सहायता मिलती है। कश्मीर के पाठ में बच्चे पठानकोठ से कश्मीर तक सड़क से काल्पनिक यात्रा भी कर चुके हैं। इस पाठ में बच्चे पढ़ेंगे कि देश में छोटी-बड़ी सड़कों का जाल-सा बिछा हुआ है। इनके द्वारा देश के बड़े-बड़े नगर और गाँव जुड़े हुए हैं। आज गाँव और शहरों के सम्बन्ध को बढ़ाने के लिए अधिकाधिक सड़कें बन रही हैं। इससे देश की उन्नति और सुरक्षा में सहायता मिलेगी। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. सड़कों द्वारा देश के नगर और गाँव मिलाए जा रहे हैं।

२. सड़कों के विकास से कृषि, उद्योग और व्यापार बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

३. सड़कों के बनाने और ठीक रखने में लाखों लोग सहायता करते हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

आप कक्षा में बच्चों से मालूम करें कि वे कहाँ के रहने वाले हैं। कुछ बच्चे अवश्य कहेंगे कि वे दिल्ली के समीप गाँव में रहते हैं। आप उनसे मालूम करें कि वहाँ जाने के क्या साधन हैं। वे अपने गाँव कैसे जाते हैं ? यदि कुछ बच्चे कहें कि वे बस द्वारा जाते हैं तो आप पूछें कि वे बस का प्रयोग क्यों

करते हैं ? बच्चों के उत्तर की सहायता से आप स्पष्ट करें कि सड़कें गाँव और छोटे-बड़े नगरों के बीच से होकर जाती हैं जिससे आने-जाने में अधिक सुविधा होती है।

अब आप बच्चों को पुस्तक में दिए मानचित्र की सहायता से बताएँ कि सड़कों द्वारा हमारे देश के सभी बड़े-बड़े नगर मिले हुए हैं। जो मार्ग विभिन्न राज्यों से होते हुए देश के एक कोने को दूसरे कोने से मिलाते हैं उन्हें राष्ट्र-मार्ग कहते हैं और जो मार्ग एक राज्य के अन्दर ही बने हैं वे राज्य-मार्ग कहलाते हैं। आप बच्चों को कहें कि वे पुस्तक में दिए मानचित्र में राष्ट्र-मार्ग ढूँढ़ें।

पुस्तक में दिए चित्र पर बच्चों से बातचीत करें और बताएँ कि आज पक्की सड़कें कैसे बनाई जाती हैं और विभिन्न मार्गों के रख-रखाव की जिम्मेदारी किसकी है।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. सड़क पर चलने वाली पुरानी और नई सवारी गाड़ियों के चित्र इकट्ठे करें।

२. बच्चे दिल्ली के अन्तर-राज्य बस स्टॉप पर जाकर मालूम करें कि वहाँ से कहाँ-कहाँ को बसें जाती हैं।

३. सड़कों पर प्रयोग में आने वाले संकेतों के चार्ट बनाएँ।

मूल्यांकन

१. भारत के रेखा मानचित्र में राष्ट्रीय मार्ग दिखाएँ।

२. फल अधिकतर ट्रकों द्वारा क्यों मँगाए जाते हैं ?

३. यदि तुम्हें बम्बई जाना है तो क्या तुम बस से जाना पसन्द करोगे, यदि नहीं तो क्यों ?

४. सड़क पर चलने वाली गाड़ियों को टैक्स क्यों देना पड़ता है ?

बच्चों के पाठशाला आने-जाने के समय आप निरीक्षण कीजिए कि बच्चे सड़क के नियमों का पालन करते हैं। आप स्वयं भी इनका पालन कीजिए।

पाठ २०

हमारी रेलें

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने दिल्ली रेलवे स्टेशन के विषय में पढ़ा है। वे जानते हैं कि दिल्ली से बहुत-सी रेलें देश के विभिन्न भागों को जाती हैं। वे स्वयं भी रेल में अवश्य बैठे होंगे। इस पाठ में बच्चे पढ़ेंगे कि रेलें लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान लाने-लेजाने के साथ-साथ देश के औद्योगिक और व्यापारिक विकास में भी सहायता करती हैं। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हमारे देश में बहुत से रेल मार्ग हैं, जिनके द्वारा देश के विभिन्न भाग जुड़े हुए हैं।

२. रेलों की सुविधा के द्वारा देश के उद्योगों और व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है।

३. रेलों को सुचारु रूप से चलाने के लिए लाखों लोग सहायता करते हैं।

४. रेलें राष्ट्र की सम्पत्ति हैं, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

यहाँ आपको रेलों के विकास का इतिहास बताने की आवश्यकता नहीं है, बच्चों को केवल यह जानकारी कराएँ कि हमारे देश का कोई ऐसा भाग नहीं है जो एक दूसरे से मिला न हो।

आप की कक्षा में ऐसे बालक भी होंगे जिन्होंने रेल से यात्रा की हो। उनके अनुभव का लाभ अवश्य उठाएँ। उनसे कहें कि वह अपना यात्रा वर्णन कक्षा में सुनाएँ। यात्रा का मार्ग पुस्तक में दिए मानचित्र में दिखाएँ और इसकी सहायता से आप अन्य मार्गों की जानकारी कराएँ।

यदि यह सम्भव नहीं हो तो आप बच्चों को दिल्ली से मद्रास, कलकत्ता और बम्बई जैसे मार्ग ढूँढ़ने लिए कहें। बच्चों ने कश्मीर यात्रा में दिल्ली से पठानकोट तक का मार्ग पढ़ा है उनसे इस मार्ग को ढूँढ़ने के लिए कहें। दिल्ली से विभिन्न बड़े-बड़े नगरों की दूरी मानचित्र के पैमाने की सहायता से नापें।

रेलें हमारी क्या सेवाएँ करती हैं, इसकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें। जब बच्चे पाठ पढ़ चुकें तो आप प्रश्नों द्वारा उनकी जानकारी को दोहराएँ।

पुस्तक में दिए मालगाड़ी के चित्र पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करें और मालूम करें कि यह सवारी की गाड़ी से किस प्रकार भिन्न है। इसके डिब्बे सवारी के गाड़ी जैसे क्यों नहीं बनाए जाते ?

पुस्तक में दिए डीलक्स कोच के चित्र की सहायता से रेल में किए गए सुधारों के विषय में बातचीत करें। यदि सम्भव हो तो बच्चों को स्टेशन ले जाकर कुछ नई गाड़ियाँ भी दिखाएँ।

रेल गाड़ी में यात्रा करते समय गाड़ी को साफ और ठीक रखने में प्रत्येक यात्री का क्या उत्तर-दायित्व है, बातचीत द्वारा स्पष्ट करें।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे रेलवे स्टेशन जाएँ और स्टेशन मास्टर से मिलकर मालूम करें कि रेलों को सुचारु रूप से चलाने में कौन सहायता करता है। इस प्रकार रेल सम्बन्धी कार्यकर्ताओं की सूची बनाएँ।

२. विभिन्न प्रकार के काम में आने वाले इंजन के चित्र इकट्ठे करें।

३. अपने अध्यापक की सहायता से रेलवे टाइम टेबिल देखना सीखें।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रश्नों पर बातचीत करें। बच्चों के उत्तर से आप समझ पाएँगे कि उनमें सही ज्ञान अथवा भाव उत्पन्न हो रहे हैं या नहीं।

१. भारी माल रेलों द्वारा ट्रक की अपेक्षा कम खर्च पर भेजा जाता है। क्या तुम बता सकते हो ऐसा क्यों है ?

२. 'क' ने रेल द्वारा बम्बई से दिल्ली तक बिना टिकट यात्रा की। वह दिल्ली स्टेशन पर पकड़ लिया गया। रेल के अधिकारियों ने उस पर जुर्माना किया। क्या तुम्हारी राय में जुर्माना करना उचित है ? यदि हाँ तो क्यों ?

३. यदि तुम किसी व्यक्ति को रेलवे लाइन उखाड़ते देखो तो तुम क्या करोगे ?

पाठ २१

हवाई जहाज़

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने हवाई अड्डे के विषय में पढ़ा है। वे जानते हैं कि हवाई जहाज़ इन अड्डों से विभिन्न स्थानों को आते-जाते हैं। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें यह बताना है कि हवाई जहाज़ यातायात का एक बहुत तेज़ साधन है। इसके द्वारा देश के बड़े-बड़े नगर जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही साथ यह देश की सुरक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हवाई मार्गों द्वारा देश के बड़े-बड़े नगर मिले हुए हैं।

२. हवाई जहाज़ द्वारा यात्रा करने में समय बहुत कम लगता है।

३. हवाई जहाज़ यातायात का एक महत्वपूर्ण, परन्तु मँहगा साधन है।

४. हवाई जहाज़ देश की सुरक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

बच्चे जानते हैं कि दिल्ली से विभिन्न स्थानों को हवाई जहाज़ जाते हैं। उनकी इस जानकारी का लाभ अवश्य उठाएँ। आप बच्चों से उन नगरों के नाम बताने को कहें जहाँ हवाई जहाज़ जाते हैं। आप बच्चों को पुस्तक में दिए मानचित्र की सहायता से दिल्ली का देश के बड़े बड़े नगरों से हवाई मार्ग द्वारा सम्बन्ध बताएं। इन हवाई मार्गों की दूरी मानचित्र में दिए पैमाने की सहायता से बच्चे मालूम करें।

पुस्तक में दी गई हवाई यात्रा की कहानी बच्चों को रुचिकर लगेगी। बच्चे उसे पढ़ें। पुस्तक में दिए गए चित्रों पर बच्चों से बातचीत करें और बताएँ कि हवाई यात्रा में क्या-क्या सुविधाएँ हैं। यदि सम्भव हो तो बच्चों को हवाई अड्डे ले जाकर अन्दर से हवाई जहाज दिखाएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे हवाई जहाज के चित्र इकट्ठे करें।

२. बच्चे आवश्यक जानकारी प्राप्त करके निम्नलिखित चार्ट में भरें :

	दूरी	कितना समय लगेगा		
		बस से	रेल से	हवाई जहाज से
दिल्ली से मद्रास				
दिल्ली से बम्बई				
दिल्ली से कलकत्ता				
दिल्ली से अमृतसर				
दिल्ली से लखनऊ				
दिल्ली से पटना				
दिल्ली से श्रीनगर				
दिल्ली से जोधपुर				
दिल्ली से गौहाटी				
दिल्ली से त्रिवेन्द्रम				

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्न प्रश्न भी कीजिए :

१. बम्बई, कलकत्ता, मद्रास जैसे बड़े-बड़े नगरों से रेलें दिल्ली २४ घंटे से अधिक समय में पहुँचती हैं परन्तु हमारे मित्र, सगे-सम्बन्धी शाम को पत्र डालते हैं और हमें अगले दिन ही मिल जाते हैं। यह कैसे सम्भव होता है ?

२. तुम्हारा एक मित्र गौहाटी में बीमार है, तुम उसके पास जल्दी खराब होने वाली दवा भेजना चाहते हो, बताओ यातायात का कौन-सा साधन काम में लाओगे।

खण्ड ६

हम सब भारतवासी हैं

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

इस पुस्तक के पिछले खण्डों में बच्चों ने देश की भूमि और यहाँ के रहनेवालों के जीवन के बारे में पढ़ा है। वे जान गए हैं कि देश के विभिन्न भागों में रहनेवाले लोगों का खाना-पीना, रहन-सहन, भाषा और धर्म अलग-अलग हैं, फिर भी वे सब आपस में प्रेम से रहते हैं। इस खण्ड में बच्चे पढ़ेंगे कि किस प्रकार हम सब ने मिलकर स्वतन्त्रता प्राप्त की, अपना संविधान बनाया और आज वे कौन-सी चीजें है जो हम सबको एकता के सूत्र में बाँधे हुए हैं। इस खण्ड के पाठों के अध्ययन से बच्चे

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हमें आज़ादी एक लम्बे संघर्ष के बाद मिली है।

२. आज़ादी प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न भागों के अनेक लोगों ने अपना जीवन बलिदान किया है।

३. भारतीय संविधान के अनुसार देश में गणतन्त्र राज्य है और सत्ता जनता के हाथ में है।

४. संविधान ने हमें कुछ अधिकार दिए हैं, लेकिन उनके साथ-साथ हमारे कर्तव्य भी हैं।

५. हम सब मिलकर अपने राष्ट्रीय त्योहार मनाते हैं।

६. हम सब अपने राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान करते हैं।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. मतदान में भाग लेना।

२. सभा आदि में भाग लेना।

३. राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का उचित प्रयोग करना।

४. राष्ट्रीय त्योहारों में भाग लेना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. राष्ट्र के प्रतीकों के प्रति आदर और सम्मान।

२. धार्मिक सहनशीलता और असाम्प्रदायिक दृष्टिकोण।

३. राष्ट्रीय एकता।

४. राष्ट्र की स्वतन्त्रता को बनाए रखने के प्रति कर्तव्यनिष्ठा।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

१. इस खंड के पाठों को पढ़ाते समय यह आवश्यक नहीं कि आप पुस्तक में दिए क्रम का पालन करें। अपनी सुविधानुसार इनमें हेर-फेर कर सकते हैं।

२. देश की आजादी की एक लम्बी कहानी है। इस पर आप एक छोटा सा प्रोजेक्ट चलाएँ। उसमें बच्चे निम्न कार्य कर सकते है :

—नेताओं के चित्र एकत्र करना

—कुछ खास-खास घटनाओं और स्थानों को भारत के मानचित्र में भरना

३. १४ अगस्त १९४७ की रात को १२ बजे जवाहरलाल नेहरू ने भारत के प्रधान मन्त्री पद की शपथ ली थी। उस समय उन्होंने भाषण दिया था, उस भाषण को भीति पत्र पर लगाएँ।

४. संविधान में दी गई प्रस्तावना को याद करें।

५. १९३० के कांग्रेस अधिवेशन का अभिनय करें।

६. बाल-सभा में स्वतन्त्रता-दिवस मनाएँ।

पाठ २२

हमारी आज़ादी की कहानी

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने पढ़ा है कि हम राष्ट्रीय त्योहार मनाते हैं, क्योंकि आज हम स्वतन्त्र हैं। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें यह बताना है कि यह आजादी हमें अनेक बलिदानों और लम्बे संघर्ष के परिणाम स्वरूप मिली है। इस आजादी की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. आज से लगभग सौ वर्ष पहले अंग्रेज़ों ने पूरे भारत पर अधिकार कर लिया था।

२. अनेक देशवासियों ने आजादी प्राप्त करने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया।

३. देश के विभिन्न भागों में रहने वालों ने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया था।

४. अनेक बलिदानों से प्राप्त आज़ादी की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है।

पढ़ाने के लिए सामान्य सुझाव

आप इस पाठ को स्वतन्त्रता-दिवस के बाद पढ़ाएँ। स्वतन्त्रता-दिवस पाठशाला में मनाया ही जाता होगा, इस अवसर पर बच्चे बाल-सभा करें जिसमें

—आजादी से सम्बन्धित कविताएँ सुनाएँ

—आज़ादी की कहानी सुनाएँ

—आज़ादी के लिए शहीद हुए नेताओं की जीवनियाँ सुनाएँ।

आप बच्चों को बातचीत द्वारा बताएँ कि स्वतन्त्रता-दिवस क्यों मनाया जाता है। आज़ादी प्राप्त करने के लिए हमें कितनी यातनाएँ सहनी पड़ीं और जीवन बलिदान करने पड़े। यह जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पुस्तक का पाठ पढ़ने के लिए कहें।

जब बच्चे पाठ पढ़ लें तो आप बच्चों से आज़ादी की कहानी पर बातचीत करें और स्पष्ट करें कि

—१८५७ में निजी अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष।

—भारतवासियों की माँग को अंग्रेजों के सामने रखने के लिए कांग्रेस की स्थापना।

—कांग्रेस की स्थापना में कुछ उदार अंग्रेज़ भी शामिल थे।

—कांग्रेस द्वारा स्वराज्य की माँग करना।

—लोकमान्य तिलक, गांधी जी द्वारा जनता में आजादी के प्रति जोश भरना।

—लाठी, गोली और कठोर कानूनों के प्रयोग से अंग्रेजों का विरोध बढ़ता गया।

—कांग्रेस के प्रति जनता का सहयोग।

—आज़ादी की लड़ाई में अनेक देशवासियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, यह आप उदाहरण द्वारा बताएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे निम्नलिखित के जीवन के विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करें :
रानी लक्ष्मीबाई, दादा भाई नौरोजी, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, सरदार पटेल, सुभाष चन्द्र बोस, राजेन्द्र प्रसाद, सत्यमूर्ति, सरोजिनी नायडू।

२. पुस्तक में बताए नेताओं के जन्म स्थानों के नाम बच्चे भारत के मानचित्र में लिखें।

३. बच्चे स्वतन्त्रता-आन्दोलन से सम्बन्धित कविताएँ याद करें।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त निम्न प्रश्न भी कीजिए :

१. नीचे एक कालम में आज़ादी की लड़ाई से सम्बन्धित व्यक्तियों के नाम दिए गए हैं, दूसरे कालम में कुछ कथन हैं। प्रत्येक व्यक्ति के नाम के सामने उससे सम्बन्धित कथन लिखें :

तात्या टोपे—कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के सभापति थे।
ए० ओ० ह्यूम—१८५७ के आन्दोलन का एक नेता था।
गांधीजी—स्वराज्य मेरा जन्म-सिद्ध अधिकार है।
लोकमान्य तिलक—कांग्रेस के जन्मदाता कहलाते हैं।
जवाहरलाल नेहरू—'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा लगाया।

२. अंग्रेज़ों ने आज़ादी की लड़ाई को दबाने के लिए लाठी, गोली और कठोर कानूनों का प्रयोग किया, परन्तु आन्दोलन बढ़ता गया। ऐसा क्यों होता था ?

पाठ २३

हमारा संविधान और हमारी सरकार

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले पाठ में बच्चों ने पढ़ा है कि एक लम्बे संघर्ष के बाद १५ अगस्त १६४७ को भारत स्वतन्त्र हुआ। स्वतन्त्रता मिलने पर हमने एक नई प्रकार की सरकार बनाई, अपने अधिकार और कर्तव्य निश्चित किए। इन्हीं बातों की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हमारे स्वतन्त्र भारत का एक संविधान है।

२. संविधान के अनुसार हमारे यहाँ शासन की गणतन्त्र प्रणाली है।

३. हमारे देश में शासन का सारा कार्य जनता द्वारा चुनी गई सरकार करती है।

४. शासन का सर्वोच्च अधिकारी राष्ट्रपति कहलाता है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

कक्षा तीन में बच्चों ने पार्लियामेन्ट और राष्ट्रपति भवन के विषय में पढ़ लिया है। उनकी इस जानकारी के आधार पर आप बच्चों से निम्न प्रकार के प्रश्नों पर बातचीत करें और बच्चों को भारत के संविधान की जानकारी कराएँ।

—राष्ट्रपति भवन में कौन रहता है ?

—राष्ट्रपति को कौन चुनता है ?

—संसद भवन में क्या कार्य होता है ?

—चुनाव की बैठक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को कौन चुनता है ?

—चुनाव का अधिकार जनता को किसने दिया है ?

अब आप बच्चों को पुस्तक के पाठ में से संविधान की प्रस्तावना पढ़ने को कहें।

केन्द्रीय शासन व्यवस्था पढ़ाने के लिए आप एक बड़ा-सा चार्ट बनाएँ। बच्चे बारी-बारी पुस्तक के पाठ में से सम्बन्धित भाग पढ़ते जाएँ और आप चार्ट के आधार पर बातचीत करके निम्न जानकारी स्पष्ट करें :

—कानून बनाने वाली सभा, कार्यपालिका और न्यायपालिका के कार्य।

—कार्यपालिका का संसद से सम्बन्ध।

—मंत्रि मण्डल और प्रधान मंत्री की नियुक्ति।

केन्द्रीय शासन की जानकारी की सहायता से आप बच्चों को राज्यों के शासन की जानकारी कराएँ। आप बच्चों को यह स्पष्ट करें कि राज्य सरकार में राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

कुछ सम्भव क्रियाएँ

१. पाठशाला में मॉक पार्लियामेन्ट की बैठक कराएँ।

२. राज्य सरकार के कार्यों की सूची बनाएँ।

३. बच्चों को पार्लियामेन्ट दिखाने ले जाएँ।

मूल्यांकन

१. पाठशाला में मॉक पार्लियामेन्ट के लिए वे सब क्रियाएँ कराएँ जो पार्लियामेन्ट बनाने के लिए आवश्यक हैं। इन सब क्रियाओं की जिम्मेदारी आप बच्चों पर रखें और आप देखें कि बच्चे पाठ में पढ़ी बातें व्यवहार में लाते हैं।

२. निम्न प्रश्नों पर बच्चों से बातचीत करें :

—मन्त्रि-मण्डल देश के शासन का सारा कार्य करता है परन्तु फिर भी वह मनमानी नहीं कर सकता है। ऐसा क्यों है ?

—लोकसभा के सदस्यों का चुनाव करते समय योग्य व्यक्तियों को क्यों चुनना चाहिए ?

—क्या हमारे देश में प्रत्येक भारतवासी को प्रधान मंत्री बनने का अवसर है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

पाठ २४

हमारे अधिकार और कर्तव्य

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले पाठ में बच्चों ने पढ़ा है कि स्वतन्त्रता मिलते ही हमने अपना संविधान बनाया था। इसमें शासन का ढंग, जनता के अधिकार और कर्तव्य निश्चित किए थे। बच्चों की इस जानकारी की सहायता से उन्हें अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. संविधान द्वारा हमें मौलिक अधिकार दिए गए हैं।

२. हमें अपने अधिकारों के प्रयोग की पूर्ण स्वतन्त्रता है। लेकिन उनका प्रयोग हम वहीं तक कर सकते हैं जहाँ तक दूसरों के अधिकारों में कोई रुकावट नहीं आती।

३. कर्तव्यों का पालन उतना ही आवश्यक है जितना कि अधिकारों का प्रयोग।

४. अधिकारों और कर्तव्यों के पालन से जीवन सुखी बनता है।

५. हमारे अधिकारों की रक्षा न्यायपालिका करती है।

६. कर्तव्यों और अधिकारों में परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

कक्षा तीन में बच्चों ने पढ़ा है कि दिल्ली नगर निगम के सदस्य चुने जाते हैं। बच्चों की इस जानकारी के आधार पर आप निम्न प्रश्न करें :

—नगर-निगम के सदस्यों को कौन चुनता है ?

—चुनाव किस प्रकार किया जाता है ?

—वोट डालने का अधिकार लोगों को किसने दिया है ?

बच्चे इस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर देंगे, उनके उत्तर की सहायता से आप बताएँ कि यह अधिकार हमें हमारे संविधान द्वारा मिले हैं। इन अधिकारों की जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें।

पुस्तक में दिए अस्पताल के चित्र पर बच्चों से निम्न प्रश्न करें :

—अस्पताल में लोग किस लिए जाते हैं ?

—अस्पताल से दवा प्राप्त करने का अधिकार किसे है ?

—अस्पताल में दवा और डाक्टरों के वेतन पर खर्च होने वाला धन कहाँ से आता है ?

इस प्रकार प्रश्नों के उत्तर से आप बच्चों को समझाएँ कि अधिकारों के साथ कर्तव्य भी होते हैं। अब आप बच्चों से पूछें कि संविधान में दिए मौलिक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए किन-किन कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। बच्चे कुछ कर्तव्य बताएँगे। इन्हें आप श्यामपट पर लिखते जाएँ और इनके द्वारा संविधान में दिए कर्तव्यों की जानकारी कराएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे अधिकारों और कर्तव्य का चार्ट बनाएँ और अपनी कक्षा में लगाएँ।

२. निम्नलिखित विषय पर बच्चों से वाद-विवाद प्रतियोगिता कराएँ :
—"कर्तव्यों का पालन किए बिना हम अपने अधिकारों का लाभ नहीं उठा सकते हैं"।

मूल्यांकन

१. नीचे एक कालम में अधिकार लिखे हैं और दूसरे कालम में कर्तव्य। प्रत्येक कर्तव्य किसी-न-किसी अधिकार के साथ है। प्रत्येक अधिकार के सामने उससे सम्बन्धित कर्तव्य लिखें :

व्यक्तिगत सम्पत्ति बनाने का अधिकार।	अपने विचारों द्वारा किसी को हानि न पहुँचाना।
अपने विचार प्रगट करने का अधिकार।	टैक्स समय पर देना।
प्रतिनिधि चुनने का अधिकार।	यातायात के नियमों का पालन करना।
यात्रा करने का अधिकार।	मतदान के समय अपने मत का सदुपयोग करना।

२. मोहन दिल्ली से आगरा जाना चाहता था। वह स्टेशन गया और रेल में बैठ गया। मार्ग में उसे रेलवे अधिकारी ने पकड़ लिया और पूछा कि उसने टिकट क्यों नहीं लिया। मोहन ने उत्तर दिया कि वह टैक्स देता है इसलिए वह बिना टिकट यात्रा कर रहा है। क्या मोहन का उत्तर उचित है ? यदि नहीं तो क्यों ?

३. रामू सड़क पर चारपाई बिछा कर सोता है। सभी लोग उसे सड़क पर चारपाई बिछाने को मना करते हैं। वह सबसे लड़ता है और कहता है कि वह अपने व्यवहार में स्वतन्त्र है कि वह जो चाहे सो करे। क्या रामू का उत्तर उचित है ? यदि नहीं तो क्यों ?

पाठ २५

हमारे राष्ट्रीय त्योहार

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

बच्चे यह जानते हैं कि दिल्ली में स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस आदि त्योहार सब लोग मिलकर मनाते हैं। इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को यह जानकारी कराना है कि इन त्योहारों को क्यों मनाते हैं। देश के अन्य भागों में इन्हें किस तरह मनाया जाता है ? इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. राष्ट्रीय त्योहार देश के सब भागों में मनाए जाते हैं।

२. राष्ट्रीय त्योहारों में सभी धर्मों और वर्गों के लोग भाग लेते हैं।

३. राष्ट्रीय त्योहार देश के उन लोगों की याद दिलाते हैं जिन्होंने अपना जीवन देश की आजादी के लिए बलिदान किया था।

४. राष्ट्रीय त्योहार हम सब देशवासियों में एकता का भाव उत्पन्न करते हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

स्वतन्त्रता दिवस पढ़ाने के लिए आप पुस्तक में दिए चित्र पर बच्चों से बातचीत करें। बातचीत करते समय इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे निम्न बातें अवश्य जान लें :

—हम स्वतन्त्रता दिवस कब मनाते हैं ?

—हम स्वतन्त्रता दिवस क्यों मनाते हैं ?

—इसे दिल्ली में किस प्रकार मनाया जाता है ?

यहाँ आप कुछ प्रधान मन्त्रियों के भाषणों में से कुछ वे सरल वाक्य चुनकर बच्चों के सामने रखिए जिनसे कि उन्हें इसका महत्त्व मालूम हो सके।

गणतन्त्र दिवस पढ़ाने के लिए आप बच्चों से पुस्तक में दिए चित्र पर बातचीत करें और बताएँ कि यह समारोह क्यों मनाया जाता है।

पुस्तक में विशेष रूप से बताया गया है कि दिल्ली में यह समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। आप बच्चों को यह विवरण पढ़ने के लिए कहें। जब बच्चे पाठ पढ़ चुकें तो आप बच्चों को वार्तालाप द्वारा निम्न जानकारी अवश्य कराएँ :

—स्वतन्त्रता और गणतन्त्र दिवस में क्या अन्तर है ?

—ये दोनों समारोह दो अलग-अलग दिन क्यों मनाए जाते हैं ?

आप बच्चों को कहें कि वे राष्ट्रपति के भाषण पुराने अखबारों, पत्रिका आदि में से एकत्र कर भीति-पत्र पर लगाएँ, इनमें से कुछ याद करके अपने स्कूल में मनाए जाने वाले गणतन्त्र-दिवस समारोह में सुनाएँ।

गांधी-जयन्ती पढ़ाने के लिए आप बातचीत द्वारा बच्चों को बताएँ कि गांधी जी में ऐसे क्या गुण थे कि हम उनकी जयन्ती मनाते हैं। जब बच्चे गांधी जी के विषय में कुछ जानकारी प्राप्त कर लें तो आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें।

बच्चे गांधी जी के जीवन की कुछ घटनाएँ दूसरी पुस्तकों से भी पढ़ें और गांधी जयन्ती के अवसर पर पाठशाला में सुनाएँ।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे राष्ट्रीय त्योहारों से सम्बन्धित पुराने चित्र इकट्ठे करें।
२. स्वतन्त्रता और गणतन्त्र दिवस पर रेडियो से प्रसारित देश के नेताओं द्वारा दिए गए भाषण सुनें।
३. अपनी पाठशाला में राष्ट्रीय त्योहार मनाने का आयोजन करें और बच्चे निम्न प्रकार के कार्यक्रम का उत्तरदायित्व लें :

—स्कूल को सजाना।

—अतिथियों के बैठने का प्रबन्ध करना।

—समारोह में भाग लेना।

—कविता, भाषण इत्यादि पढ़ें।

—राष्ट्रीय गान में भाग लेना।

—राष्ट्रीय झण्डा फहराना।

—गांधी जयन्ती के अवसर पर सामुदायिक सफाई अथवा समाजसेवा में भाग लेना।

मूल्यांकन

राष्ट्रीय त्योहारों का उद्देश्य बच्चे में देश के प्रति प्रेम और एकता का भाव जाग्रत करना है। अतः आप बच्चों को अधिक से अधिक अवसर दें कि वे मिलकर कार्य करें और त्योहार मनाएँ। ऐसे अवसरों पर आप विशेष रूप से देखें कि बच्चों के व्यवहार में देश प्रेम और एकता का भाव आया है अथवा नहीं। स्कूल में राष्ट्रीय त्योहार मनाने के अवसर पर बच्चों के निम्न प्रकार के व्यवहार का निरीक्षण करें :

—राष्ट्रीय गान गाते समय खड़े होने की अवस्था।

—राष्ट्रीय झंडे के प्रति सम्मान।

—मिलकर काम करना।

—उत्तरदायित्व का पालन करना।

पाठ २६

हमारे राष्ट्र के प्रतीक

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

पिछले पाठ में बच्चों ने पढ़ा है कि राष्ट्रीय त्योहार मनाते समय वे झण्डा फहराते हैं और राष्ट्रीय गान गाते हैं। उनकी इस जानकारी की सहायता से उन्हें राष्ट्र के प्रतीकों की जानकारी कराना इस पाठ का उद्देश्य है। इस पाठ के अध्ययन से बच्चे निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. राष्ट्र चिह्न हमारे देश की स्वतन्त्रता के प्रतीक हैं।

२. राष्ट्र चिह्न हमें एकता के सूत्र में बाँधे हुए हैं।

३. राष्ट्र चिह्न हमारे देश के आदर्शों की याद दिलाते हैं।

४. राष्ट्र चिह्नों का हम सब आदर करते हैं।

पढ़ाने के लिए कुछ सुझाव

इस पाठ को आप राष्ट्रीय त्योहारों को पढ़ाने के साथ-साथ ही पढ़ाएँ क्योंकि इन प्रतीकों का प्रयोग त्योहारों में होता है।

कक्षा तीन में बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग के विषय में पढ़ा है। आप उनकी इस जानकारी के आधार पर बच्चों से राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग के विषय में वार्तालाप करें और इस वार्तालाप में उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के उचित प्रयोग और अवसरों की जानकारी कराएँ।

राष्ट्रीय ध्वज बच्चों को दिखाएँ और इसकी बनावट तथा रंगों का महत्त्व बताएँ। बच्चे पुस्तक में दिए कांग्रेस के झण्डे और राष्ट्रीय झण्डे में अन्तर मालूम करें। उनकी इस जानकारी की सहायता से बच्चों को बताएँ कि राष्ट्रीय झण्डे में चक्र क्यों रखा गया है और यह कहाँ से लिया गया है।

आप राष्ट्रीय झण्डा अपनी पाठशाला में फहराएँ और इस समय बच्चों को झण्डा फहराने के नियमों की जानकारी कराएँ और उन्हें स्पष्ट रूप से बताएँ कि झण्डा फहराते समय इन नियमों का पालन हमें अवश्य करना चाहिए तभी हम अपने राष्ट्रीय झण्डे का सम्मान कर सकते हैं।

राष्ट्रीय गान पढ़ाते समय आप बच्चों को इसका मूल अर्थ बताएँ। प्रत्येक शब्द और पंक्ति का अर्थ बताना आवश्यक नहीं है।

पाठशाला में बच्चों को राष्ट्रीय गान गाने का अधिकाधिक अवसर दें जिससे वे इसे याद कर सकें और सही अवस्था में खड़े होकर गाना सीख सकें।

राष्ट्रीय गान कब अपनाया गया और इसे किसने लिखा, इसकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों से पाठ पढ़ने के लिए कहें।

राष्ट्रीय चिह्न की जानकारी कराने के लिए आप बच्चों से पुस्तक में दिए चित्र पर बातचीत करें और स्पष्ट करें कि

—यह चिह्न कहाँ से लिया गया है।

—इसमें चार शेर हैं, परन्तु चित्र में तीन शेर तीन ओर मुँह किए हुए दिखाई देते हैं।

—शेरों के नीचे चक्र बना है।

—चक्र के एक ओर घोड़ा और दूसरी ओर बैल है।

राष्ट्रीय चिह्न पढ़ाने का उद्देश्य मुख्य रूप में इसके प्रयोग की जानकारी कराना है। बच्चे विभिन्न सरकारी कागज़ों और पुस्तकों पर छपे चिह्न को पहचानें और आप बातचीत द्वारा बच्चों को बताएँ कि इस चिह्न का प्रयोग किन-किन स्थानों पर किया जाता है।

अन्य सम्भव क्रियाएँ

१. बच्चे राष्ट्रीय झंडा फहराने के नियम एक बड़े से कागज पर सुन्दर अक्षरों में लिखें और कक्षा में लगाएँ।

२. बच्चे राष्ट्रीय झंडा बनाएँ और राष्ट्रीय गान याद करें।

मूल्यांकन

१. अपनी पाठशाला में राष्ट्रीय गान गाने का अधिकाधिक अवसर निकालें और आप देखें कि बच्चे सही अवस्था में खड़े होकर इसे ठीक ढंग से गाएँ।

२. पाठशाला में झंडा फहराते समय देखें कि बच्चे पढ़े हुए नियमों का पालन ठीक-ठीक करते हैं।

३. राष्ट्रीय चिह्न जहाँ भी छपा हो, उसे आप बच्चों को पहचानने के लिए कहें।

खण्ड ७

इतिहास की कहानियाँ

पृष्ठभूमि और उद्देश्य

कक्षा तीन में बच्चों ने रामायण, महाभारत, सम्राट अशोक, पृथ्वीराज चौहान आदि की कहानियाँ पढ़ी हैं। ये कहानियाँ हमारे इतिहास की हैं। इनके द्वारा हमारी परम्पराओं और मान्यताओं की जानकारी बच्चों ने प्राप्त की है। उनकी इस प्राप्त जानकारी को और भी स्पष्ट करने के लिए इस पुस्तक में इतिहास की कहानियों के क्रम को आगे बढ़ाया जाएगा और बच्चे

(क) निम्नलिखित बातें जान लेंगे :

१. हमारी परम्पराओं और मान्यताओं को बनाने में कई सांस्कृतिक धाराओं ने योग दिया है।

२. हमारे महान पुरुषों ने देश की परम्पराओं और सभ्यता के विकास के लिए कठोर परिश्रम किया है।

३. हमारे ऐतिहासिक और धार्मिक स्मारक हमारे प्राचीन वैभव की झलक दिखाते हैं।

(ख) निम्नलिखित कुशलताएँ सीखेंगे :

१. पढ़ी हुई कहानियों को संक्षेप में सुनाना।

२. ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित अभिनय अथवा वार्तालाप में भाग लेना।

३. ऐतिहासिक और धार्मिक स्मारकों को पहचानना।

(ग) बच्चों में निम्नलिखित भाव जाग्रत होंगे :

१. देश के प्राचीन गौरव की भावना।

२. राष्ट्रीय एकता की भावना।

३. ऐतिहासिक स्थानों व स्मारकों के सदुपयोग और रख-रखाव की भावना।

पढ़ाने के लिए कुछ सामान्य सुझाव

१. बच्चों को स्वाभाविक रूप से कहानियाँ पढ़ने का शौक होता है। अतः आप इन कहानियों को स्वतन्त्र रूप से कक्षा में पढ़ाएँ। कहानियाँ पढ़ाते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप का उद्देश्य बच्चों को बिल्कुल विधिवत् इतिहास पढ़ाना नहीं है। इन कहानियों को आप कक्षा में यथासम्भव रुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाएँ।

२. इस पुस्तक में दी गई सभी कहानियों का सम्बन्ध वर्तमान समस्याओं और भावनाओं से है, इसलिए आप इन कहानियों को वर्तमान समस्याओं से समन्वय करते हुए पढ़ाएँ।

इस खण्ड की कहानियाँ पढ़ाने के कुछ अलग-अलग सुझाव आपकी सुविधा के लिए नीचे दिए गए हैं :

पाठ २७

कृष्णदेव राय

कक्षा तीन में बच्चों ने दक्षिण भारत के राजा राजेन्द्र चोल की कहानी पढ़ी है और जान लिया है कि हमारे इतिहास में दक्षिण भारत के इतिहास का महत्वपूर्ण स्थान है। दक्षिण भारत के एक महान सम्राट की कहानी द्वारा दक्षिण भारत के इतिहास के क्रम को आगे बढ़ाया गया है।

आप इस पाठ को पढ़ाते समय भारत के मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें। इस मानचित्र की सहायता से आप बच्चों को निम्नलिखित बातें अच्छी तरह समझा सकेंगे :

— कृष्णदेव राय के राज्य का विस्तार।

—रायचूर, विजयनगर आदि नगरों की स्थिति।

—सिंचाई के प्रयोग में आनेवाली नदियाँ।

कृष्णदेव राय अपनी सेना और जनता में प्रिय था इसकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें। जब बच्चे पाठ पढ़ लें तो आप बातचीत द्वारा स्पष्ट करें कि वह अपनी सेना और जनता की भलाई के लिए दिन-रात काम करता था।

पाठ २८

अकबर

बच्चे अपने दैनिक जीवन में देखते हैं कि हमारे देश में हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई आदि धर्मों के लोगों के साथ एक-सा व्यवहार होता है और वे सुख से रहते हैं। वे यह भी सुनते हैं कि हमारी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को इनाम और पदवियाँ देती है। आप अकबर की कहानी द्वारा बच्चों को बताएँ कि भारत में यह चीजें नई नहीं हैं। भारत में ऐसा होता आया है। बच्चे जानना चाहेंगे कि अकबर के समय में ऐसा कैसे सम्भव हुआ। इसे स्पष्ट करने के लिए आप निम्न घटनाएँ बताएँ—

—अकबर का जोधाबाई से विवाह।

—इबादतखाने की स्थापना और वहाँ धार्मिक चर्चा।

बच्चों को इबादतखाने में होने वाले वार्तालाप का अभिनय करने को कहें। इस अभिनय के लिए आवश्यक सामग्री आप स्वयं तैयार करके दें। इसके द्वारा आप बच्चों को बता सकेंगे कि इस सभा द्वारा उसने लोगों में धार्मिक सहनशीलता का भाव किस प्रकार जाग्रत किया।

इसी प्रकार बच्चे हेमू के बध के सम्बन्ध में अकबर और बैरमखाँ के बीच हुए वार्तालाप का अभिनय करें और उसके द्वारा असहाय के प्रति सहानुभूति का भाव जाग्रत करें।

पाठ २९

शिवाजी

भारत के रहनेवालों को स्वतन्त्रता प्यारी रही है और आज भी है। बच्चों ने इस पुस्तक में पढ़ा है कि हमने स्वतन्त्रता प्राप्त करने के लिए किस प्रकार अंग्रेज़ों से लड़ाई लड़ी और अन्त में स्वतन्त्रता प्राप्त कर के रहे। इस लड़ाई में भारत-वासियों ने अंग्रेज़ों के प्रति अपने व्यवहार से सिद्ध कर दिया कि उन्हें अंग्रेज़ों से घृणा नहीं है बल्कि वे अपनी स्वतन्त्रता चाहते हैं। यह आदर्श भी हमारा पुराना है। यहाँ पर ही आप बताएँ कि शिवाजी मुगलों से लड़ते थे परन्तु कुरान, मुसलमान स्त्रियों और बच्चों का कभी भी अनादर नहीं करते थे। इस सम्बन्ध में आप शिवाजी के जीवन की कई घटनाएँ बता सकते हैं।

औरंगजेब ने शिवाजी को किस प्रकार दरबार में बुलाकर अपमानित किया और बन्दी बनाया, बच्चे इस घटना का नाटक करें। इसके द्वारा बच्चों में आत्मसम्मान का भाव जाग्रत करें।

शिवाजी का शासन बताने के लिए आप भारत का मानचित्र अवश्य प्रयोग में लाएँ। इस मानचित्र की सहायता से बच्चे आगरा, पूना, रायगढ़ आदि नगरों की स्थिति अच्छी तरह समझ लेंगे।

पाठ ३०

रणजीत सिंह

हमारी सरकार का आदर्श धार्मिक सहनशीलता और जनता की भलाई है। आप बच्चों से इस सम्बन्ध में बातचीत करें और बच्चों को बताएँ कि यह चीज़ें हमारे देश के लिए नई नहीं हैं। हमारे इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं। अकबर और शिवाजी की कहानियों में भी बच्चों ने यह समझा होगा। ऐसे ही राजा थे रणजीत सिंह। यह उस समय राज्य करते थे जब अंग्रेज़ देश के बहुत बड़े भाग को अपने अधीन कर चुके थे।

रणजीत सिंह के दरबार के प्रमुख मंत्रियों के नाम बताकर उनकी धार्मिक सहनशीलता बताएँ।

उस समय जनता का राज्य नहीं था परन्तु फिर भी जनता की भलाई का ध्यान रखा जाता था इसकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पाठ पढ़ने के लिए कहें।

रणजीत सिंह के राज्य का विस्तार बताने के लिए आप भारत के मानचित्र का प्रयोग अवश्य करें।

पाठ ३१

राजा राममोहन राय

बच्चे अपने दैनिक जीवन में समाज में फैली बहुत सी बुराइयों को देखते हैं। आप सामाजिक कुरीतियों पर बच्चों से बातचीत करें और उन्हें बताएँ कि समाज में कुरीतियाँ दूर करने के लिए अनेक लोगों ने परिश्रम किया है। यहाँ आप बच्चों से समाज सुधारकों के नाम बताने को कहें। बच्चे कुछ नाम

बताएँगे। इनकी सहायता से आप बच्चों को बताएँ कि राजा राममोहन राय ने किस प्रकार सती प्रथा को समाप्त करने के लिए काम किया। इस जानकारी के लिए बच्चों से पाठ पढ़ने को कहें।

बच्चे जब पाठ पढ़ लें तो मालूम करें कि समाज में क्या-क्या कुरीतियाँ थीं। आप बच्चों से पूछें कि यदि उनसे कहा जाए कि इन कुरीतियों को दूर करो तो वे क्या करेंगे।

पाठ ३२

कुछ दर्शनीय स्थान

बच्चों ने कक्षा तीन में कुतुब मीनार और रायपिथौरागढ़ के विषय में पढ़ा है। वे जानते हैं कि ये हमारे ऐतिहासिक स्मारक हैं। ये सुन्दर कला के नमूने बहुत से लोगों ने बहुत समय तक लगातार काम करके बनाए थे। ये नमूने देश के किसी एक भाग में ही नहीं पाए जाते। दक्षिण भारत में भी कला के कई सुन्दर नमूने हैं। इनकी जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को पुस्तक में दिए चित्र देखने को कहें और उनसे इन चित्रों पर बातचीत करें। इस बातचीत में आप बच्चों को बताएँ कि अजन्ता और एलोरा की गुफाएँ और महाबलीपुरम के मन्दिर चट्टानों को काट कर बनाए गए हैं।

आप बच्चों को निम्नलिखित जानकारी कराने के लिए पाठ पढ़ने को कहें :

—अजन्ता, एलोरा की गुफाएँ और महाबलीपुरम के मन्दिर कहाँ हैं ?

—अजन्ता, एलोरा की गुफाएँ और महाबलीपुरम के मन्दिर किस लिए प्रसिद्ध हैं ?

—अजन्ता की गुफाओं की चित्रकारी किस प्रकार की गई थी ?

इन गुफाओं और मन्दिरों की बनावट के विषय में अधिक जानकारी कराने के लिए आप बच्चों को इनके चित्र इकट्ठे करने अथवा माडल बनाने को भी कहें।

मूल्यांकन

पुस्तक में दिए प्रश्नों को कराने के साथ-साथ आप निम्न बातें भी देखें :

१. बच्चों ने धार्मिक सहनशीलता के बारे में पढ़ा है। आप देखें कि क्या उनके व्यवहार में धार्मिक सहनशीलता आई है।

२. क्या बच्चे दूसरी पुस्तकों से भी कहानियाँ पढ़ते हैं ?

३. क्या बच्चों में पुराने स्मारकों, भवनों, धार्मिक स्थानों आदि के चित्र इकट्ठे करने का शौक उत्पन्न हुआ है ?